

"इत्र से कपड़ों का महकाना कोई बड़ी बात नहीं है, मजा तो तब है जब आपके किरदार से खुशबू आये।"

# दैनिक अर्थ प्रकाश

खबरों की विश्वसनीयता, हमारी पहचान

चंडीगढ़, दिल्ली, हरियाणा एवं उत्तर प्रदेश से प्रकाशित पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार, राजस्थान, छत्तीसगढ़ में प्रसारित

सुबल वाणी



सभी को साथ रखो लेकिन साथ में कभी स्वार्थ मत रखो।

वर्ष 40 | चंडीगढ़, शनिवार, 25 अक्तूबर, 2025 | कार्तिक शुक्ल पक्षः चतुर्थी, विक्रमी संवत-2082 | www.arthparkash.com | YouTube/Arth Parkash TV | अंकः 294 | मूल्य 2.00 रुपये | पृष्ठः 12







## न्यूज़ ब्रीफ

### मोगा में नशा तस्करों की अवैध इमारत पर चला बुलडोजर

**मोगा (अप्रस)।** पंजाब सरकार की ओर से नशे के खिलाफ चलाई जा रही 'युद्ध नशे विरुद्ध' मुहिम के तहत मोगा पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। मोगा नगर निगम और पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए नशे के धंधे से जुड़ी अवैध संपत्तियों पर बुलडोजर चलाया है। यह कार्रवाई लाल सिंह रोड स्थित साधा वाली बस्ती में की गई, जहां अरुण कुमार और राहुल कुमार नामक दो भाइयों की ओर से गलत तरीके से धन अर्जित कर बनाई गई इमारत को निगम ने पुलिस बल की मौजूदगी में बुलडोजर से गिरा दिया। जानकारी के अनुसार, अरुण और राहुल लंबे समय से नशे के कारोबार में शामिल थे। इनके खिलाफ अब तक कई थानों में 8 मामले दर्ज हैं, जिनमें से 3 मामले एनडीपीएस एक्ट के तहत हैं। इन मामलों में कमर्शियल क्वांटिटी की नशे की बरामदगी भी शामिल रही है। पुलिस की जांच में यह सामने आया है कि इन दोनों ने नशीली सामग्री बेचकर अवैध तरीके से संपत्ति बनाई थी, जिसे अब सरकार के नशामुक्त पंजाब अभियान के तहत जब्त कर गिराया गया। कार्रवाई के दौरान मोगा के एसएसपी अजय गांधी, नगर निगम के अधिकारी और भारी पुलिस बल मौके पर मौजूद रहे। इमारत को गिराने की पूरी प्रक्रिया प्रशासन की देखरेख में की गई। एसएसपी अजय गांधी ने बताया कि पंजाब पुलिस और प्रशासन मिलकर नशा तस्करों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रहे हैं। जो लोग नशे के कारोबार में शामिल हैं, वे तुरंत यह काम छोड़कर सही रास्ते पर लौट आएं, अन्यथा उनकी अवैध कमाई से बनाई गई संपत्तियों पर भी इसी तरह कार्रवाई की जाएगी।

### आंध्र प्रदेश में एक यात्री बस में आग लगने से 20 लोगों की मौत

**कुरनूल (अप्रस)।** आंध्र प्रदेश में कुरनूल जिले के कल्लूरुमंडल के चिन्नातेकुर गाँव में शुक्रवार तड़के सड़क दुर्घटना में एक निजी यात्री बस में आग लग जाने से उसमें सवार 20 यात्रियों की मौत हो गयी। पुलिस ने बताया कि बस में 38 यात्री सवार थे। बस हैदराबाद से बेंगलुरु जा रही थी। उन्होंने बताया कि बस ने एक मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी जिससे बस का तेल टैंक क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें आग लग गई। उन्होंने बताया कि प्राप्त जानकारी के अनुसार 20 यात्री ज़िंदा जल गए और 11 शवों की पहचान हो गई है। ज़्यादातर शव इतने जल गए थे कि उनकी पहचान करना मुश्किल था। हालांकि, 19 यात्री सुरक्षित बच गए। उन्होंने बताया कि यह हादसा सुबह 3.30 से चार बजे के बीच हुआ। सभी शवों को बस से निकाल लिया गया है और अधिकारी मृतकों की पहचान करने की कोशिश कर रहे हैं। कुछ घायलों को कुनरूल के जीजीएच में भर्ती कराया गया। मृतकों में बाइक सवार भी शामिल है। जिला कलेक्टर, पुलिस महानिरीक्षक और पुलिस अधीक्षक सहित वरिष्ठ अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए है। घटना पर पीएम मोदी व मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने गहरा दु:ख व्यक्त किया है।




# नए पैरामीटरों में चंडीगढ़ को लेकर जाएंगे नई ऊंचाइयों परः एच. राजेश प्रसाद

## नए चीफ सेक्रेट्री एच. राजेश प्रसाद की दैनिक अर्थप्रकाश के विशेष संवाददाता साजन शर्मा से खास बातचीत

- मेट्रो का फैसला सब पहलुओं पर विचार विमर्श के बाद
- व्यापारियों की सुविधा के लिये होंगे हर संभव फैसले
- ट्रैफिक व पार्किंग की समस्या को अपनी प्राथमिकताओं में लेकर आगे बढ़ेंगे

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 24 अक्टूबर।** सिटी ब्यूटीफुल चंडीगढ़ आज कई पैरामीटरों में देश के राज्यों व यूटी में सबसे ऊंची पायदान पर है। इस स्थान व पायदान को न केवल हमें बरकरार रखना है बल्कि कई नये पैरामीटरों पर भी शहर को ऊपर पहुंचाना है ताकि चंडीगढ़ दूसरों के लिये एक नजीर बन सके। यह प्रशासन के अफसरों, मुलाजिमों और सबसे सर्वोपरि शहर की जनता के सहयोग से ही संभव हो पाएगा। जहां तक चंडीगढ़ के हैरीटेज स्ट्रक्चर को बरकरार रखने की बात है, हम चंडीगढ़ मास्टर प्लान 2031 में तय किये गये लक्ष्यों और सुप्रीम कोर्ट के 2023 में दिये गये निर्णय को मद्देनजर रखते हुए आगे बढ़ेंगे। जो संभव हो पायेगा और जनता की बेहतरी के लिये होगा उस पर काम करेंगे। यह कहना है हाल ही में यूटी, चंडीगढ़ में ट्रांसफर होकर पहुंचे चीफ सेक्रेट्री एच. राजेश प्रसाद का जो बीते कई दिनों से न केवल चंडीगढ़ शहर का मिजाज समझने की कोशिश कर रहे हैं बल्कि लगातार विभिन्न विभागों का कार्यभार संभाले प्रशासन के सचिवों से भी फीडबैक ले रहे हैं। शुक्रवार को दैनिक अर्थप्रकाश के साथ एक्सक्लूसिव बातचीत में उन्होंने कई पहलुओं पर प्रकाश डाला। खासतौर से व्यापारियों के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की प्राथमिकताओं के अनुरूप व्यापारी वर्ग को किसी प्रकार की दिक्कतें पेश न आए लिहाजा हम ईज आफ डुइंग बिजनेस की दिशा में लगातार प्रयास कर रहे हैं। उनके लिये प्रशासन तमाम सहूलियतें उपलब्ध करायेगा ताकि न केवल शहर के आर्थिक विकास बल्कि देश की अर्थव्यवस्था में अहम योगदान करने वाले वर्ग को परेशानियों का सामना न करना पड़े। व्यापारियों के वन टाइम सैटलमेंट के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि कानून सम्मत जो भी होगा, वैसा निर्णय लिया जाएगा। शहर में ट्रैफिक व पार्किंग की समस्या को लेकर उनका विशेष फोकस रहेगा।





फोटोः अजीत कौशल



### सीएचबी का काम लोगों को अफोर्डेबल रिहाइश उपलब्ध कराना, नई स्कीमें लाई जाएंगी

चंडीगढ़ हाऊसिंग बोर्ड को लेकर चीफ सेक्रेट्री एच. राजेश प्रसाद का कहना है कि इस विभाग का मैंडेट ही जनता को अफोर्डेबल मकान बनाकर देना है। सीएचबी के पास जो भी लैंड बैंक उपलब्ध है, उस जगह पर नई हाऊसिंग स्कीम लाकर जनता को बढिया मकान उपलब्ध कराये जाएंगे। चंडीगढ़ हाऊसिंग बोर्ड आगे भी लोगों की रिहाइश के लिये नये प्रोजेक्ट लेकर आता रहेगा। यही बोर्ड का असल काम भी है।

### वी-3 रोड्स का प्रशासन खुद करेगा निर्माण

चंडीगढ़ प्रशासन में नगर निगम के आर्थिक हालातों व शहर की सडक़ों के बुरे हाल को लेकर एच. राजेश प्रसाद ने कहा कि नगर निगम का कुल बजट 1250 करोड़ रुपये का है। नगर निगम को 450 करोड़ का खुद का रेवेन्यू होता है। प्रशासन हर संभव मदद नगर निगम की कर रहा है। निगम अपने स्तर पर भी आमदनी बढ़ाने की कोशिशों में लगा हुआ है। वी-3 रोड्स की मेंटेनेंस का जिम्मा नगर निगम के जिम्मे है। प्रशासन इन सडक़ों के निर्माण के लिये हर संभव आर्थिक मदद निगम को देगा और इन सडक़ों का निर्माण अपने स्तर पर करायेगा ताकि जनता को किसी प्रकार की परेशानी न हो। नगर निगम के चीफ इंजीनियर संजय अरोड़ा को लेकर पूछे गये सवाल पर उन्होंने कहा कि उनका एक साल का टेन्योर समाप्त हो गया है, आगे उनके कार्यकाल को एक्सटेंशन नहीं दी गई, यह प्रशासनिक निर्णय हैं। ई-आफिस के सवाल पर उन्होंने कहा कि यह निर्णय अब हर हाल में 1 नवंबर से लागू कर दिया जाएगा। इसमें किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जनता को प्रशासन के हर विभाग से पारदर्शी कार्यप्रणाली देखने को मिलेगी। अभी तक जो विलंब फाइल निपटान में होता था उस पर अंकुश लगेगा।

एच. राजेश प्रसाद ने कहा कि चंडीगढ़ में ट्रैफिक की समस्या को हल करने की दिशा में काम हो रहा है। जहां तक मेट्रो रेल प्रोजेक्ट की बात है तो इस विषय से जुड़े तमाम मुद्दों पर विचार विमर्श किया जा रहा है। चंडीगढ़ वासियों को बेहतर मोड आफ ट्रांसपोर्ट मिले ताकि लोगों को एक जगह से दूसरी जगह जाने में दिक्कत पेश न आए। उन्होंने कहा कि अभी मेट्रो की डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर)नहीं मिली है। यह देखना भी महत्वपूर्ण होगा कि चंडीगढ़ में मेट्रो प्रोजेक्ट वायबल है या नहीं। चंडीगढ़ में अगर मेट्रो चलती है तो इसकी राइडरशिप क्या रहेगी, यह अहम सवाल है। पंजाब, हरियाणा व चंडीगढ़ इस प्रोजेक्ट पर आगे बढ़ रहे हैं लेकिन इस प्रोजेक्ट पर आने वाली लागत भारी भरकम है लिहाजा इतनी बड़ी राशि का किस तरीके से इंतजाम होगा,यह भी विचारणीय है। अगर मेट्रो को अंडरग्राउंड चलाना पड़े तो इस पर और भी ज्यादा राशि खर्च होने की संभावना है। फिलहाल सभी पहलुओं को देखने के बाद उचित समय पर फैसला लिया जाएगा। शहर के हैरीटेज स्ट्रक्चर को लेकर चंडीगढ़ मास्टर प्लान 2031 और सुप्रीम कोर्ट के 2023 के जजमेंट को प्रशासन ने ध्यान में रखा हुआ है। जनता को फायदा मिले और कोर्ट व मास्टर प्लान की चीजें भी बरकरार रहें,इसको लेकर फैसला करेंगे।

## तरनतारन में विशाल वालंटियर मीटिंग, मुख्यमंत्री ने विपक्ष पर साधा निशाना

# पिछली सरकारों ने पंजाब को खोखला किया 'आप' ने सिस्टम ठीक कियाः सीएम मान

कहा- पंजाब को गुरुओं का आशीर्वाद प्राप्त है, उसने हमेशा देश की अगुवाई की है

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**तरनतारन 24 अक्टूबर।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने आम आदमी पार्टी (आप) पंजाब के इंचार्ज मनीष सिसोदिया, पंजाब प्रधान अमन अरोड़ा और पार्टी उम्मीदवार हरमीत सिंह संधू के साथ शुक्रवार को तरनतारन में एक विशाल वालंटियर मीटिंग को संबोधित किया। इस दौरान तरनतारन विधान सभा हलके के 103 पिंडों और 23 वार्डो के मेंबर और इंचार्ज शामिल हुए। इसके इलावा, आप पंजाब के कार्यकारी प्रधान अमनशेर सिंह शैरी कलसी, मंत्री लालजीत सिंह भुल्लर (तरनतारन जिमनी चुनाव इंचार्ज), कई कैबिनेट मंत्री, विधायक और सीनियर नेता मौजूद थे।

सीएम भगवंत मान ने कहा कि पंजाब हमेशा गुरुओं का आशीर्वाद प्राप्त सूबा रहा है, जिसने देश की अगुवाई की है। उन्होंने कहा कि यह धरती लीडरशिप का तोहफ़ा ले कर आई है। मान ने कहा कि पंजाब को नशाखोरी, भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी जैसी कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा है, पर उनकी सरकार ने सिस्टम को सुधारने के लिए लगातार काम किया है और शानदार सफलता प्राप्त की है। मुख्य मंत्री मान ने कहा कि यह उप चुनाव नहीं होनी थी। लोगों ने डा. कश्मीर सिंह सोहल को पांच सालों के लिए चुना था। वह एक नेक इंसान थे जो राजनीति को समाज सेवा का माध्यम समझते थे। आज हम उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए यहाँ इकट्ठे हुए हैं। मुख्य मंत्री ने जनता को 11 नवंबर को समझदारी से वोट डालने की अपील की। उन्होंने कहा कि आप अगले डेढ़ साल के लिए तरनतारन की किस्मत का फैसला करोगे। उन्होंने लोगों को विरोधी पार्टियों के झूठे प्रचार से सावधान रहने की अपील की, खास करके उन वंशवादी नेताओं से जिन्होंने लोगों से सत्ता खो ली है। शेष पेज-2 पर



### तरनतारन उप चुनाव में 'आप' की जीत मान सरकार के विकास कार्यों पर होगी मोहरः अमन अरोड़ा

आप पंजाब के प्रधान अमन अरोड़ा ने कहा कि वह पार्टी के शुरूआती संघर्षों में एक समर्पित साथी थे। अरोड़ा ने कहा कि आने वाली तरनतारन उप चुनाव डॉ. सोहल की विरासत को सच्ची श्रद्धांजलि देने का एक मौका है – उनकी ईमानदारी और वचनबद्धता का सम्मान करते हुए एक बार फिर 'आप' की जीत यकीनी बनानी चाहिए। उन्होंने कहा कि गुरुओं की पवित्र धरती तरनतारन ने हमेशा भावनात्मक फैसले लिए हैं और इस बार भी लोगों को धोखे, लालच और फूट पाऊ राजनीति से ऊपर उठ कर ईमानदारी और विकास के हक्क में वोट डालनी चाहिए। अरोड़ा ने कहा कि सिर्फ़ साढ़े तीन सालों में, 'आप' ने वह किया है जो रवायती पार्टियां 75 सालों में नहीं कर सकीं जिसमें 55,000 सरकारी नौकरियां दीं, 600 यूनिट मुफ़्त बिजली प्रदान करना, किसानों को नहरी पानी प्रदान करना, बीज सप्लाई यकीनी बनाना, जीवीके पावर प्लांट खरीदना, और सड़क सुरक्षा बुनियादी ढांचे में सुधार करना शामिल हैं। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों ने धर्म और राजनीति के नाम पर पंजाब का शोषण किया। अरोड़ा ने हरमीत सिंह संधू को एक तजरबेकार नेता बताया जिसने तीन बार जनता का विश्वास जीता है। उन्होंने कहा कि हर वोट 'आप' के लिए वोट नहीं है, बल्कि ईमानदार राजनीति, पंजाब की तरक्की और मुख्य मंत्री भगवंत मान के लोक-केंद्रित शासन का समर्थन है।

### तरनतारन में आप की जीत सीएम मान के पंजाब को नशा मुक्त बनाने के मिशन को करेगी मजबूतः सिसोदिया

आम आदमी पार्टी (आप) पंजाब के इंचार्ज मनीष सिसोदिया ने पार्टी वर्करों को पार्टी उम्मीदवार हरमीत सिंह संधू की ऐतिहासिक जीत यकीनी बनाने के लिए तनदेही से काम करने की अपील की। उन्होंने कहा कि यह चुनाव सिर्फ़ एक विधायक चुनने के बारे में नहीं है, बल्कि मुख्य मंत्री भगवंत मान के पंजाब को पूरी तरह नशा मुक्त बनाने के मिशन को मजबूत करने के बारे में है। सिसोदिया ने कहा कि मुख्य मंत्री मान ने सूबे के हर कोने से नशे के व्यापार को खत्म करने का वादा किया है, और यह बहुत ज़रूरी है कि तरनतारन, जो कि सबसे ज़्यादा नशा प्रभावित क्षेत्रों में से एक है, इस मिशन का समर्थन करे और एक ऐसा प्रतिनिधि चुने जो नशों के विरुद्ध लड़े, ना कि नशा बेचने वालों की रक्षा करे। उन्होंने चेतावनी दी कि विरोधी दल के नेता को चुनने से ड्रग कार्टेल मजबूत होंगे और पंजाब की आने वाली पीढ़ियों के लिए एक सेहतमंद भविष्य की लड़ाई कमज़ोर होगी।

### डॉ. कश्मीर सिंह सोहल की विरासत को श्रद्धांजलि के तौर पर तरनतारन को बड़े फर्क के साथ जीतेंगेः संधू

आप उम्मीदवार हरमीत सिंह संधू ने मुख्य मंत्री भगवंत मान, मनीष सिसोदिया, पंजाब प्रधान अमन अरोड़ा और सभी पार्टी वर्करों का धन्यवाद करते हुए कहा कि पूरी टीम 'आप' को यह सीट रिकार्ड-तोड़ बहुमत के साथ जिताने के लिए दिन-रात मेहनत कर रही है। उन्होंने यह जीत मरहूम डॉ. कश्मीर सिंह सोहल को समर्पित की, जिनका पार्टी और क्षेत्र के लिए योगदान अनमोल रहा है। संधू ने कहा कि तरनतारन के लोग स्पष्ट तौर पर देख सकते हैं कि एक तरफ 'आप' के पास ईमानदार स्थानक लीडरशिप है, जबकि विरोधी दल ने बाहरी उम्मीदवारों को मैदान में उतारा है जिनका इलाके के साथ कोई संबंध नहीं है। उन्होंने पार्टी वर्करों को पिछले 15 दिनों में ज़ोरदार ढंग से चुनाव प्रचार करने का अह्वान किया, ताकि जीतने के बाद तरनतारन को साफ़-सुथरी राजनीति, विकास और मानवी सेवा का एक माडल बनाया जा सके।




श्री गुरु तेग बहादर जी का 350वां शहीदी दिवस

# पंजाब के सभी मंत्रियों द्वारा देश के विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्रियों को दिए जा रहे हैं निमंत्रण पत्र

मुख्यमंत्री के निर्देशों के बाद व्यक्तिगत स्तर पर देशभर में जा रहे हैं पंजाब के कैबिनेट मंत्री

अर्थ प्रकाश/अक्षित जैन

**चंडीगढ़, 24 अक्तूबर।** पंजाब सरकार श्री गुरु तेग बहादर साहिब जी की शहादत के 350 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भव्य स्तर पर कार्यक्रम आयोजित कर रही है। इस ऐतिहासिक अवसर पर देशभर के मुख्यमंत्रियों को आमंत्रण पत्र देने के लिए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने सभी कैबिनेट मंत्रियों को जिम्मेदारी सौंपी है।

कई राज्यों के मुख्यमंत्रियों को निमंत्रण पत्र पहले ही दिए जा चुके हैं, जबकि शेष राज्यों को भी शीघ्र निमंत्रण दिए जाएंगे। इस संबंध में जानकारी देते हुए एक प्रवक्ता ने बताया कि हरपाल सिंह चीमा और लाल चंद कटारूचक्क को ओडिशा, पश्चिम बंगाल और असम के मुख्यमंत्रियों को निमंत्रण पत्र देने की जिम्मेदारी दी गई है। इसी प्रकार, अमन अरोड़ा और तरुनप्रीत सिंह सौंद दिल्ली, उत्तर प्रदेश, गुजरात और उत्तराखंड के मुख्यमंत्रियों को आमंत्रण देंगे। डॉ. बलबीर सिंह और हरदीप सिंह मुंडियां छत्तीसगढ़ और झारखंड के मुख्यमंत्रियों को, जबकि हरभजन सिंह ई.टी.ओ. और बरिंदर कुमार गोयल को केरल, कर्नाटक, तमिलनाडु और पुडुचेरी के मुख्यमंत्रियों को निमंत्रण देने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

इसी तरह, हरजोत सिंह बैंस और पर्यटन व सांस्कृतिक मामलों के सलाहकार दीपक बाली को महाराष्ट्र, बिहार, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्रियों को आमंत्रण देने की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं, डॉ. बलजीत कौर और महिंदर भगत मध्य प्रदेश और राजस्थान के मुख्यमंत्रियों को निमंत्रण पत्र सौंपेंगे। लालजीत सिंह भुल्लर और डॉ. रवजोत सिंह मेघालय, त्रिपुरा, सिक्किम, मिजोरम, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर (जहां राष्ट्रपति शासन लागू है) और नागालैंड में जाकर निमंत्रण पत्र देंगे। दूसरी ओर, गुरमीत सिंह खुड्डियां और संजीव अरोड़ा आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और गोवा के मुख्यमंत्रियों को निमंत्रण पत्र सौंपेंगे।

## कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा व गुरमीत खुड्डियां ने तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी को श्री गुरु तेग बहादर जी के 350वें शहीदी पर्व के लिए दिया निमंत्रण



एक महत्वपूर्ण राजनयिक भेंट के तहत पंजाब के कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा और गुरमीत सिंह खुड्डियां ने तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी से मुलाकात की। इस अवसर पर मंत्रियों ने मुख्यमंत्री को पंजाब सरकार की ओर से श्री गुरु तेग बहादर जी के 350वें शहीदी पर्व को समर्पित आगामी स्मृति समारोहों में शामिल होने के लिए औपचारिक रूप से निमंत्रण पत्र भेंट किया। यह महान आयोजन 20 नवंबर से आनंदपुर साहिब में आयोजित किया जाएगा — एक ऐसा ऐतिहासिक नगर जो सिख परंपराओं, आध्यात्मिकता और सांस्कृतिक महत्ता का प्रतीक है। मंत्रियों ने इस अवसर की ऐतिहासिक एवं आध्यात्मिक महत्ता को रेखांकित करते हुए इसे कुरबानी, आध्यात्मिकता और एकता का प्रतीक बताया। उन्होंने यह भी कहा कि यह पर्व विभिन्न समुदायों में सद्भावना और आपसी समझ-बूझ को प्रोत्साहित करने का माध्यम बनेगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने पंजाब सरकार द्वारा दिए गए इस निमंत्रण के लिए आभार प्रकट किया और इस आयोजन में सम्मिलित होने के प्रति अपनी सकारात्मक भावना एवं इच्छा व्यक्त की। इसके अतिरिक्त, बैठक के दौरान तेलंगाना के मुख्यमंत्री और पंजाब के मंत्रियों ने अपने-अपने राज्यों की स्वास्थ्य एवं शिक्षा प्रणालियों पर विस्तृत चर्चा की।

## पंजाब के कैबिनेट मंत्रियों ने महाराष्ट्र, झारखंड और दिल्ली के मुख्यमंत्रियों से भेंट कर दिया निमंत्रण



चंडीगढ़, 24 अक्तूबर। श्री गुरु तेग बहादर साहिब जी के 350वें शहीदी दिवस को समर्पित कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए पंजाब सरकार की ओर से देशभर के मुख्यमंत्रियों को औपचारिक रूप से आमंत्रण देने की प्रक्रिया जारी है। इसी क्रम में आज पंजाब के कैबिनेट मंत्रियों ने विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्रियों से भेंट की। कैबिनेट मंत्री हरजोत सिंह बैंस ने पर्यटन एवं सांस्कृतिक मामलों के सलाहकार दीपक बाली के साथ मिलकर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को आगामी स्मृति समारोहों में शामिल होने के लिए औपचारिक निमंत्रण सौंपा। इसी दौरान कैबिनेट मंत्री डॉ. बलबीर सिंह और हरदीप सिंह मुंडियां ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात कर उन्हें श्री गुरु तेग बहादर साहिब जी की 350वीं शहादत के उपलक्ष्य में आयोजित किए जा रहे समारोहों में शामिल होने का आमंत्रण दिया। इसके अतिरिक्त, कैबिनेट मंत्री तरुनप्रीत सिंह सौंद ने दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से मुलाकात कर उन्हें श्री गुरु तेग बहादर साहिब जी के 350वें शहीदी दिवस के अवसर पर आयोजित स्मृति कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। ये मुलाकातें पंजाब सरकार की उस पहल का हिस्सा हैं, जिसका उद्देश्य 'हिंद की चादर' नवें सिख गुरु श्री गुरु तेग बहादर जी की अमर शहादत की याद में पंजाब में आयोजित होने वाले ऐतिहासिक कार्यक्रमों में देशभर की व्यापक भागीदारी को सुनिश्चित करना है।

## तरनतारन में 16 करोड़ का ट्रॉमा सेंटर और पट्टी में 7 करोड़ का जच्चा-बच्चा केंद्र 'आप' सरकार की बड़ी देन: डॉ. बलबीर सिंह

मान सरकार ने तरनतारन के स्वास्थ्य ढांचे की बदली नुहार, लोग विकास के नाम पर मोहर लगाएंगे: डॉ. बलबीर सिंह

'आप' उम्मीदवार हरमीत सिंह संधू की जीत विकास की गति को करेगी और तेज: डॉ. बलबीर सिंह



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**तरनतारन, 24 अक्टूबर।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली 'आप' सरकार ने पिछली सरकारों द्वारा अनदेखा किए गए इस सरहदी क्षेत्र (तरनतारन) की नुहार बदल कर रख दी है। पंजाब के कैबिनेट मंत्री डॉ. बलबीर सिंह ने कहा कि राज्य सरकार ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में क्रांतिकारी कदम उठाए हैं।

उन्होंने उम्मीद जताई कि तरनतारन के लोग इस विकास के सफर को जारी रखने के लिए हरमीत सिंह संधू को बड़े फर्क से जिताएंगे। कैबिनेट मंत्री डॉ. बलबीर सिंह ने 'आप' सरकार द्वारा तरनतारन ज़िले में किए गए विकास कार्यों का विवरण देते हुए कहा कि आम लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देने की वचनबद्धता के तहत सिविल हस्पताल तरनतारन में 16 करोड़ रुपए की लागत से अति-आधुनिक क्रिटिकल केयर ब्लॉक/ट्रॉमा सेंटर का निर्माण जंगी स्तर पर जारी है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि यह सेंटर इस साल के अंत तक आम लोगों की सेवा में समर्पित कर दिया जाएगा, जो इस इलाके के लिए जीवन-रक्षक साबित होगा।

इसके इलावा डॉ. बलबीर सिंह ने बताया कि सब डिवीजन अस्पताल, पट्टी में 7 करोड़ रुपए की लागत से 30 बेडों वाले जच्चा-बच्चा स्वास्थ्य संभाल केंद्र की इमारत लगभग मुकम्मल हो चुकी है और जल्दी ही इसे इलाका निवासियों को समर्पित किया जाएगा। यह मान सरकार की माताओं और बच्चों की सेहत प्रति गंभीरता को दर्शाता है।

डॉ. बलबीर सिंह ने कहा कि 'आम आदमी क्लीनिक' पंजाब में स्वास्थ्य क्रांति का धुरा बन चुके हैं। उन्होंने खुशी ज़ाहर करते हुए कहा कि अब पंजाब सरकार के दिशा-निर्देशों अनुसार इन क्लीनिकों में रेबीज़ का टीका और परिवार नियोजन की सारी सुविधाएं भी मुहैया करवाई गई हैं, जिस से आम लोगों को बड़ी राहत मिली है।

मंत्री डॉ. बलबीर सिंह ने मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के प्रोजेक्ट 'फरिश्ते स्कीम' का ज़िक्र करते हुए कहा कि यह स्कीम कीमती जानें बचा रही है। इस स्कीम के तहत सड़क हादसे में ज़ख्मी व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाने वाले नेक इंसान को 2000 रुपए की सन्मान राशी दी जाती है। उन्होंने बताया कि ज़िला तरनतारन में 15 प्राईवेट और 11 सरकारी कुल 26 अस्पताल इस स्कीम अधीन इंपैनल्ड किए गए हैं ताकि जो हर कीमती जान को तुरंत इलाज मिल सके।

कैबिनेट मंत्री ने हलका वासियों को ज़ोरदार अपील की कि वह तरनतारन के सर्वपक्षी विकास के लिए, 'आप' सरकार के हाथ मज़बूत करने और इस विकास की लहर को आगे बढ़ाने के लिए पार्टी उम्मीदवार हरमीत सिंह संधू के हक्क में 'झाड़ू' का बटन दबा कर उन्हें भारी बहुमत से कामयाब बनाएं।

## श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के 350 साला शहीदी पर्व के मौके पर कल गुरुद्वारा सीस गंज साहिब में मुख्यमंत्री भगवंत मान होंगे नतमस्तक

मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार द्वारा 350 साला शहीदी पर्व को समर्पित महीना भर चलने वाले समागम कल से होंगे शुरु

गुरुद्वारा श्री रकाब गंज साहिब में कीर्तन दरबार के साथ होगी शहीदी समागमों की शुरुआत

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 24 अक्टूबर।** 'हिंद दी चादर%, सरबंस दानी, श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के 350 साला शहीदी दिहाड़े को समर्पित महीना भर चलने वाले समागमों की शुरुआत आज 25 अक्टूबर को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली स्थित पवित्र स्थानों से होगी। यह समागम पंजाब सरकार द्वारा पूरी श्रद्धा, सत्कार और गुरू मर्यादा के अनुसार करवाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री भगवंत मान कल सुबह गुरुद्वारा श्री सीस गंज साहिब में नतमस्तक होंगे और गुरु साहिब के साथ लासानी शहादत देने वाले भाई मती दास जी, भाई सती दास जी और भाई दियाला जी के शहीदी स्थानों पर जाकर श्रद्धांजलि भेंट करेंगे।

जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री भगवंत मान 25 अक्टूबर को सुबह 11.30 बजे गुरुद्वारा श्री सीस गंज साहिब दिल्ली में पहुंचेंगे। उनके साथ पंजाब कैबिनेट के अन्य मंत्री भी मौजूद रहेंगे। सभी मंत्री सांझे तौर पर रुमाला साहिब भेंट करेंगे और (सुबह 11 बजे होने वाली) सरबत के भले की अरदास में शामिल होंगे।

गुरुद्वारा साहिब में नतमस्तक होने के उपरांत मुख्यमंत्री भगवंत मान गुरुद्वारा साहिब के बिल्कुल बाहर स्थित, धर्म हित जानें वारने वाले महान सिख शहीदों, भाई मती दास जी, भाई सती दास जी और भाई दियाला जी के शहीदी स्थानों पर जाएंगे। यहाँ मुख्यमंत्री और समूह कैबिनेट द्वारा महान शहीदों को श्रद्धा के फूल भेंट किए जाएंगे और अरदास की जाएगी।

इन महीना भर चलने वाले समागमों की रस्मी शुरुआत कल शाम 6 बजे गुरुद्वारा श्री रकाब गंज साहिब, दिल्ली में होने वाले विशेष 'कीर्तन समागम' के साथ होगी।

मुख्यमंत्री भगवंत मान के दिशा-निर्देशों पर पंजाब सरकार द्वारा यह शहीदी समागम 25 अक्टूबर से 25 नवंबर तक पूरा एक महीना बहुत श्रद्धा और सत्कार के साथ मनाए जाएंगे। इन समागमों के दौरान चार विशाल नगर कीर्तन सजाए जाएंगे, जिनमें से एक श्रीनगर और बाकी तीन पंजाब के अलग-अलग हिस्सों से आरंभ होंगे। इन समागमों की समाप्ति 23, 24 और 25 नवंबर को खालसा की जन्म भूमि श्री आनंदपुर साहिब में विशाल धार्मिक समागमों के साथ होगी। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट हिदायत की है कि सभी समागम पूरी मर्यादा और सत्कार को मुख्य रखते हुए आयोजित किए जाएं, ताकि गुरु साहिब की लासानी शहादत का संदेश दुनिया भर में पहुंच सके।

## तरनतारन से कांग्रेस नेता और आज़ाद उम्मीदवार हरपाल सिंह अपने साथियों समेत 'आप' में हुए शामिल, उम्मीदवार हरमीत संधू को दिया समर्थन

प्रदेश अध्यक्ष अमन अरोड़ा ने कराया पार्टी में शामिल

'आप' सरकार की नीतियों से प्रभावित होकर अच्छे किरदार वाले लोग पार्टी में हो रहे हैं शामिल: अमन अरोड़ा



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**तरनतारन, 24 अक्टूबर।** आम आदमी पार्टी (आप) को आज तरनतारन में उस समय बड़ा सियासी बल मिला जब कांग्रेस पार्टी के ब्लॉक समिति सदस्य हरपाल सिंह, जिन्होंने आज़ाद उम्मीदवार के तौर पर अपना नामांकन पत्र दाखिल किया था, ने 'आप' के उम्मीदवार हरमीत सिंह संधू के पक्ष में अपना नामांकन वापस ले लिया। 'आप' के प्रदेश अध्यक्ष अमन अरोड़ा ने उन्हें पार्टी में शामिल कराया।

आज यहां एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए आम आदमी पार्टी के पंजाब अध्यक्ष अमन अरोड़ा ने कहा कि पार्टी की लोक-हितैषी नीतियों और सरकार के कामों से प्रभावित होकर अच्छे किरदार वाले लोग दूसरी पार्टियों को छोड़कर 'आप' परिवार का हिस्सा बन रहे हैं। इस मौके पर उनके साथ कैबिनेट मंत्री लालजीत सिंह भुल्लर, मंडी बोर्ड के चेयरमैन हरचंद सिंह बरसट, तलबीर गिल, विधायक हरदीप सिंह डिंपी ढिल्लों (गिद्दड़बाहा) और विधायक दविंदर सिंह लाडी ढोंस समेत अन्य सीनियर नेता भी हाज़िर थे। अमन अरोड़ा ने खुशी ज़ाहिर करते हुए कहा, 'आज मुझे यह बताते हुए खुशी महसूस हो रही है कि हरपाल सिंह, जो कि कांग्रेस पार्टी की तरफ से ब्लॉक समिति के सदस्य हैं और जिन्होंने इंडिपेंडेंट तौर पर नॉमिनेशन फाइल किया था, ने आज हमारे उम्मीदवार हरमीत सिंह संधू के पक्ष में अपना नॉमिनेशन वापस ले लिया है और वह आम आदमी पार्टी में शामिल हो गए हैं। हरपाल सिंह और उनके साथियों के ज्वाइन करने से आम आदमी पार्टी और हमारे उम्मीदवार को और मज़बूती मिलेगी।

इस मौके पर आम आदमी पार्टी में शामिल हुए हरपाल सिंह ने कहा कि वह 'आप' की कारगुज़ारी से बहुत प्रभावित हैं। उन्होंने कहा कि तरनतारन शहर में सबसे बड़ा मुद्दा गंदगी के ढेरों का है, जो कैंसर जैसी भयानक बीमारियों का कारण बन रहे हैं। उन्होंने (हरमीत संधू) ने मुझे विश्वास दिलाया है कि जीतने के बाद पहल के आधार पर शहर की सफाई का मुद्दा हल किया जाएगा।

उन्होंने आगे कहा कि इसके इलावा नशों के मुद्दे पर भी आम आदमी पार्टी गंभीरता से काम कर रही है। वह कहा 'मैं इन नीतियों से प्रभावित होकर और पंजाब के रुके हुए काम पूरे करवाने की आस से आम आदमी पार्टी से जुड़ा हूं।

श्री गुरु तेग़ बहादर जी के शहीदी दिवस को समर्पित आयोजनों के मद्देनज़र आनंदपुर साहिब की सड़कों का बदलेगा स्वरूप

## लोक निर्माण मंत्री ने 15 नवंबर तक सभी कार्य पूर्ण करने के दिए निर्देश

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 24 अक्तूबर।** पंजाब के लोक निर्माण मंत्री हरभजन सिंह ई.टी.ओ. ने शुक्रवार को विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि श्री गुरु तेग़ बहादर जी के शहीदी दिवस से संबंधित आयोजनों को ध्यान में रखते हुए आनंदपुर साहिब में चल रहे सड़क निर्माण और मरम्मत कार्यों को 15 नवंबर 2025 से पहले हर हाल में पूरा किया जाए।

पत्रकारों से बातचीत करते हुए मंत्री ने बताया कि श्री गुरु तेग़ बहादर जी के 350वें शहीदी दिवस के अवसर पर आनंदपुर साहिब की प्रमुख सड़कों की मरम्मत, रोशनी व्यवस्था के उन्नयन और अन्य विकास कार्यों की व्यापक योजना तैयार कर ली गई है। यह योजना चंडीगढ़ सर्कल के लोक निर्माण विभाग द्वारा अंतिम रूप में स्वीकृत कर दी गई है।

इन कार्यों और इनके रख-रखाव के लिए लगभग 24.51 करोड़ रुपये का अनुमानित बजट निर्धारित किया गया है। हरभजन सिंह ई.टी.ओ. ने बताया कि इस योजना के तहत श्री आनंदपुर साहिब से दशमेश अकादमी रोड, शहर की अंदरूनी सड़कों, श्री आनंदपुर साहिब से श्री नैणा देवी रोड तथा अन्य प्रमुख मार्गों का उन्नयन किया जाएगा। लगभग 23 करोड़ रुपये की लागत से सड़कों, पुलों और संपर्क मार्गों की मरम्मत और अपग्रेडेशन किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त 77.58 लाख रुपये विशेष मरम्मत और रख-रखाव कार्यों के लिए स्वीकृत किए गए हैं।

मंत्री ने कहा कि इस कार्य योजना में सड़कों के किनारों पर लगी लाइटों की मरम्मत और उन्नयन को प्राथमिकता दी जा रही है। साथ ही कार्यकुशलता और सुरक्षा बढ़ाने के लिए नियमित और विशेष मरम्मत, पुराने या क्षतिग्रस्त बिजली के खंभों को बदलना, एलईडी लाइटें लगाने, तथा एल्युमिनियम और कॉपर वायरिंग के आधुनिकीकरण जैसे कार्य भी इस पहल का हिस्सा हैं।

हरभजन सिंह ई.टी.?. ने बताया कि इन कार्यों के लिए कुल 24.51 करोड़ रुपए की राशि अलॉट की गई है।विभाग ने श्रद्धालुओं और स्थानीय निवासियों को सुगम व सुरक्षित यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए उच्च गुणवत्ता वाले बुनियादी ढांचे को सुनिश्चित करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है, ताकि इस ऐतिहासिक आयोजन के दौरान श्रेष्ठ वातावरण तैयार किया जा सके।

## 'युद्ध नशों विरुद्ध': 237वें दिन 94 नशा तस्कर गिरफ्तार

'डी-एडिक्शन' अभियान के तहत पंजाब पुलिस ने 44 व्यक्तियों को नशा छुड़ाने और पुनर्वास उपचार के लिए किया तैयार

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 24 अक्तूबर।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान द्वारा राज्य से नशों के सफाए के लिए चलाए जा रहे व्यापक अभियान ÷युद्ध नशों विरुद्ध÷ के 237वें दिन भी यह मुहिम पूरे जोश के साथ जारी रही। आज पंजाब पुलिस ने राज्यभर में 298 स्थानों पर छापेमारी करते हुए 73 एफआईआर दर्ज कीं और 94 नशा तस्करों को गिरफ्तार किया। इस तरह अब तक 237 दिनों में कुल 33,950 नशा तस्कर पकड़े जा चुके हैं। छापेमारी के दौरान पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 197 ग्राम हेरोइन, 40 किलो भुक्की, 1029 नशीली गोलियां/कैप्सूल तथा 12,800 रुपये की ड्रग मनी बरामद की है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने राज्य के पुलिस कमिश्नरों, डिप्टी कमिश्नरों और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों को पंजाब को नशामुक्त राज्य बनाने का लक्ष्य सौंपा है। नशों के खिलाफ जारी इस अभियान की निगरानी हेतु राज्य सरकार ने वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा की अध्यक्षता में 5 सदस्यीय कैबिनेट सब-कमेटी का गठन भी किया है। इस व्यापक अभियान में 62 गज़टेड अधिकारियों की देखरेख में 1000 से अधिक पुलिस कर्मियों वाली 120 से अधिक पुलिस टीमें शामिल हुईं, जिन्होंने राज्यभर में 298 छापे मारे। पूरे दिन चले इस ऑपरेशन के दौरान पुलिस टीमों ने 340 संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ भी की। राज्य सरकार ने नशों के उन्मूलन के लिए तीन-स्तरीय रणनीति – प्रवर्तन (इन्फोर्समेंट), नशामुक्ति (डी-एडिक्शन) और रोकथाम (प्रिवेंशन) लागू की है। इसी क्रम में पंजाब पुलिस ने आज 44 व्यक्तियों को नशा छुड़ाने और पुनर्वास उपचार के लिए तैयार किया, जो अभियान के 'डी-एडिक्शन' हिस्से की महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

## पेज एक का शेष

### पिछली सरकारों ने...

मान ने कहा कि वह कहते हैं कि यह 2027 का सेमीफाइनल है, पर यह कोई खेल नहीं है, यह सच्चाई और विकास का चुनाव है। मान ने कहा कि तरनतारन ने वह दिन देखे हैं जब परिवारों ने हिंसा और नशों की दुरुपयोग के कारण एक ही दिन में कई सदस्य गंवा दिए थे। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों ने नौजवानों को गैंगस्टरवाद और बगावत की तरफ धकेला, आम लोगों के विरुद्ध झूठे केस दर्ज किए। पर पिछले साढ़े तीन सालों में एक भी झूठा केस दर्ज नहीं किया गया। उन्होंने पूछा कि क्या आपने कभी उन्हें बिजली, स्कूलों, हस्पतालों या सड़कों बारे बात करते सुना है? हम 75 सालों की लूट के बाद पंजाब को वापस पटरी पर लाए हैं। मुख्य मंत्री मान ने विरोधी पार्टियों पर तीखा हमला करते कहा, इन लोगों ने हमारे नौजवानों को नशों के दलदल में धकेला और बमों और गोलियों से पंजाब की पवित्र धरती पर हिंसा फैलाई। हम इस सिस्टम को साफ़ कर रहे हैं। खेतों में दिन के समय बिजली है, स्कूल और हस्पताल बेहतर ढंग से काम कर रहे हैं, और शासन पारदर्शी है। भाजपा पर निशाना साधते हुए मान ने कहा कि भाजपा हर सहयोगी को खत्म करती है - चौटाला, ठाकरे, शरद पवार और अब नितीश कुमार। जिन्होंने भी उनका साथ दिया, उनका सफाया हो गया है। आम आदमी पार्टी ही इकलौती पार्टी है जो लोगों की पार्टी है। अगर दूसरों ने अपना फ़र्ज़ निभाया होता, तो हमें यहाँ आने की ज़रूरत ना पड़ती।

मुख्य मंत्री मान ने सुखबीर बादल के दोहरे मापदंडों पर साधा निशाना: मान ने कहा कि सुखबीर बादल दावा करते हैं कि हर बाज़ार, सड़क और पुल बादल साहिब ने बनाया था। तो फिर जब वह बरगाड़ी और कोटकपूरा में से गुजरते हैं तो वह चुप क्यों रहते हैं? क्या उनकी सरकार ने शांतिपूर्ण सिख प्रदर्शनकारियों पर गोलियां नहीं चलाईं? उन्होंने कहा कि जो कभी अहंकार से अपनी मुछों को ताव देते थे, वह अब अदालत में पेश हो रहे हैं। जिन दस्तावेज़ों से उन्होंने इंकार किया था, वह सबूत बन गए हैं।

गुरुओं बेअदबी और पंजाब की लूट को ना भूलो: मान ने लोगों को याद दिलाया कि कैसे पिछली सरकारों ने गुरु साहिबान की बेअदबी की और पंजाब की दौलत लूटी। उन्होंने कहा कि क्या आप उन्हें भूल जाओगे जिन्होंने गुरु साहिब की बेअदबी की? जिन्होंने बाढ़ राहत के नाम पर गुरु के गोलख से पैसे लिए और पैसे दे कर फिर सरपंचों से वापस करवाए? पैसा उनकी जेबों में जाता है, पर कभी बाहर नहीं आता। उन्होंने आगे कहा कि अकाली नेताओं का अहंकार पीढ़ियों पुराना है—जलियांवाला बाग कत्लेआम वाले दिन उनके पुरखों ने जनरल डायर के लिए रात का खाना रखा था और बाद में दरबार साहिब में उन्हें सिरोपा दिया गया था। धोखा उनके खून में है।

जिन्होंने पंजाब को लूटा और नौजवानों को नशों की तरफ धकेला, उन पर कोई रहम नहीं किया जाएगा: बाजवा और मजीठिया जैसे नेताओं पर निशाना साधते हुए मान ने कहा, ÷वह करोड़ों की कारों में घूमते हैं, रावी दरिया पार सोने की तस्करी में करते हैं, और जब कानून कार्रवाई करता है, तो वह इसे लोकतंत्र की हत्या बताते हैं। पंजाब को नुकसान पहुंचाने वालों पर कोई रहम नहीं होगा—सिर्फ इंसाफ़ मिलेगा। आप ने ईमानदार शासन और लोगों को असल लाभ दिए हैं मान ने सरकार की प्राप्तियों को उजागर करते कहा कि हमारी सरकार ने योग्यता के आधार 55,000 सरकारी नौकरियां दीं। ÷अगर किसी ने रिश्वत दी है, तो उनका नाम बताओ! 90 फीसदी घरों में बिजली के बिल ज़ीरो आ रहे हैं, और किसानों को दिन में 12 घंटे बिजली मिलती है। सारे आम आदमी क्लीनिकों पर मुफ़्त दवाइयां उपलब्ध हैं। सड़क सुरक्षा बल (स्स्प्त) की स्थापना से सड़क हादसों में 48त्न की कमी आई है, यह दावा केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने संसद में स्वीकार भी किया। 10 लाख रुपये तक की सेहत बीमा योजना शुरू की गई है - ÷अपना आधार कार्ड दिखाओ, इलाज मुफ़्त होगा, बाकी सरकार संभालेगी। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों के कर्ज़ों के बावजूद तनख्वाहों में कोई देरी नहीं हुई है और पंजाब की वित्तीय स्थिति स्थिर है। गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस पर आनंदपुर साहिब में होगा ऐतिहासिक विधान सभा सेशन: मुख्य मंत्री मान ने ऐलान किया कि पहली बार, पंजाब विधान सभा चंडीगढ़ से बाहर, श्री आनंदपुर साहिब में, 24 नवंबर को गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस को मनाने के लिए आयोजित की जाएगी। उन्होंने कहा, 'कुछ लोग इसे ड्रामा कहते हैं, पर गुरुओं का अपमान करने वालों को जनता 11 नवंबर को जवाब देगी।' मान ने कहा कि उनकी सरकार ने अब शासन करना सीख लिया है। हमने सीखा है कि अधिकारियों से कैसे बात करनी है और सरकार कैसे चलानी है। जो कहते थे कि खज़ाना खाली है, अब सोच रहे हैं कि हम यह सब कैसे कर सके।

नवजोत कौर सोहल ने वॉलंटियरों को की अपील~ मरहूम डॉ. कश्मीर सिंह सोहल को सच्ची श्रद्धांजलि के तौर पर तरनतारन में 'आप' की जीत को यकीनी बनाओ

'आप' की इस वॉलंटियर मीटिंग के दौरान, मरहूम डॉ. कश्मीर सिंह सोहल की पत्नी नवजोत कौर सोहल ने वर्करों और समर्थकों को हरमीत सिंह संधू की जीत का दिल से समर्थन करने की भावनात्मक अपील की। उन्होंने कहा कि तरनतारन में 'आप' की जीत डॉ. सोहल को सबसे बड़ी श्रद्धांजलि होगी, जिन्होंने अपना जीवन ईमानदारी, स्नेह और लोक सेवा के लिए समर्पित कर दिया। नवजोत कौर ने विश्वास प्रगट किया कि तरनतारन के लोग एक बार फिर 'आप' के साथ खड़े होंगे और साफ़, पारदर्शी और विकास-मुखी राजनीति के डॉ. सोहल के सपने को पूरा करेंगे।

तरन तारन उपचुनाव: पांच उम्मीदवारों ने वापस लिए अपने नामांकन पत्र

## अब कुल 15 उम्मीदवार लड़ेंगे चुनाव

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 24 अक्तूबर।** पंजाब विधानसभा क्षेत्र 21-तरन तारन की उपचुनाव सीट के लिए नामांकन दाखिल करने वाले 5 उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र वापस ले लिए हैं।

पंजाब के मुख्य चुनाव अधिकारी कार्यालय के एक प्रवक्ता ने बताया कि आज नामांकन पत्र वापस लेने के अंतिम दिन हरपाल सिंह, निर्मल कौर, गुरमीत कौर, सारिका जौड़ा और हरप्रीत सिंह ने अपनी नामांकन वापस ले ली है। उन्होंने ने आगे बताया कि नामांकन पत्रों की जांच के बाद कुल 20 उम्मीदवारों के नामांकन सही पाए गए थे, परंतु अब 5 उम्मीदवारों द्वारा नामांकन वापसी के बाद कुल 15 उम्मीदवार चुनाव मैदान में बचे हैं, जिनके नाम इस प्रकार हैं सुखविंदर कौर (शिरोमणि अकाली दल), हरजीत सिंह संधू (भारतीय जनता पार्टी), हरमीत सिंह संधू (आम आदमी पार्टी),करणबीर सिंह (इंडियन नेशनल कांग्रेस), शाम लाल गांधी (सच्चो सच्च पार्टी), नायब सिंह (नेशनलिस्ट जस्टिस पार्टी),अरुण कुमार खुरमी राजपूत (निर्दलीय),हरपाल सिंह भंगू (निर्दलीय), हरबरिंदर कौर उसमान (निर्दलीय), एडवोकेट कोमलप्रीत सिंह (निर्दलीय),जसवंत सिंह सोहल (निर्दलीय), नीटू शटरांवाला (निर्दलीय), मनदीप सिंह (निर्दलीय), मनदीप सिंह खालसा (निर्दलीय) और विजय कुमार (निर्दलीय)।

उल्लेखनीय है कि मतदान 11 नवंबर को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक होगा और 14 नवंबर 2025 को मतगणना के बाद परिणाम की घोषणा की जाएगी।

# 'चरण सुहावे' यात्रा दिल्ली से पटना साहिब तक आध्यात्मिक सेतु : मुख्यमंत्री

'चरण सुहावे' गुरु चरण यात्रा का फरीदाबाद में हुआ भव्य स्वागत

फरीदाबाद की धरा बनी श्रद्धा, एकता और सेवा की प्रतीक

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने स्वागत कार्यक्रम में की शिरकत

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ



**फरीदाबाद, 24 अक्तूबर।** हरियाणा की पावन धरती आज एक ऐतिहासिक और आध्यात्मिक क्षण की साक्षी बनी, जब 'सरबंसदानी' दशम पातशाह श्री गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज और माता साहिब कौर जी के 'पवित्र जोड़ा साहिब' की 'चरण सुहावे गुरु चरण यात्रा' का फरीदाबाद में भव्य स्वागत किया गया। श्रद्धा, भक्ति और एकता का यह अनुपम संगम शहर के प्रत्येक कोने में दिखाई दिया।

इस स्वागत कार्यक्रम में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शिकरत की। मुख्यमंत्री ने फरीदाबाद के एनआईटी-5 स्थित श्री गुरु दरबार साहिब गुरुद्वारा में ÷चरण सुहावे गुरु चरण यात्रा÷ का स्वागत किया। नायब सिंह सैनी ने यात्रा के साथ चल रहे केंद्रीय मंत्री सरदार हरदीप सिंह पुरी का हरियाणा आगमन पर स्वागत किया। उन्होंने श्री गुरु दरबार साहिब गुरुद्वारा में साध- संगत और यात्रा की अगवानी करने वाले पंज प्यारों का भी पटका ओढ़ा कर सम्मान किया। मुख्यमंत्री ने यात्रा की रवानगी से पहले गुरुद्वारा में मत्था टेका और अरदास सुनी। इसके उपरांत उन्होंने पवित्र जोड़ा साहिब के भी दर्शन किए। इससे पहले शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्य सरदार रविंदर सिंह राणा, श्री गुरु दरबार साहिब गुरुद्वारा के प्रधान सरदार इंदर जीत सिंह व सिख समाज के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया ।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि कहा कि दिल्ली से आरंभ होकर बिहार स्थित तख्त श्री हरमंदिर जी पटना साहिब तक जाने वाली इस महान यात्रा का पहला विश्राम स्थल फरीदाबाद रहा। दिल्ली का प्रवेश द्वार कहे जाने वाला यह शहर आज गुरु चरणों की धूल से पावन हो उठा है। जिस नगर में गुरु के पवित्र चरण रुकें, वह नगर अपने आप ही तीर्थ बन जाता है, और आज फरीदाबाद, लाखों श्रद्धालुओं के लिए एक महान तीर्थ स्थल बन चुका है। उन्होंने इस यात्रा के आयोजन के लिए दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी और इस यात्रा के आयोजकों का आभार व्यक्त किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस को राज्यभर में श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाएगी। 1 नवंबर से लेकर 24 नवंबर तक हरियाणा प्रदेश के चारों कौनों से चार यात्राएं निकलेंगी, जिनका समापन 25 नवंबर को कुरुक्षेत्र की पवित्र भूमि, जहाँ समय-समय पर गुरुओं के चरण कमल पड़े, उस स्थान पर होगा। इसे लेकर सरकार ने व्यापक कार्य-योजना बनाई है।

उन्होंने कहा कि सरकार ने हरियाणा विधानसभा के मानसून सत्र में एक प्रस्ताव पास किया है। इसके तहत ऐसे 121 परिवारों के एक-एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने का प्रावधान किया गया जिनके किसी सदस्य की जान 1984 के दंगों में चली गई थी। इस निर्णय पर मंत्रिमंडल ने भी अपनी सहमति की मुहर लगाई है, जो सिख समाज के प्रति सम्मान और संवेदना का उदाहरण है। उन्होंने कहा कि यह यात्रा जहां एक ओर गुरु परंपरा की याद दिलाती है, वहीं दूसरी ओर भारत की एकता, साहस और करुणा के मूल्यों को सशक्त बनाती है।

इस दौरान पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी, बल्लभगढ़ के विधायक मूलचंद शर्मा, बावल विधायक डॉ. कृष्ण कुमार, पूर्व कैबिनेट मंत्री, नगर निगम मेयर प्रवीण बत्रा जोशी, भाजपा फरीदाबाद जिला अध्यक्ष पंकज पूजन रामपाल और बल्लभगढ़ से भाजपा अध्यक्ष सोहन पाल छोकर, हरियाणा राज्य महिला अध्यक्ष रेनू भाटिया, पूर्व शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा, मुख्यमंत्री के पूर्व राजनीतिक सलाहकार अजय गौड़, मीडिया समन्वयक मुकेश वशिष्ट, एडीसी सतबीर मान, एसडीएम बड़खल त्रिलोक चंद, हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्य सरदार रविंद्र सिंह राणा, गुरुद्वारा प्रबंधक समिति के प्रधान सरदार इंदरजीत सिंह, गुरुप्रसाद सिंह, सरदार राणा भट्टी सहित जिला के तमाम आलाधिकारी और अन्य कई गणमान्य व्यक्तिगण मौजूद रहे।

### गुरु गोबिंद सिंह जीः त्याग, वीरता और न्याय के प्रतीक

श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि आज जब यह पवित्र जोड़ा साहिब यहाँ पहुँचा है तो दशमेश पिता का सम्पूर्ण तेज, त्याग और बलिदान हमारे बीच साकार हो उठा है। उन्होंने धर्म, राष्ट्र और मानवता की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। श्री गुरु गोबिंद सिंह जी ने मुगल अत्याचार के विरुद्ध बलिदान दिया। उन्होंने अन्याय से लड़ने के लिए एक साधारण मनुष्य को खालसा बनाया, एक ऐसी शक्ति बनाया जिसका संकल्प धर्म की रक्षा और निर्बलों की सहायता करना था। यह जोड़ा साहिब हमें उनकी उस महान प्रतिज्ञा की याद दिलाता है कि 'सवा लाख से एक लड़ाऊँ, तबै गोबिंद सिंह नाम कहाऊँ।' यह प्रतिज्ञा केवल युद्ध की नहीं थी, बल्कि आत्म-सम्मान, साहस और न्याय की थी, जो आज भी हर भारतीय के लिए जीवन का मूल मंत्र है। उन्होंने कहा कि श्री गुरु गोबिंद सिंह जी ने अपने चारों पुत्रों का बलिदान दिया ताकि देश के अन्य पुत्र-पुत्रियाँ सुरक्षित रह सकें।

### माता साहिब कौर जीः करुणा और शक्ति की प्रतिमूर्ति

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस यात्रा में माता साहिब कौर जी का भी पवित्र जोडा साहिब शामिल है। माता साहिब कौर जी को खालसा पंथ की माँ होने का गौरव प्राप्त है। जब गुरु जी ने खालसा पंथ की स्थापना की, तो उन्होंने माता साहिब कौर जी से 'अमृत' में पताशे डलवाए, ताकि खालसा के अनुयायियों में वीरता के साथ-साथ मिठास और करुणा भी बनी रहे।

### 'चरण सुहावे' यात्रा दिल्ली से पटना साहिब तक आध्यात्मिक सेतु

श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि यह 'चरण सुहावे' यात्रा दिल्ली, जो भारत की राजधानी है, और पटना साहिब, जो गुरु गोबिंद सिंह जी की जन्मभूमि है, के बीच एक सांस्कृतिक और आध्यात्मिक सेतु का निर्माण कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार, गुरुओं के दिखाए मार्ग पर चलने और उनके बलिदान को चिरस्थायी बनाने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। सरकार ने श्री गुरु तेग बहादुर जी के 400वें प्रकाश वर्ष, श्री गुरु नानक देव जी का 550वां प्रकाश पर्व, श्री गुरु गोबिंद सिंह जी का 350वां प्रकाश पर्व को भव्य रूप से मनाने का काम किया। इसके अलावा, जिस भूमि पर श्री गुरु नानक देव जी ने 40 दिन रहकर तपस्या की, उस भूमि को सरकार ने सिरसा स्थित गुरुद्वारा श्री चिल्ला साहिब को दी है।

## न्यूज ब्रीफ

### दिव्यांगजनों को मिलने वाली सुविधाओं के बारे किया जागरूक



**करनाल (अप्रस/शैलेंद्र जैन)।** राजकीय कन्या आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, रेलवे रोड, करनाल में आज खंड स्तरीय जागरूकता कार्यक्रम का उद्घाटन प्रधानाचार्य एवं खंड संसाधन समन्वयक (समावेशी शिक्षा) मोहिन्द्र सिंह नरवाल के द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि दिव्यांग जनों व उन्हें मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जागरूक करने के लिए समग्र शिक्षा के अंतर्गत 2 दिवसीय खंड स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में खंड करनाल के विभिन्न सरकारी विद्यालयों से 30 अध्यापक, 10 दिव्यांग जनों के माता-पिता, एसएमसी सदस्य व आंगनबाड़ी वर्करों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में विभिन्न विषयों जैसे समावेशी शिक्षा, सहायक उपकरणों के प्रकार व महत्व, सामान्य शिक्षकों की समावेशी कक्षा कक्ष में भूमिका, आरपीडब्लूडी एक्ट 2016 के बारे में प्रीति चतुर्वेदी (मनोवैज्ञानिक प्रवक्ता) व सिमरन चौधरी, कम्प्यूटर साइंस प्रवक्ता ने मुख्य भूमिका निभाई। सभी प्रतिभागियों ने कहा कि कार्यक्रम के दौरान बहुत महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने कहा कि इस ज्ञान को अपने कार्य क्षेत्र में लागू करके दिव्यांग बच्चों को अधिक से अधिक लाभान्वित करने का प्रयास करेंगे। कार्यक्रम उत्साहपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। विशेष अध्यापिका सीमा सुखीजा , मुकेश कुमार ने कार्यक्रम को सुचारू रूप से चलाने में अपनी भूमिका अदा की।

### आरकेएसडी स्कूल के विहान का नेशनल जूडो में चयन



**कैथल (अप्रस)।** आरकेएसडी पब्लिक स्कूल के छात्र विहान ने जूडो में प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए नेशनल के लिए क्वालीफाई किया। दसवीं के छात्र विहान ने ओपन सब जूनियर ट्रायल में 45 किलो ग्राम वर्ग में अन्य प्रतिभागियों को पछाड़ते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। यह ट्रायल जेएफ आई फेडरेशन द्वारा 18 अक्टूबर को असंध करनाल में आयोजित किया गया था। शारीरिक शिक्षक पवन शर्मा ने बताया कि राज्य स्तरीय जूडो प्रतियोगिता में विहान ने अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। अब वह 16 से 20 नवंबर तक हैदराबाद में होने वाले नेशनल जूडो प्रतियोगिता में भाग लेंगे। विहान की इस उपलब्धि पर स्कूल की प्रधानाचार्या निवेदिता भट्ट ने उसे शुभकामनाएं दी और भविष्य में और अच्छा प्रदर्शन करने के लिए उत्साहित किया। स्कूल प्रबंधक समिति के चेयरमैन अश्विनी शोरेवाला व प्रधान सरल शांत मंगल ने भी विहान का हौसला बढ़ाया और शुभकामनाएं दी।

### सिविल लाइन पुलिस ने गुम हुए 6 वर्षीय बच्चे को सकुशल ढूंढा

**कैथल (अप्रस/ओम प्रकाश)।** सिविल लाइन पुलिस ने घर से लापता हुए



6 वर्षीय बच्चे को मात्र 2 घंटे में सकुशल बरामद कर परिजनों के हवाले कर दिया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि रणधीर कॉलोनी निवासी एक परिवार का 6 वर्षीय बच्चा मोक्ष 23 अक्टूबर की देर शाम लगभग 7 बजे अचानक घर से लापता हो गया। जब परिजनों ने आस-पास तलाश की लेकिन बच्चे का कुछ पता नहीं चला तो उन्होंने तुरंत इसकी सूचना डायल 112 पर दी। सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम और थाना सिविल लाइन पुलिस मौके पर पहुंची। एसएचओ इंस्पेक्टर सुरेश कुमार ने स्वयं टीम का नेतृत्व करते हुए पुलिस कर्मियों को अलग-अलग दिशाओं में तलाश के निर्देश दिए तथा खुद परिजनों के साथ बच्चे की तलाश में जुट गए। लगभग दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस टीम ने बच्चे को कमेटी चौंक के पास पैदल चलते हुए सकुशल ढूंढ निकाला। पुलिस द्वारा बच्चे को सुरक्षित परिजनों के पास पहुंचाया गया। बच्चे की मां भावुक होकर रो पड़ी।

## पुलिस की नशा मुक्ति टीम ने पार्षदों व आम लोगों संग चलाया जागृति अभियान

अर्थ प्रकाश/कपिल देव रोहिल्ला

**कलायत, 24 अक्तूबर।** कलायत नगर पालिका क्षेत्र में भुकी, अफीम, चिट्टा, नशीले टीके, हिरोइन, सुलफा, गंझा व इस प्रकार के नशीले प्रदार्थो का सेवन करने वालों के साथ-साथ नशा की तस्करी करने वालों की अब खैर नहीं। ऐसा करने वालों पर नगर पालिका द्वारा 50 हजार रुपए दंड लगाया जाएगा। इतना ही नहीं अगर कोई ऐसे व्यक्ति का जमानती व शिनाख्ती बनेगा उसके खिलाफ भी वार्ड द्वारा कार्यवाही की जाएगी। नियमों के बारे हर किसी को अगवत करवाने के लिए जिला पुलिस कप्तान के निर्देश पर पुलिस की नशा मुक्ति टीम ने नगर पालिका पार्षदों व आम लोगों के साथ मिलकर जागृति अभियान चलाया। पुलिस टीम ने बताया कि हरियाणा पुलिस महानिदेशक ओपी सिंह की अगुवाई में प्रदेश भर में नशा के खिलाफ प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। इसके तहत जिला पुलिस कप्तान उपासना व डीएसपी गुहला कुलदीप बैनीवाल की देखरेख में शहर एवं गांवों में नशा के खिलाफ जागरूकता लाई जा रही है। वार्ड 12 पार्षद अमित बैद ने बताया कि अभियान के माध्यम से न केवल लोगों को नशा छोड़ने के लिए प्रेरित किया जा रहा है बल्कि नशा फैलाने वालों के खिलाफ कार्यवाही की जा रही है। तय रूप रेखा के अनुसार कलायत शहर के सभी 16 वार्डों का क्रमवार सूखा नशा मुक्त बनाया जा रहा है। उन्होंने इस मिशन में हर किसी से सहयोग की अपील की। इसी तरह अन्य वार्डों में भी पुलिस टीम व पार्षदों ने नशा के खिलाफ कार्यक्रमों में हिस्सा लिया।

## किसान पराली में आग न लगाकर अपने खेत में करें प्रबंधनः एसडीएम

**समालखा (अप्रस/मनदीप कुमार)।** उपमंडल अधिकारी अमित कुमार ने शुक्रवार कों कहा है कि कोई भी व्यक्ति अपने खेतों में फसल कटाई के बाद पराली में आग ना लगाए। प्रदूषण नियंत्रण के लिए यह आवश्यक है कि फसल के बचे हुए फानों में आग ना लगाकर उनको खेत में ही नष्ट कर दिया जाए। एसडीएम ने कहा कि पराली का प्रबंधन करने के लिए आज किसानों के सामने विकल्प मौजूद हैं। इस पराली से चारा बन सकता है, पराली के बंडल बन सकते हैं और उसे खेत की मिट्टी में ही मिलाया जा सकता है। इस कार्य में कृषि विभाग से मशीनों की सहायता ली जा सकती है। उन्होंने कहा कि पराली जलाने से प्रदूषण फैलता है, जो कि सेहत के लिए हानिकारक है। खेत में आग लगाने की वजह से भूमि की उपजाऊ शक्ति क्षीण होती है और अनेक जीव उसी में जलकर मर जाते हैं। हरियाणा सरकार ने फसल प्रबंधन के लिए सीआरएम स्कीम लागू की हुई है, जिसका किसानों को लाभ उठाना चाहिए।

## पिहोवा के मुख्य चौक पर लगे फ़्लेक्स बोर्ड बने हादसों का कारण, दीपक की गंभीर हालत – प्रशासन से कार्रवाई की मांग

अर्थ प्रकाश/मोहित पौलस्त्य



**पिहोवा, 24 अक्तूबर।** पिहोवा के मुख्य चौक पर नेताओं और संस्थाओं के बड़े-बड़े फ़्लेक्स बोर्डों ने लोगों की जान खतरे में डाल दी है। चौक के चारों ओर लगाए गए ये होर्डिंग्स और फ़्लेक्स इतने बड़े आकार के हैं कि दूसरी दिशा से आने वाले वाहनों का दृश्य पूरी तरह से ढक जाता है, जिससे आए दिन सड़क हादसे हो रहे हैं। हाल ही में इसी चौक पर एक गंभीर दुर्घटना में दीपक नामक युवक बुरी तरह घायल हो गया, जो इस समय कुरुक्षेत्र के एक प्राइवेट अस्पताल में ज़िंदगी और मौत के बीच जूझ रहा है। अस्पताल का भारी बरकम खर्च शहर के दानी लोग उठा रहे है। स्थानीय लोगों ने बताया कि फ़्लेक्स बोर्डों के कारण सामने से आती गाड़ियां दिखाई नहीं देतीं, जिसके चलते यह हादसा हुआ। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि इन सभी फ़्लेक्स बोर्डों को तुरंत हटवाया जाए और सार्वजनिक स्थानों पर इस तरह के विज्ञापन लगाने वालों पर कड़ी कार्रवाई कर भारी जुर्माना लगाया जाए, ताकि भविष्य में किसी और की जान इन गैरकानूनी बोर्डों की भेंट न चढ़े। रोशन लाल , सुनहरा राम , विनोद कुमार हरिराम , जगत राम सहित अनेक लोगो ने आरोप लगाया कि पालिका अधिकारी व कर्मचारी सुविधा शुल्क की आढ में लोगो के प्रचार के लिए बोर्ड लगवाते है। उन्ही करे देखकर धार्मिक संगठन व राजनैतिक लोग भी अपने बोर्ड यहां पर लगाते है। उन्होने इन बोर्डो को तुरन्त हटाने की मांग की।

## भगवान विश्वकर्मा शिल्पकला और मेहनत का जीवंत प्रतीक : आदित्य सुरजेवाला

भगवान विश्वकर्मा दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे विधायक

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश



**कैथल, 24 अक्तूबर।** भगवान विश्वकर्मा के जन्मोत्सव पर मलिकपुरिया मोहल्ला स्थित विश्वकर्मा धर्मशाला में हवन और भंडारे का आयोजन किया गया। इस कैथल के युवा विधायक आदित्य सुरजेवाला ने शिरकत की और प्रसाद ग्रहण कर समारोह की शोभा बढ़ाई। आयोजन भगवान श्री विश्वकर्मा प्रचार समिति द्वारा किया गया, जो पिछले 70 वर्षो से हर साल इस दिन हवन व भंडारे का सतत परंपरा निभाती आ रही है। संस्था के प्रधान जयदेव धीमान ने बताया कि यह आयोजन कारीगरों के आराध्य भगवान विश्वकर्मा को समर्पित है जो शिल्प कला और कुशलता के प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि हमारी संस्था 70 सालों से इस परंपरा को जीवंत रखे हुए है, ताकि समाज में एकता और भाईचारे की भावना मजबूत हो। इस बार भी हवन के माध्यम से भगवान की आराधना की गई और लगभग 1000 लोगों को भंडारे के रूप में प्रसाद वितरित किया गया। कांग्रेस विधायक आदित्य सुरजेवाला ने भगवान विश्वकर्मा जी की प्रतिमा पर चरण वंदना करते हुए कहा कि भगवान विश्वकर्मा कारीगरों के संरक्षक हैं और हम उनका सम्मान करते हुए समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध हैं। ऐसे आयोजनों से सामाजिक सद्भाव बढ़ता है। यह आयोजन न केवल धार्मिक महत्व रखता है, बल्कि सामुदायिक एकता को मजबूत करने का माध्यम भी साबित हुआ।

## बरसात से मकानों को हुए नुकसान की वेरिफिकेशन का कार्य जल्द पूर्ण कर भिजवाए रिपोर्टः एसडीएम

**हांसी (अप्रस/दिनकर गावड़ी)।** एसडीएम राजेश खोथ ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह बरसात के कारण मकानों को हुए नुकसान को लेकर प्राप्त आवेदनों के अनुसार चल रहे वेरिफिकेशन के कार्य को तेजी से पूरा करवाना सुनिश्चित करें।

एसडीएम राजेश खोथ शुक्रवार को संयुक्त कार्यालय परिसर में विकास एवं पंचायत, राजस्व तथा पंचायती राज विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की एक बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने उक्त निर्देश देते हुए बरसात के कारण मकानों को हुए नुकसान को लेकर प्राप्त आवेदनों की ग्राम वाइज एक-एक कर समीक्षा की। उन्होंने कहा कि प्राप्त आवेदनों के अनुसार वेरिफिकेशन का ज्यादातर कार्य पूरा हो चुका है।

## ऑनलाइन पोर्टलों पर दबावपूर्ण ढंग से करवाए जा रहे कार्यों का होगा 25 अक्टूबर से पूर्ण बहिष्कार

अर्थ प्रकाश/कपिल देव रोहिल्ला

**कलायत, 24 अक्तूबर।** बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी संगठन अब प्रदेश के स्वास्थ्य विभाग के सामने बड़ी चुनौती खड़ी करने जा रहा है। इसके तहत ऑनलाइन पोर्टलों पर दबावपूर्ण ढंग से करवाए जा रहे कार्यो का 25 अक्टूबर से पूर्ण बहिष्कार होगा। कलायत स्थित उप मंडल नागरिक उप मंडल अस्पताल परिसर में आयोजित संगठन की बैठक में यह निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक प्रधान वीरेंद्र नरवाल ने की। संगठन ब्लॉक प्रेस सचिव रणदीप सिंह ने निर्णयों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बैठक में एमपीएचई कैडर की विभिन्न समस्याओं पर विचार विमर्श किया गया। इसमें सरकार द्वारा एमपीएचडब्ल्यू फीमेल एवं एमपीएचएस फीमेल को समय पर सैलरी न देने पर व्यापक चर्चा करते हुए रोष प्रकट किया गया। इसके साथ ही राज्य कमेटी द्वारा 25 तारीख से विभिन्न पोर्टलों के ऑनलाइन कार्यो का बहिष्कार करने के निर्णय पर सहमति से प्रस्ताव पारित किया गया । उपरांत वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डा.किरण सिंधु को को ज्ञापन सौंपा गया। महानिदेशक स्वास्थ्य सेवाएं हरियाणा पंचकूला के नाम सौंपे गए ज्ञापन में कर्मियों ने अपनी समस्याओं का उल्लेख किया। शिष्टमंडल में ब्लॉक प्रधान व सचिव के अलावा रणदीप सिंह, राजीव कुमार, देवी रानी, संतोष रानी व कैडर से कई कर्मचारी मौजूद रहे।

## क्लीन इंडिया कार्यक्रम राजकीय आईटीआई कैथल के स्वयंसेवकों ने निकाली जागरूकता रैली

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

**कैथल, 24 अक्तूबर।** क्लीन इंडिया कार्यक्रम के तहत राजकीय आईटीआई कैथल में चलाई जा रही राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस यूनिट के छात्र-छात्राओं द्वारा स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली गई। कार्यक्रम को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए सतीश मच्छाल प्रधानाचार्य एवं जिला नोडल राजकीय आईटीआई कैथल ने बताया कि कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग हरियाणा द्वारा एक अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2025 तक क्लीन इंडिया कार्यक्रम प्रदेश की सभी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में आयोजित किया जा रहा है। इसी कड़ी में छात्र-छात्राओं द्वारा संस्थान परिसरों में स्वच्छता के बारे में जागरूक किया जा रहा है जिसके अनुसार स्वच्छता पर निबंध लेखन, भाषण प्रतियोगिता, जागरूकता रैली, सेमिनार, गोष्ठी आदि कार्यक्रम करवाए जा रहे हैं। आज संस्थान के छात्र-छात्राओं द्वारा कैथलके निवासियों को जागरूक करने के लिए रैली निकाली गई। जागरूकता रैली संस्थान से जाखोली अड्डा अनाज मंडी से मॉडल टाउन होते हुए वापस संस्थान में संपन्न हुई। मच्छाल ने बताया कि स्वच्छता में ईश्वर का वास होता है और इस प्रकार की रैलियों से आमजन को जागरूक करनेमें काफी बढ़ावा मिलता है। रैली कार्यक्रम की अगुवाई शमशेर मलिक कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना ने करते हुए छात्रों को स्वच्छता के बारे में विस्तार पूर्वकप्रेरित किया। रैली में वर्ग अनुदेशक संजीव कुमार, संजय वर्मा, अनुदेशक रणधीर ढांडा, विनोद कुमार, नितिन, भूपेंद्र आदि ने सराहनीय योगदान रहा।

## डीजीपी ने ली प्रदेश के सभी अधिकारियों की बैठक

# दो सप्ताह में दूर होंगी थाने व चौकियों की कमियां

शहीद परिवारों की मदद में लाएं तेजी

सोशल मीडिया पर भी सक्रिय रहेंगे पुलिस अधिकारी व कर्मचारी

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 24 अक्टूबर।** हरियाणा पुलिस की कार्यप्रणाली में अब बदलाव होगा। पुलिस अब फाइटिंग फिट और वर्किंग ऑर्डर की नीति पर काम करेगी। हरियाणा पुलिस महानिदेशक ओपी सिंह ने शुक्रवार को पुलिस मुख्यालय में सभी पुलिस आयुक्तों, पुलिस अधीक्षकों और थाना प्रभारियों की बैठक ली। उन्होंने कहा कि पुलिस को अब प्रोएक्टिव, समाधान देने वाली, समन्वयित और जनता के हित में काम करने वाली बनना होगा। साथ ही पुलिसकर्मियों के रहने और काम करने की स्थिति में भी सुधार किया जाएगा।

डीजीपी ने हरियाणा पुलिस हाउसिंग कॉर्पोरेशन के अधिकारियों को आदेश दिए कि वे दो सप्ताह में सभी थानों और चौकियों की स्थिति में सुधार सुनिश्चित करें। रसोई, शौचालय, बिजली की वायरिंग और सुरक्षा व्यवस्था को ठीक किया जाए। उन्होंने कहा कि हर थाना साफ, सुरक्षित और व्यवस्थित दिखना चाहिए। इसके लिए इंजीनियरों को जिम्मेदारी दी गई है कि वे हर थाना खुद जाकर देखें और रिपोर्ट दें।

ओपी सिंह ने कहा कि पुलिस को फाइटिंग फिट और वर्किंग ऑर्डर में रखना ही उनका प्रमुख ध्येय है। ड्यूटी के दौरान गलती होना स्वाभाविक है, पर अनुशासनहीनता या बदमाशी किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं होगी। उन्होंने कहा कि वह अपने किसी भी पुलिसकर्मी को नुकसान में नहीं देख सकते। डीजीपी ने कहा कि जिले के सभी अधिकारी नियमित फील्ड विजिट करें, पुलिसकर्मियों से बात करें और उनका मनोबल बढ़ाएं। डीजीपी ने कहा कि अब पुलिस को सोशल मीडिया पर भी सक्रिय रहना होगा। अफवाह फैलाने वालों और पुलिस विरोधी गलत जानकारी फैलाने वालों पर शुरुआत से ही नजर रखी जाए। सभी थाना और चौकियां मिलकर काम करें और आस पास के क्षेत्र में अपराध कम करने के लिए साझा रणनीति बनाएं।

पुलिस महानिदेशक ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहीद पुलिसकर्मियों के परिवारों को नियमानुसार तुरंत मदद दी जाए। किसी काम में देरी न हो और हर 15 दिन में उनकी स्थिति की रिपोर्ट दी जाए। शहीदों के परिवार के काम रुकने नहीं चाहिए।

## एचएसएसएससी ने सीईटी 2025 सुधार पोर्टल को लेकर भ्रम फैलाने वालों को चेतावनी दी

# सुधार पोर्टल केवल प्रमाण-पत्र आधारित सुधार के लिए है: हिम्मत सिंह

अर्थ प्रकाश संवाददाता




**चंडीगढ़, 24 अक्टूबर।** हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग (एचएसएससी) के अध्यक्ष श्री हिम्मत सिंह ने ग्रुप-सी कॉमन एलिजिबिलिटी टेस्ट (सीईटी) 2025 के करेक्शन पोर्टल को लेकर सोशल मीडिया तथा अन्य माध्यमों पर फैलाए जा रहे भ्रम के संबंध में अभ्यर्थियों एवं आमजन को स्पष्ट करते हुए कहा कि कुछ लोगों द्वारा जानबूझकर गलत सूचनाएं प्रसारित कर अभ्यर्थियों में भ्रम पैदा कर रहे हैं। आयोग इस संबंध में निम्नलिखित तथ्यों को स्पष्ट करता है ताकि कोई भी अभ्यर्थी भ्रम का शिकार न हो तथा प्रक्रिया सुचारू रूप से संपन्न हो सके।

हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के चेयरमैन ने बताया कि सीईटी 2025 करेक्शन पोर्टल माननीय पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के स्पष्ट आदेशों के अनुपालन में खोला गया है। यह पोर्टल कोर्ट केस संख्या 17581/2025 (शीतल एवं अन्य बनाम हरियाणा राज्य एवं अन्य)में पारित अंतरिम आदेश के तहत ही संचालित किया जा रहा है। आयोग न्यायालय के आदेशों का पूर्णतः पालन कर रहा है।

उन्होंने बताया कि यह करेक्शन पोर्टल केवल अनुसूचित जाति (SC), अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS) के उन अभ्यर्थियों के लिए खोला गया है, जिन्होंने वैध प्रमाण-पत्र के अभाव में अपना आवेदन सामान्य श्रेणी (General Category) में जमा किया था। ऐसे अभ्यर्थी जो उपरोक्त तीन आरक्षित श्रेणियों से संबंधित हैं तथा जिनके पास अब वैध प्रमाण-पत्र उपलब्ध है, उन्हें अपने मूल आरक्षित श्रेणी में सुधार करने का एकमात्र अवसर प्रदान किया गया है। यह सुविधा केवल प्रमाण-पत्र आधारित श्रेणी परिवर्तन के लिए है तथा किसी अन्य प्रकार के सुधार की अनुमति नहीं है।

हिम्मत सिंह ने बताया कि कुछ लोगों द्वारा एक वॉयस रिकॉर्डिंग को संपादित कर, तोड़-मरोड़ कर सोशल मीडिया पर वायरल कर गलत सूचना फैलाने का कार्य किया जा रहा है, आयोग ऐसी गतिविधियों की कड़ी निंदा करता है तथा अभ्यर्थियों से अनुरोध करता है कि वे केवल आधिकारिक वेबसाइट *www.hssc.gov.in* तथा आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल से ही सूचनाएं प्राप्त करें। श्री हिम्मत सिंह ने सभी अभ्यर्थियों, कोचिंग संचालकों, सोशल मीडिया प्रभावितों तथा आमजन से अपील की है कि वे करेक्शन पोर्टल के संबंध में किसी भी प्रकार का भ्रम न फैलाएं तथा किसी को भी माननीय उच्च न्यायालय के आदेशों पर कोई टिप्पणी करने से बचना चाहिए। न्यायिक प्रक्रिया का सम्मान करते हुए आयोग को अपना कार्य निर्बाध रूप से करने दिया जाए। आयोग द्वारा समय-समय पर जारी की जाने वाली सभी सूचनाएं आधिकारिक वेबसाइट पर ही उपलब्ध कराई जाती हैं। किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें तथा केवल सत्यापित सूचना पर ही विश्वास करें।

# पंजाब सरकार द्वारा 350वें शहीदी दिवस की श्रृंखला का उद्घाटन, दिल्ली में गुरु साहिब को श्रद्धांजलि

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**नई दिल्ली, 24 अक्तूबर।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल शनिवार (25 अक्तूबर) को श्री गुरु तेग बहादर जी के 350वें शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित समारोहों की श्रृंखला के आरंभ होने के अवसर पर पंजाब सरकार द्वारा आयोजित धार्मिक कार्यक्रमों में भाग लेंगे।

इस संबंध में पंजाब सरकार के एक प्रवक्ता ने बताया कि राज्य सरकार सिखों के नौवें गुरु 'हिंद की चादर' श्री गुरु तेग बहादर जी की अमूल्य विरासत को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से इन समारोहों की शुरुआत के लिए 25 अक्तूबर को दिल्ली स्थित गुरुद्वारा श्री सीस गंज साहिब में अरदास करेगी। शाम को गुरुद्वारा श्री रकाब गंज साहिब में कीर्तन दरबार का आयोजन किया जाएगा, जिसमें मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान और अरविंद केजरीवाल नतमस्तक होंगे। इस कीर्तन दरबार में प्रमुख रागी भाई अमरजीत सिंह तान, भाई अनंतबीर सिंह, भाई चमनजीत सिंह लाल, भाई जोगिंदर सिंह रियाड़, भाई दविंदर सिंह सोढी, भाई जसकर्ण सिंह सहित अन्य रागियों द्वारा कीर्तन प्रस्तुत किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री की अगुवाई में राज्य सरकार ने पहले ही इस ऐतिहासिक और महत्वपूर्ण अवसर को राज्य भर में प्रभावशाली ढंग से मनाने के लिए कई कार्यक्रम आयोजित किए हैं। श्री गुरु तेग बहादर साहिब जी के 350वें शहीदी दिवस पर पंजाब सरकार द्वारा महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक आयोजनों की श्रृंखला आयोजित की जाएगी। ये समारोह पूरे राज्य में श्रद्धा और सम्मान के साथ आयोजित किए जाएंगे और मुख्य रूप से राज्य सरकार की देखरेख में श्री आनंदपुर साहिब की पवित्र भूमि पर होंगे।

इन समारोहों का मुख्य संदेश लोगों को श्री गुरु तेग बहादर जी के धर्मनिरपेक्षता, मानवतावाद और बलिदान के उच्च आदर्शों पर चलने के लिए प्रेरित करना है। गुरु साहिब ने धार्मिक स्वतंत्रता, मानवाधिकारों और धर्मनिरपेक्ष मूल्यों की रक्षा के लिए अपना जीवन समर्पित किया। श्री गुरु तेग बहादर जी की यह सर्वोच्च कुर्बानी मानवता के इतिहास में अनोखी और बेमिसाल है और यह अन्याय, अत्याचार और दमन के खिलाफ धर्म युद्ध का प्रतीक है।

श्री गुरु ग्रंथ साहिब में दर्ज गुरु साहिब की बाणी मानवता के एकता, वैश्विक भाईचारे, साहस, धर्म और दया का संदेश देती है। राज्य सरकार द्वारा आयोजित इन कार्यक्रमों की श्रृंखला महान सिख गुरु साहिब को सच्ची श्रद्धांजलि होगी और लोगों को उनके उपदेशों पर चलने के लिए प्रेरित करेगी।

श्री गुरु तेग बहादर जी का जीवन और दर्शन मानवता के लिए प्रकाशस्तंभ है। ये आयोजन एक ओर उनके महान विरासत को आगे बढ़ाने में सहायक होंगे और दूसरी ओर समाज में सद्भावना, भाईचारा और शांति को और मजबूत करेंगे। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि महान गुरु साहिब की प्रेरक विरासत आने वाली पीढ़ियों तक पहुँचाई जाए।

# डेराबस्सी में डेंगू जागरुकता अभियान आयोजित

अर्थ प्रकाश/चौहान

**डेराबस्सी, 24 अक्टूबर।** डेराबस्सी में हर शुक्रवार डेंगू पर वार संबंधित गतिविधियों के तहत सरकारी और निजी अस्पतालों तथा क्लीनिकों में जागरूकता फैलाने के लिए विशेष अभियान आयोजित किया गया। इस अभियान का संचालन सिविल सर्जन डॉ. सगीता जैन और एस.एम.ओ. डॉ. धर्मेंद्र सिंह के दिशा-निर्देशों के तहत डॉ. दीपिंदर, नोडल अफसर, डेरा बस्सी की अगुवाई में किया गया। अभियान में गुरजीत सिंह, मल्टीपरपज हेल्थ सुपरवाइजर (मेल) और एंटी डेंगू टीमों ने सक्रिय भाग लिया। टीम ने डेंगू सर्वेक्षण किया और अस्पतालों व क्लीनिकों के स्टाफ तथा आने वाले मरीजों को डेंगू से बचाव के उपायों के बारे में जानकारी दी। डॉ. धर्मेंद्र सिंह ने लोगों को यह बताया कि घरों में फ्रिज ट्रे, गमले और अन्य फालतू कंटेनरों में पानी न जमा होने दें। आसपास की सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए और यदि पानी जमा हो जाए तो उसमें काला तेल डालकर हफ्ते में एक बार साफ किया जाए, ताकि मच्छरों के प्रजनन को रोका जा सके। जागरूकता अभियान में यह भी बताया गया कि डेंगू से बचाव के लिए पूरी बाहों वाले कपड़े पहनना चाहिए और मच्छर भगाने के लिए मच्छरदानी का उपयोग आवश्यक है। यदि किसी को बुखार हो तो नजदीकी सरकारी डिस्पेंसरी में जांच करवाई जाए। बुखार की पुष्टि होने पर सरकारी अस्पताल में निःशुल्क इलाज उपलब्ध है। इस अवसर पर गुरदीप सिंह, कुलविंदर कुमार, रजिंदर सिंह और बरीड़ चैकर सहित अन्य मल्टीपरपज हेल्थ वर्कर उपस्थित रहे। टीम ने अस्पताल और क्लीनिकों में डेंगू रोकथाम के उपायों की जानकारी देकर लोगों को सुरक्षित रहने के लिए प्रेरित किया। अभियान का उद्देश्य न केवल डेंगू के मामलों को कम करना है, बल्कि लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना और समुदाय में सफाई एवं स्वच्छता की आदत को बढ़ावा देना भी है।

# चंडीगढ़ कैट ने की कार्यकारिणी घोषित, हरीश गर्ग पुनः बने अध्यक्ष

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 24 अक्टूबर।** आज कन्फेडरेशन ऑफ आल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) चंडीगढ़ चैप्टर की पुरानी कार्यकारिणी को भंग कर कर के नई कार्यकारिणी का गठन दिल्ली से कैट के राष्ट्रीय संयुक्त महासचिव एवं चंडीगढ़ के प्रभारी श्री सुमित अग्रवाल जी की देखरेख में होटल राजश्री में हुआ, जिस में चंडीगढ़ टीम कैट द्वारा व्यापारियों के लम्बित मामलों पर भी चर्चा हुई ओर सुमित अग्रवाल जी ने टीम कैट को दिल्ली में राष्ट्रीय महामंत्री कैट,एवं सांसद श्री प्रवीण खंडेलवाल, जी से बात कर के जिस भी मंत्रालय का विषय हुआ उस के मंत्री से मिल कर सभी मुद्दों का एक समय सीमा में हल करवाने का वायदा किया।

नई कार्यकारिणी में कैट ने फ़िर से हरीश गर्ग में विश्वास जताते हुए उन्हें पुनः अध्यक्ष बनाया गया है और प्रेम कौशिक को सलाहकार बनाया गया है। महासचिव भीम सेन के साथ साथ पवन गर्ग, राजकुमार सिंगला, श्रीराम जायसवाल, हरिशंकर मिश्रा, रमेश दुग्गल,नरेश कुमार,को उपाध्यक्ष बनाया गया है,

नीरज गोयल, उमेश गुप्ता, कैलाश गर्ग, बजरंग अग्रवाल, अशोक जी को सचिव बनाया गया है।

मनमोहन गोयल,एवं मुकेश गर्ग को संयुक्त सचिव, एवं अजय सिंगला को संगठन सचिव, एवं रमेश सिंगला को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है

इसी के साथ साथ सोशल मीडिया इंचार्ज की जिम्मेदारी अनिल सिंघल,एवं लीगल एडवाइजर की जिम्मेदारी पंजाब एंड हरियाणा हाइकोर्ट के एडवोकेट जहान सिंह को दी गई है।


**ग्राम पंचायत होली में नए ट्यूबवेल ऑपरेटर नियुक्ति हेतु**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत होली के अंतर्गत पब्लिक हेल्थ विभाग से संबंधित नए ट्यूबवेल ऑपरेटर के लिए रिक्त पद को भरने हेतु योग्य एवं इच्छुक अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किया जाने हैं इच्छुक उम्मीदवार दिनांक 28/10/2025 तक अपना आवेदन ग्राम पंचायत होली के कार्यालय मैं जो की अंतिम तिथि 28.10.2025 तक जमा करवा सकते है निर्धारित तिथि के पश्चात आवेदन पत्र मान्य नहीं होंगे आवेदन कर्ता दसवीं पास ग्राम पंचायत होली का स्थाई निवासी होना अनिवार्य है।

ग्राम पंचायत होली
खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी बराड़ा
(अम्बाला)

**ग्राम पंचायत चेहल माजरा में नए ट्यूबवेल ऑपरेटर नियुक्ति हेतु**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत चेहल माजरा के अंतर्गत पब्लिक हेल्थ विभाग से संबंधित नए ट्यूबवेल ऑपरेटर के लिए रिक्त पद को भरने हेतु योग्य एवं इच्छुक अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किया जाने हैं इच्छुक उम्मीदवार दिनांक 28/10/2025 तक अपना आवेदन ग्राम पंचायत चेहल माजरा के कार्यालय मैं जो की अंतिम तिथि 28.10.2025 तक जमा करवा सकते है निर्धारित तिथि के पश्चात आवेदन पत्र मान्य नहीं होंगे आवेदन कर्ता दसवीं पास ग्राम पंचायत चेहल माजरा का स्थाई निवासी होना अनिवार्य है।

ग्राम पंचायत चेहल माजरा
खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी बराड़ा
(अंबाला)

**ग्राम पंचायत तंदवाली में नए ट्यूबवेल ऑपरेटर नियुक्ति हेतु**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत तंदवाली के अंतर्गत पब्लिक हेल्थ विभाग से संबंधित नए ट्यूबवेल ऑपरेटर के लिए रिक्त पद को भरने हेतु योग्य एवं इच्छुक अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किया जाने हैं इच्छुक उम्मीदवार दिनांक 28/10/2025 तक अपना आवेदन ग्राम पंचायत तंदवाली के कार्यालय मैं जो की अंतिम तिथि 28.10.2025 तक जमा करवा सकते है निर्धारित तिथि के पश्चात आवेदन पत्र मान्य नहीं होंगे आवेदन कर्ता दसवीं पास ग्राम पंचयात तंदवाली का स्थाई निवासी होना अनिवार्य है।

ग्राम पंचायत तंदवाली
खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी बराड़ा
(अंबाला)

**ग्राम पंचायत सज्जन माजरी में बूस्टिंग ऑपरेटर नियुक्ति हेतु**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सज्जन माजरी के अंतर्गत पब्लिक हेल्थ विभाग से संबंधित बूस्टिंग ऑपरेटर के लिए रिक्त पद को भरने हेतु योग्य एवं इच्छुक अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किया जाने हैं इच्छुक उम्मीदवार दिनांक 28/10/2025 तक अपना आवेदन ग्राम पंचायत सज्जन माजरी के कार्यालय मैं जो की अंतिम तिथि 28.10.2025 तक जमा करवा सकते है निर्धारित तिथि के पश्चात आवेदन पत्र मान्य नहीं होंगे आवेदन कर्ता दसवीं पास ग्राम पंचायत सज्जन माजरी का स्थाई निवासी होना अनिवार्य है।

ग्राम पंचायत सज्जन माजरी
खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी बराड़ा
(अंबाला)

**खेल सुविधाओं का उन्नयन**

ई-निविदा सूचना संख्या. EL/29/RT26_2025/K/854 तारीख 18-10-2025। [illegible] www.ireps.gov.in [illegible]

पूर्वोत्तर सीमा रेलवे

**सार्वजनिक नोटिस**

**श्री अवतार सिंह जांगू, उप-रजिस्ट्रार, यूटी, चंडीगढ़ के समक्ष**

जबकि, श्रीमती संतोष मक्कड़ पत्नी स्वर्गीय श्री वेद प्रकाश, निवासी मकान संख्या 137, सेक्टर 35-ए, यूटी, चंडीगढ़ ने स्वर्गीय श्री वेद प्रकाश पुत्र स्वर्गीय श्री चिमन लाल, जिनका निधन 08.04.2025 को हुआ था, की 15.07.2024 की अपंजीकृत वसीयत के पंजीकरण के लिए आवेदन किया है। स्वर्गीय श्री वेद प्रकाश पुत्र स्वर्गीय श्री चिमन लाल ने अपनी वसीयत के अनुसार अपनी चल और अचल संपत्ति अपनी पत्नी श्रीमती संतोष मक्कड़ के पक्ष में वसीयत कर दी है, जैसा कि उक्त वसीयत में उल्लेख किया गया है।

इस सूचना के माध्यम से सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यदि किसी को उक्त अपंजीकृत वसीयत के पंजीकरण के संबंध में कोई आपत्ति या दावा है, तो वह इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिनों के भीतर उप-पंजीयक, भूतल, 30 बेज़ बिल्डिंग, सेक्टर 17, चंडीगढ़ स्थित कार्यालय में अपनी आपत्तियाँ दर्ज करा सकता है। ऐसा न करने पर, इसे भारतीय पंजीकरण अधिनियम, 1908 की धारा 40 के अंतर्गत पंजीकृत कर दिया जाएगा।

इस कार्यालय की मुहर और मेरे हस्ताक्षर से दिया गया।

उप-पंजीयक,
यूटी, चंडीगढ़

**उत्तर रेलवे**

'अम्बाला मंडल, उत्तर रेलवे में एन. एस. जी.-5 तथा एनएसजी-6 श्रेणी के स्टेशनों पर 'स्टेशन टिकट बुकिंग एजेन्ट' को तीन वर्ष के लिये अधिकृत करने के लिए निविदाएं आमंत्रित करना।

[illegible] दिनांक 22.10.2025

| | | |
|---|---|---|
| 1 | NIT संख्या एवं दिनांक | [illegible] दिनांक 22.10.2025 |
| 2 | रेलवे की वेबसाइट | www.nr.indianrailways.gov.in |
| 3 | निविदा पत्र डाउनलोड करने की प्रारंभिक तिथि | 24.10.2025 |
| 4 | निविदा पत्र डाउनलोड करने की अंतिम तिथि | 14.11.2025 को 14:00 बजे |
| 5 | निविदा पत्र जमा करने की तिथि एवं स्थान | 14.11.2025 को 10:00 hrs से 15:00 बजे तक |
| 6 | निविदा पत्र खुलने की तिथि एवं स्थान | 14.11.2025 को 15:30 बजे [illegible] |
| 7 | स्टेशन के नाम | [illegible] (NSG-6 श्रेणी स्टेशन) चौबीसों घंटे ड्यूटी। [illegible] (NSG-5 श्रेणी स्टेशन) चौबीसों घंटे ड्यूटी [illegible] |
| 8 | निविदा पत्र का मूल्य | [illegible] IFSC कोड: SBIN0000697 |
| 9 | बयाना धनराशि | [illegible] IFSC कोड: SBIN0000697 |

[illegible]

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3291/25

**कटिहार मंडल में इलेक्ट्रिकल कार्य**

निविदा सूचना संख्या: EL/29/RT21_2025/K/849, दिनांक : 18-10-2025. [illegible] www.ireps.gov.in [illegible] 10-11-2025 [illegible]

वरिष्ठ डीईई/जी एंड सीएचएमएल, कटिहार

पूर्वोत्तर सीमा रेलवे

**विद्युत सामान्य परिसंपत्तियों की निगरानी और नियंत्रण के लिए आईओटी उपकरणों का प्रावधान**

ई-निविदा सूचना सं.: EL/29/RT2-18_2025/K/847; दिनांक: 18-10-2025 [illegible] www.ireps.gov.in [illegible]

पूर्वोत्तर सीमा रेलवे

**विद्युत सामान्य कार्य**

ई-निविदा सूचना सं.: EL/29/RT22_2025/K/850; दिनांक: 18-10-2025 [illegible] www.ireps.gov.in [illegible]

पूर्वोत्तर सीमा रेलवे

**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

[illegible] संख्या 116S-WC-05-MC-4-2025-26 [illegible] 04.11.2025, 17:00 [illegible] 17:05 [illegible] www.ireps.gov.in पर देखें।

| ई निविदा सूचना सं.: 116S-WC-05-MC-4-2025-26 | | |
|---|---|---|
| क्र.सं. | कार्य का नाम | [illegible]: ₹ 1357462.16 |
| 1 | [illegible] | [illegible]: ₹ 27200.00 |
| | | कार्य की अवधि: 30 दिन |
| | | निविदा खुलने की तिथि: 04.11.2025 |

नोट: 1. [illegible] 2. [illegible] www.ireps.gov.in पर लॉग ऑन करें।

संख्या: 116S-WC-05-MC-4-2025-26 दिनांक: 14.11.2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3293/2025


# 'आत्ममंथन' की ज्योति से आलोकित निरंकारी संत समागम की तैयारियां समापन की ओर

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 24 अक्टूबर।** सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित जी की पावन छत्रछाया में 78वां वार्षिक निरंकारी संत समागम 31 अक्टूबर से 3 नवम्बर, 2025 तक संत निरंकारी आध्यात्मिक स्थल, समालखा (हरियाणा) में अद्भुत दिव्यता और भव्यता के साथ आयोजित होने जा रहा है। आत्मीयता के इस उत्सव में देश-विदेश से असंख्य श्रद्धालु भाग लेकर आनंद का अनुभव प्राप्त करेंगे। श्रद्धा, समर्पण के साथ हजारों श्रद्धालुजन अपने-अपने क्षेत्रों से आकर पूर्ण तन्मयता और समर्पण भाव के साथ दिन रात सेवाओं में रत हैं; जिससे यह आयोजन अपनी अंतिम तैयारियों की ओर अग्रसर है।

यह समागम केवल एक धार्मिक या वार्षिक आयोजन नहीं, अपितु ज्ञान, प्रेम और भक्ति का ऐसा पावन संगम है, जो ब्रह्मज्ञान द्वारा आत्मा को परमात्मा से जोड़ने का सशक्त माध्यम बनता है। यहाँ श्रद्धालु न केवल आध्यात्मिक जागृति पाते हैं, बल्कि मानवता, विश्वबंधुत्व और आपसी सौहार्द की भावनाओं को भी आत्मसात करते हैं। यह आयोजन 'आत्ममंथन' की वह दिव्य भूमि है, जहाँ प्रत्येक साधक अपने अंतर्मन में झाँकने, आत्मचिंतन करने और आत्मिक चेतना को जागृत करने की प्रेरणा प्राप्त करता है।


यह सम्पूर्ण आयोजन सतगुरु माता जी की दिव्य प्रेरणा और आशीर्वाद से संचालित हो रहा है। सतगुरु की यही मंगलकामना रहती है कि हर श्रद्धालु इस समागम में प्रेम, सम्मान और समुचित सुविधा का अनुभव करते हुए आध्यात्मिक रूप से परिपूर्ण हो। संत निरंकारी मंडल के सचिव श्री जोगिंदर सुखीजा के अनुसार एक समय पर जो स्थल केवल एक सामान्य मैदान था, वह अब संतो की कर्मठ सेवा भावना के कारण एक भव्य शामियानों की सुंदर नगरी में परिवर्तित हो चुका है। यह दिव्य वातावरण प्रत्येक आगंतुक को अपनी ओर आकर्षित करता है।

समागम स्थल को एक दिव्य नगरी का रूप दिया गया है। विशाल पंडालों में भक्तों के लिए सुव्यवस्थित बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। समागम मंच पर हो रहे प्रेरणादायक प्रवचन, भावपूर्ण भजन और विचारों को समूचे परिसर में और अधिक प्रभावी रूप से दर्शाने हेतु समूचे परिसर में अत्याधुनिक एल.ई.डी. स्क्रिनें स्थापित की जा रही हैं, जिससे दूरस्थ स्थानों पर बैठे श्रद्धालु भी उसी भाव, ऊर्जा और अनुभूति से सत्संग का लाभ प्राप्त कर सकें। पूरे समागम परिसर को चार प्रमुख खंडों में विभाजित किया गया है, जिससे संचालन, आवागमन और सुविधाओं का समुचित प्रबंधन सुनिश्चित किया जा सके।

पिछले वर्षों की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए, इस वर्ष भी मुंबई के श्रद्धालु भक्तों द्वारा निर्मित मुख्य स्वागत द्वार अपनी कलात्मक भव्यता के साथ समागम की आध्यात्मिक रूपरेखा का प्रतिबिंब बनकर उभरा है। यह द्वार न केवल सौंदर्य का प्रतीक है, बल्कि समर्पण, सेवा और सृजनशीलता का सजीव उदाहरण भी है। जैसे-जैसे समागम में श्रद्धालुओं की संख्या निरंतर बढ़ रही है, वैसे-वैसे यह स्वागत द्वार भी अपने स्वरूप, विस्तार और गरिमा में और अधिक भव्यता धारण करता जा रहा है, मानो यह समस्त मानवता को प्रेम, अपनत्व और समभाव से आमंत्रित करने हेतु तत्पर हो।


इस पावन संत समागम में हर सज्जन महात्मा एवं श्रद्धालु भक्त का सादर आमंत्रण है। आइए, इस आत्मिक मिलन और भक्ति के महासंगम का हिस्सा बनें, सतगुरु के दिव्य दर्शन करें, उनके अमृतमय प्रवचनों का लाभ प्राप्त करें, और आत्मा को परमात्मा से जोड़ने की इस अनुपम यात्रा में सहभागी बनकर जीवन को धन्य करें।


ਗਰੇਟਰ ਲੁਧਿਆਣਾ ਏਰੀਆ ਵਿਕਾਸ ਅਥਾਰਟੀ ... ਜਨਤਕ ਸੂਚਨਾ




[illegible]

ਗਰੇਟਰ ਲੁਧਿਆਣਾ ਏਰੀਆ ਵਿਕਾਸ ਅਥਾਰਟੀ ... ਜਨਤਕ ਸੂਚਨਾ



[illegible]

ਗਰੇਟਰ ਮੁਹਾਲੀ ਏਰੀਆ ਡਿਵੈਲਪਮੈਂਟ ਅਥਾਰਟੀ ਪੁੱਡਾ ਭਵਨ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ। (ਜਨਤਕ ਸੂਚਨਾ)



[illegible] Sh. Ramesh Chander Sabharwal ... VANDNA D/o RAMESH CHANDER SABHARWAL ... [illegible]


## पांच बच्चों को पीटने के आरोप में बाल अधिकार रक्षा कमिशन ने लिया सू-मोटो नोटिस

**जीरकपुर (संदीप सिंह बावा)।** जीरकपुर। वीआईपी रोड पर पांच नाबालिग बच्चों को नंगे करके पीटने के मामले में पंजाब राज्य बाल अधिकार रक्षा कमीशन ने संज्ञान लेते हुए सू-मोटो नोटिस लिया है। मोहाली पुलिस को कमीशन के चेयरमैन कंवरदीप सिंह ने मामले संबंधी की गई कार्रवाई (पुलिस फाइल) लेकर जांच अधिकारी को 27 अक्टूबर को सुबह 11 बजे दफ्तर में पेश होने के निर्देश जारी किए हैं। दूसरी तरफ इस मामले में जीरकपुर थाना पुलिस ने मामला दर्ज करने के बाद एक आरोपी अजय को गिरफ्तार कर लिया है। बाकी आरोपियों की तालाश जारी है। मजदूरों की शिकायत के अनुसार, जब वे अपने काम में व्यस्त थे, तभी वी.आई.पी. ब्लॉक-बी निवासी करीब 9-10 अन्य युवकों के साथ मौके पर पहुँचा और बिना किसी कारण सभी मजदूरों पर हमला कर दिया। आरोप है कि हमलावरों ने मजदूरों को नंगा करके बुरी तरह पीटा और उनके साथ बर्बर व्यवहार किया। इस दौरान उन्हें गालियाँ दी गई और जान से मारने की धमकियाँ भी दी गई।

# सेक्टर-43 मल्टीलेवल पार्किंग प्रोजेक्ट में 41 करोड़ रुपये का घोटाला उजागर

ऑडिट में ठेकेदार और विभाग दोनों की लापरवाही सामने आई



अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा

**चंडीगढ़, 24 अक्टूबर।** चंडीगढ़ के सेक्टर-43 में जिला अदालत और जुडिशियल एकेडमी के पास बन रहे 41 करोड़ रुपये के मल्टीलेवल पार्किंग प्रोजेक्ट में गंभीर अनियमितताएँ सामने आई हैं। निदेशक महालेखाकार (केंद्रीय), चंडीगढ़ द्वारा किए गए हालिया ऑडिट में ठेकेदार और इंजीनियरिंग विभाग दोनों की लापरवाही उजागर हुई है।

यह प्रोजेक्ट सितंबर 2022 में हंसराज कोहली एंड कंपनी को दो साल की समय सीमा (सितंबर 2024 तक) में पूरा करने के लिए दिया गया था, लेकिन अब तक इसका निर्माण अधूरा है। ऑडिट रिपोर्ट के अनुसार, ठेकेदार ने अनुबंध की शर्तों का पालन नहीं किया। कार्य का 10 फीसदी 72 दिनों में पूरा होना था, पर नहीं हुआ। इसके लिए 29.18 लाख रुपये (0.7प्रतिशत) का जुर्माना लगाया जाना था। इसी तरह 25 फीसदी कार्य 180 दिन और 50 फीसदी कार्य 288 दिनों में पूरा होना था, पर कोई लक्ष्य हासिल नहीं हुआ। रिपोर्ट में कहा गया है कि अगर अनुबंध के अनुसार जुर्माने लगाए जाते, तो ठेकेदार पर लगभग 2 करोड़ रुपये तक का दंड बनता, लेकिन विभाग ने कोई कार्रवाई नहीं की।

### प्रगति रिपोर्ट न जमा, विभाग ने भी नहीं ली सुध

ठेकेदार को हर 10 दिन में प्रगति रिपोर्ट जमा करनी थी, जिसमें श्रमिकों की संख्या, सामग्री की आपूर्ति और वित्तीय स्थिति का विवरण देना अनिवार्य था। ऑडिट में पाया गया कि न तो ऐसी कोई रिपोर्ट दी गई, और न ही विभाग ने इसकी मांग की या आपत्ति जताई।

### साइट पर तकनीकी स्टाफ नदारद

जांच में पाया गया कि निर्माण स्थल पर प्रोजेक्ट मैनेजर, साइट इंजीनियर, प्लानिंग इंजीनियर और बिलिंग इंजीनियर में से कोई भी मौजूद नहीं था। अनुबंध के अनुसार इसके लिए 27.70 लाख रुपये का जुर्माना लगना चाहिए था, लेकिन विभाग ने यहां भी कोई कार्रवाई नहीं की। इसके अलावा, ठेकेदार ने ईएसआई और पीएफ योगदान का रिकॉर्ड भी प्रस्तुत नहीं किया, जिस पर विभाग ने कोई सख्ती नहीं दिखाई।

### प्रशासनिक लापरवाही पर उठे सवाल

ऑडिट रिपोर्ट में कहा गया है कि यह मामला ठेकेदार की गैर-जिम्मेदारी और विभागीय सुस्ती दोनों को दर्शाता है। समय पर निगरानी और दंडात्मक कार्रवाई न होने से न सिर्फ वित्तीय नुकसान हुआ है, बल्कि परियोजना भी समय से पूरी नहीं हो सकी है। यूटी के मुख्य अभियंता सी.बी. ओझा का कहना है कि संबंधित अधिकारियों ने अब अपनी अनुपालन रिपोर्ट जमा कर दी है।

# यूटी पुलिस का भारतीय पुलिस जूडो क्लस्टर 2025 में मार्शल आर्ट्स टीमों का बेहतर प्रदर्शन

अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी



**चंडीगढ़, 24 अक्तूबर।** यूटी पुलिस द्वारा 10वें अखिल भारतीय पुलिस जूडो क्लस्टर 2025 में मार्शल आर्ट्स टीमों का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। यूटी पुलिस की टीमों ने पेनकैक सिलाट, जूडो, वुशु और ताइक्वांडो में जम्मू-कश्मीर पुलिस द्वारा 8 अक्टूबर से 16 अक्टूबर 2025 तक जम्मू और कश्मीर में आयोजित अखिल भारतीय पुलिस जूडो क्लस्टर 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। जिसमें कुल 17 पदक प्राप्त किए।

**पेनकैक सिलाटः** 10 पदक- एल/सी सोनिया (2712/सीपी) (2 स्वर्ण पदक), एल/सी सिमरन (2713/सीपी) (2 स्वर्ण पदक), एल/सी मनप्रीत (6081/सीपी) (रजत पदक), एल/सी रितु (465/सीपी) (रजत पदक), एचसी/अमित (1223/सीपी) (कांस्य पदक), एल/सी अंजू कुमारी (2728/सीपी) (कांस्य पदक), कॉन्टेबल अमन (2307/सीपी) (कांस्य पदक), कॉन्टेबल पूजा (1822/सीपी) (कांस्य पदक)।

**जूडो- 4 पदकः** कॉन्टेबल परविंदर (2753/सीपी) (रजत पदक), कॉन्टेबल दिवेश (2761/सीपी) (कांस्य पदक), एल/सी सावित्री (2726/सीपी) (कांस्य पदक), एल/सी ज्योति (2717/सीपी) (कांस्य पदक)।

वुशु- 2 पदकः कॉन्टेबल हरीश (2749/सीपी) (स्वर्ण पदक), एल/सी रितु (465/सीपी) (कांस्य पदक)

**ताइक्वांडो - 1 पदकः** एल/सी सोनम (2721/सीपी), (स्वर्ण पदक)।

**टीम के कोचः** हेड कांस्टेबल संदीप कुमार (2806/सीपी)टीम।के मैनेजर- हेड कांस्टेबल संदीप कुंडू (1550/सीपी) है।खिलाड़ियों ने पदक प्राप्त कर यूटी पुलिस का नाम रोशन किया।

# घर में घुसकर हमला करने वाले हमलावरों पर मामला दर्ज

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

**ज़ीरकपुर, 24 अक्तूबर।** बलटाना इलाके के रविंदर एन्क्लेव फेज़-2 में दिवाली की रात कुछ युवकों ने एक घर में घुसकर परिवार के सदस्यों के साथ मारपीट की। इस हमले में परिवार के तीन सदस्य घायल हो गए। पुलिस ने जांच के बाद छह युवकों को नामजद करते हुए पांच अज्ञात हमलावरों के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। रविंदर एन्क्लेव निवासी पीयूष शुक्ला की पत्नी सरिता शुक्ला ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया कि दिवाली की रात उसका 6 साल का बेटा और देवर घर के बाहर गली में पटाखे फोड़ रहे थे।

इस दौरान मोटरसाइकिल पर सवार कुछ युवक लापरवाही और तेज आवाज के साथ बार-बार गली में आ रहे थे। इससे उसका बेटा डर गया। इस दौरान जब मोटरसाइकिल सवार युवक वापस लौटे तो उसके देवर ने उसे मोटरसाइकिल धीरे चलाने के लिए कहा। इसके बाद मोटरसाइकिल पर सवार युवक चले गए, लेकिन कुछ देर बाद वे अपने अन्य साथियों के साथ वापस आ गए, जिनके हाथों में लोहे की रॉड, डंडे व तेजधार हथियार थे। आते ही उन्होंने मेरे देवर आकाश के सिर पर रॉड से वार कर दिया, जिससे वह घायल हो गया। आकाश जान बचाने के लिए घर के अंदर भागा तो हमलावर भी उसके पीछे घर में घुस आए और मुझ पर व मेरे पति पर हमला कर दिया। इससे हम तीनों घायल हो गए।

सरिता ने बताया कि इस हमले के दौरान एक युवक ने मेरे गले में पहनी चेन व मंगलसूत्र भी तोड़ लिया और उसे भी छीन लिया। मारपीट करने के बाद हमलावर हमें जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए।

पुलिस ने सरिता की शिकायत पर राहुल, राजू, राज, सुभम, गट्टू व गिल सरदार सहित पांच अन्य अज्ञात युवकों के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 29 डिग्री से. |
| न्यूनतम | 16 डिग्री से. |
| सूर्योदय | 6.31 बजे |
| सूर्यास्त | 5.42 बजे |
| सोना 24 कैरेट | 1,24,520.00 |
| सेंसेक्स | 84,211.88 |
| अमेरिका | 87.80 |
| केनेडियन | 62.61 |
| आस्ट्रेलिया | 57.03 |

# चंडीगढ़ की हर इमारत होगी डिजिटली दर्ज

माह के अंत में शुरू होगा नक्शा प्रोजेक्ट का सर्वे

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा



**चंडीगढ़, 24 अक्टूबर।** शहर की हर इमारत और संपत्ति अब प्रशासन के डिजिटल रिकॉर्ड में दर्ज होने जा रही है। प्रशासन इसी माह के अंत से राष्ट्रीय भू-स्थानिक ज्ञान-आधारित भूमि सर्वेक्षण (नक्शा प्रोजेक्ट) के तहत डिजिटल सर्वे की शुरुआत करने जा रहा है। इस प्रोजेक्ट से चंडीगढ़ देश के उन पहले शहरों में शामिल होगा जहां हर इमारत का सटीक डिजिटल रिकॉर्ड तैयार किया जाएगा। पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर पहले चरण में सारंगपुर, बुडैल, कजहेड़ी, पलसोरा और अटावा गांवों के साथ-साथ सेक्टर 2 से 17 (सेक्टर 13 को छोड़कर) में सर्वे किया जाएगा। पहले चरण का क्षेत्रफल लगभग 30.61 वर्ग किलोमीटर और जनसंख्या करीब 1.47 लाख है। इसके लिए प्रशासन ने 20 सर्वे टीमों का गठन किया है और करीब 100 प्रशिक्षित सर्वेयर नियुक्त किए गए हैं। चंडीगढ़ का यह डिजिटल सर्वे प्रशासनिक पारदर्शिता की दिशा में एक बड़ा और आधुनिक कदम है। इससे शहर की हर इमारत का रिकॉर्ड डिजिटल रूप में उपलब्ध होगा, जिससे विकास योजनाओं, टैक्स प्रबंधन और कानूनी प्रक्रियाओं में तेजी आएगी।

### हर इमारत को मिलेगा डिजिटल नंबर

सर्वे के दौरान हर इमारत की सटीक लोकेशन, एरिया, और स्ट्रक्चर की तस्वीरें ली जाएंगी। इसके बाद हर संपत्ति को एक डिजिटल यूनिक नंबर (प्रॉपर्टी आईडी) दिया जाएगा। यह पूरा डेटा प्रशासन के सर्वर पर डिजिटल फॉर्म में सुरक्षित रहेगा, जिससे किसी भी इमारत या संपत्ति की जानकारी कुछ सेकंड में उपलब्ध हो सकेगी।

### विवादों का निपटारा और टैक्स आकलन होगा आसान

अभी तक शहर की संपत्तियों का रिकॉर्ड मैनुअल फाइलों में दर्ज था, जिससे स्वामित्व विवाद और माप-जोख से जुड़े कानूनी मामले लंबे समय तक लंबित रहते थे। अब इस डिजिटल सर्वे के बाद, संपत्ति विवादों का निपटारा सटीक डेटा के आधार पर होगा, प्रॉपर्टी टैक्स का आकलन सही और पारदर्शी तरीके से हो सकेगा और शहरी विकास योजनाओं के लिए सटीक भूमि जानकारी उपलब्ध रहेगी।

### नगर निगम में बनायी गई विशेष इकाई

इस प्रोजेक्ट को संभालने के लिए स्टेट प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट का गठन किया गया है। इसे नगर निगम भवन में ही कार्यस्थल और प्रशिक्षण केंद्र दिया गया है। यहीं पर सर्वेयरों को डिजिटल उपकरणों के उपयोग की ट्रेनिंग दी जा रही है।

### मनीमाजरा प्रोजेक्ट की भी होगी डिजिटल पैमाइश

इसी बीच, नगर निगम के मनीमाजरा हाउसिंग प्रोजेक्ट की जमीन को लेकर विवाद सामने आया है। प्रोजेक्ट के लिए तय 33.50 एकड़ जमीन वास्तव में कम पाई गई है। अब इस क्षेत्र की भी डिजिटल पैमाइश करवाई जा रही है ताकि वास्तविक सीमा और उपलब्ध भूमि की स्थिति स्पष्ट हो सके।


### क्यों जरूरी है यह डिजिटल सर्वे

पुराने मैनुअल रिकॉर्ड को संभालना मुश्किल हो रहा था। शहर के विकास के लिए सटीक भूमि डेटा की कमी थी। संपत्ति विवादों और कोर्ट केसों में देरी होती थी। टैक्स आकलन में पारदर्शिता और गति लाने की आवश्यकता थी।

# नगर निगम के चीफ इंजीनियर संजय अरोड़ा हटाए गए

भाजपा पार्षदों की नाराजगी बनी वजह; डेढ़ साल में ही खत्म हुआ कार्यकाल

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा



**चंडीगढ़, 24 अक्टूबर।** चंडीगढ़ नगर निगम में बड़ा प्रशासनिक बदलाव किया गया है। उच्च आदेश पर नगर निगम के चीफ इंजीनियर संजय अरोड़ा को पद से हटा दिया गया है। माना जा रहा है कि यह फैसला भाजपा पार्षदों की नाराजगी और लगातार मिल रही शिकायतों के बाद प्रशासक गुलाब चंद कटारिया की ओर से यह निर्णय लिया गया है। आमतौर पर इस तरह के तबादलों की मंजूरी होम सेक्रेटरी (लोकल गवर्नमेंट) की ओर से दी जाती है, लेकिन कहा जा रहा है कि इस बार गवर्नर ने सीधे हस्तक्षेप करते हुए निर्णय लिया, जिससे यह कदम प्रशासनिक और राजनीतिक दोनों ही दृष्टि से अहम माना जा रहा है। सूत्रों के अनुसार, कुछ बीजेपी पार्षदों ने गवर्नर हाउस तक शिकायतें पहुंचाई थीं, जिनमें संजय अरोड़ा पर कार्यशैली में पारदर्शिता की कमी और कुछ परियोजनाओं में धीमी प्रगति जैसे आरोप लगाए गए थे।

खासकर मनीमाजरा हाउसिंग प्रोजेक्ट को लेकर निगम के भीतर असंतोष था। यह भी बताया जा रहा है कि परियोजना से जुड़ी जानकारी विरोधी पक्ष तक पहुंचने को लेकर पार्षद नाराज थे। गवर्नर का सीधे हस्तक्षेप करना यह दर्शाता है कि नगर निगम की राजनीति अब प्रशासनिक स्तर तक पहुंच चुकी है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह फैसला आगामी नगर निगम चुनावों से पहले बीजेपी के भीतर असंतोष को शांत करने की कोशिश के रूप में देखा जा रहा है।

मेयर हरप्रीत कौर बबला और अरोड़ा के बीच कई प्रोजेक्ट को लेकर मतभेद सामने आए थे। मेयर का कार्यकाल भले ही अब सिर्फ डेढ़ माह का रह गया हो, लेकिन पार्षदों के दबाव और नाराजगी के चलते प्रशासन को यह कदम उठाना पड़ा।

### अफसरों के चहेते, पर पार्षदों से नहीं बनी

संजय अरोड़ा नगर निगम के अफसरों के बीच लोकप्रिय माने जाते थे, लेकिन उनका राजनीतिक स्तर पर तालमेल कमजोर था। कई पार्षदों का कहना था कि इंजीनियर विभागीय फैसलों में उन्हें नजरअंदाज कर रहे थे, जिससे निगम में तनाव का माहौल बना हुआ था।

### डेढ़ साल में खत्म हुआ तीन साल का कार्यकाल

संजय अरोड़ा को 24 सितंबर 2024 को यूटी प्रशासन से डेपुटेशन पर नगर निगम में चीफ इंजीनियर के रूप में तैनात किया गया था।

आमतौर पर यह पद तीन वर्ष के कार्यकाल के लिए होता है, लेकिन अरोड़ा को डेढ़ साल पूरा होने से पहले ही हटा दिया गया।

वे पहले ऐसे अधिकारी हैं जो तीन साल का कार्यकाल पूरा करने से पहले ही पद से हटाए गए हैं।

अब कौन संभालेगा जिम्मेदारी?

सूत्रों के मुताबिक, केपी सिंह को नया चीफ इंजीनियर नियुक्त किए जाने की संभावना है।

### ईमानदार ऑफिसर को नगर निगम से हटाना, भाजपा का मनमाना रवैया



**चंडीगढ़ (अप्रस/वीरेंद्र सिंह)।** नगर निगम के चीफ इंजिनियर संजय अरोड़ा को हटाने पर चंडीगढ़ कांग्रेस के अध्यक्ष हरमोहिंदर सिंह लक्की ने भाजपा को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि भाजपा ने एक ईमानदार ऑफिसर को हटवा कर अपनी गलत नीयत ओर नीति को उजागर किया है। भाजपा चाहती है कि हर ईमानदार ऑफिसर उनकी हाथों की कठपुतली बने, उनके गलत और मनमाने फैसलों का समर्थन करें । कांग्रेस हर ईमानदार ऑफिसर के साथ खड़ी है शहर की जनता देख रही है कि नगर निगम की धराशाही हो चुकी वित्तीय स्थिति को ठीक करने की कोशिश करने वाले ऑफिसरों के साथ कैसा हश्र करती है। अब चंडीगढ़ में कोई भी ईमानदार ऑफिसर आने से कतराएगा।

### चीफ इंजीनियर को पदच्युत करना निंदनीयः प्रेम लता



**चंडीगढ़ (अप्रस/वीरेंद्र सिंह)।** नगर निगम के मुख्य अभियंता संजय अरोड़ा को अचानक पदच्युत करने के भाजपा के इस मनमाने कदम की आम आदमी पार्टी (आप) की महिला विंग की अध्यक्षा एवं चंडीगढ़ की पार्षद प्रेमलता ने कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय भाजपा की भ्रष्ट नीतियों और दमनकारी रवैये का स्पष्ट प्रमाण है, जो ईमानदार अधिकारियों को दबाने पर तुली हुई है। प्रेमलता ने प्रेस को जारी बयान में कहा, 'भाजपा ने एक सच्चे और निष्ठावान अधिकारी को हटाकर अपनी कुटिल मंशा को पूरी तरह बेनकाब कर दिया है। उनका उद्देश्य स्पष्ट है—हर ईमानदार अधिकारी को अपनी कठपुतली बनाना, ताकि वे भ्रष्टाचारपूर्ण और मनमाने निर्णयों का अंधा समर्थन करें। नगर निगम की वित्तीय अराजकता को सुधारने की दिशा में कदम उठाने वाले अधिकारियों के साथ भाजपा का यह क्रूर व्यवहार चंडीगढ़ की जनता सब देख रही है।' उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा, 'आम आदमी पार्टी और समूचा विपक्ष हर ईमानदार अधिकारी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। भाजपा के इस तुगलकी फरमान से चंडीगढ़ में अब कोई भी निष्पक्ष अधिकारी सेवा देने से हिचकिचाएगा, जो शहर के विकास और पारदर्शिता के लिए घातक सिद्ध होगा। जनता जल्द ही इस अत्याचार का जवाब देगी।

# गुरुपर्व सेलिब्रेशन के दौरान अस्थायी स्टॉल लगाने की मंजूरी

अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह



**चंडीगढ़, 24 अक्टूबर।** चंडीगढ़ नगर निगम की वित्त एवं अनुबंध समिति (एफ एंड सीसी) ने आने वाले गुरुपर्व समारोह के दौरान तीन दिनों के लिए अस्थायी स्टॉल लगाने की मंजूरी दे दी है। इस निर्णय का उद्देश्य धार्मिक उत्सवों का सुचारू आयोजन करना, श्रद्धालुओं व आगंतुकों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराना और क्षेत्र में उचित व्यवस्था व सफाई सुनिश्चित करना है।

यह महत्वपूर्ण फैसला आज मेयर श्रीमती हरप्रीत कौर बबला की अध्यक्षता में हुई समिति की बैठक में लिया गया। बैठक में नगर निगम आयुक्त अमित कुमार, विशेष आयुक्त प्रदीप कुमार, तथा समिति के सदस्य गुरप्रीत सिंह, सौरभ जोशी, श्रीमती सुमन देवी, श्रीमती पूनम, जसमनप्रीत सिंह सहित नगर निगम के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### बैठक में इन एजेंडा बिंदुओं पर भी चर्चा की गई और उन्हें मंजूरी दी गई

**नए जल टैंकर की खरीदः** पुराने खराब हो चुके टैंकर की जगह मनीमाजरा क्षेत्र और किशनगढ़ गांव में जल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए नया स्वराज माज़दा (जल टैंकर) खरीदा जाएगा। इसकी अनुमानित लागत 23.63 लाख रुपये है।

**सेक्टर 48 में वर्षा जल निकासी कार्यः** क्षेत्र में वर्षा के पानी के सही निपटान के लिए मशीन होल, सड़क गली चैम्बर निर्माण तथा 450 मि.मी. व्यास की आर.सी.सी. पाइप लाइन बिछाने का कार्य किया जाएगा। इसकी अनुमानित लागत 27.97 लाख रुपये है।

**सेक्टर 16 स्थित जजेस हाउस क्षेत्र में वर्षा जल निकासी लाइन को मजबूत करनाः** मकान नंबर 223, 234, 235, 236, 237, 238 और 239 में जल निकासी व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाएगा। इसकी अनुमानित लागत 38.15 लाख रुपये है।

**सेक्टर 26 की निष्क्रिय ट्रक पार्किंग में सीसीटीवी कैमरे लगानाः** सुरक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए कैमरे लगाए जाएंगे। इस कार्य की अनुमानित लागत 17.44 लाख रुपये है।

**छठ पूजा आयोजन की मंजूरीः** समिति ने तालाब, ग्रीन बेल्ट भाग-1, इंदिरा कॉलोनी, मनीमाजरा में छठ पूजा आयोजित करने की स्वीकृति दी है। इससे पहले, नगर निगम के सामान्य सदन ने सुंदर नगर, मौली जागरण में छठ पूजा आयोजित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। इस प्रकार, इस वर्ष नगर निगम श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए शहर में दो स्थानों पर छठ पूजा का आयोजन करेगा।

# पुलिस ने मारपीट के मामले में आरोपियों को किया काबू

पकड़े गए आरोपियो के कब्जे से एक बांस का डंडा बरामद

अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी



**चंडीगढ़, 24 अक्तूबर।** यूटी पुलिस ने बुरी तरह से मारपीट कर जख्मी करने के मामले में 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।पकड़े गए आरोपियो की पहचान एनआईसी मनी माजरा निवासी फ्लैक्स बोर्ड मार्केटिंग वर्क करने वाले नवीन जिसके खिलाफ थाना आईटी पार्क में पहले भी दो मामले दर्ज पाए गए। दूसरे आरोपी की पहचान असूल जिसके खिलाफ पहले भी थाना आईटी पार्क में दो मामले दर्ज पाए गए। तीसरे आरोपी की पहचान इलेक्ट्रीशियन विजय उर्फ लंबू जिसके खिलाफ थाना मनी माजरा और आईटी पार्क में कई मामले दर्ज,और चौथे आरोपी की पहचान मार्केटिंग कार्ड प्रमोशन रेड।कारपेट का काम करने वाले हरपाल सिंह के रूप में हुई है।

जानकारी के अनुसार 22 अक्टूबर को पुलिस कंट्रोल रूम से सूचना मिली थी कि एनआईसी मनी माजरा निवासी राशीला जिसे पर कई आरोपियों ने बुरी तरह से हमला कर दिया और वह सैक्टर 32 के अस्पताल में भर्ती है।उपरोक्त सूचना पर घटनास्थल और जीएमसीएच-32 का दौरा किया गया जहां घायल व्यक्ति का बयान दर्ज करने के प्रयास किए गए।लेकिन उसने अपने बयान में कहा कि वह अपने इलाज के बाद अपना बयान दर्ज करेगा। 23 अक्टूबर.2025 को घायल के बयान दर्ज करने के लिए अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद उसके घर पहुँचे और घायल व्यक्ति का बयान दर्ज किया गया। जिसमें उसने बताया कि बीते दिन रात 9.35 से 9.45 बजे के बीच, उसके साथ हनी आशु, चटू, लब्बू, काकू, नवीन, कालू, राजन और कई अन्य लोगों ने रॉड, डंडे आदि लेकर हमला किया और उसका पर्स जिसमें 10000,दस्तावेज और सैमसंग मोबाइल फोन था।लूट लिया। इस पर उपरोक्त आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

# जरूरतमंदों को सर्दियों से बचाव के लिए नगर निगम ने कसी कमर

अर्थ प्रकाश/वीरेंद्र सिंह



**चंडीगढ़, 24 अक्तूबर।** सर्दियों का सीजन अब शुरू होने वाला है। ऐसे में बेसहारा लोगों को सर्दी से बचाव के लिए नगर निगम ने पूर्ण रूप से कमर कस ली है। नगर निगम चंडीगढ़ शहर में आठ जगहों पर 18 टेंपोरेरी वाटरप्रूफ नाइट शेल्टर बनाने जा रहा है। यह पहली दिसंबर से 28 फरवरी 2026 तक सर्दियों में जरूरतमंदों की मदद करेगा। इन नाइट शेल्टर्स में कुल क्षमता 425 लोगों की होगी। इनमें 125 महिलाओं के लिए अलग से सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी। शेष 300 पुरुषों के लिए उपलब्ध होंगे।

वर्णनीय है कि प्रत्येक नाइट शेल्टर में कुल 25 लोगों के रहने की सुविधा होगी। यहां ठहरने वालों को रजाई, गद्दा, बैडशीट उपलब्ध होगी। इसके अलावा उनके पीने के लिए स्वच्छ पानी और फर्स्ट एड की व्यवस्था भी होगी। इसके अलावा ज्यादा सरदी पड़ने पर हीटर की व्यवस्था भी होगी। नाइट शेल्टर के बाहर और भीतर लाइटिंग की व्यवस्था भी होगी।

### 30 नवंबर तक टेम्परेरी शेल्टर मिलेगी

इन शेल्टर्स के लिए एमसीसी ने 1.63 करोड़ का टेंडर काल किया है, जिसकी बिड 30 अक्तूबर को रिसीव होगी। उसी दिन दोपहर 3 बजे टैक्निकल बिड खोली जायेगी। इसमें भागीदारी करने वाली कंपनियों के डाक्यूमेंट्स की जांच पड़ताल होगी। योग्य पायी जानी वाली कंपनियों की फाइनेंशियल बिड खोली जायेगी। इसमें लोएस्ट वन रेट कोट करने वाली कंपनी को टेंडर अलाट कर दिया जायेगा। वहीं कंपनी 30 नवंबर तक टेम्परेरी शेल्टर एमसी को उपलब्ध करायेगी।

### सीसीटीवी कैमरों से होगी निगरानी

उल्लेखनीय है कि शेल्टर के अंदर रहने वालों की सीसीटीवी कैमरों से निगरानी भी की जायेगी। इसके अलावा हर वक्त एक सुरक्षा गार्ड, इनके बाहर तैनात रहेगा, जो किसी भी प्रकार की अप्रिय घटनाओं पर नजर रखेगा, जरूरुत पड़ने पर शेल्टर में रहने वाले लोगों को असामाजिक तत्वों से बचाव करेगा। महिलाओं के शेल्टर में महि सुरक्षा कर्मी तैनात होगी।

### नाइट शेल्टर्स के निर्धारित स्थान

नाइट शेल्टर्स शहर के सेक्टर 29 में एक जेंट्स के लिए प्रति शेल्टर 25 लोगों की क्षमता होगी। इसी प्रकार सेक्टर 20 लक्ष्मी-नारायण मंदिर के सामने-1, जेंट्स के लिए इसके अलावा सेक्टर 29 19-शनिदेव मंदिर के सामने-एक शेल्टर पुरुषों के लिए। सेक्टर 16 जीएमएसएच के बाहर एक शेल्टर जेंट्स व एक लेडीज के लिए होगा। सेक्टर 32 जीएमसीएच के बाहर 1 जेंट्स और 1 लेडीज के लिए होगा। सेक्टर 43 आईएसबीटी के बैकसाइट में एक जेंट्स व एक लेडीज के लिए। सेक्टर 12 पीजीआई के बाहर 6 जेंट्स के लिए व 2 लेडीज के लिए। सेक्टर 34 में 1 जेंट्स के लिए होगा।

### शिकायत या कमी होने पर जुर्माने का प्रावधान

बता दें कि शेल्टर्स में किसी भी प्रकार की कमी या शिकायत पर जुर्माने का भी प्रावधान किया जायेगा। यदि इन शेल्टरों में सुरक्षा गार्ड या सुपरवाइजर नहीं होंगे तो इसकी एवज में संबंधित शेल्टर्स के सुरक्षागार्ड व सुपरवाइजर को 20 हजार का जुर्माना किया जायेगा। टेंट की लीकेज पर 10 हजार, इलेक्ट्रिकल इन्स्टालेशन असुरक्षित होने पर 10 हजार रुपये का जुर्माना अदा करना होगा। इसी प्रकार समय पर काम नहीं करवाने के एवज में 5 हजार रुपये, पीने का पानी, फर्स्ट एड न होने पर 5 हजार रुपये, सुरक्षा गार्ड, सुपरवाइजर बगैर वर्दी होने पर 5 हजार रुपये का जुर्माना होगा।

सम्पादकीय

# रूसी तेल कंपनियों पर प्रतिबंध से भारत की चुनौतियों में इजाफा

अमेरिका के द्वारा रूस की दो तेल कंपनियों पर प्रतिबंध लगाने का औचित्य सहज ही समझा जा सकता है। कच्चा तेल बेचकर अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने वाले रूस को आर्थिक चोट पहुंचाने का इससे बड़ा हथियार अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पास नहीं था। वे बार-बार दोहराते आ रहे हैं कि भारत अब रूस से कच्चा तेल खरीदना बंद कर देगा। इससे पहले वे कह चुके हैं कि भारत कच्चा तेल खरीदना बंद कर चुका है। अब उन्हीं कंपनियों जिनसे भारत कच्चा तेल खरीदता है, पर प्रतिबंध लगाकर राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत के समक्ष मुश्किल पैदा करने की चाल चली है। हालांकि रूस वह देश है, जोकि अकेले भारत को ही नहीं अपितु अमेरिका समेत पूरे यूरोप को कच्चा ईंधन सप्लाई कर रहा है। क्या इस प्रतिबंध से यूरोप के देशों को फर्क नहीं पड़ता। क्या सिर्फ भारत के जरिये रूस को दबाव में लाने की साजिश रची गई है। गौरतलब है कि रूस ने इन प्रतिबंधों के बावजूद कहा है कि वह किसी दबाव में नहीं झुकेगा। निश्चित रूप से रूस से यही जवाब सुनने को मिलेगा। हालांकि यूक्रेन के साथ युद्ध को जारी रखकर रूस को हासिल क्या होने वाला है, जबकि देश के अंदर आर्थिक असंतोष गहरा चुका है और जनता युद्ध से तंग आ चुकी है। बेशक, यह युद्ध राष्ट्रपति पुतिन के लिए अब नाक का सवाल बन चुका है, लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के साथ एक अच्छे माहौल में बैठक के बाद अगली शिखर वार्ता के लिए समय न निकाल पाने से ही क्या रूसी तेल कंपनियों को प्रतिबंधों का सामना नहीं करना पड़ रहा है। क्या यह आवश्यक नहीं था कि बुडापेस्ट में युद्ध को समाप्त करने के लिए होने वाली शिखर वार्ता की संभावनाओं को पुतिन बनाए रखते। लेकिन अब तक लगता है, सब कुछ खत्म हो चुका है और अमेरिका एवं रूस के बीच की खाई फिर से सामने आ चुकी है।

**गौरतलब है कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप कहते आए हैं कि वे पहले से होते तो युद्ध शुरू ही नहीं होता। इसके बाद उन्होंने दुनियाभर में अनेक सैनिक संघर्षों को बंद करवाने में अपना योगदान दिया है। बेशक, भारत-पाक के बीच ऑपरेशन सिंदूर के दौरान उनके प्रयास भारत की ओर से स्वीकार्य नहीं थे लेकिन इसके बावजूद वे इसका दावा करते रहे और अब भी हर अंतरराष्ट्रीय मंच पर यही दोहराते हैं। खैर, इजरायल और फिलिस्तीन के बीच जारी संघर्ष को खत्म करवाने में ट्रंप का योगदान रहा है लेकिन रूस और यूक्रेन युद्ध को वे बंद नहीं करवा सके हैं, तमाम प्रयासों के बावजूद जिसमें रूस के राष्ट्रपति पुतिन के साथ उन्होंने अलास्का में एक शिखर बैठक की थी, जिसमें अगली बैठक में मिलने का दोनों नेताओं ने विश्वास दिलाया था।**

गौरतलब है कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप कहते आए हैं कि वे पहले से होते तो युद्ध शुरू ही नहीं होता। इसके बाद उन्होंने दुनियाभर में अनेक सैनिक संघर्षों को बंद करवाने में अपना योगदान दिया है। बेशक, भारत-पाक के बीच ऑपरेशन सिंदूर के दौरान उनके प्रयास भारत की ओर से स्वीकार्य नहीं थे लेकिन इसके बावजूद वे इसका दावा करते रहे और अब भी हर अंतरराष्ट्रीय मंच पर यही दोहराते हैं। खैर, इजरायल और फिलिस्तीन के बीच जारी संघर्ष को खत्म करवाने में ट्रंप का योगदान रहा है लेकिन रूस और यूक्रेन युद्ध को वे बंद नहीं करवा सके हैं, तमाम प्रयासों के बावजूद जिसमें रूस के राष्ट्रपति पुतिन के साथ उन्होंने अलास्का में एक शिखर बैठक की थी, जिसमें अगली बैठक में मिलने का दोनों नेताओं ने विश्वास दिलाया था। निश्चित रूप से रूसी तेल कंपनियों पर प्रतिबंध रूसी राष्ट्रपति के बातचीत से पीछे हटने की वजह से भी सामने आया है। मालूम हो, रूस पर प्रतिबंधों का यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने स्वागत किया है, उनका यह भी कहना है कि युद्ध विराम के लिए राजी करने के लिए रूस पर और दबाव बनाने की जरूरत है। निश्चित रूप से रूस युद्ध लड़ते हुए कुछ भी अच्छा नहीं कर रहा है। भारत, रूस का परंपरागत मित्र है और मित्र अगर कभी गलत भी हो जाए तो इसे स्वीकार करना पड़ता है। रूस को यूक्रेन से युद्ध लड़ने की जरूरत इसलिए पड़ी है क्योंकि अमेरिका और यूरोप उसके खिलाफ खड़े हैं। हालात रूस को अकेला कर रहे हैं। ऐसे में भारत और चीन जैसे देशों के साथ मिलकर अगर रूस आगे बढ़ रहा है तो यह सिर्फ उसकी आवश्यकता नहीं है। रूस का मौजूदा परिदृश्य में वैश्विक शक्ति संतुलन के लिए एक आवश्यक देश है और भारत इसलिए ही उसके साथ कदमताल कर रहा है।

अमेरिका की ओर से रूस पर प्रतिबंध लगाने से भारत की अर्थव्यवस्था पर इसका असर दिख सकता है। वजह यही है कि इस प्रतिबंध से वैश्विक तेल कीमतों में पांच प्रतिशत की बढ़ोतरी हो गई है। भारत में अभी तक कहा गया था कि कच्चा तेल की कीमतों में कमी के बावजूद पेट्रोलियम कंपनियां रेट कम नहीं कर रही हैं। लेकिन अब कब तक बढ़ी हुई कीमतों का बोझ वे अकेले झेलेंगी। अगर देश में पेट्रोल-डीजल के रेट में बढ़ोतरी हो जाए तो इसे एकाएक नहीं समझा जाना होगा। आज पूरा विश्व एकमात्र घटना से प्रभावित हो जाता है। सोने और चांदी के रेट अमेरिका की वजह से बढ़ और फिर घट सकते हैं। तब भारत सरकार को उन सभी विकल्पों पर काम करना होगा, जिससे इस बढ़ोतरी का सामना किया जा सके। संभव है, क'चे तेल की जरूरत को पूरा करने के लिए रूस के अलावा अन्य विकल्पों पर भी गौर करना आवश्यक होगा। इसके अलावा अमेरिका से ट्रेड डील को भी सुनिश्चित किए जाने की जरूरत है, बेशक यह भारतीय शर्तों पर हो।

# तेरा भाणा मीठा लागे

दैनिक अर्थ प्रकाश

स्पिरिचुअल हीलर

**सिद्ध गुरू प्रमोद निर्वाण**



*गिनीज़ विश्व रिकॉर्ड विजेता लेखक*




किसी ने बहुत पते की बात कही है कि शरीर गोचर है, शरीर हमें दिखाई देता है पर आत्मा अगोचर है, आत्मा दिखाई नहीं देती। प्रकृति में और परमात्मा में भी ऐसा ही संबंध है। परमात्मा हमें दिखाई नहीं देते, पर परमात्मा प्रकृति के रूप में प्रकट हैं, पेड़-पौधे, घास-फूस, जीव-जंतु, चेतन-अचेतन, सब में परमात्मा हैं। परमात्मा इस बाह्य रूप में हमें नज़र आते हैं। विश्वास का यही लाभ है कि हम पत्थर में भी भगवान देख पाते हैं। इस सब के बावजूद हमारी आधुनिक शिक्षा-दीक्षा, परिपाटियां और संस्कार ऐसे हैं कि हम परमात्मा पर अविश्वास करते हैं। हमारी सबसे बड़ी गलती यह है कि हमने अध्यात्म के बजाए धर्म चुना है। गलती यह नहीं है कि हमने धर्म को जीवन पद्धति मान लिया है, गलती यह हैकि हमने धर्म को जीवन पद्धति बनाने के लिए अध्यात्म को अलविदा कह दिया है, अध्यात्म को तिलांजलि दे दी है। पौधे पर लगा खिला हुआ फूल इतना सुंदर है कि हमें उसमें परमात्मा का नूर नज़र आता है लेकिन वही फूल गिर जाए, सूख जाए, पीला पड़ जाए तो हमारी निगाह में वह कूड़ा हो जाता है। परमात्मा तो जितना सुंदर खिले हुए सुगंधित फूल में है उतना ही उस फूल की सूखी हुई पंखुड़ियों में भी है। हम समझते हैं कि नास्तिक होना परमात्मा के विरुद्ध होना है और आस्तिक होकर हम परमात्मा को प्रिय हो जाते हैं। लेकिन हम आस्तिक और नास्तिक के असली भेद को ही नहीं जानते। हमारे इस संसार की बड़ी समस्या यह है कि आस्तिक माने जाने वाले लोग ही परमात्मा पर सबसे ज्यादा अविश्वास करते हैं।

आस्तिकता का अर्थ ईश्वर को मान लेना नहीं है, क्योंकि ईश्वर को बिना माने भी कोई आस्तिक हो सकता है। और ईश्वर को मानते हुए भी लाखों लोग नास्तिक हैं, करोड़ों लोग नास्तिक हैं। जो लोग किसी पूजा स्थल पर जाकर माथा टेकते हैं, भजन गाते हैं, प्रवचन सुनते हैं लेकिन वहां से बाहर आते ही झूठ, फरेब, ठगी, धोखा, चोरी, क्रोध, ईर्ष्या आदि में से कुछ भी करना शुरू कर देते हैं, उनसे बड़ा नास्तिक कोई नहीं, और जो लोग इस ब्रह्मांड के हर जीव से, हर जड़-चेतन से प्यार करते हैं, वे ईश्वर को मानें या न मानें, वे परमात्मा से प्यार करें या न करें, परमात्मा उनसे प्यार करते हैं। इस दुनिया में ऐसे लोगों की कमी नहीं है जो ईश्वर के अस्तित्व को स्वीकार नहीं करते पर वे जनकल्याण में रत रहते हैं। उनसे बड़ा आस्तिक और कोई नहीं है।

अगर हम अपने व्यवहार का निष्पक्ष विवेचन करेंगे तो हम पायेंगे कि हम आस्तिक लोग यह तो मानते हैं कि परमात्मा सर्वशक्ति मान है, परमात्मा की मज़ी के बिना पत्ता भी नहीं हिलता, लेकिन कहीं न कहीं हमारा व्यवहार यह सिद्ध करता है कि हम परमात्मा के सिस्टम पर, परमात्मा की योजना पर विश्वास नहीं करते और हम खुद को परमात्मा से कहीं ज्यादा बुद्धिमान मानते हैं। जब हम प्रार्थना करते हैं तो परमात्मा के दिये उपहारों के लिए परमात्मा का शुक्रिया अदा करने के बजाए या तो परमात्मा से शिकायत करते हैं, उनके ही सिस्टम के खिलाफ शिकायत करते हैं या अपनी कुछ मांग रखकर परमात्मा के सिस्टम पर अविश्वास जताते हैं। आइये, इसे एक उदाहरण से समझते हैं।

घर में मेरी बूढ़ी मां है, पिता जी कई साल पहले भगवान को प्यारे हो गये। मां बूढ़ी हैं, कमज़ोर हैं, चलना-फिर नामुश्किल से हो पाता है और उस पर तुर्रा यह कि अब वो बीमार हैं। तो हम प्रार्थना करते हैं कि हे भगवान, मेरी मां को स्वस्थ कर दो, उनका बुखार ठीक कर दो। सच हैं, मां बीमार होंगी तो हम चाहेंगे ही कि उनकी सेहत ठीक हो जाए, वे चलने-फिरने के काबिल हो जाएं, अपना ध्यान खुद रखने के काबिल हो जाएं। यहीं हम गलत हो जाते हैं। जब हम यह प्रार्थना करते हैं कि मेरी बूढ़ी मां स्वस्थ हो जाएं तो मानों हम भगवान को यह कहते हैं कि हम आपसे ज़्यादा समझदार हैं। आपने गलती कर दी, मेरी माता जी को बुखार देने से पहले कम से कम मुझसे पूछ तो लिया होता, मुझसे सलाह तो की होती। हमारी इस तरह की हर प्रार्थना का अर्थ यही है कि हम परमात्मा के किये को अस्वीकार कर रहे हैं, हम परमात्मा के सिस्टम पर अविश्वास जता रहे हैं।

श्री गुरू ग्रंथ साहिब में संकलित सिख परंपरा के पांचवें गुरू अर्जन देव जी की बाणी में कहा गया है 'तेरा भाणा मीठा लागे' जो ईश्वर की इच्छा के प्रति गहरे विश्वास का प्रतीक है। आसानी से समझ आ जाने वाले बहुत ही सरल शब्दों में यह बहुत गहरी शिक्षा है। 'भाणा' का अर्थ है, इच्छा, रज़ा, यानी, परमात्मा जो कुछ भी करते हैं हम उसे अमृत मानकर स्वीकार करें। ईश्वर की इच्छा को स्वीकार करने में ही सच्चा सुख और शांति है. चाहे जीवन में कैसा भी अनुभव हो, उसे दयावान दीन बंधु ईश्वर की इच्छा मानकर स्वीकार करना चाहिए। परमात्मा की रज़ा में राज़ी रहने का भाव ही इस शिक्षा का सार है। श्री मद्भगवद् गीता में भगवान श्री कृष्ण ने निष्काम कर्म की जो शिक्षा दी है उसका अर्थ भी यही है कि हम अपनी पूरी काबलियत से, पूरी शक्ति से, पूरे निश्चय से अपना हर काम करें, काम में आलस्य न हो, काम में कमी न हो, काम की गुणवत्ता में कमी न हो, उसके बाद जो हो वह परमात्मा की रज़ा और हम उसमें सिर्फ़ संतुष्ट ही न हों, बल्कि प्रसन्न हों, खुश हों, उसे परमात्मा का आशीर्वाद मानकर, परमात्मा का प्रसाद मानकर स्वीकार करें। कर्म करें, फल की चिंता परमात्मा पर छोड़ दें, तो यह निष्काम कर्म है। हम अपनी जिम्मेदारियों से मुंह न चुराएं, निठ्ठले न बैठें, अपना कर्म करते चलें, पूरी तन्मयता से, पूरी श्रद्धा से, तो वह कर्म ही पूजा बन जाता है और उस कर्म का जो भी परिणाम हो उसे स्वीकार करें तो वह पूजा का प्रसाद बन जाता है।

भक्त शिरोमणि गोस्वामी तुलसी दास जी ने भी रामचरित मानस में इसे 'जाहिविधि राखे राम, ताहि विधिरहिए' कहकर हमें यह समझाया है कि ईश्वर की इच्छा या विधान के प्रति संतोष ही सारे सुखों का मूल है। उनकी यह सीख इतनी लोकप्रिय हुई कि इसे कई भजनों में समाहित कर लिया गया और 'सीता राम, सीता राम, सीता राम कहिए; जाहिविधि राखे राम, ताहिविधि रहिए' सरीखे भजन हमारी संस्कृति का स्थाई अंग बन गए। इसके बावजूद हमारी इच्छाएं, आकांक्षाएं और हमारी प्रार्थनाएं इस सीख के विरुद्ध जाती हैं। अपने अज्ञान और लालच में हम भूल ही जाते हैं कि हमारे लिए क्या उचित है, और परमात्मा से शिकायत करने लग जाते हैं, मांग रखने लग जाते हैं। इतना ही समझ लें और परमात्मा की रज़ा को प्रसाद मान लें तो जीवन सुख, शांति और समृद्धि से भरपूर होकर सफल जीवन बन जाता है। यही इस सीख का सार है।

## अर्थ प्रकाश में **34 साल पहले** आज का दिन

### सेक्टर-19 में 40 हजार रु. की चप्पलें जलकर नष्ट, 30 झुग्गियां जलीं और कई जगह आग लगने की वारदातें

चंडीगढ़। दीवाली के पावन मौके पर शहर में कुछ अशुश वारदातें घटित होने की खबरें है। इनमें से कजहेड़ी गांव में लगी भीषण आग में करीब 30 झुग्गियां जलकर नष्ट हो गई तथा सेक्टर 19 में एक स्टोर में पड़ी करीब 50 हजार रुपए की चप्पलें जलकर नष्ट हो गई। प्राप्त विवरण के मुताबिक सेक्टर 19 की रेहड़ी मार्किट के करीब ही स्थित एक घर 1085 नं. के मालिक रामा का चप्पलों का कारोबार है। उसने घर के पिछवाड़े में ही चप्पलों का स्टोर बना रखा है। जहां गत रात्रि आग लगी। आग लगने के क्या कारण थे, अभी पता नहीं चल पाया। कल शाम सेक्टर 7 मार्किट में सोनिया मोटर्स वाले के यहां उस समय आग लग गई, जब वह अपनी दुकान में हवन करवा रहा था। एक अन्य समाचार से पता चला है कि कजहेड़ी गांव में गत रात एक अग्निकांड में 30 झुग्गिया जलकर नष्ट हो गई जबकि पुलिस सूत्रों ने इस अग्निकांड से अनभिज्ञता जाहिर की है। उनके मुताबिक पलसौरा गांव में मात्र एक झुग्गी जली है। आग के अन्य समाचारों में सेक्टर 34 की फर्नीचर मार्किट, सेक्टर 21 के एक घर, सेक्टर 22, बटेला गांव सेक्टर 41, मनीमाजरा व पुराना मनीमाजरा में तथा सेक्टर 37 में आग लगने की मामूली घटनाएं शामिल है। दमकल विभाग वालों के मुताबिक विक शहर में रात भर हुए दो तीन बड़े 9 शेष मामूली आग हादसों में उनकी 11 गाड़ियां अग्निसमन में संलग्न रही।

### पटाखों की दुकान में आग लगी, 20 मरे, 24 घायल, एक तिमंजिला मकान नष्ट

नई दिल्ली। दीवाली जहां लाखों भारतीयों के घरों को जगमगा कर खुशहाल बना रही थी, वहीं कुछेक के घरों में मातमी का माहौल भी लेकर आयी। यहां प्राप्त समाचारों के अनुसार बिहार राज्य के जिला धनबाद के कस्बा झूरिया में पटाखों की एक दुकान में भीष्म आग लग गई। आग लगने का कारण शॉट सर्किट बताया गया है। इस अग्निकांड में घटनास्थल पर ही कम से कम 17 लोग जलकर स्वाह हो गये जबकि 3 अन्य व्यक्ति अस्पताल ले जाते वक्त रास्ते में दम तोड़ गये। इस अग्निकांड में अभी तक 18 घायलों का पता चला है जिनमें से चार की हालत गंभीर बताई जाती है। इस दुर्घटना के बाद धनबाद जिलाधीश ने जिला पटाखों की दुकान पर प्रतिबंध लगा दिया है।

## ज्ञान सागर : देखें आज के दिन क्या घटा

1415- इंग्लैंड ने उत्तरी फ्रांस में एजिनकोर्ट की लड़ाई जीती।

1812- युद्ध के दौरान अमेरिका फ्रिगेट यूनाइटेड स्टेट्स ने ब्रिटिश पोत मैसिडोनिया पर क़ब्ज़ा कर लिया।

1881- स्पेन के ख्यातिप्राप्त चित्रकार पाब्लो पिकासो का जन्म।

1911- भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राजनीतिज्ञ और गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री घनश्यामभाई ओझा का जन्म।

1917- बोल्शेविक (कम्युनिस्टों) व्लादिमीर इलिच लेनिन ने रूस में सत्ता हथिया ली।

1920- राजस्थान के पूर्व छठवें मुख्यमंत्री बरकतुल्लाह ख़ान का जन्म।

1924- भारत में ब्रिटिश अधिकारियों ने सुभाषचंद्र बोस को गिरफ्तार कर दो साल के लिए जेल भेज दिया।

1937- हिन्दी फिल्मों की प्रसिद्ध पार्श्वगायिका शारदा का जन्म।

1951- भारत में पहले आम चुनाव की शुरूआत हुई।

1962- अमेरिकी लेखक जॉन स्टीनबेक को साहित्य का नोबेल पुरस्कार दिया गया।

1964- अवादी कारखाने में पहले स्वदेशी टैंक 'विजयंत' का निर्माण किया गया।

1971- संयुक्त राष्ट्र महासभा में ताइवान को चीन में शामिल करने के लिए मतदान हुआ।

1995- तत्कालीन प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव ने संयुक्त राष्ट्र के 50वें वर्षगांठ सत्र को संबोधित किया।

2000- अंतरिक्ष यान डिस्कवरी (यू.एस.ए.) 13 दिन के अभियान के बाद सकुशल वापस।

2003- प्रसिद्ध भारतीय दार्शनिक तथा समाज सुधारक पाण्डुरंग शास्त्री अठावले का निधन।

2005- ईराक में नये संविधान को जनमत संग्रह में बहुमत के साथ मंज़ूरी मिली।

2007- तुर्की के युद्ध विमानों ने उत्तरी इराक के पहाड़ी कुर्दिस्तान क्षेत्र में भारी बमबारी की। मध्य इण्डोनेशिया के सुलावेसी द्वीप में माउंट सोपुटान ज्वालामुखी फटा।

2008- सिक्किम के पूर्व मुख्यमंत्री नर बहादुर भंडारी को छह माह की सज़ा सुनाई गई।

2009- बगदाद में बम धमाकों से 155 लोगों की मौत तथा 721 घायल।

2012- प्रसिद्ध हास्य अभिनेता जसपाल भट्टी का निधन।

2013- नाइजीरिया में सेना ने आतंकवादी संगठन बोको हराम के 74 आतंकवादियों को मार गिराया।

2018- मणिपुर, गोवा ऑर मेघालय के राज्यपाल रहे शिवेन्दर सिंह सिन्धू का निधन।

2019- गुजरात के पूर्व 13वें मुख्यमंत्री दिलीपभाई रमणभाई पारिख का निधन।

## बोल ब्यूटीफुल

**डा. ब्रह्मा चेलानी:** डोनाल्ड ट्रंप की उपस्थिति वाले आसियान शिखर सम्मेलन में शामिल न होने का प्रधानमंत्री मोदी का फैसला सोचा-समझा हुआ लगता है। वे ट्रंप से जानबूझकर दूरी बनाए रखना चाहते है। संभव है कि मोदी तभी ट्रंप से मिले, जब दोनों देशों के बीच व्यापार समझौता हो चुका है।



**सुशील दोशी:** आस्ट्रेलिया के नवोदित खिलाड़ियों के आगे भारत एक बार फिर पस्त हुआ। भारत 17 साल के बाद एडिलेड में वनडे मैच हारा। कुलदीप यादव को न खिलाने की जिद समझ से परे है। विराट कोहली फिर से खाता नहीं खोल पाए, लेकिन रोहित शर्मा ने जरूर रंग जमाया। कप्तान शुभमन गिल रंगहीन नजर आए। इन दो मैचों में टीम की कुछ कमजोरियां भी उजागर हुई है।

**अशोक खेमका:** लोकपाल लोक पालक होता है, राजा का पालक नहीं। लोकपाल की इज्जत लोगों के दिलों में होनी चाहिए, गाड़ी-बंगले की चमक-दमक से नहीं। राजा को लोकपाल का भय हो, लोकपाल को राजा का नहीं।

# जीएसटी सुधार और भारतीय पर्यटन का नया सवेरा

दैनिक अर्थ प्रकाश


भारत में पर्यटन का अर्थ हमेशा ही मनोरंजन से कहीं बढ़ कर रहा है – यह सभ्यताओं के बीच संवाद, विरासत का वाहक और समावेशी विकास का उत्प्रेरक है। फिर भी, दशकों से, लद्दाख के मठों से लेकर कन्याकुमारी के समुद्री तटों तक, हमारी अद्वितीय विविधता के बावजूद, इसकी पूरी क्षमता का दोहन करों के अलग-अलग ढांचे और उच्च लागत के कारण नहीं हो पाया है। वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में हाल के सुधारों ने इस कहानी को अब बदलना शुरू कर दिया है।

वर्षों से, भारत का पर्यटन और आतिथ्य उद्योग एक जटिल कर व्यवस्था के बोझ तले दबा रहा है। सेवा कर, वैट, विलासिता कर जैसे कई तरह के करों ने भ्रम उत्पन्न किया और यात्रा की लागत बढ़ा दी। जीएसटी लागू होने से करों में सरलीकरण तो हुआ था, लेकिन हाल ही में दरों का युक्तिसंगत बनाया जाना भारतीय पर्यटन को और अधिक प्रतिस्पर्धी बनाने में निर्णायक सिद्ध हुआ है।

होटल के 7,500 रुपये से कम शुल्क वाले कमरों पर जीएसटी की दर 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत करना विशेष रूप से परिवर्तनकारी रहा है। मध्यम वर्गीय परिवार और कम खर्च में यात्रा करने वाले लोग, जो घरेलू पर्यटन की रीढ़ हैं, उनके लिए यात्रा अब अधिक किफायती हो गई है। उच्च अधिभोग दर, लंबे समय तक प्रवास और स्थानीय स्तर पर अधिक खर्च इसके प्रत्यक्ष परिणाम हैं। कम अनुपालन लागत से छोटे उद्यमियों और होमस्टे मालिकों के लिए लाभप्रदता में सुधार हुआ है और औपचारिकता को बढ़ावा मिला है। यह पर्यटन के विस्तार और स्थायित्व की दिशा में शांत लेकिन महत्वपूर्ण बदलाव है।

पर्यटन कनेक्टिविटी के बल पर फलता-फूलता है। यात्री परिवहन पर, खासकर दस से ज़्यादा यात्रियों वाली बसों पर जीएसटी दर का 28 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत किया जाना एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे तीर्थयात्रियों, छात्रों और परिवारों के लिए अंतर-शहरी और समूह यात्राएं ज़्यादा सुलभ हो गई हैं। हेरिटेज सर्किट, इको-टूरिज्म पार्क और ग्रामीण पर्यटन स्थलों में नई ऊर्जा देखने को मिल रही है।

यह सुधार सस्ते टिकटों की उपलब्धता से कहीं बढ़कर है–यह क्षेत्रों को जोड़ने, यात्रा को सबके लिए सुलभ बनाने और छोटे टूर ऑपरेटरों को अपना कारोबार बढ़ाने का अवसर देने से संबंधित है। भारत के लिए, जहाँ पर्यटन क्षेत्रीय समानता का एक सशक्त माध्यम है, वहीं किफायती यात्रा आर्थिक सशक्तिकरण का आधार है। भारत का आकर्षण केवल उसके स्मारकों में ही नहीं, बल्कि उसकी जीवंत परंपराओं में भी निहित है। कला और हस्तशिल्प उत्पादों पर जीएसटी को 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत करने से उस क्षेत्र को बढ़ावा मिला है जो लाखों कारीगरों के जीवनयापन का आधार है। स्थानीय बाज़ार में बिकने वाली हर हस्तनिर्मित कलाकृतियों पर भारत की सांस्कृतिक निरंतरता की छाप होती है।



करों में कमी किया जाना यहां महज़ आर्थिक पहल भर नहीं है–यह एक सांस्कृतिक निवेश है। आज पर्यटक प्रामाणिकता की तलाश में रहते हैं और जब वे हाथ से बुनी कांचीपुरम की साड़ी या चंदन की नक्काशीदार मूर्ति घर ले जाते हैं, तो वे भारत की रचनात्मक अर्थव्यवस्था का एक हिस्सा अपने साथ ले जाते हैं। यह सुधार कारीगरों को सशक्त बनाता है, शिल्प समूहों को मज़बूत बनाता है और विरासत को विकास की कहानी का हिस्सा बनाता है।

संभवतः जीएसटी का सबसे स्थायी लाभ स्पष्टता है। छोटे होटल, होमस्टे और ट्रैवल एजेंसियां अब राज्य-विशिष्ट करों की भूलभुलैया के बजाय एक ही निर्धारित ढांचे के भीतर काम करती हैं। इससे अनुपालन में सुधार होता है, निवेशकों का विश्वास बढ़ता है और नवाचार के लिए जगह बनती है।

औपचारिकीकरण उन हज़ारों छोटे ऑपरेटरों के लिए ऋण, बीमा और डिजिटल भुगतान तक पहुंच भी बनाता है, जो कभी अनौपचारिक रूप से काम किया करते थे। एक ऐसा क्षेत्र, जो अन्य क्षेत्रों की तुलना में अधिक महिलाओं और युवाओं को रोजगार देता है, यह एकीकरण परिवर्तनकारी है। पर्यटन अब केवल फुर्सत के क्षणों में आनंद उठाने से संबंधित उद्योग मात्र ही नहीं रह गया है, बल्कि उद्यमिता और आजीविका का प्रेरक भी बन चुका है।

वैश्विक स्तर पर, पर्यटक किस जगह की यात्रा करेंगे, यह वहाँ की मूल्य की प्रतिस्पर्धात्मकता पर निर्भर करता है। वर्षों से, भारत थाईलैंड और वियतनाम जैसे दक्षिण-पूर्व एशियाई गंतव्यों से पीछे रहा है, जहाँ होटलों के कर की दर कम थी और शुल्क सरल थे। हाल ही में जीएसटी में बदलाव ने इस अंतर को कम कर दिया है। भारत अब वैश्विक रूप से प्रतिस्पर्धी दरों पर–आयुर्वेदिक रिट्रीट से लेकर हेरिटेज होटल तक–विश्वस्तरीय अनुभव प्रदान करता है।

परिणाम स्पष्ट दिखाई दे रहे हैं। घरेलू पर्यटन रिकॉर्ड ऊँचाई पर पहुंच गया है और विदेशी पर्यटकों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। क्रूज़, वेलनेस, फ़िल्म और आध्यात्मिक पर्यटन जैसे विशिष्ट क्षेत्रों का तेज़ी से विस्तार हो रहा है। स्वदेश दर्शन 2.0, प्रसाद और वाइब्रेंट विलेज जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से सरकार द्वारा चलाए जा रहे एकीकृत प्रयास बुनियादी ढाँचे, नीति और सामुदायिक भागीदारी को और बेहतर बना रहे हैं।

पर्यटन वर्तमान में भारत के जीडीपी में लगभग 5 प्रतिशत का योगदान देता है और 80 मिलियन से ज़्यादा लोगों की आजीविका का आधार है। निरंतर सुधारों और बुनियादी ढाँचे में निवेश के साथ, यह 2030 तक आसानी से दोगुना हो सकता है। पर्यटन गतिविधि में प्रत्येक प्रतिशत की वृद्धि से कई गुना लाभ उत्पन्न होते हैं, जिनमें –रोज़गार, स्थानीय उद्यम, महिला सशक्तिकरण और विभिन्न संस्कृतियों के बीच परस्पर समझ का विस्तार शामिल है ।

जीएसटी सुधार कोई अलग-थलग राजकोषीय उपाय नहीं हैं; ये इस दर्शन का प्रतिनिधित्व करते हैं कि कराधान बाधा न बने, बल्कि सबके लिए आसान हो। ये यात्रा को और अधिक किफायती, उद्यम को अधिक व्यावहारिक और पर्यटन स्थलों को अधिक आकर्षक बनाते हैं। ये अर्थव्यवस्था की नब्ज को लोगों के और करीब लाते हैं।

जिस प्रकार भारत अपनी स्वतंत्रता की शताब्दी की ओर अग्रसर है, विकसित भारत का सपना वैश्विक रूप से प्रतिस्पर्धी और सांस्कृतिक रूप से सशक्त पर्यटन इको-सिस्टम के बिना अधूरा रहेगा। दुनिया भारत को नए सिरे से जान रही है–न केवल एक गंतव्य के रूप में, बल्कि एक ऐसे अनुभव के रूप में जो परंपरा का आधुनिकता के साथ, अर्थव्यवस्था का संवेदना के साथ सामंजस्य बिठाता है।

युक्तिसंगत जीएसटी, बेहतर कनेक्टिविटी, सशक्त कारीगरों और आत्मविश्वास से भरे उद्योग के साथ, भारत की पर्यटन गाथा इस दशक की सफलतम कहानियों में से एक बनने जा रही है - एक ऐसी कहानी जहां सुधारों का मेल पुनर्जागरण से होता है और हर यात्रा नए भारत के निर्माण में योगदान देती है।

**–गजेंद्र सिंह शेखावत**
**(लेखक केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री हैं।)**

### मुख्यमंत्री सुखविंद सिंह सुक्खू ने बड़सर अस्पताल को 100 बिस्तरों की क्षमता में स्तरोन्नत करने की घोषणा की

# बड़सर में 17.45 करोड़ से निर्मित मिनी सचिवालय जनता को समर्पित

सड़कों के लिए 96 करोड़ रुपये किए जा रहे खर्च

65 करोड़ रुपये की योजना से बाबा बालकनाथ मंदिर का किया जा रहा सौन्दर्यीकरण

अर्थ प्रकाश/अरविंद शर्मा





**शिमला।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज जिला हमीरपुर के बड़सर विधानसभा क्षेत्र में विशाल जनसमूह को संबोधित करते हुए बड़सर की राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला में अगले शैक्षणिक सत्र से सीबीएससी कक्षाएं आरम्भ करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि अब तक 20 सरकारी विद्यालयों को सीबीएसई बोर्ड की मान्यता दी गई है।

उन्होंने बड़सर अस्पताल में बिस्तरों की क्षमता को बढ़ाकर 100 करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि हमीरपुर चिकित्सा महाविद्यालय के कैंसर केयर संस्थान पर 300 करोड़ रुपये व्यय किए जाएंगे। उन्होंने बड़सर में इन्डोर स्टेडियम और पार्किंग की सुविधा उपलब्ध करवाने की घोषणा की। उन्होंने स्थानीय कॉलेज में एमए और एमकॉम की कक्षाएं आरम्भ करने और क्षेत्र की विभिन्न ग्राम पंचायतों और मुख्य बाजारों में सोलर लाइटें और हाइमॉस्ट लाइटें लगाने की भी घोषणा की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल हमीरपुर में 7 विशेषज्ञ विभाग बनाने के लिये 100 करो? रुपये खर्च किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि जिला की सभी स?कों को डबल लेन किया जा रहा है और सलौणी-दियोटसिद्ध स?क के लिए 37 करो? रुपये का प्रावधान किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ब?सर विधानसभा क्षेत्र में स?कों के सुदृ?ीकरण के लिए 96 करो? रुपये खर्च किए जा रहे हैं। बाबा बालक नाथ तीर्थस्थल और उसके आसपास के क्षेत्रों के सौंदर्यीकरण के लिए 65 करो? रुपये की योजना स्वीकृति की गई है।

उन्होंने कहा कि पिछली भाजपा सरकार ने मिनी सचिवालय के निर्माण के लिए नाममात्र का बजट दिया था जबकि वर्तमान सरकार ने इसका निर्माण कार्य पूर्ण करने के लिए 16.50 करो? रुपये का बजट उपलब्ध करवाया। प्रदेश सरकार ने फर्नीचर और लाइब्रेरी के लिये भी धन आवंटित किया है।

भाजपा पर क?। प्रहार करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा ने अपने कार्यकाल के दौरान विकास के नाम पर 1000 करो? रुपये की लागत से जो भवन बनाए थे वे भवन वर्तमान में खाली पड़े हैं। इसके अलावा उन्होंने आम चुनावों से ठीक पहले बिना शैक्षणिक स्टाफ की उपलब्धता सुनिश्चित किए 600 स्कूल खोलने की घोषणा की थी। उनकी गलत नीतियों के कारण ही शिक्षा के स्तर में भारी गिरावट आई और राज्य की रैंकिंग 21वें स्थान पर आ गई थी।

वर्तमान सरकार के लिए शिक्षा के क्षेत्र में सुधार करना शीर्ष प्राथमिकताओं में एक था। छात्र-शिक्षक अनुपात में संतुलन स्थापित करना महत्त्वपूर्ण था ताकि हर स्कूल में बच्चे को गुणात्त्मक शिक्षा उपलब्ध करवाने के लिए पर्याप्त शैक्षणिक स्टाफ की उपलब्धता सुनिश्चित हो। सरकार के निर्णयों के सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। सरकार के अथक प्रयासों से राज्य ने शिक्षा क्षेत्र में वार्षिक शिक्षा स्थिति रिपोर्ट (असर) में पांचवा स्थान हासिल किया है।

भाजपा ने कभी संसाधन जुटाने और लोगों के कल्याण के लिए संसाधनों और धन का सदुपयोग करने के बारे में नहीं सोचा। उन्होंने कहा कि अपने चहेतों को लाभ पहुंचाने के लिए भाजपा ने नीतियों में बदलाव किया। इसका अनुमान इस बात से लगाया जा सकता है कि भाजपा के शासनकाल में शराब की दुकानों के लाइसेंस के नवीनीकरण हर वर्ष 10 प्रतिशत प्रीमियम पर किया जाता था, जिसका सीधा लाभ भाजपा के लोगों को होता था। वर्तमान प्रदेश सरकार ने कार्यभार संभालने के उपरान्त शराब की दुकानों की नीलामी करने का निर्णय लिया और इससे राज्य को प्रतिवर्ष 450 करो? रुपये से अधिक की आय सुनिश्चित हुई जबकि भाजपा अपने पांच वर्ष के कार्यकाल में यह कार्य नहीं कर सकी।

इसके अतिरिक्त वर्तमान सरकार ने भ्रष्टाचार के चोर दरवाजे बंद कर 3000 करो? रुपये बचाए हैं और इस धनराशि से विधवाओं और बच्चों के लिए कल्याणकारी योजनाएं शुरू की गई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं राजनीतिक संबद्धता के आधार पर लोगों या क्षेत्रों में भेदभाव नहीं करता, बल्कि सभी क्षेत्रों का समान विकास सुनिश्चित करना चाहता हूं। प्रधानमंत्री द्वारा आपदा प्रभावितों के लिये घोषित 1,500 करो? रुपये के राहत पैकेज की राशि अभी तक राज्य को प्राप्त नहीं हुई है। मुख्यमंत्री ने राज्य के सभी सात सांसदों से प्रधानमंत्री द्वारा आपदा प्रभावितों के लिये घोषित धनराशि प्राप्त करने में मदद करने का आग्रह किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने क्षतिग्रस्त गौशालाओं के मुआवजे के अलावा पूर्णतः और आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुए मकानों के निर्माण के लिए आपदा राहत कोष में वृद्धि की है। हम शीघ्र ही आपदा प्रभावितों के लिए एक विशेष पैकेज की घोषणा करेंगे और आपदा प्रभावित परिवारों के लिए पर्याप्त प्रावधान किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य को पूरा करने के लिए सरकार द्वारा बजट तैयार किया गया है।

### स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को पुनर्जीवित करने के दृढ़ प्रयास

मुख्यमंत्री ने कहा कि व्यवस्था परिवर्तन की मुहीम को शुरू कर सरकार बीमार स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को पुनर्जीवित करने के लिए दृढ़ प्रयास कर रही है। राज्य में सार्वजनिक स्वास्थ्य संस्थानों को व्यवस्थित तरीके से बेहतर किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाना है। सरकार ने स्वास्थ्य सेवाओं के आधुनिकीकरण और विकास के लिए 3000 करो? रुपये का निवेश करने का निर्णय लिया है। सरकार ने राज्य में 69 आदर्श स्वास्थ्य संस्थान खोले हैं। इन संस्थानों के साथ-साथ राज्य के अन्य सभी स्वास्थ्य संस्थानों को सुदृ? करने के लिए उन्नत उपकरण खरीदे जा रहे है। आईजीएमसी शिमला और अन्य स्वास्थ्य संस्थानों में 19 से 20 साल पुरानी मशीनों को नई मशीनों से बदला जा रहा है।

### मुख्यमंत्री ने 41.52 करोड़ के लोकार्पण और शिलान्यास किए

**हमीरपुर (शिल्पा शर्मा)।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज जिला हमीरपुर के एक दिवसीय दौरे के दौरान ब?सर विधानसभा क्षेत्र में 41.52 करो? रुपये की लागत की विकासात्मक परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास किए। मुख्यमंत्री ने 1.34 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित बम्बलू हेलीपैड, 17.45 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित मिनी सचिवालय बड़सर और 1.11 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित स्वास्थ्य उपकेंद्र भवन बणी का लोकार्पण किया। उन्होंने 18.72 करो? रुपये की लागत से निर्मित होने वाले धनेटा-ब?सर स?क और ब?सर तहसील में मान खड्ड पर 2.88 करोड़ रुपये से निर्मित होने वाले चेकडैम का शिलान्यास भी किया।

# अनुराग ठाकुर के जन्मदिन पर गांधी चौक पर उमड़ी भारी भीड़

अर्थ प्रकाश/शिल्पा शर्मा



**हमीरपुर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री और पांचवीं बार के सांसद अनुराग सिंह ठाकुर के जन्मदिन के उपलक्ष्य में हमीरपुर के गांधी चौक पर आम लोगों और भाजपा कार्यकर्ताओं की भारी भीड़ देखी गई। उत्साह से ओतप्रोत यह कार्यक्रम सुबह 10ः30 बजे भाजपा जिला महिला मोर्चा द्वारा जिला अध्यक्ष अर्चना चौहान के नेतृत्व में आयोजित सांस्कृतिक ÷महिला संगीत÷ कार्यक्रम के साथ शुरू हुआ।

महिला कार्यकर्ताओं ने पूरे उत्साह और ऊर्जा के साथ इस अवसर का जश्न मनाया और पूरा गांधी चौक लोकगीतों और पारंपरिक हिमाचली धुनों से गूंज उठा। पूर्व विधायक उर्मिल ठाकुर, प्रदेश भाजपा सचिव वंदना योगी, जिला उपाध्यक्ष राजकुमारी ठाकुर एवं सुमन चौहान, हमीरपुर महिला मोर्चा अध्यक्ष सुमन कपिल तथा जिला एवं मंडल महिला मोर्चा की बड़ी संख्या में पदाधिकारियों ने भी बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। बड़सर के पूर्व विधायक बलदेव शर्मा भी समारोह में शामिल हुए और उपस्थित लोगों की सांस्कृतिक भावना की सराहना की।

अनुराग ठाकुर के ÷वोकल फॉर लोकल÷ अभियान और स्थानीय उद्यमिता को बढ़ावा देने पर भाजपा की सोच के अनुरूप, हमीरपुर जिले के कई स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) ने स्थानीय स्तर पर निर्मित उत्पादों–हस्तशिल्प, हथकरघा उत्पाद और जैविक उत्पाद–को प्रदर्शित और बेचने के लिए स्टॉल लगाए थे।

**स्वास्थ जांच एवं रक्तदान शिविर :** इस अवसर पर अनुराग ठाकुर द्वारा प्रायोजित सांसद स्वास्थ्य मोबाइल सेवा द्वारा मुफ्त स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया जिसमें 100 से अधिक लोगों के स्वास्थ्य की निशुल्क जांच की गई। इसके साथ ही रक्तदान शिविर भी लगाया गया जिसमें 108 लोगों ने रक्तदान के लिए आवेदन किया, लेकिन ब्लड बैंक में स्टोरेज क्षमता के अनुरूप केवल 51 लोगों का ही रक्त एकत्रित किया गया।

समारोह में जिले भर के भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया, जो अनुराग सिंह ठाकुर को हार्दिक शुभकामनाएँ देने के लिए गांधी चौक पर एकत्रित हुए। प्रमुख उपस्थित लोगों में पूर्व विधायक बलदेव शर्मा, विजय अग्निहोत्री और उर्मिल ठाकुर शामिल थीं। इसके अलावा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं पूर्व जिला अध्यक्ष देशराज शर्मा, जिला महासचिव श्री अजय रिंटू एवं श्री राजेश सहगल, जिला उपाध्यक्ष चमन ठाकुर, राजकुमारी ठाकुर और संजीव शर्मा, जिला सचिव सुरेंद्र मिन्हास, जिला प्रवक्ता विनोद ठाकुर, जिला मीडिया प्रभारी विक्रमजीत सिंह बनयाल, जिला आईटी सह-संयोजक अश्वनी गांधी, आईटी जिला संयोजक अभिषेक दत्त, और सोशल मीडिया सह-संयोजक रजित भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों से मंडल अध्यक्ष भी शामिल हुए, जिनमें अभयवीर लवली (समीरपुर), संजीव कुमार शर्मा (बड़सर), यशवीर पटियाल (धटवाल), विक्रम राणा (बमसन), जसबीर सिंह (सुजानपुर), श्रीपाल शर्मा (हमीरपुर शहरी), और जसवीर (हमीरपुर ग्रामीण) शामिल थे। एपीएमसी के पूर्व अध्यक्ष अजय शर्मा, नवीन शर्मा, पूर्व भाजयुमो जिला अध्यक्ष कपिल मोहन और बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और समर्थक भी उपस्थित थे, जिससे यह अवसर जीवंत और यादगार बन गया। समारोह का समापन गांधी चौक में नारों और शुभकामनाओं के साथ हुआ।

# समूरकलां में कहानी वाचन सत्र का आयोजन

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा

**ऊना।** भाषा एवं संस्कृति विभाग हिमाचल प्रदेश द्वारा कहानी वाचन शृंखला ÷एक समय की बात है÷ का शुभारम्भ किया गया 7 इस शृंखला के अंतर्गत प्रत्येक सप्ताह के अंत में एक सत्र का आयोजन किया जाएगा जिसमें किसी वरिष्ठ कहानीकार द्वारा विद्यालय एवं महाविद्यलय के छात्रों को एक प्रेरणादायक कहानी सुनाई जाएगी। युवा पी?ी में सृजनात्मक लेखन, चिंतन, और लोक संस्कृति एवं परंपराओं के प्रति भावनात्मक जुड़ाव विकसित करने के उद्देश्य से इस शृंखला को प्रारम्भ किया गया है।

इसी श्रृंखला के अंतर्गत विभाग द्वारा लता मगेश्कर कला केन्द्र समूरकलां में कहानी वाचन सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें शिक्षा भारती बी0 एड0 कॉलेज के छात्रों एवं शिक्षकों ने भाग लिया । सत्र के प्रारम्भ में वरिष्ठ साहित्यकार अशोक कलिया द्वारा कहानी एवं उसके तत्त्वों तथा कहानी लेखन पर विचार व्यक्त किए । तदोपरांत जिला ऊना की वरिष्ठ कहानीकार श्रीमती अलका चावला द्वारा ÷ माँ और मातृदिवस ÷ शीर्षक कहानी का वाचन किया गया । कहानी सुनने के उपरान्त छात्रों द्वारा कहानी सम्बन्धित अपनी-अपनी अभिव्यक्तियाँ अभिव्यक्त की जैसे - ÷ कहानी का नायक जहाँ एक ओर मातृदिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में माँ पर बहुत सुंदर कविता सुनाता है वहीं घर आकर अपनी माँ के साथ दुर्व्यवहार करता है जिसको नायक की बेटी नेहा देखती रहती है ÷ कहानी का यह अंश श्रोताओं को प्रेरणा देता है की हमारी कथनी और करणी में समानता होनी चाहिए और अपने माता-पिता के प्रति सदैव समर्पण और सेवा का भाव होना चाहिए । हम अपने माता-पिता के साथ जैसा व्यवहार करते हैं हमारे बच्चे भी उसी से प्रभावित होते हैं ।

कार्यक्रम के अंत में जिला भाषा अधिकारी ने सभी का धन्यवाद करते हुए कहा कि कहानियाँ हमें जीवन के नैतिक मूल्य, जीवन के अनुभव, और संकटों का सामना करने की प्रेरणा देती हैं । वे हमारे जीवन में सहानुभूति, विश्वास, और गहरी भावनाएं पैदा करती हैं, जिससे मनुष्य अपने लक्ष्यों पर विश्वास करने और क?ी मेहनत करने के लिए प्रेरित होता है । उन्होंने कहा कि विभाग भविष्य में भी इस तरह के आयोजन नियमित रूप से करता रहेगा ताकि युवा पीढ़ी में सृजनात्मक लेखन, चिंतन, और लोक संस्कृति एवं परंपराओं के प्रति भावनात्मक जुड़ाव की भावना पैदा हो सके ।

## न्यूज ब्रीफ

### हमीरपुर में हुआ फल व कंबल वितरण कार्यक्रम



**हमीरपुर (शिल्पा शर्मा)।** सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर के जन्मदिवस के अवसर पर आज हमीरपुर जिले में विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा सेवा और समर्पण कार्यक्रम के तहत फल वितरण व कंबल वितरण किया गया। इस अवसर पर स्थानीय कार्यकर्ताओं ने अस्पतालों, वृद्धाश्रमों और जरूरतमंद परिवारों के बीच जाकर फलों का वितरण किया तथा अनुराग सिंह ठाकुर के स्वस्थ, दीर्घायु एवं सफल जीवन की कामना की। जिला हमीरपुर के नागरिक अस्पताल हमीरपुर व सुजानपुर मे मरीजों व तमीरदारों को ?ल वितरित किए गए जबकि दरिद्र नारायण वृद्ध आश्रम हमीरपुर व बाल आश्रम सुजानपुर मे कंबल वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनों ने कहा कि अनुराग सिंह ठाकुर ने अपने विकास कार्यों, युवाओं के प्रति समर्पण और जनसेवा की भावना से हमीरपुर सहित पूरे हिमाचल का नाम देश व विदेशों मे रोशन किया है। फल वितरण कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता, युवा मोर्चा के सदस्य, और स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री का बड़सर दौरा रहा पूरी तरह सुपर फ्लॉप : विधायक इन्द्रदत्त

अर्थ प्रकाश/शिल्पा शर्मा



**हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू का आज का बड़सर दौरा जनता की उम्मीदों पर पूरी तरह खरा नहीं उतरा। जनता जिस उम्मीद और उत्साह के साथ मुख्यमंत्री के स्वागत की प्रतीक्षा कर रही थी, उन्हें केवल निराशा, दिखावा और दोहराए गए वादे ही मिले। मुख्यमंत्री का दौरा विकास का नहीं बल्कि राजनीतिक भाषण और आत्मप्रशंसा का कार्यक्रम बनकर रह गया।

ुबह से ही आम जनता रेस्ट हाउस में मुख्यमंत्री से मिलने के लिए घंटों इंतजार करती रही, लेकिन मुख्यमंत्री जनता से बिना मिले ही रवाना हो गए।

विधायक इन्द्रदत्त लखनपाल ने कहा कि इस व्यवहार से साफ होता है कि ÷मुख्यमंत्री आम जनता के नहीं, बल्कि अपने मित्रों और चहेतों के मुख्यमंत्री हैं। उन्होंने जनता की भावनाओं की अनदेखी कर यह साबित कर दिया कि यह सरकार जनता से संवाद नहीं, बल्कि मंच से भाषण देना ही अपना कर्तव्य समझती है। विधायक लखनपाल ने कहा कि मुख्यमंत्री ने अपने भाषण में कोई नई घोषणा नहीं की, बल्कि वही वादे दोहराए जो 2023 में भी किए गए थे।

मुख्यमंत्री ने एक बार फिर 100 बेड अस्पताल की घोषणा दोहराई, जबकि दो वर्षों में न तो भवन निर्माण प्रारंभ हुआ और न ही योजना स्वीकृत हुई। ÷यह सरकार जनता को केवल खोखले सपने दिखाने में माहिर है, लेकिन धरातल पर कोई ठोस काम नहीं कर पा रही है। मुख्यमंत्री ने अपने पूरे संबोधन में दियोटसिद्ध मंदिर ट्रस्ट घोटाले पर एक शब्द भी नहीं कहा।

विधायक लखनपाल ने कहा कि मुख्यमंत्री की यह चुप्पी दर्शाती है कि कांग्रेस सरकार इस घोटाले में कुछ न कुछ छिपा रही है। ÷दियोटसिद्ध जैसे आस्था केंद्र से जुड़े मामले पर मौन साध लेना मुख्यमंत्री की जवाबदेही से बचने का प्रयास है।

मुख्यमंत्री जिस ?65 करोड़ के मंदिर विकास कार्य का श्रेय खुद को दे रहे हैं, वह दरअसल एशियन डेवलपमेंट बैंक द्वारा जयराम ठाकुर सरकार के समय स्वीकृत की गई राशि है। मौजूदा सरकार ने इस दिशा में कोई नया कदम नहीं उठाया। ÷मुख्यमंत्री जनता को भ्रमित कर रहे हैं, जबकि सच्चाई यह है कि भाजपा सरकार के समय स्वीकृत योजनाओं पर ही यह सरकार अपनी राजनीति चमका रही है। मुख्यमंत्री ने मंच से हर घर जल की बात तो की, लेकिन बड़सर क्षेत्र में पिछले तीन वर्षों से जल शक्ति विभाग में एक भी नई पाइप नहीं आई।

# आपदा जोखिम न्यूनीकरण को लेकर ग्रामीणों को किया जागरूक

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा

**ऊना।** जिला आपदा प्रबंधन एवं प्राधिकरण ऊना द्वारा आयोजित आपदा जोखिम न्यूनीकरण और समर्थ कार्यक्रम 2025 के तहत शुक्रवार को अंब और नैहरियां में लोगों को भूकंप सुरक्षित भवन निर्माण करने को लेकर जागरूक किया गया।

इस दौरान सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग से संबद्ध फोक मीडिया ग्रुप आरके कला मंच चिंतपूर्णी के कलाकारों ने लोगों को सुरक्षित भवन निर्माण के विभिन्न तौर तरीकों और मूलभूत ज्ञान से अवगत करवाया। कलाकारों ने बताया कि भवन चाहे अवासीय हों या गैर आवासीय उसका निर्माण भूकंपरोधी तरीके से किया जाना चाहिए। भवनों में किसी भी प्रकार का संरचनात्मक बदलाव करने से पहले अभियंता से परामर्श अवश्य लें ताकि भूकम्प से होने वाले नुकसान को कम किया जा सके। कलाकारों ने लोगों को भूकंपरोधी भवन बनाने के लिए उत्तम सीमेंट मोर्टार, क्षैतिज भूकंपरोधी बैंड, इंट की दीवारों का सुदृ?ीकरण, उद्धघाटनों के जांब्स में ख?ी सुदृ?ीकरण और नींव बनाने में प्रयोग होने वाले आवश्यक तत्वों बारे भी जागरूक किया।

इसी कड़ी में समर्थ 2025 कार्यक्रम के तहत 25 अक्तूबर को गगरेट और शिवबाड़ी तथा 26 अक्तूबर को कुनेरन और ओईल में आरके कलामंच चिंतपूर्णी के कलाकारों द्वारा नुक्क? नाटकों के जरिए लोगों को भूकपं सुरक्षित भवन निर्माण के साथ-साथ आपदा जोखिमों और उपायों बारे जागरूक किया जाएगा।

# सामाजिक आंदोलन का रूप ले रहा 'तंबाकू मुक्त युवा अभियान 3.0'

तंबाकू छोड़ो, ज़िंदगी चुनो के संदेश के साथ ऊना में जागरूकता की नई लहर

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा



**ऊना।** जिले इन दिनों एक सकारात्मक सामाजिक परिवर्तन की राह पर है। ÷तंबाकू छो?ो, ज़िंदगी चुनो÷ के सशक्त संदेश के साथ शुरू हुआ 'तंबाकू मुक्त युवा अभियान 3.0' जिले में एक जन-जागरूकता मुहिम से आगे बढ़कर सामाजिक आंदोलन का रूप ले रहा है। इस अभियान की शुरुआत उपायुक्त जतिन लाल ने 9 अक्तूबर को क्षेत्रीय अस्पताल ऊना से की थी, जो आगामी 8 दिसंबर तक चलेगा।

यह पहल स्वास्थ्य विभाग के सौजन्य से पूर्व में आयोजित सफल अभियानों का तीसरा चरण है, जिसमें इस बार नई रणनीति, व्यापक जनभागीदारी और विभागीय समन्वय पर विशेष बल दिया गया है। अभियान का उद्देश्य तंबाकू सेवन के दुष्प्रभावों के प्रति लोगों में जागरूकता लाना, युवाओं को नशामुक्त जीवन की ओर प्रेरित करना और ऊना को पूर्णतः ÷तंबाकू मुक्त जिला÷ बनाना है। यह मुहिम ÷तंबाकू मुक्त हिमाचल÷ के राज्यव्यापी लक्ष्य को साकार करने की दिशा में भी एक निर्णायक कदम है। यह अभियान प्रशासन की किसी औपचारिक पहल से अधिक, अब एक सामाजिक आंदोलन के रूप में विकसित हो चुका है। उपायुक्त जतिन लाल का कहना है कि इस प्रयास की सफलता प्रत्येक नागरिक की भागीदारी पर निर्भर है। हमारा उद्देश्य केवल तंबाकू नियंत्रण तक सीमित नहीं, बल्कि ऊना को एक स्वस्थ, सुरक्षित और नशामुक्त जिला बनाना है।

जतिन लाल बताते हैं कि अभियान को जन-आंदोलन का स्वरूप देने के लिए पंचायती राज संस्थानों, गैर-सरकारी संगठनों, स्वयंसेवी समूहों और युवाओं को इसमें जोड़ा गया है। ग्रामीण स्तर पर नुक्कड़ नाटक, रैलियां, निबंध व चित्रकला प्रतियोगिताएं और सामुदायिक बैठकों के माध्यम से जागरूकता फैलाई जा रही है।

### युवाओं को केंद्र में रखकर रची गई है रणनीति

अभियान का सबसे बड़ा फोकस युवाओं पर है, क्योंकि तंबाकू सेवन की शुरुआत प्रायः किशोरावस्था में होती है। उपायुक्त जतिन लाल ने बताया कि शिक्षण संस्थानों को तंबाकू मुक्त क्षेत्र घोषित करने के लिए विशेष दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि सभी स्कूलों और कॉलेजों के 100 गज के दायरे में तंबाकू उत्पादों की बिक्री न हो। पंचायती स्तर पर 'तंबाकू मुक्त गांव' अभियान को भी सक्रिय रूप से आगे बढ़ाया जा रहा है। पुलिस विभाग की सहायता से सीओटीपीए-2003 और पीईसीए-2019 के तहत तंबाकू नियंत्रण कानूनों का सख्ती से पालन करवाया जा रहा है। उपायुक्त ने यह भी स्पष्ट किया कि किसी भी बार या रेस्तरां में नियमों का उल्लंघन करते हुए हुक्का परोसने जैसी गतिविधि पाई जाने पर तुरंत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, हिमाचल प्रदेश तंबाकू उत्पाद नियंत्रण अधिनियम, 2016 और खुली सिगरेट एवं बीड़ी बिक्री निषेध अधिनियम, 2016 को भी पूरी सख्ती से लागू करने पर बल दिया गया है।

उपायुक्त ने लोगों से आह्वान किया है कि वे इस पहल को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं और तंबाकू मुक्त हिमाचल के संकल्प में अपना योगदान दें। उन्होंने कहा कि यह अभियान केवल स्वास्थ्य सुरक्षा का संदेश नहीं दे रहा, बल्कि समाज को स्वच्छ, सशक्त और सजग बनाने की दिशा में भी एक बड़ा कदम है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एस.के. वर्मा बताते हैं कि इस जन-अभियान में सभी विभागों की समन्वित भूमिका है। हर विभाग इसकी सफलता में अपने अपने स्तर पर प्रयासरत है। युवाओं और विद्यार्थियों को तंबाकू और अन्य नशे के दुष्प्रभावों से बचाने के लिए निरंतर गतिविधियां चलाई जा रही हैं।

# अनुराग ठाकुर के जन्मदिन पर आवास पर उमड़े सैकड़ों फैंस

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**शिमला।** पूर्व केंद्रीय मंत्री, हमीरपुर लोकसभा सांसद व हिमाचल ओलंपिक संघ के अध्यक्ष श्री अनुराग सिंह ठाकुर के जन्मदिन के अवसर पर उनके दिल्ली स्थित आवास पर देशभर से सैकड़ों की संख्या में पार्टी कार्यकर्ता व पदाधिकारी, पत्रकार, जनप्रतिनिधि व समर्थकों ने मिलकर अपनी शुभकामनाएँ प्रेषित कीं। अनुराग सिंह ठाकुर के जन्मदिन के अवसर पर उन्हें चाहने वालों ने केक काटकर, गीत गाकर अपनी पूरे धूम-धाम से जन्मदिन मनाया। हिमाचल प्रदेश से दिल्ली पहुँचे कई हिमाचलियों ने पारंपरिक तरीक़े से श्री अनुराग सिंह ठाकुर का जन्मदिन मनाया। श्री अनुराग सिंह ठाकुर जी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में हिमाचल में कई विधानसभाओं में रक्तदान शिविर, हेल्थ चेकअप कैंप, कंबल वितरण व फल वितरण कार्यक्रम, खेल प्रतियोगिताओं व मंदिरों में पूजा अर्चना के माध्यम से पार्टी कार्यकर्ताओं, शुभचिंतकों व समर्थकों धूमधाम से श्री अनुराग सिंह ठाकुर जी का जन्मदिन मानकर उनके दीर्घायु जीवन की कामना की


HIMACHAL PRADESH

PUBLIC WORKS DEPARTMENT INVITATION FOR BIDS (IFB

The Executive Engineer, Shimla Division No-III, HPPWD, Shimla-3 on behalf of Governor of H.P invites the percentage rate bids, in electronic tendering system, from the eligible class of contractors registered with HP.PWD., for the work as detailed in the table.

| Sr. No | Name of work | Estimated Cost in Rs. | Starting Date of Downloading Bid | EMD | Cost of tendor | Time Allowed | Deadline for submission of bid |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Estimate of consultancy for preparation of RSIS (SH:- Road status information system application with two years maintenance). | Rs. 4948684.00 | 24-10-2025 | Rs. 98980.00 | Rs. 2000.00 | One Months | 31-10-2025 |

The bidders are advised to note other details, of tenders from the department website,www.hptenders.gov.in. The Executive Engineer reserves the right to accept/reject any tender/application without assigning any reason.

RO No. 3936_2025-2026 "HIM SUCHANA AWAM JAN SAMPARK

## भगवान महावीर निर्वाण महोत्सव एवं दो दिवसीय नि:शुल्क मेडिकल कैंप आज

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 23 अक्टूबर।** भगवान महावीर निर्वाण महोत्सव में मधुरवक्ता महासाध्वी श्री मधुरता जी महाराज की सुशिष्या तप चंद्रिका साध्वी श्री ममता जी महाराज के पावन जन्मदिन के अवसर पर 25 व 26 अक्टूबर को नि:शुल्क मेडिकल कैंप लगाया जाएगा। मेदांता गुरुग्राम एवं श्री एस. एस. जैन सभा जीरकपुर के सहयोग से तथा गुरुणी मैच्या मधुरवक्ता महासाध्वी श्री मधुरता जी महाराज की पावन प्रेरणा ब आशीर्वाद से इस कैंप का आयोजन श्री एस एस जैन सभा, 42, बादल कॉलोनी, नजदीक बालाजी टिम्बर, चण्डीगढ़ अंबाला रोड़, जीरकपुर में सुबह 10 बजे से 3 बजे तक होगा। कैंप में ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, ई.सी.जी, हड्डियों में कैल्शियम की जांच, फेफड़ों की जांच, हृदय रोग एवं सांस रोग आदि की जांच

डॉ. नरेश त्रेहन की टीम, कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. एसके तनेजा द्वारा की जाएगी। यह जानकारी एस. एस. जैन सभा एवं समस्त कार्यकारिणी सदस्य ने दी।

## राज्यपाल ने वर्ल्ड पोलियो दिवस पर बच्चों को पीएससी कोट में पिलाई दवा

# पौधरोपण पर्यावरण संरक्षण के लिए बेहद जरूरी है : प्रो. असीम कुमार

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** हरियाणा के राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष ने कहा कि पौधरोपण पर्यावरण संरक्षण के लिए बेहद जरूरी है। पौधा लगाने के साथ साथ उसका संरक्षण भी आवश्यक है तभी वह पौधा एक वृक्ष बनकर हमें छाया देगा और पर्यावरण को स्वच्छ व साफ रखने में सहायक सिद्ध होगा। राज्यपाल अपनी धर्मपत्नी श्रीमती मित्रा घोष सहित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गांव कोट में वर्ल्ड पोलियो दिवस के अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने बच्चों को पोलियो बचाव की दवा पिलाई इसके अलावा प्रो. घोष ने रुद्राक्ष व आंवला के पौधे भी लगाए।

हरियाणा के राज्यपाल ने कहा कि पोलियो टीकाकरण का उद्देश्य पोलियो के प्रति जागरूकता फैलाना और बच्चों को पोलियो से बचाना है। इसी मकसद से टीकाकरण की मुहिम चलाई जा रही है, उन्होंने बताया कि पोलियो मुख्य रूप से पांच साल से कम उम्र के बच्चों को प्रभावित करता है। वर्ल्ड पोलियो दिवस के अवसर पर राज्यपाल और उनकी धर्मपत्नी ने बच्चों को दावा पिलाई ओर खिलौने और फल बांटे। उन्होंने कहा कि सभी कम से कम एक पौधा अवश्य लगाए और उसकी देखभाल भी करें।



इसके उपरांत हरियाणा के राज्यपाल ने सेक्टर 20 के शहीद मेजर अनुज राजपूत गवर्मेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में चल रहे टीकाकरण कार्यक्रम में स्कूली बच्चों को टीकाकरण उपरांत चॉकलेट वितरित की। प्रो. घोष ने स्कूल के बच्चों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया और बच्चों से बात कर विस्तार से जानकारी ली और उन्हें चॉकलेट वितरित की। उन्होंने पूरे स्कूल का दौरा भी किया। इसके बाद प्रो. घोष ने मेंटली डिसएबल्ड बच्चों से भी बातचीत कर उनका हाल चाल जाना ओर उन्हें भी चॉकलेट वितरित की। इससे पूर्व हरियाणा के राज्यपाल ने शहीद मेजर अनुज राजपूत की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर शहीद के पिता कुलबंश सिंह भी मौजूद थे।

इस अवसर पर उपायुक्त सतपाल शर्मा, पुलिस उपायुक्त सृष्टि गुप्ता, सिविल सर्जन डॉक्टर मुक्ता कुमार, जिला शिक्षा अधिकारी संध्या मालिक, प्रिंसिपल सेक्टर 20 स्कूल श्रीमती नीलू कत्याल, तहसीलदार सुरेश कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

## 15 लाख की साइबर ठगी के 2 आरोपी सिरसा से गिरफ्तार

**पंचकूला।** साइबर थाना पुलिस ने दो साइबर ठगों को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा किया है। डीसीपी क्राइम मनप्रीत सिंह सूदन ने बताया कि पिंजौर के रहने वाले शिकायतकर्ता ने 31 जुलाई 2024 को साइबर क्राइम थाना में मामला दर्ज करवाया थी। शिकायत में बताया गया कि 11 मई 2024 को फेसबुक पर स्क्रॉल करते समय उन्हें एक विज्ञापन दिखाई दिया जिसमें शेयर मार्किट में निवेश करने का वॉट्सऐप लिंक दिया गया था।

शिकायतकर्ता ने बताया कि लिंक पर क्लिक करने के बाद उन्हें वेबसाइट के माध्यम से अपने व्यक्तिगत दस्तावेज अपलोड करने के लिए कहा गया। प्रारंभ में थोड़े मुनाफे के बाद आरोपियों ने विभिन्न समय पर कुल 15 लाख 74 हजार रुपए की धोखाधड़ी की। मामले की जांच सब-इंस्पेक्टर भूप सिंह द्वारा की जा रही थी। मामले में कार्रवाई करते हुए साइबर एसएचओ युधवीर सिंह की अगुवाई में टीम ने सिरसा में दबिश दी। टीम ने आरोपी अभय कुमार और जतिन कुमार उर्फ जयंत दोनों वासी सिरसा को गिरफ्तार किया।

## महिला से कान की बालियां छीनने के मामले में दो दोषियों को दस वर्ष की सजा

> जिला अदालत ने माना महिला के साथ वारदात संगीन अपराध

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** दो साल पुराने महिला से कान की बालियां छीनने के मामले में जिला अदालत ने दो दोषियों को 10 वर्ष की सख्त सजा सुनाई है। सत्र न्यायाधीश वेश प्रकाश सिरोही की अदालत ने जसविंदर सिंह और नरेश कुमार को दोषी ठहराने के साथ ही उन पर 25 हजार रूपए जुर्माना भी लगाया। अभियोजन पक्ष की तरफ से दायर मामले में पेश किए गए सबूतों और साक्ष्यों के आधार पर दोषियों को सजा सुनाई। इस मामले में पीड़ित महिला अमरीक कौर के साथ हुई वारदात के वक्त मौके पर मौजूद जोगिंदर सिंह और संजीव कुमार की गवाहियां दोषियों को सजा दिलाने में अहम साबित हुई। वहीं पीड़ित के कान की बालियों की रसीद और अमरीक कौर की एमएलआर मजबूत साक्ष्य थे।

अभियोजन पक्ष के मामले के अनुसार 15 अगस्त 2023 को शिकायतकर्ता अमरीक कौर पत्नी प्रीतम सिंह, निवासी बांके बिहारी सोसाइटी, जीएच-4, पंचकूला, पुलिस स्टेशन, चंडीमंदिर, जिला पंचकूला में आई और शिकायत दर्ज कराई कि वारदात के दिन सुबह लगभग 6 बजे, वह गुरुद्वारा साहिब से मॉर्निंग वॉक के बाद वापस आ रही थी। लगभग 6.30 बजे, जीएच-4 सोसाइटी के मोड़ पर दो लड? मोटरसाइकिल पर आए और उससे बातचीत करने लगे। इसी दौरान, उनमें से एक ने उसे धक्का दिया और उसके कानों की बालियां छीन लीं और भाग गया। वह मोटरसाइकिल का नंबर नोट नहीं कर पाई। घटनास्थल के पास, मकान संख्या 15, सेक्टर-23, पंचकूला में एक सीसीटीवी कैमरा लगा हुआ था। इन तथ्यों के आधार पर, आरोपियों के विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने का अनुरोध किया गया। पुलिस थाने में शिकायत प्राप्त होने पर, अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता की धारा 379-ए के अंतर्गत अपराध की औपचारिक प्राथमिकी दर्ज की गई। सहायक उपनिरीक्षक मुकेश कुमार द्वारा जांच शुरू की गई। घटनास्थल का निरीक्षण किया गया और उसका एक अनुमानित स्थल का नक्शा तैयार किया गया। सीआरपीसी की धारा 161 के अंतर्गत गवाहों के बयान दर्ज किए गए। इसके बाद, उपनिरीक्षक पवित्र सिंह द्वारा जांच की गई। जांच के दौरान, शिकायतकर्ता-घायल अमरीक कौर ने अपनी एमएलआर और छीने गए कानों के झुमके के बिल की प्रति प्रस्तुत की, जिन्हें पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया।

## जेलों में गैंगस्टर कल्चर पर लगी लगाम अब भाईजी को मिला साफ-सफाई का काम : आलोक राय

अर्थ प्रकाश/आदित्य शर्मा

**पंचकूला।** प्रदेश की जेलों में अब भाईजी को सलाम नहीं बल्कि साफसफाई के काम मिलने लगे हैं। प्रदेश की अलग अलग जेलों में बंद करीब 400 गैंगस्टरों की लुक को जेल विभाग के मैनुअल के मुताबिक पूरी तरह बदल दिया गया है। यानी अब जेल में गैंगस्टर कल्चर पर पूरी तरह लगाम लग चुकी है। जेलों में गैंगस्टर आम कैदी की तरह ही साफसफाई, टॉयलेट की साफसफाई का काम कर रहे हैं।

हरियाणा कारागार विभाग के पुलिस महानिदेशक आलोक राय ने कहा कि जेलों में भाईजी प्रथा को पूरी तरह बदल दिया गया है। जो गैंगस्टर ब्रांडेड कपड़े, महंगे जूते और आराम की वस्तुएं चाहते थे अब उन्हें जेल की वर्दी देकर हाथ में झाड़ू थमा दिया गया है। हरियाणा की जेलों में बंद गैंगस्टर्स का हुलिया बदल दिया गया है। अब आम कैदियों जैसी है जेलों में बंद गैंगस्टर्स की लुक दिखाई देगी। कोई नामी गैंगस्टर का दबदबा नहीं चलेगा।



डीजीपी जेल आलोक राय ने कहा कि जेलों में गैंगस्टर्स आम कैदियों की तरह साफ सफाई करने लगे हैं। इस वक्त हरियाणा की जेलों में 400 गैंगस्टर्स बंद हैं और सभी को जेल की बारे में रखा गया है। अब भाईजी को स्पेशल ट्रीटमेंट नहीं मिलेगा। उन्होंने कहा कि हरियाणा की जेलों में अपराधियों की जिंदगी का क्या हाल है इसको लेकर जेल विभाग प्रदर्शनी लगाएगा। जगह जगह प्रदर्शनी लगाकर आम लोगों को दिखाया जाएगा। आलोक राय ने कहा कि गैंगस्टर अपराध की तरफ आकर्षित रहते हैं और जहां भी रहते हैं अपना दबदबा कायम करना चाहते हैं लेकिन गैंगस्टरों को यह एक सबक है कि अपराध की दुनियाना को वे जितना जल्द ही सकें छोड़ दें वरना जेल की कालकोठरी में आने के बाद वह गैंगस्टर बने रहना अपने आप छोड़ देगा।

डीजीपी ने कहा कि जेलों में गैंगस्टर कल्चर पर पाबंदी लगाने में अधिकारी और जेल कर्मियों का सबसे बड़ा सहयोग रहा है। उन्होंने कहा कि वे समय समय पर जेल अधीक्षकों के साथ संपर्क में रह कर मौजूदा गैंगस्टरों के व्यवहार में आने वाले बदलाव, उनके पहनावे की आम सोच और साफसफाई के कामकाज से उनमें जिम्मेदार नागरिक बनने की इस पहल का वे जायजा लेते रहेंगे।

## बीबी सतवंत कौर जौहल ने 3 किमी पैदल चाल में जीता स्वर्ण पदक

अर्थ प्रकाश/जेके बत्ता

**न्यू- चंडीगढ़।** लंबे समय से खेलों से जुड़ी और भारत का नेतृत्व कर चुकीं बीबी सतवंत कौर जौहल ने एक बार फिर देश का नाम रोशन किया है और 3 किलोमीटर पैदल चाल में स्वर्ण पदक जीतकर अपने जीवन की उपलब्धियों में चार चाँद लगा दिए हैं। उन्होंने 60 मीटर दौड़ में कांस्य पदक जीता है। उन्होंने 100 मीटर दौड़ में भी कांस्य पदक जीता है। इसी तरह, उन्होंने हैंडबॉल में भी रजत पदक जीता है। ये प्रतियोगिताएँ ऑस्ट्रेलिया के कैनबरा में 18 अक्टूबर से 25 अक्टूबर तक मास्टर एथलीट प्रतियोगिता में आयोजित की जा रही हैं। श्रीमती जौहल ने खेलों में पहले भी कई उपलब्धियाँ हासिल की हैं। इस अवसर पर भाजपा जिला खेल अध्यक्ष एवं दास एसोसिएट्स के मुख्य प्रबंधक पहलवान रवि शर्मा मुल्लापुर न्यू- चंडीगढ ने मैडम जौहल की इन उपलब्धियों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी और उनसे और भी उम्मीदें जताई। उन्होंने कहा कि मैडम जौहल जैसे बहुत कम लोग होते हैं जो खेलों के प्रति समर्पित होते हैं और नई पीढ़ी को खेलों से जोड़ रहे हैं। मैडम जोहल के भारत आने पर उनकी पूरी टीम द्वारा उनका बड़े पैमाने पर सम्मान किया जाएगा।



## कांग्रेस ने वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान को दी गति, पूर्व विधायक प्रदीप चौधरी ने किया हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ

अर्थ प्रकाश/जग्गी

**कालका।** कांग्रेस पार्टी के पूर्व विधायक प्रदीप चौधरी ने आज दून क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर भारतीय जनता पार्टी द्वारा वोट चोरी कर सत्ता में आने के खिलाफ चल रहे वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान पर विस्तार से चर्चा की। इस मौके पर उन्होंने हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत की और कार्यकर्ताओं को कालका विधानसभा क्षेत्र के बीएलए-2 फार्म भी वितरित किए।

चौधरी ने कहा कि बीजेपी ने सत्ता में आने के लिए लोकतंत्र की मर्यादाओं को तोड़ा है। आज राहुल गांधी ने इनकी पोल खोल दी है। जनता जान चुकी है कि कैसे वोटिंग से पहले वोट प्रतिशत अचानक बढ़ जाता है और ऐसे ही कई कारणों से बीजेपी सत्ता में आती रही है। उन्होंने कहा कि कालका क्षेत्र में टूटी सड़कों, लावारिस पशुओं, अफसरशाही, बढ़ती बेरोजगारी और जनता की अनदेखी जैसे मुद्दों पर लोग बेहद परेशान हैं। उन्होंने यह भी कहा कि जिन सड़कों का शुभारंभ किया जा रहा है, उनका शीघ्र निमार्ण कार्य भी तुरंत शुरू किया जाए, ताकि सर्दियों के आने पर काम में देरी या बहानेबाज़ी न हो। कांग्रेस पार्टी इन सभी मुद्दों को लेकर बीजेपी से जवाब मांग रही है और संगठन को मजबूत करने का कार्य कर रही है।



पूर्व विधायक ने कहा कि कार्यकर्ता घर-घर जाकर हस्ताक्षर अभियान चलाएं और हर बूथ पर संगठन को मज़बूत करने के लिए नए सक्रिय कार्यकर्ता व बीएलए-2 की नियुक्तियां तेजी से पूरी की जाएंगी।

इस अवसर पर कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे जिनमें नरेश मान, अशोक बाढ़ एडवोकेट, मान सिंह (जिला परिषद सदस्य), गुरभाग धमाला, राजिन्द्र, युवा नेता सचिन शर्मा, पूर्व सरपंच जस्सू, रविन्द्र मेहता, राजा खोखरा, श्याम टगरा, मंदीप कर्णपुर, सुच्चा सियुड़ी, मान सिंह चरनियां, मोनू रज्जिपुर, रामपाल खेड़ावाली, हरभजन कर्णपुर, जीत सुखोमाजरी, अवतार कोना, राजिन्द्र हकीमपुर, रामकरण हकीमपुर, हुसन गरीडां, हितेश डोरा, रवि शर्मा, जीत ठाकुर, रणदीप, राजू सज्जन सिंह, पाल सिंह सहित अनेक कार्यकर्ता शामिल रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### चलती कार में लगी भीषण आग

**पंचकूला।** पिंजौर कालका मेन रोड पर कालका शहर के औद्योगिक क्षेत्र मील चुंगी और पेट्रोल पंप के पास चलती कार में लगी भयंकर आग गई। लोगों और युवाओं की मुस्तैदी से आग पर काबू पाया जा सका। कार में सवार लोगों ने भाग कर जान बचाई। प्राप्त जानकारी के अनुसार पिंजौर कालका मेन सड़क मार्ग पर मील चुंगी औद्योगिक क्षेत्र और पेट्रोल पंप के पास रोड पर जा रही एक कार में अचानक धुएं के बाद कार ने आग पकड़ ली। मेन सड़क पर ट्रैफिक जाम लग गया। हादसे के बाद सड़क के दोनों और के वाहनों की आवाजाही रुक गई थी। लोगों की मुस्तैदी और युवाओं की मदद से आग पर काबू पाया जा सका आग क्यों लगी इसकी जांच जारी है।



### कालका में आज 3 घंटे बिजली बाधित रहेगी

**कालका (जग्गी)।** आज 25 अक्टूबर शनिवार को 11 के वी माँ काली फीडर सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक जरूरी मुरम्मत के कारण बंद रहेगा। जिसके कारण कालका मेन बाजार, रेलवे रोड, टिब्बी मोहल्ला, वाल्मीकि बस्ती, खेड़ा सीता राम, उप्पर मोहल्ला, आदर्श नगर, काली माता मंदिर, कुरारी मोहल्ला और आस पास लगती कालोनीयो और अहातो की बिजली सप्लाई बाधित रहेगी।

### तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार एक बुजुर्ग की मौत, एक गंभीर

**न्यू- चंडीगढ़ (जेके बत्ता)।** ओमेक्स टावर न्यू- चंडीगढ के पास आज तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार एक बुजुर्ग की मौत हो गई और एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार, कस्बा नयागांव के निकट पहाड़ी क्षेत्र के गांव काने का बाड़ा निवासी बंत राम (72) और गांव छोटी करोर नयागांव निवासी भाग सिंह किसी काम से मोटरसाइकिल पर जा रहे थे, तभी न्यू चंडीगढ़ ओमैक्स टावर के पास तेज रफ्तार बीएमडब्ल्यू ने उन्हें टक्कर मार दी। दुर्घटना के लिए जिम्मेदार चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने बताया कि काने का बाड़ा निवासी बंत राम की मौके पर ही मौत हो गई और दूसरे घायल व्यक्ति भाग सिंह को एम्बुलेंस के जरिए चंडीगढ़ के सेक्टर -16 स्थित सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतक बंत राम के शव को पोस्टमार्टम के लिए मोहाली के सरकारी अस्पताल ले जाया गया। स्थानीय पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। थाना प्रभारी इंस्पैक्टर अमनदीप तरीका ने कहा कि वाहन चालक की पहचान कर उसे जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। नजदीक के सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे है ।

## चाकू से हमला कर युवक से लूट करने वाले चार नाबालिग काबू

**पंचकूला।** सैक्टर-16 चौकी टीम ने तेज कार्रवाई करते हुए एक लूट की वारदात को 24 घंटे के भीतर सुलझा दिया है। डीसीपी सृष्टि गुप्ता ने बताया कि 23 अक्टूबर को मूल रूप से उत्तर प्रदेश निवासी और हाल ही में पंचकूला में रहने वाले एक युवक ने सैक्टर-16 पुलिस चौकी में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में युवक ने बताया कि उसी दिन शाम वह साइकिल पर सवार होकर सैक्टर-9 की तरफ जा रहा था, तभी सैक्टर-16/17 गोल चक्कर के पास चार अज्ञात युवकों ने उसे घेर लिया। इन युवकों ने चाकू से हमला किया, कैश लूट लिया और जान से मारने की धमकी दी।

सैक्टर-16 चौकी इंचार्ज सिंह राज की टीम ने तुरंत मामले का संज्ञान लिया और आरोपी युवकों की पहचान व गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई शुरू की। जांच के दौरान यह पता चला कि चारों आरोपी नाबालिग हैं।

## युवक की मौत से भड़के लोग, जनता कॉलोनी नयागांव में नशे के खिलाफ धरना प्रदर्शन

अर्थ प्रकाश/जेके बत्ता

**न्यू- चंडीगढ़।** जनता कॉलोनी नयागांव में नशे के खिलाफ लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। गुरुवार को कॉलोनी वासियों ने कैंडल मार्च किया फिर सड़क पर उतरकर जोरदार धरना प्रदर्शन किया और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। लोगों का आरोप है कि कॉलोनी में खुलेआम नशे का कारोबार चल रहा है, जिसके कारण कई युवाओं की जिंदगी बर्बाद हो रही है। जनता कॉलोनी में रहने वाले 19 साल के युवक की नशे से मौत हो गई थी। मृतक के पिता मोहन ने बताया कि उनका बेटा नशे का आदी हो गया था, जिसे इलाज के लिए मेरठ के एक नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती कराया था। वहां उसकी संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई। वीरवार को युवक का अंतिम संस्कार सेक्टर-25 श्मशान घाट में किया गया। संस्कार के बाद कॉलोनीवासियों ने एकजुट होकर नशा तस्करों और प्रशासन की लापरवाही के खिलाफ सड़क पर उतरकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान वार्ड अनिल कुमार, मुकेश चनालिया, रवि वशिष्ट ने बताया कि इस घटना से पूरे क्षेत्र में गहरा आक्रोश है। लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द रोकने की कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। लोगों ने मांग की कि कॉलोनी में नशे की सप्लाई करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जानी चाहिये । इस मोके पर समाज सेवक श्याम लाल मजरियां ने उस जनता कॉलोनी में रहने वाले 19 साल के युवक की नशे से मौत पर दुःख जताया है । तथा सरकार व पुलिस प्रशासन से नशा तस्करों पर नकेल डालने की अपील की गई है ।



## ट्रैफिक पुलिस ने हाईवे पर सड़क किनारे अवैध रेहड़ियों का अतिक्रमण हटवाया

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** शहर को जाम-मुक्त बनाने की दिशा में लगातार सख्त एवं प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में रायपुर रानी-नारायणगढ़ हाईवे पर सड़क किनारे रेहड़ी चालकों द्वारा फल-सब्जी आदि बेचकर किए जा रहे अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की गई। इस अवैध अतिक्रमण के कारण वहां पर जाम की स्थिति उत्पन्न होती थी, जिससे आम जनता को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था।

सुरजपुर ट्रैफिक एसएचओ अभिषेक ने टीम के साथ मौके पर पहुंचकर सड़क किनारे लगी सभी रेहड़ियों को हटवाया और मार्ग को पूरी तरह खाली करवाया। इस दौरान चालकों को स्पष्ट रूप से निर्देश दिया गया कि आगे से यदि दोबारा सड़क पर अतिक्रमण कर रेहड़ियां लगाई गई तो उनके खिलाफ चालान प्रक्रिया के तहत सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



पंचकूला ट्रैफिक पुलिस ने आम जनता से भी अपील की है कि यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें तथा सड़क किनारे अतिक्रमण या अवैध पार्किंग कर ट्रैफिक जाम का कारण बनने से बचें।

# हरियाणा बनेगा वाटर स्मार्ट स्टेट, सरकार लाएगी जल संरक्षण के लिए नया कानून

> जनस्वास्थ्य मंत्री रणबीर गंगवा पंचकूला में अभियांत्रिकी विभाग की दो दिवसीय कार्यशाला के समापन पर मुख्यतिथि के रूप में हुए शामिल

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** पंचकूला में जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की दो दिवसीय कार्यशाला का समापन हुआ। इस अवसर पर हरियाणा के जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि राज्य सरकार आमजन को स्वच्छ, पर्याप्त और निर्बाध जलापूर्ति उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। पीने के पानी की बर्बादी रोकने, लीकेज की समस्या दूर करने तथा जल संरक्षण को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य सरकार एक नया अधिनियम लाने पर गंभीरता से कार्य कर रही है। मंत्री ने कहा कि हरियाणा को वाटर स्मार्ट स्टेट बनाना हमारा संकल्प है, जिससे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ÷हर घर नल से जल÷ के विजन को साकार किया जा सके।




उन्होंने कहा कि विभाग का प्रत्येक अधिकारी यदि आमजन की समस्याओं के प्रति संवेदनशील रहेगा तो किसी भी समस्या का समाधान तुरंत हो सकेगा। उन्होंने विश्वास जताया कि सभी अधिकारियों , कर्मचारियों एवं आमजन के सामूहिक प्रयासों से हरियाणा देश का अग्रणी वाटर स्मार्ट स्टेट बनेगा, जिसका अनुसरण अन्य राज्य भी करेंगे। अधिनियम का उद्देश्य जल संरक्षण को बढ़ावा देना और नागरिकों तक निर्बाध जल आपूर्ति सुनिश्चित करना है । उन्होंने बताया कि अधिनियम का ड्राफ्ट तैयार हो चुका है, जिसके बाद अब इसे विधानसभा में पारित किया जाएगा। मंत्री ने आमजन से अपील की कि वे जल संरक्षण में सरकार का सहयोग करें और पानी को व्यर्थ न बहने दें। रणबीर गंगवा ने बताया कि यह विभाग द्वारा आयोजित अपनी तरह की पहली कार्यशाला है, जिसमें जेई से लेकर ईआईसी स्तर तक के अधिकारियों ने भाग लिया। इस दौरान प्रतिभागियों ने तकनीकी अनुभव साझा किए और सेवा गुणवत्ता सुधारने के उपायों पर विचार-विमर्श किया।

आईआईटी रूड़की से आए विशेषज्ञों ने भी अधिकारियों का तकनीकी मार्गदर्शन किया। कार्यशाला में तकनीकी दक्षता बढ़ाने, जल गुणवत्ता सुधार, परियोजना निष्पादन में पारदर्शिता, आधुनिक जल प्रबंधन, सीवरेज व बाढ़ नियंत्रण, पेयजल आपूर्ति की गति व निगरानी प्रणाली सुदृढ़ करने जैसे विषयों पर चर्चा की गई।

एक अन्य प्रश्न के उत्तर में उन्होंने बताया कि जल जीवन मिशन के तहत गांवों में वॉटर वर्क्स, पाइपलाइन बदलने तथा बूस्टिंग स्टेशन स्थापित करने जैसे महत्वपूर्ण कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में ऐसा कोई गांव नहीं है जहाँ एक से पाँच करोड़ रुपये तक के विकास कार्य न करवाए गए हों। विभाग द्वारा वर्तमान में 55 प्रतिशत ट्यूबवेल आधारित तथा 45 प्रतिशत नहर आधारित जलापूर्ति की जा रही है।

### गांवों में भी मिलेंगी शहरों जैसी मूलभूत सुविधाएं

**मंत्री ने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि गांवों में भी शहरों जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएं, ताकि ग्रामीणों को आवश्यकताओं के लिए शहरों की ओर न जाना पड़े। इसके तहत महाग्राम योजना में 10,000 से अधिक आबादी वाले 148 गांव चिन्हित किए गए हैं। इनमें से 17 गांवों में पेयजल, सीवरेज एवं एसटीपी की व्यवस्था पूरी की जा चुकी है, जबकि 30 गांवों में कार्य प्रगति पर है। उन्होंने बताया कि अगले दो वर्षों में योजना के सभी गांवों में शहरी सुविधाओं की तर्ज पर व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएंगी। उन्होंने बताया कि विभाग को बरसात के बाद जलभराव की समस्या से निपटने के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने एक प्रश्न के उत्तर में मंत्री ने बताया कि सीवरेज की सफाई मैन्युअल रूप से करने के सख्त निर्देश दिए गए हैं ताकि ऐसे कार्यों के दौरान किसी प्रकार की दुर्घटना न हो। इसके साथ ही अधिकारियों को आगामी 30 वर्षों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए सीवरेज और पेयजल आपूर्ति की दीर्घकालिक योजना तैयार करने के निर्देश भी दिए गए हैं।**

# सेक्टर 14-15 से दिल्ली रोड तक बिछेगी नई स्टॉर्म वाटर लाइन

## विधायक निखिल मदान व मेयर राजीव जैन ने किया शुभारंभ

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी



सोनीपत। विधायक निखिल मदान और मेयर राजीव जैन वार्ड नं 4 के सेक्टर 15 में हाउसिंग बोर्ड क्षेत्र में पहुंचे। जहां उन्होंने नगर निगम द्वारा करवाए जा रहे विकास कार्यों का नारियल तोड़कर शुभारंभ किया। इस दौरान निगम पार्षद बबीता कौशिक, जिला प्रवक्ता भाजपा त्रिभुवन कौशिक और क्षेत्र के सभी गणमान्य नागरिकों की उपस्तिथि रही। इस अवसर पर स्थानीय लोगों द्वारा विधायक और मेयर का फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया गया और विकास कार्यों के लिए आभार जताया।विधायक निखिल मदान ने बताया कि सेक्टर 15 चौक हाउसिंग बोर्ड में राजू डेयरी वाली गली और पूरे सेक्टर 15 और हाउसिंग बोर्ड की बरसाती पानी की निकासी के लिए ड्रेन नंबर 6 तक स्टॉर्म वाटर लाइन बिछाने का कार्य आज शुरू किया गया है। इस कार्य को लगभग 4 करोड 25 लाख रुपए की लागत से पूरा किया जाएगा। इसके बाद इस क्षेत्र के लोगों को बरसाती पानी के कारण होने वाले जल भराव से निजात मिलेगी। विधायक ने कहा कि उन्होंने मेयर रहते हुए अपने कार्यकाल में सेक्टर 15 की मुख्य मार्केट वाली सड़क पर स्टॉर्म वाटर लाइन बिछाने का कार्य करवाया था लेकिन किन्हीं कारणवश उस लाइन का कनेक्शन ड्रेन नंबर 6 से नहीं हो पाया था, अब इस कार्य में डीएवी स्कूल वाली रोड की स्टॉर्म लाइन का कनेक्शन ड्रेन नंबर 6 में किया जाएगा जिससे बरसाती पानी की निकासी बेहतर तरीके से हो सकेगी।इस अवसर पर निगम पार्षद

बबीता कौशिक, जिला प्रवक्ता त्रिभुवन कौशिक, सुमित बत्रा, सागर चोपड़ा, पवन तनेजा, राजेश गर्ग,रवि ग्रोवर,अनिल पुष्करणा, तुषीर प्रधान,कुलदीप वत्स आदि लोग मौजूद रहे।

# जनसेवा की मिसाल बने केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल: अमरजीत छाबड़ा

कहा- मनोहर लाल ने साबित किया राजनीति सिर्फ सत्ता नहीं, समाजसेवा का है माध्यम

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश



**कैथल।** हरियाणा राइस मिलर्स एंड डीलर्स एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष अमरजीत छाबड़ा ने कहा कि केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने जनसेवा की ऐसी मिसाल पेश की है जो देशभर के नेताओं के लिए प्रेरणादायक है। यहां जारी प्रेस बयान में अमरजीत छाबड़ा ने कहा कि मनोहर लाल ने न केवल आर्थिक रूप से जनहित में योगदान दिया बल्कि अपने पुश्तैनी घर को भी सार्वजनिक उपयोग के लिए लाइब्रेरी के रूप में दान कर दिया है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय समाज में ज्ञान और सेवा की भावना को बढ़ावा देने वाला कदम है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री रहते हुए मनोहर लाल ने हरियाणा के विकास के लिए बहुत से ऐतिहासिक और पारदर्शी निर्णय लिए। आज भी हरियाणा के लोग उन योजनाओं का लाभ उठा रहे हैं और उनके कार्यकाल को याद करते हैं। प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि चावल उद्योग जो संकट के दौर से गुजर रहा था उसको उभारने के लिए मनोहर लाल हरियाणा के राइस मिलरों के लिए संकट मोचन साबित हुए।

मनोहर लाल ने मिलरों की वर्षों से पड़ी लंबित पड़ी 35 मांगों को पूरा कर मिलरों का मान-सम्मान बढ़ाया व इसके साथ मिलिंग के अलावा 15 रुपए बोनस देकर प्रतिस्पर्धा के तहत सरकारी एजेंसियों को मुनाफा होने के साथ मिलरों को भी लाभ पहुंचा। उन्होंने कहा कि मनोहर लाल सरकार ने अपने कार्यकाल में मार्कीट फीस 4 प्रतिशत से कम करके 50-50 रुपए करके साथ लगते राज्यों के समानता करने का प्रयास किया जिससे हरियाणा के चावल निर्यातकों के साथ-साथ किसानों को भी सीधा लाभ पहुंचा। छाबड़ा ने कहा कि मनोहर लाल जैसे नेता राजनीति में दुर्लभ हैं जिन्होंने बिना किसी स्वार्थ के समाजसेवा के पथ पर चलकर यह सिद्ध किया है कि राजनीति केवल सत्ता प्राप्ति का माध्यम नहीं, बल्कि समाज की सेवा का सर्वोत्तम मार्ग भी है।

## 31 अक्तूबर से 3 नवंबर तक आयोजित होने वाले निरंकारी संत समागम की तैयारियों को लेकर लघु सचिवालय में बैठक



अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत। 31 अक्टूबर से 3 नवंबर तक गन्नौर-समालखा में आयोजित होने वाले 78वें वार्षिक निरंकारी संत समागम की तैयारियों को लेकर हरियाणा सरकार में मुख्य सचिव श्री अनुराग रस्तोगी ने विडियों कान्फ्रेंस के माध्यम से संबंधित उपायुक्तों की शुक्रवार को बैठक करी। बैठक के दौरान मुख्य सचिव ने समागम की तैयारियों की समीक्षा करी व अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक उपरांत अतिरिक्त उपायुक्त लक्षित सरीन ने अधिकारियों की बैठक कर दिशा-निर्देश दिए।

अतिरिक्त उपायुक्त लक्षित सरीन ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि समागम में आए श्रद्धालुओं को किसी भी तरह की परिवहन से संबंधित परेशानी न आए। इस संबंध में उन्होंने जीएम रोडवेज संजय सिंह को श्रद्धालुओं की आवा-जाही से संबंधित सुविधाओं को ध्यान में रखने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान एसीयूटी योगेश दिल्हौर, एसडीएम सुभाष सिंह, सयुक्त आयुक्त नगर निगम मीतू धनखड़, एक्सीईएन पंकज गौड, जीएम रोडवेज संजय सिंह, एफएसओ रामेश्वर सिंह व अन्य संबंधित अधिकारीगण मौजूद रहे।

## जिला सैनी सभा के चुनाव में पालाराम सैनी ने ठोकी ताल



अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

कैथल। कैथल जिला सैनी सभा के प्रधान पद के चुनाव में शुक्रवार को प्रमुख समाजसेवी पालाराम सैनी ने भी अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। पालाराम सैनी के अलावा ओमप्रकाश सैनी पूर्व पार्षद, भीम सिंह पूर्व सरपंच वजीरखेड़ा, जरनैल सिंह कवारतन, मोहनलाल सैनी, अवतार सैनी, पिरथी सैनी ने भी अपना नामांकन पत्र भरा है। चुनाव अधिकारी लालचंद सैनी, बलबीर सैनी एवं शशि सैनी ने बताया कि 508 वोटों पर यह चुनाव करवाया जाएगा। प्रधान पद पर नामांकन के बाद पालाराम सैनी ने कहा कि समाज उनको प्रधान चुनता है तो वह वह समाज के हितों के लिए कार्य करेंगे।

## बिजली कर्मचारी के साथ मारपीट करने का आरोपी गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश संवाददाता

कुरुक्षेत्र। जिला पुलिस ने बिजली कर्मचारी के साथ मारपीट करने का आरोपी गिरफ्तार किया है। अपराध अन्वेषण शाखा-2 की टीम बिजली कर्मचारी के साथ मारपीट करने आरोप मे संजीव कुमार उर्फ रजत वासी बाल्मीकि नगर शाहाबाद जिला कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि राम भरोसा बिजली बोर्ड शाहबाद ने दिनांक 29 जुलाई 25 को दी अपनी शिकायत में बताया कि वह बिजली बोर्ड शाहबाद में लाईनमैंन के पद पर कार्य करता है। 27 जुलाई की रात 1 बजे उसको शिकायत प्राप्त हुई कि लव कुश गेट के पास फ्यूज उड़ गया है। मिली शिकायत पर वह सरकरी गाड़ी में अपने एक साथी के साथ लव कुश गेट पहुंचा। जब वह बिजली ठीक कर रहा था तो उसी समय वहां पर दो लडके आये और उसके साथ गाली गलौच करने लगे जब उसने उनका विरोध किया तो उन लडकों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी जिसकी वजह से उसको काफी चोटें आई। उसके बाद उन लड़कों ने उसकी सरकारी गाड़ी की चाबी निकल ली। जिसकी शिकायत पर थाना शाहबाद में मामला दर्ज करके जांच की गई।

# रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम की तैयारियां पूरी करें अधिकारी: नगर आयुक्त



31 को चौधरी छोटूराम इंडोर खेल स्टेडियम से किया जाएगा रन फॉर यूनिटी का आयोजन

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

कैथल। नगर आयुक्त एवं राष्ट्रीय एकता दिवस कार्यक्रम के नोडल अधिकारी कपिल शर्मा ने कहा कि भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्म दिवस यानि 31 अक्तूबर को जिला स्तर पर रन फॉर यूनिटी का आयोजन होगा। यह कार्यक्रम डीसी प्रीति के मार्गदर्शन में सेक्टर 21 स्थित चौधरी छोटू राम इनडोर खेल स्टेडियम में सुबह 6 बजे किया जाएगा। सभी संबंधित विभागों के अधिकारी राष्ट्रीय एकता दिवस कार्यक्रम की समय रहते तैयारियां पूर्ण करें और अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करें।

कपिल शर्मा सेक्टर-20 मार्केट स्थित नगर आयुक्त कार्यालय में राष्ट्रीय एकता दिवस की तैयारियों के संदर्भ में आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि रन फॉर यूनिटी सुबह छह बजे स्टेडियम से शुरू होकर चौ. छोटू राम चौक, ढांड रोड, सावित्री भाई फुले चौक, लाला चरण दास मार्ग से होते हुए खेल स्टेडियम में संपन्न होगी। उन्होंने कहा कि जिला के सभी विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए गए हैं कि वे स्वयं तथा अपने अधीनस्थ सभी अधिकारी एवं कर्मचारी सहित कार्यक्रम स्थल पर 31 अक्तूबर को निर्धारित समय पर पहुंचे। उन्होंने खेल विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे रन फॉर यूनिटी एवं राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ के कार्यक्रम के लिए सभी प्रबंध पूर्ण करना सुनिश्चित करें। नगर परिषद विभाग द्वारा कार्यक्रम स्थल व शहर में सफाई व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए। इस मौके पर डीएसपी सुशील प्रकाश, जीएम रोडवेज कमलजीत, डीडीपीओ रितू लाठर, सतबीर सिंह, मनोज कुमार, गुरमीत, राहुल शर्मा, डॉ. बीरबल दलाल सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# जिला युवा महोत्सव में युवाओं को मिलेगा अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका: डा. वीरेन्द्र कुमार दहिया

अर्थ प्रकाश/सुभाष जैन



**पानीपत।** जिला युवा महोत्सव 2025 के आयोजन को सफलता पूर्वक करवाने को लेकर जिला सचिवालय सभागार में शुक्रवार को उपायुक्त डॉक्टर वीरेन्द्र कुमार दहिया की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में उपायुक्त ने विभाग के अधिकारियों को इस जिला महोत्सव को बेहतरीन तरीके से करने के लिए जिम्मेदारियां सौंपी। उपायुक्त डॉ. विरेंद्र कुमार दहिया ने बताया कि यह महोत्सव युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता विभाग, हरियाणा सरकार के तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। उपायुक्त ने कहा, हमारे युवा ही हरियाणा की असली ताकत हैं। इस तरह के आयोजन न केवल युवाओं को अपनी क्षमता पहचानने का अवसर देते हैं, बल्कि समाज में सकारात्मकता और एकता का संदेश भी फैलाते हैं। डॉ. दहिया ने बताया कि इस महोत्सव का उद्देश्य युवाओं में प्रतिभा, सृजनात्मकता और लोक संस्कृति के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देना है। इसमें 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवा भाग ले सकते हैं।

आईटीआई के प्राचार्य डॉ कृष्ण ने बताया कि महोत्सव में समूह लोक नृत्य, समूह लोक गीत, कहानी कहना, पोस्टर मेकिंग, भाषण प्रतियोगिता, कविता लेखन, लोक वाद्य यंत्र (एकल एवं समूह) जैसी प्रतियोगिताएं होंगी। इसके साथ ही राज्य की लोक कला, लोक नृत्य प्रस्तुतियां और विज्ञान मेला भी विशेष आकर्षण रहेंगे। उन्होंने बताया कि इच्छुक प्रतिभागी निर्धारित समय तक आवेदन जमा कर सकते हैं। उन्होंने जिले के युवाओं से अपील की कि वे बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और अपनी कला, संस्कृति एवं प्रतिभा का प्रदर्शन करें। इस मौके पर प्राचार्य कृष्ण कुमार, पॉलीटेक्निकल संस्थान के अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह, प्रोफेसर योगिता, निरीक्षक राजेंद्र, ग्रुप इवेंट मोनिका, दीपक शर्मा अप्रेंटिस इंप्लीमेंट आदि मौजूद रहे।


## अर्थ प्रकाश क्लासीफाइड CLASSIFIED ADS

आज ही बुक करें
PH. : 0172-2638515, 98883-03520
Email : arthparkashadvt29@gmail.com

### सार्वजनिक सूचना

**मैं,** शकुंतला अग्रवाल w/o, बुधराज, निवासी 40/15, प्रांची रोड, पिहोवा, कुरूक्षेत्र, ब्यान करती हूं कि मैंने अपना नाम शकुंतला अग्रवाल, शकुन सिंगला, सकुन सिंगला, शकुंतला, शकुंतला, सकुंतला से बदलकर शकुंतला सिंगला कर लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जायेगा।
एपी-एफ

**मैं,** राधा देवी पत्नी श्री गौतम विश्वास और माता स्वीटी कुमारी (सीबीएसई 10वीं रोल नंबर 13108851), निवासी 542-मलोया कॉलोनी, चंडीगढ़, एतद्द्वारा पुष्टि और घोषणा करती हूँ कि मेरे पति का सही नाम गौतम विश्वास है, न कि गौतम। दोनों नाम मेरे पति से संबंधित हैं।
एपी-5200

**मैं,** अजय मोर पुत्र जय नारायण निवासी गांव छात्तर तहसील उचाना जिला जींद (हरियाणा) सूचित करता हूँ कि मेरे पुराने पासपोर्ट में मेरा नाम अजय है परंतु मेरा वास्तविक नाम अजय मोर संबंधित कृपया नोट करें।

**मैं,** सीमा रानी पत्नी अशोक कुमार निवासी मकान नं 71/24, जखोली अड्डा, अग्रसैन कॉलोनी, जींद रोड, कैथल (हरियाणा) अपना नाम सीमा रानी से बदलकर सलमा देवी रखती हूँ। संबंधित कृपया नोट करें।

**मैं,** नमनीत कौर पुत्र गुरमैल सिंह निवासी 1277, डेरा गोबिंद पुरा, सीवन जिला कैथल (हरियाणा) अपना नाम नमनीत कौर से बदलकर नमनीत (नाम) कौर (उपनाम) रखती हूं। संबंधित कृपया नोट करें।
एपी-5201

**मैं,** तनीशा पुत्री राजीव चोपड़ा, निवासी फ्लैट नं. 702, 702, Block A , Hollywood Height 1, VIP Road, Zirakpur SAS Nagar मोहाली पंजाब 140603 ने अपना नाम तनीशा से बदलकर तनीशा चोपड़ा कर लिया है।
एपी-5202

मैं कि रूपांशी बजाज पत्नी श्री रवि कुमार, निवासी मकान नंबर 319, पंजलासा चौक, रायपुर वीरान, वार्ड नंबर 8, नारायणगढ़, जिला अम्बाला ने अपना नाम रूपांशी बजाज से बदलकर रूपांशी कालड़ा कर लिया है।
एपी-5203

**मैं,** प्रदीप कुमार पुत्र अशोक कुमार निवासी मकान नं. 315, वार्ड नं.1, बी.आर.एम कॉलेज, शिव कॉलोनी, घरौड़ा करनाल ने अपना नाम प्रदीप कुमार से बदलकर प्रदीप पाल रख लिया है।

**मैं,** Satnarain Narnolia पुत्र बनवारी लाल वासी मकान नं 56-एस, मॉडल टाउन हिसार हरियाणा ने अपना नाम बदलकर Satyanarayan Sain रखा है।

**मैं,** सतीश पुत्र Dhani राम शर्मा वासी गांव Bhalola वासी मकान नं.11, डाकघर Panoh जिला ऊना ने अपना नाम बदलकर सतीश कुमार शर्मा रखा है।

**मैं,** शीला पत्नी अवधेश यादव वासी मकान नं. 04, माया पूरी रोड़, प्रीतम नगर करनाल ने अपना नाम बदलकर शीला से शीला देवी रखा है।

**मैं,** रेखा वर्मा पत्नी विशाल वर्मा वासी मकान नं. 93, मुखर्जी मोहल्ला फतेहाबाद ने अपना नाम बदलकर रेखा रखा है।

**मैं,** विशाल पुत्र कृष्ण कुमार वासी मकान नं. 93, मुखर्जी मोहल्ला फतेहाबाद ने अपना नाम बदलकर विशाल वर्मा रखा है।
एपी-5205

**मैं,** नजमुन खातून पत्नी मोहम्मद अजीम निवासी वार्ड नंबर-1, कालका, जिला पंचकूला (हरियाणा) ने अपने पुत्र का नाम मोहम्मद स्तुस से बदलकर मोहम्मद तौसीफ रख लिया है।
एपी-5206

**मैं,** सबप्रीत घुमन पुत्र तलबंत घुमन निवासी #003/14, फौजी प्लॉट, बाबा मक्खन शाह गुरुद्वारा, तहसील पिहोवा, जिला कुरूक्षेत्र ने अपना नाम सबप्रीत सिंह से बदलकर सबप्रीत घुमन रख लिया है।

**मैं,** सोनिया पत्नी सोहन सिंह निवासी गांव मुंड तहसील असंध जिला करनाल ने अपना नाम सोनिया रानी से बदलकर सोनिया रख लिया है।

I, CHATTAR SINGH S/o SH. DAYANAND R/o 409 WARD NO. 15, INDER GARHI, GOHANA, SONIPAT have changed my name from CHATTAR SINGH (old name) to CHATTER SINGH (New Name).

**मैं,** राहुल पुत्र श्री किशोरी लाल, निवासी मकान नंबर 639/18, गली नंबर 3, नियर जाट धर्मशाला, गांधी कॉलोनी, हांसी, जिला हिसार, हरियाणा ने अपना नाम राहुल से बदलकर राहुल नागपाल कर लिया है।

**मैं,** लक्शय पुत्र श्री प्रेम कुमार निवासी मॉडल टाउन नरवाना तह. नरवाना जिला जीन्द बयान करता हूं कि मैंने अपना नाम सभी उदेश्यों के लिए लक्शय से बदलकर लक्शय रोहिल्ला रख लिया है। भविष्य में मुझे लक्शय रोहिल्ला के नाम से जाना व पुकारा जाए।

**मैं,** Lipina Swain पत्नी आर्मी नम्बर 17033052P, रैंक- CFN Brijesh Raj Ray निवासी- नजदीक चंदनेश्वर मंदिर, सिखारपुर, कटक, उड़ीसा-753004, घोषणा करती हूँ कि मेरे पति के आर्मी सर्विस रिकॉर्ड में मेरी जन्मतिथि गलती से 28-10-1987 दर्ज है, जो सही नहीं है। मेरी सही जन्मतिथि 28-10-1997 है।
एपी-5207

**मैं,** संसार सिंह राणा पुत्र रिखी राम निवासी मकान नंबर 1788, सेक्टर 7-सी, चंडीगढ़ ने अपना नाम संसार सिंह राणा से बदलकर संसार सिंह रख लिया है।
एपी-5208

**मैं,** राजिंदर सिंह पुत्र श्री बलवंत सिंह निवासी गांव बापोली पोस्ट ऑफिस बुबका तहसील रादौर जिला यमुनानगर-135133, हरियाणा , ने अपना नाम राजिंदर सिंह से बदलकर राजेन्द्र सिंह रख लिया है और मेरी जन्मतिथि 15.02.1974 है जो सच और सही है।
एपी-5209

**मैं,** सेवा देवी पत्नी बिरखा राम निवासी गांव लौन तहसील नरवाना जिला जींद अपने हल्फ से बयान करती हूं कि मेरे आधार कार्ड 2489 3024 4489 मैं मेरा नाम सेव है। अब मैंने मेरा नाम सेवा से बदलकर सेवा देवी रख लिया है। भविष्य में मुझे सेवा देवी के नाम से जाना व पहचान जाए।
एपी-5210

I Kanwaljeet Kaur W/o Joginder Paul Singh Sethi R/o House N.B -11, Near Kendriya Vidyalaya, Vard 22, N F L Township, Panipat, Haryana - 132106, have changed my name to Kanwaljeet Kaur Sethi.

I Rajeshwari W/o Late Bahadur Singh R/o Katkai (33), Mahendragarh, Haryana- 123021, have changed my name to Rajan Devi.
एपी-5211

**मैं,** अमित पुत्र वजीर सिंह, सी-615 मेन स्ट्रीट इगराह जिला जीन्द का स्थाई निवासी हूं। मैंने अपना नाम अमित से बदलकर अमित रेढू रख लिया है।
एपी-5207

### बेदखली सूचना

हम, राजबीर पुत्र दलीप व सावित्री पत्नी राजबीर निवासी गांव रोहद तहसील बहादुरगढ़ जिला झज्जर घोषणा करते है कि हमारा पुत्र रवित व पुत्र वधु इंशीता दोनों हमारे कहने व सुनने के बाहर है व हमारे साथ झगड़ा करते है अतः हम इन दोनों को अपनी तमाम चल अंचल सम्पति से बेदखल करते है भविष्य मे इन दोनो से लेन-देन व व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा हमारी व हमारे परिवार की कोई जिम्मेवारी ना होगी।
एपी-5204

हम, राम देव सिंह पुत्र श्री मंगरू सिंह तथा श्रीमती मिथलेश सिंह पत्नी राम देव सिंह, दोनों निवासी मकान नंबर 2065-A, स्मॉल फ्लैट्स, धनास, चंडीगढ़, यह सूचित करते हैं कि हमारा पुत्र श्याम मूरत और उसकी पत्नी मीना हमारे कहने सुनने से बाहर हैं। अतः हम उन्हें अपनी समस्त चल और अचल संपत्ति से बेदखल करते हैं। यदि कोई व्यक्ति उनसे कोई लेन-देन करता है, तो वह अपने जोखिम पर करेगा। इसके लिए हम या हमारे परिवार का कोई भी अन्य सदस्य जिम्मेदार नहीं होगा।
एपी-5208

मैं कि संगीता वर्मा पत्नी श्री तरसेम व तरसेम पुत्र श्री प्रेम चन्द निवासी वार्ड नं0 5, रेड रोड लाडवा, तह0 लाडवा, जिला कुरुक्षेत्र बयान करती हूं कि मेरा लडका माहिल कुमार मेरे कहने सुनने से बाहर है परिवार का कहना नहीं मानता परिवार के साथ लड़ाई झगड़ा करता है बुरी संगत का शिकार है इसीलिए मैं अपने लड़के माहिल कुमार को अपनी चल अंचल संम्पति से बेदखल करता हूँ। भविष्य में मेरे लड़के माहिल से लेनदेन करने वाला झगड़ा करने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा मेरी व मेरे परिवार की कोई भी जिम्मेदारी नहीं होगी
एपी-5209

हम अवतार सिंह पुत्र श्री गुरदेव सिंह व हरप्रीत सिंह पत्नी श्री अवतार सिंह निवासी मकान नम्बर 177 सेक्टर-16 पंचकुला, हरियाणा, यह कि हमारा बेटा रवि और उसकी पत्नी दोनो हमारे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिए हम इन्हें अपनी चल वा अचल सम्पत्ति से बेदखल करते हैं। भविष्य में इनसे लेन-देन करने वाले स्वंय जिम्मेवार होंगे।

**मैं,** परशोतमा देवी पुत्री अमर सिंह ठाकुर, निवासी मकान संख्या 673, सैनी विहार, फेज-2, बलटाना, ज़ीरकपुर, एस.ए.एस नगर, पंजाब, ब्यान करती हूँ कि मेरा बेटा अंकुश और उसकी पत्नी पायल मेरे कहने सुनने से बाहर हैं। इसलिए मैं उन्हें अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करती हूँ। उनसे लेन देन करने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा
एपी-5207

**आवश्यक सूचना**
अर्थ प्रकाश में क्लासीफाइड विज्ञापन देने के लिए 9988934664 पर संपर्क करें।

### खोया-पाया

Smt. Sunita Devi w/o Sh. Anil Kumar R/o Shop no. 121, New Grain Market, Bhiwani is owner & in possession of Property/Shop no. 121 measuring 188.88 sq. yrds Situated at New Grain Market, Bhiwani, Tehsil & Distt. Bhiwani vide Sale Deed no. 67/1 dated 03.04.2025 Sub Registrar Bhiwani, the said property purchased from 1. Anil Kumar 2. Ramesh Kumar 3. Reena Gupta 4. Santosh Goyal 5. Kamla Devi Goyal 6. Sunita Goyal 7. Poonam Singal 8. Manoj Kumar 9. Pankaj Singal 10. Pooja Garg 11. Rekha Bansal 12. Monika 13. Praveen kumar, Legal heirs of Sh. Jai Narayan s/o Sh. Gopi Ram (deceased) regarding the said property, if any person/financial institutions/bank have any objection/information /Possession/ Knowledge for above said documents shall submit/intimate within 03 days to Sh. M. L. Dhingra Advocate, Office/Shop No.13 Near Ram Panwari Chhotu Ram Chowk Rohtak or Chamber No.148 Distt. Court Complex Rohtak M.No.9416380702. Thereafter any kind of claim will not be accepted.
एपी-5027

अर्थ प्रकाश समाचार पत्र में अपना विज्ञापन लेकर अपने व्यापार को लाभांवित करें

### आवश्यक सूचना

अर्थ प्रकाश (हाउस ऑफ प्रिंट एंड डिजिटल मीडिया) का इस समाचार पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/ क्लासीफाइड) के तथ्यों संबंधी कोई दायित्व नहीं है। हमारा समाचार पत्र इनको सत्यापित नहीं करता है। किसी भी प्रकार के विज्ञापनों में पाठकों से विनती है कि वह कोई भी प्रतिक्रिया करने से पहले, विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पूर्व तथ्यों की स्वयं पुष्टि कर लें। यह समाचार पत्र उपरोक्त किसी भी विज्ञापन के प्रति उत्तरदायी नहीं होगा।

## कांग्रेस नेताओं ने केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के ब्यान की निंदा की, कहा-

# संविधान नहीं लिखा– कहने वाले खुद संविधान की समझ से परे हैं

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन




**करनाल, 24 अक्टुबर।** केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल द्वारा संविधान निर्माता डॉ अम्बेडकर को लेकर दिये व्यान की कांग्रेस नेताओ ने निंदा की है.! उन्होंने कहा कि देश की राजनीति आज जिस दिशा में जा रही है, वह केवल चिंताजनक नहीं, बल्कि लोकतंत्र के लिए खतरनाक संकेत है।केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर द्वारा दिया गया यह बयान कि ÷डॉ. भीमराव आंबेडकर ने संविधान नहीं लिखा÷ – न केवल असंवेदनशील है, बल्कि देश की आत्मा पर सीधा प्रहार है।जिला करना ल कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ. राजेश वैध वाल्मीकि, जिला शहरी कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पराग गाबा एवं कार्यकारी अध्यक्ष सुरेश गुप्ता ने इस बयान की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि –जो लोग कहते हैं कि बाबा साहेब ने संविधान नहीं लिखा, वे खुद संविधान की मूल भावना से अनजान हैं। यह वही संविधान है जिसने भारत के हर नागरिक को समान अधिकार, सम्मान और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता दी है। आज उन्हीं अधिकारों के सहारे कुछ लोग लोकतंत्र के मंदिर में बैठकर उसके निर्माता का अपमान कर रहे हैं।÷तीनों नेताओं ने कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर केवल संविधान निर्माता नहीं, बल्कि भारत की आत्मा हैं। उन्होंने उस समाज को आवाज़ दी, जिसे सदियों तक दबाया गया। आज अगर भारत में कोई गरीब, दलित, महिला या पिछड़ा व्यक्ति अपने अधिकार की बात कर सकता है, तो वह बाबा साहेब की देन है।

उन्होंने आगे कहा कि –÷मनोहर लाल खट्टर जी का यह कथन न केवल दलित समाज का, बल्कि हर उस भारतीय का अपमान है जो संविधान में आस्था रखता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वयं बाबा साहेब की प्रतिमा के समक्ष नतमस्तक होते हैं, उनके चरण स्पर्श करते हैं – क्योंकि वे भी जानते हैं कि भारत के लोकतंत्र की नींव आंबेडकर की कलम से रखी गई थी।÷डॉ. राजेश वैध वाल्मीकि, पराग गाबा एवं सुरेश गुप्ता ने कहा कि – ÷जब कोई व्यक्ति सत्ता के अहंकार में डूब जाता है, तो उसे मर्यादा और इतिहास दोनों दिखाई नहीं देते। यह अहंकार का समय नहीं, आत्ममंथन का समय है। राजनीति अगर संवेदनहीन हो जाए तो वह समाज को जोड़ने के बजाय तोड़ देती है। और जब संविधान की गरिमा पर आघात होता है, तो हर जागरूक नागरिक का कर्तव्य है कि वह उसका प्रतिवाद करे।÷

तीनों नेओं ने यह भी कहा कि – बाबा साहेब आंबेडकर हमारे संविधान की आत्मा हैं। जो व्यक्ति संविधान निर्माता के योगदान पर सवाल उठाता है, वह न केवल इतिहास से अंजान है, बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों के भी विरुद्ध है। कांग्रेस पार्टी ऐसे बयानों का कड़ा विरोध करती है और हर मंच पर संविधान की गरिमा की रक्षा के लिए संघर्षरत रहेगी।÷

सुरेश गुप्ता (कार्यकारी अध्यक्ष) ने कहा कि – बाबा साहेब के विचार और संविधान हमारी लोकतांत्रिक संस्कृति के आधार हैं। ऐसे विचारों का अपमान देश के संवैधानिक ढांचे को कमज़ोर करता है। हर भारतीय का कर्तव्य है कि वह संविधान के सम्मान में खड़ा हो। अंत में उन्होंने कहा कि आज जरूरत इस बात की है कि देश का युवा बाबा साहेब के विचारों को आत्मसात करे। संविधान केवल एक दस्तावेज नहीं, बल्कि भारत के हर नागरिक के सम्मान और समानता का प्रतीक है। जो लोग संविधान की मर्यादा तोड़ते हैं, वे लोकतंत्र की जड़ों को कमज़ोर कर रहे हैं। इस मौके पर डॉ. नवजोत कश्यप (अध्यक्ष, महिला कांग्रेस), रोहित जोशी (जिला अध्यक्ष SC सेल), रजत लाठर (जिला अध्यक्ष युवा कांग्रेस), ललित आहूजा, जसबीर पानू, तेजी मान (USA), बंटी मा (USA), शारदा सिंधु ** आदि काफी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# भाई दूज पर्व भाई–बहन के अटूट प्रेम, स्नेह और सुरक्षा के वचन का अद्भुत पर्व : विधायक

अर्थ प्रकाश/मनदीप कुमार



**समालखा, 24 अक्तूबर।** भाजपा से हलका विधायक मनमोहन भड़ाना ने देशवासियों को भाई-बहन के पवित्र रिश्ते का प्रतीक भाई दूज पर्व की बधाई देते हुए बताया कि भाई-बहन के प्यार का प्रतीक भैया दूज का पर्व गुरुवार को देश भर में धूमधाम से संपन्न हुआ। बहनों ने भाइयों के माथे पर तिलक लगाने के उपरांत उनका मुंह मीठा कर भगवान से उनकी दीर्घायु की कामना की। भाइयों ने भी बहनों को यथाशक्ति उपहार दिया। वहीं शहर कें बाजारों में विशेष चहल-पहल देखी गयी। इस पर्व को लेकर बच्चे भी खासे उत्साहित दिखे। ग्रामीण अंचल में आज भी बड़े बुजुर्ग अपनी बहन के घर कुछ न कुछ संदेश उपहार लेकर जाते हैं। बहनें भाइयों कों तिलक लगाकर उनकी दीर्घायु की कामना करती हैं।

मान्यता है कि यम देवता ने अपनी बहन यमी (यमुना) को इसी दिन दर्शन दिया था, जो बहुत समय से उससे मिलने के लिए व्याकुल थीं। अपने घर भाई यम के आगमन पर यमुना ने स्वागत किया। यम ने प्रसन्न होकर वरदान दिया कि यमुना नदी में इस दिन भाई बहन स्नान करें तो इसका बड़ा पुण्य होगा। यम ने उसी दिन यह भी वचन दिया कि सभी भाई अपनी बहनों के घर जाकर उन्हें स्नेह संदेश देंगे और बहन भाई की दीर्घायु की कामना करेंगे।

इस अवसर पर विधायक मनमोहन भड़ाना ने बताया कि यह त्यौहार भाई-बहन के पवित्र रिश्ते को और मजबूत बनाता है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी भैया दूज का उल्लासपूर्ण माहौल देखा गया। घर-घर में पूजा-पाठ, आरती व मिठाइयों की मिठास ने पूरे हल्के को भक्ति व पारिवारिक स्नेह से सराबोर कर दिया। भाई-बहन के इस पवित्र पर्व ने लोगों के चेहरों पर मुस्कान और रिश्तों में अपनापन भर दिया।

## न्यूज ब्रीफ

### 26 अक्टूबर को होने वाला व्यापारी प्रतिनिधि सम्मेलन स्थगित

**टोहाना (अप्रस/संजीव सिंगला)।** हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल टोहाना शहर में व्यापारियों पर हर समय कोई भी आई विपत्ति पर चट्टान बना खड़ा होता है और व्यापारियों का साथ हर बार कंधे से कंधा मिलाकर साथ देता है चाहे वह अतिक्रमण के नाम पर सरकार के अधिकारियों ने तुगलकी फरमान जारी कर सुबह–सुबह बिना अनुमति शैड तोड़ व्यापारियों का बहुत बड़ा नुकसान किया था जिसको लेकर हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रधान राजेंद्र ठकराल संरक्षक रमेश गोयल, युवा प्रधान जोनी मेहता, प्रदेश सचिव रामकुमार सैनी ने संयुक्त रूप से कहा कि व्यापार मंडल की मांग पर हरियाणा सरकार ने डीएमसी फतेहाबाद से चार्ज वापस ले लिया है जिससे व्यापारी वर्ग में खुशी की लहर है हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल ने ईमानदार अधिकारियों का साथ दिया है और भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ हर बार मोर्चा खोला है शहर में चल रहे अतिक्रमण को लेकर एक 26 अक्टूबर को हरियाणा प्रांतीय प्रदेश अध्यक्ष बजरंगदास गर्ग की अध्यक्षता में व्यापारी प्रतिनिधि सम्मेलन बुलाया हुआ था जिसका की सरकारी अधिकारी से चार्ज वापस लेने के बाद 26 अक्टूबर का व्यापारी प्रतिनिधि सम्मेलन एक बार स्थगित कर दिया गया है। इससे सरकार की पहल से व्यापारियों की बात को मानना बहुत बड़ी उपलब्धि है एकता में ही बल है।

### वेदांता किड्स के बच्चे जिला स्तरीय स्केटिंग प्रतियोगिता में छाए



**नरवाना (अप्रस)।** वेदांता किड्स इंटरनेशनल स्कूल, बसंत विहार में हर्ष का माहौल तब देखने को मिला जब विद्यालय के नन्हे खिलाड़ियों ने जिला स्तरीय अंडर–11 स्केटिंग प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त किए। यह प्रतियोगिता जिले स्तर पर आयोजित की गई थी, जिसमें विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। वेदांता किड्स के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने अपने उत्कृष्ट स्केटिंग कौशल से सभी का ध्यान आकर्षित किया और प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। विद्यालय के पाँचवीं कक्षा के रुद्र ने प्रथम स्थान तथा तीसरी कक्षा के आर्यवीर ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। अन्य विद्यार्थियों ने भी सराहनीय प्रदर्शन करते हुए सभी का दिल जीत लिया। विद्यालय के निदेशक प्रदीप नैन ने विजेता विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि बच्चों की मेहनत, लगन और खेल के प्रति समर्पण का परिणाम है। उन्होंने कोच सिमरन के योगदान की सराहना की और बच्चों को भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन जारी रखने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्या रश्मि जैन तथा समस्त शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों की इस सफलता पर गर्व व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। इस उपलब्धि से न केवल विद्यालय परिवार गौरवान्वित हुआ, बल्कि अन्य विद्यार्थियों को भी खेलकूद में सक्रिय रूप से भाग लेने की प्रेरणा मिली।

## त्योहारी सीजन में उत्कृष्ट व्यवस्था के लिए पुलिस अधीक्षक का किया आभार व्यक्त

अर्थ प्रकाश/सुभाष जैन

**पानीपत, 24 अक्तूबर।** त्योहारी सीजन के दौरान जिले में बेहतर सुरक्षा और यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए बाजार एसोसिएशन के प्रधानों ने पुलिस अधीक्षक श्री भूपेंद्र सिंह आईपीएस का आभार जताया। शुक्रवार को जिला सचिवालय स्थित पुलिस विभाग के सभागार में आयोजित बैठक में प्रधानों ने दीपावली के समय की गई पुलिस व्यवस्थाओं की खुलकर सराहना की।

प्रधानों ने बताया कि इस वर्ष अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती, ट्रैफिक रूट डायवर्जन, पार्किंग प्रबंधन और लगातार गश्त के कारण खरीददारी शांतिपूर्ण और सुरक्षित माहौल में हुई। पुलिस की मुस्तैदी से न तो स्नेचिंग हुई और न ही कोई चोरी की वारदात। उन्होंने पुष्पगुच्छ भेंट कर पुलिस अधीक्षक का धन्यवाद किया।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्री भूपेंद्र सिंह आईपीएस ने कहा कि इस सफलता का श्रेय जिला वासियों, बाजार प्रधानों और सभी पुलिस कर्मियों को जाता है। सभी के सहयोग से ही त्योहारों के दौरान बेहतरीन व्यवस्था संभव हो पाई। उन्होंने लोगों से भविष्य में भी इसी प्रकार सहयोग बनाए रखने की अपील की।

कार्यक्रम में डीएसपी मुख्यालय सतीश वत्स, डीएसपी सुरेश सैनी, डीएसपी नवीन संधू, डीएसपी राजबीर सिंह सहित बाजार प्रतिनिधि – दर्शन लाल वधवा, गौरव लीखा, निशांत सोनी, संजय वर्मा, अमान मुंजाल, प्रीतपाल सिंह, राजीव मालिक, सुशील भाराडा, सुनील सिंगला, मोहित बजाज, कृष्ण फुटेला, चंद्रगुप्त अग्रवाल, सुनील वधवा, चंद्र सहगल, सुरेश आहूजा, हप्पी पुनानी, हिमांशु कटारिया व कर्मचंद नारंग – उपस्थित रहे।

# आस्ट्रेलिया वीजा लगवाने के नाम पर 17 लाख ठगे, आरोपी अहमदाबाद एयरपोर्ट से गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश/हितेश गर्ग

**नरवाना, 24 अक्तूबर।** पुलिस अधीक्षक जीन्द कुलदीप सिंह भा.पु.से. के दिशा-निर्देशन में थाना सदर नरवाना ने वीजा लगवाने के नाम पर ठगी करने वाले आरोपी जिगर काडिया को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है । थाना सदर नरवाना के प्रभारी निरीक्षक विरेन्द्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि मामला 2024 का है, जिसमें शिकायतकर्ता अमित वासी दनौदा खुर्द ने शिकायत दर्ज कराई कि कुछ व्यक्तियों द्वारा ऑस्ट्रेलिया का वीज़ा लगवाने के नाम पर उससे करीब रूपए 17,00,000/- (सत्रह लाख रुपये) की ठगी की गई । शिकायतकर्ता क बताए अनुसार ने उसकी पहचान आरोपी जिगर काडिया वासी अहमदाबाद (गुजरात) के साथ अप्रैल 2023 में हुई थी। आरोपी ने स्वयं को विदेशों के वीज़ा लगवाने का एजेंट बताते हुए विश्वास दिलाया और अपने दो साथियों करुतिक परमार वासी अहमदाबाद तथा हंसराज राठौड़ वासी गांधीनगर (गुजरात) से भी परिचय करवाया । इन तीनों आरोपियों ने आपस में मिलकर शिकायतकर्ता से अलग-अलग समय पर रुपये और सिंगापुर डॉलर के रूप में लगभग रूपए 17 लाख रुपये की राशि वसूल ली, लेकिन वीज़ा न लगने पर पैसे वापिस मांगे तो पैसे वापिस देने से इंकार कर दिया । बाद में शिकायतकर्ता को जान से मारने की धमकी भी दी गई। इस पर थाना सदर नरवाना में धारा 406, 420 भारतीय दंड संहिता के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया । तफ्तीश के दौरान आरोपियों के बैंक खातों की जानकारी जुटाकर आईसीआईसीआई बैंक और पंजाब नेशनल बैंक से खाते फीज करवाए गए । साथ ही, मुख्य आरोपी जिगर काडिया और अन्य के विरुद्ध लुक आउट सरकुलर भी जारी किया गया । गत 20 अक्टूबर को पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि आरोपी जिगर काडिया को अहमदाबाद एयरपोर्ट पुलिस द्वारा डिटेन किया गया है । इस सूचना पर थाना सदर नरवाना पुलिस टीम, उप निरीक्षक सुभाषचन्द्र के नेतृत्व में गुजरात पहुंची और आरोपी को नियमानुसार गिरफ्तार किया गया । आरोपी ने दौराने पुलिस रिमाण्ड 4 लाख रुपये उसके घर से बरामद करवांए । आरोपी को माननीय अदालत में पेश कर 14 दिन का न्यायिक हिरासत रिमाण्ड पर जिला जींद जेल भेज दिया गया ।

## मतलौडा तिरंगा यात्रा में जेब काटने वाले गिरोह के दो आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत (अप्रस)।** सीआईए टू पुलिस ने मतलौडा में तिरंगा यात्रा के दौरान जेब काटने वाले गिरोह के दो और आरोपियों संजय उर्फ संजू (सदर बाजार करनाल) और मनीष (कलंदर चौक) को जीटी रोड अनाज मंडी मोड़ से गिरफ्तार किया। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उन्होंने पहले गिरफ्तार अजय उर्फ बंटी (रोहतक) के साथ मिलकर यात्रा में सात लोगों की जेब से कुल रुपये 66,400 चोरी की। आरोपियों के हिस्से में रुपये 44,000 आए थे, जिसमें से कुछ खर्च हो गया। पुलिस ने दोनों के कब्जे से रुपये 30,000 बरामद किए। इससे पहले अजय उर्फ बंटी के कब्जे से रुपये 10,000 बरामद कर जेल भेजा जा चुका है। शिकायतकर्ता विनोद ने बताया कि तिरंगा यात्रा में अज्ञात व्यक्तियों ने उसकी और अन्य लोगों की जेब से नकदी चोरी की थी।

# विवाहित गर्भवती महिला की संदिग्ध मौत, ससुराल पक्ष पर हत्या के आरोप

अर्थ प्रकाश/विकास कश्यप

**लाडवा, 24 अक्तूबर।** लाडवा खंड के गांव बपदा में शुक्रवार को विवाहित 21 वर्षीय गर्भवती महिला ने अपने ही कमरे में गले में फंदा लगाकर आत्म हत्या करने का मामला सामने आया है। मामले की सुचना मिलते ही लाडवा पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। मृतक की पहचान काजल पत्नी मनीष के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। सीन आफ क्राइम की टीम ने मौके पर पहुंचकर मौके की बारीकी से जांच कर साक्ष्य जुटाए। मृतका के परिजन मृतका के ससुराल पक्ष पर मारने का आरोप लगा रहे है।

मौके से मिली जानकारी के अनुसार गांव बपदा की 21 वर्षीय विवाहित महिला काजल ने शुक्रवार को अपने ही कमरे में अपनी चुनी से गले में फंदा लगाकर पंखे से लटकर जीवन लीला समाप्त कर ली। बताया जाता है कि उस समय घर में कोई नहीं था। मृतका की सास सरोज व उसका पति मजदूरी करने के लिए घर से बाहर गए हुए थे। जैसे ही मृतका का पति घर आया तो देखा उसे उसकी पत्नी काजल घर पर कहीं दिखाई नी दी। उसने अपनी मां से पूछा तो उसने कहा कि कमरे में ही होगी। कमरा बंद था जब कमरे के दरवाजे की चिटकनी तोड़कर देखा तो काजल ने गले में फंदा लगाया हुआ था। वह उसे तुरंत उतारकर पहले गांव में फिर लाडवा के एक निजी अस्पताल में ले गए जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले की सुचना मृतका के पति मनीष ने पुलिस व मृतका की बहनों को फोन पर दी। सुचना मिलते ही लाडवा पुलिस व मृतका की बहने व बहनोई मौके पर पहुंच गए थे।

मृतका की बहने कोमल व रजनी ने आरोप लगाया की उसकी बहन ने आत्म हत्या नहीं की है उसकी हत्या की गई है। वह करीब 6 महीने से गर्भवती भी थी। दो दिनों से वह फोन कर रही थी कि उसके साथ मारपीट कर रहे है। उसे घर ले जाओ ये मुझे मार देंगे। मृतका का पति व सास उसके साथ मारपीट तो करते थे, लेकिन वह उसकी हत्या कर देंगे इतनी उम्मीद नहीं थी। उन्होंने पुलिस के समक्ष इंसाफ की गुहार लगाते हुए कहा कि मामले की निष्पक्ष जांच कर उसकी बहन की हत्या करने वालों को सजा जरूर दिलाए। लाडवा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया तथा मामले की जांच शुरू कर दी गई।

## चोरी का मामला सुलझा, आरोपी गिरफ्तार – सोने के गहने व नकदी बरामद

**जींद (सुरेश सिसोदिया)।** थाना शहर जींद पुलिस ने चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी विजय उर्फ कालिया वासी जींद के पास से 2 सोने की चैन, 2 कंगन, एक मोबाइल फोन व रुपये 4,000 नकद बरामद किए गए। दिनेश कुमार निवासी जींद ने 20 सितंबर 2025 को शिकायत दी थी कि रात के समय अज्ञात चोरों ने उनके घर से 2 सोने की चैन, 4 चूड़ियाँ, 2 सोने के सेट, ?3.90 लाख नकद व 2 मोबाइल फोन चोरी कर लिए थे। पुलिस ने मोबाइल ट्रैकिंग व सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरोपी को 22 अक्तूबर को गिरफ्तार किया। अदालत में पेश कर उसे न्यायिक हिरासत में भेजा गया। एसपी कुलदीप सिंह ने कहा कि जींद पुलिस नागरिकों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# हर वर्ष की तरह इस दिवाली पर भी खूब फूला– फला दो नंबर का धंधा

अर्थ प्रकाश/संजीव सिंगला

**टोहाना, 24 अक्तूबर।** टोहाना शहर ही नहीं जिले फतेहाबाद में कराधान विभाग की मिली भगत से दो नंबर का माल एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाने गंतव्य स्थान तक छोड़ने का बड़ा नेटवर्क बना हुआ है। टैक्स चोरी रोकने वाला विभाग ही इसका सहयोगी बना हुआ है। कराधान विभाग की मिली भगत के कारण ही टोहाना शहर के व्यापारियों का माल दिल्ली से बहादुरगढ़ रोहतक के रास्ते रातों-रात कई जिलों की सीमा लांघता हुआ जिला फतेहाबाद के टोहाना में पहुंचता है वह भी बिना बिल या अंडर बिल के यह खेल वर्षों से चल रहा है ऐसा भी नहीं है कि इसका प्रशासन या सरकार को पता नहीं है सबको पता है। जिला फतेहाबाद के सभी शहरों में दिवाली के पर्व पर खूब ग्राहकी रही और बड़े सेल स्टॉकिस्टों ने खूब स्टॉक इकट्ठा किया हुआ था भले ही सरकार ने जीएसटी में कमी का दावा कर लोगों को खूब खुश करने का भी काम किया लेकिन टोहाना शहर के कारोबारी को टैक्स चोरी का समान ही बेचने की आदत पड़ी हुई है दो नंबर की परचेज में पूंजी निवेश भी बड़े पैमाने पर दो नंबर का ही होता है जिसका कोई बिल वगैरह देना नहीं पड़ता और पूंजी भी व्यापार में खुले रूप से निवेश की जा सकती है जैसे शहर में ड्राई फरूट, पटाखे, पैकिंग बंद मिठाइयां, इलेक्ट्रिकल आइटम में सब बड़े-बड़े ऑफरों के साथ बिना बिल के शहर में सरेआम धड्डले से बेची गई कराधान विभाग एक का एक करिश्मा और जिला फतेहाबाद के टोहाना शहर में देखने को मिला की त्योहारों के सीजन में एक भी टैक्स चोरी वाला ओवरलोड अथवा अंडर बिल ट्रक का निरीक्षण तक करना विभाग ने संभव नहीं समझा।

# गाइड्स टीम शिमला के लिए रवाना, भारत स्काउट्स एंड गाइड्स का बेसिक ट्रेनिंग कोर्स तारा देवी में प्रारंभ

अर्थ प्रकाश/सुशील कुमार

**नारायणगढ़, 24 अक्तूबर।** भारत स्काउट्स एंड गाइड्स प्रशिक्षण केंद्र, तारा देवी (शिमला हिल्स) में 24 अक्तूबर से 30 अक्तूबर 2025 तक गाइड कैप्टन के लिए बेसिक ट्रेनिंग कोर्स प्रारंभ हुआ। इस प्रशिक्षण शिविर में हरियाणा राज्य के विभिन्न जिलों से गाइड्स और महिला अध्यापिकाएं भाग ले रही हैं। अंबाला जिले से इस शिविर में ब्लॉक नारायणगढ़ की कई इकाइयों का प्रतिनिधित्व किया जा रहा है।

नारायणगढ़ ब्लॉक के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भूरेवाला, लाहा, अकबरपुर तथा गधौली से गाइड्स और महिला अध्यापिकाएं इस प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने हेतु आज शिमला के लिए रवाना हुईं। जिला शिक्षा अधिकारी अंबाला सुधीर कालड़ा ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी है।

जिला संगठन आयुक्त (डी ओ सी) संजय धीमान ने बताया कि ब्लॉक नारायणगढ़ के प्रत्येक विद्यालय से 8-8 गाइड्स और एक महिला अध्यापिका इस बेसिक ट्रेनिंग कोर्स में भाग ले रही हैं। रवाना होने से पूर्व सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण शिविर न केवल विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास में सहायक होते हैं, बल्कि उनमें अनुशासन, सहयोग, नेतृत्व क्षमता और राष्ट्र सेवा की भावना को भी प्रबल करते हैं।

संजय धीमान ने बताया कि यह प्रशिक्षण डी ओ सी (गाइड्स) भूपिंदर कौर के नेतृत्व में संपन्न होगा। शिविर के दौरान प्रतिभागियों को प्राथमिक उपचार, टीमवर्क, पर्यावरण संरक्षण, नशा मुक्ति, समाज सेवा, आपदा प्रबंधन और आत्मनिर्भरता जैसी विभिन्न गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

दूसरी ओर जिला शिक्षा अधिकारी अंबाला सुधीर कालड़ा ने भी समस्त टीम को सफलता की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे प्रशिक्षण शिविर विद्यार्थियों में आत्मविश्वास बढ़ाने के साथ-साथ उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनने की दिशा में प्रेरित करते हैं। उन्होंने कहा कि स्काउटिंग और गाइडिंग विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों, सेवा भावना और समाज के प्रति उत्तरदायित्व को सुदृढ़ बनाती है।

कार्यक्रम के दौरान डीओसी संजय धीमान और यूनिट लीडर भविंदर सिंह ने सभी गाइड्स एवं महिला अध्यापिकाओं को सुरक्षित यात्रा और प्रशिक्षण में उत्कृष्ट प्रदर्शन की शुभकामनाएं दीं। संजय धीमान ने हरियाणा सरकार, जिला शिक्षा अधिकारी अंबाला सुधीर कालड़ा और संपूर्ण स्काउट-गाइड्स संगठन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके निरंतर सहयोग और मार्गदर्शन से ही नारायणगढ़ ब्लॉक के विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास और राष्ट्रसेवा के प्रति समर्पण संभव हो पा रहा है।

# लाडवा मंडी में नई टीम ने संभाली कमान, सुमन सैनी ने दिलाया पदभार

## लाडवा मार्केट कमेटी में नई ऊर्जा का संचार, चेयरमैन-वाईस चेयरमैन सहित 16 सदस्यों ने संभाला कार्यभार

अर्थ प्रकाश/विकास कश्यप



**लाडवा, 24 अक्तूबर।** लाडवा मार्कीट कमेटी कार्यालय में शुक्रवार को पदग्रहण समारोह का आयोजन किया। पद ग्रहण समारोह में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब ड्क्षसह सैनी की धर्मपत्नी एवं हरियाणा राज्य बाल विकास कल्याण परिषद की उपाध्यक्ष सुमन सैनी ने मुख्यातिथि व हरियाणा पशुधन विभाग के चेयरमैन धर्मबीर मिर्जापुर व मुख्यमंत्री कार्यालय प्रभारी कैलाश चंद विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। समारोह की अध्यक्षता मार्र्कीट कमेटी के सचिव संत कुमार सैनी द्वारा की गई। समारोह में सबसे पहले मुख्यातिथि का समारोह में पहुंचने पर पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया।

इससे पूर्व मुख्यातिथि व अतिथियों द्वारा मार्कीट कमेटी के नव नियुक्त चेयरमैन डा.गणेश दत्त शर्मा व वाइस चेयरमैन सुरेंद्र सिंघला को कुर्सी पर बिठाकर पद भार संभलवाया और मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी। समारोह को संबोधित करते हुए उपाध्यक्ष सुमन सैनी ने कहा कि लाडवा मंडी की समस्याओं को दूर करने की जिम्मेवारी मुख्यमंत्री ने डा.गणेश दत्त व सुरेंद्र सिंघल सहित उनकी पूरी टीम को सौंपी है। अब लाडवा मंडी में कोई समस्या न बचे इसके लिए चेयरमैन व वाइस चेयरमैन को अपनी टीम के साथ मिलकर दूर करना है। यह टीम समस्याओं को खत्म करने की महत्वपूर्ण कड़ी है और सभी ने सरकार के साथ आढ़तियों व किसानों के बीच की कड़ी का काम करना है। उन्होंने लाडवा के किसानों को इस बार पराली न जलाने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा किसानों के भले के लिए किसान सम्मान निधि योजना चलाकर प्रति साल 6 हजार रुपए दिया जा रहा है। इसके अलावा किसान क्रेडिट कार्ड योजना, पी.एम. फसल बीमा योजना, पी.एम. सूर्य घर योजना का किसानों को लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने किसानों से वायदा किया था कि उनकी फसल को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर सरकार द्वारा खरीद किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने अपने वायदे को पूरा करते हुए प्रदेश के किसानों की सभी 24 फसलों को एम.एस.पी. पर खरीदा जा रहा है।

समारोह में पहुंचने पर चेयरमैन डा.गणेश दत्त शर्मा, वाइस चेयरमैन सुरेंद्र सिंगला, मंडल अध्यक्ष शिव गुप्ता व अनाज मंडी आढ़ती एसोसिएशन के प्रधान राजीव आर्य ने मुख्यातिथि व अतिथियों को स्मृति चिन्ह व शाल उड़ाकर सम्मानित भी किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री कार्यालय प्रभारी कैलाश सैनी, मीडिया कोऑर्डिनेटर तुषार सैनी, नपा चेयरपर्सन साक्षी खुराना, समाजसेवी सचिन गर्ग, बी.एल.ए.-1 यतेंद्र वर्मा मेहरा, लाडवा मंडल अध्यक्ष शिव गुप्ता, पूर्व मंडल प्रधान गुरदेव शर्मा मेहरा, गूढ़ा मंडल अध्यक्ष नरेंद्र दबखेड़ा, बाबैन मंडल अध्यक्ष विकास शर्मा, ओमबीर बूढ़ा, सुशील राणा, अनाज मंडी प्रधान राजीव आर्य, मार्कीट कमेटी सचिव संत लाल, डा.पूनम शर्मा सहित अनेक गण्यमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

पद ग्रहण समारोह में चेयरमैन डा.गणेश दत्त शर्मा व वाइस चेयरमैन सुरेंद्र सिंगला सहित अनुज गोयल, संजीव छाबड़ा, ज्ञान ड्क्षसह ब्राहण, महेश शर्मा सलेमपुर, ऋषि पाल डूडी, राजबीर कश्यप सूरा, गुरनाम ड्क्षसह सौंटी, श्रवण ड्क्षसह दबखेड़ा, नरेंद्र शर्मा भूत माजरा, विनोद रोहिला, मनीष सिंगला, भूपेंद्रजीत ड्क्षसह, संजय गर्ग, मुनेश्वर राम, संतोष कुमार लाडवा, सोहन पंजेटा जैनपुर जाटान ने सदस्य के पद पर पदभार ग्रहण किया।

# शनिदेव को प्रसन्न करने के लिए करें यह काम, साढ़ेसाती का भी प्रभाव होगा कम

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, शनिदेव को न्याय का देवता माना जाता है। वह जातक को अच्छे और बुरे कर्मों के हिसाब से फल देते हैं। कहा जाता है कि अगर कुंडली में शनि की स्थिति सही है तो जातक को राजसुख अवश्य मिलेगा। वहीं अगर शनि अच्छा नहीं है तो कुंडली में शनि की ढैय्या, साढ़ेसाती, शनिदोष, महादशा और अंतर्दशा जैसी समस्याएं हो जाती है। इस अवस्था में व्यक्ति को हर एक चीज में कष्ट होता है। बनते-बनते काम बिगड़ जाते हैं और एक परेशानी खत्म नहीं होती है कि दूसरी परेशानी आ जाती है।

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, शनिवार का दिन शनिदेव का माना जाता है। इस दिन जातक अपनी परेशानियों से मुक्ति पाने के लिए शनिदेव का व्रत रख सकता है। इसके अलावा शनि देव की कृपा पाने के लिए और जीवन के हर कष्ट को दूर करने के लिए शनिवार के दिन ये उपाय करना काफी शुभ होगा।

**शनिवार के दिन करें ये उपाय**

शनिवार के दिन भगवान शिव की पूजा करने से भी शनिदेव की कृपा बनी रहती है। क्योंकि भगवान शिव शनिदेव के गुरु है। इसलिए इस दिन भगवान शिव की विधि-विधान से पूजा करने के साथ शिव चालीसा का पाठ करें।



### तरक्की के लिए

जीवन में तरक्की पाने के लिए शनिवार के दिन हनुमान चालीसा का पाठ करना शुभ होगा। इससे आपको तरह के कष्ट से भी छुटकारा मिलेगा। इसके साथ ही शनि भगवान प्रसन्न होंगे।

### धन लाभ के लिए शनि यंत्र की पूजा

शनिवार के दिन सभी कामों ने निवृत्त होकर स्नान आदि करके काले रंग के कपड़े पहन लें। इसके बाद शनि यंत्र की विधि-विधान से पूजा करें। इससे शनिदेव की कृपा आपके ऊपर बनी रहेगी और धन संबंधी लाभ मिलेगा।

### साढ़े साती, शनि दोष के लिए

कुंडली में अगर साढ़े साती या ढैय्या, शनि दोष है तो शनिवार के दिन शनिदेव की आराधना करने से शुभ फलों की प्राप्ति होगी। इसके साथ ही शनिवार के दिन शनि मंदिर जाकर सरसों का तेल चढ़ाएं और दीपक जलाएं। दीपक में सरसों के तेल के साथ काले तिल या फिर उड़द डाल दें। शनिवार के दिन जरुरतमंदों को फल, अनाज, वस्त्र आदि का दान करें। इससे भी शुभ फलों की प्राप्ति होगी और शनि की कृपा बनी रहेगी।

# धार्मिक आस्था का पुरातन केंद्र है काशी विश्वनाथ मंदिर



काशी विश्वनाथ मंदिर का इतिहास अनादि काल से माना जाता है। यहां तक कि कई उपनिषदों में और महाकाव्य 'महाभारत' में इसका वर्णन मिलता है। इसके ज्ञात इतिहास की बात करें तो मोहम्मद गौरी ने 1194 ईस्वी में इस को ध्वस्त करने की नापाक कोशिश की थी। इतना ही नहीं 1447 ईस्वी में जौनपुर के मोहम्मद शाह नामक सुल्तान ने भी इसको तोड़ने की कोशिश की थी, लेकिन इसका महत्त्व और इसका सम्मान कभी कम नहीं हुआ। विडंबना यह है कि जिस शाहजहां को हम ताजमहल जैसी इमारत के निर्माण के लिए जानते हैं, उस शाहजहां ने भी 1632 ईस्वी में शासनादेश द्वारा कशी विश्वनाथ मंदिर को तोड़ने के लिए एक बड़ी सेना भेजी थी। हालांकि तमाम सनातनी इसके विरोध में खड़े हो गए थे और वह सेना काशी विश्वनाथ के मुख्य मंदिर को नहीं तोड़ पाई थी, किंतु काशी के दूसरे तमाम मंदिर मुगल सेना ने ध्वस्त कर दिया था। कालान्तर में शाहजहां को उसकी करनी का फल मिला और उसके अपने ही बेटे औरंगजेब ने उसे बंदी बनाकर रखा।

हालांकि, खुद औरंगजेब मंदिर तोड़ने के कुकर्म से बाज नहीं आया और 1669 ईस्वी में उसने मंदिर तोड़कर ज्ञानवापी मस्जिद बनाने का निर्देश जारी किया। औरंगजेब मुगल शासकों में सर्वाधिक क्रूर शासक की संज्ञा पाता है और वह इसलिए कि मंदिर तोड़ने के बाद उसने हजारों ब्राह्मणों को मुसलमान बनाने का शासनादेश भी पारित किया। जाहिर तौर पर यह ऐसा कृत्य था जिसे सदियों तक सनातन धर्मी सहने को विवश हुए।

हालांकि इन तमाम आक्रमणों के बावजूद भी, तमाम कुत्सित प्रयासों के बावजूद भी काशी विश्वनाथ की महिमा उसी तरह से बरकरार रही, जिस प्रकार से ईसा पूर्व राजा हरिश्चंद्र, सम्राट विक्रमादित्य जैसे महान शासकों ने मंदिर की प्रतिष्ठा में चार चांद लगाए थे। एक तरफ जहां मंदिर तोड़ने वाले थे, वहीं दूसरी तरफ राजा टोडरमल जैसे महान व्यक्तियों ने इसके पुनरुद्धार का कार्य किया। तमाम मराठा लोगों ने इसकी मुक्ति के लिए जान की बाजी लगा दी। अहिल्याबाई होल्कर और महाराणा रंजीत सिंह जैसे शासकों ने इस मंदिर की महिमा हमेशा बरकरार रखी और उसमें वृद्धि ही की।

इस मंदिर की महिमा आप इस बात से ही समझ लीजिए कि द्वादश ज्योतिर्लिंगों में सबसे प्रमुख इस स्थान को प्रथम लिंग माना गया है। ऐसा माना जाता है कि साक्षात भगवान शंकर माता पार्वती के साथ इस स्थान पर विराजमान हैं। बाबा विश्वनाथ मंदिर के बारे में कहा जाता है कि यह पहला ऐसा ज्योतिर्लिंग है, जहाँ भगवान शिव माता पार्वती के साथ विराजते हैं। शिव और शक्ति के संयुक्त रूप वाले इस धाम को मुक्ति का द्वार बताया जाता है। विद्वान पंडितों का मानना है कि पवित्र गंगा नदी में स्नान करने के बाद अगर बाबा विश्वनाथ के दर्शन कर लिए जाएँ तो आत्मा को मुक्ति मिल जाती है। विश्वनाथ मंदिर के बारे में एक बात और प्रचलित है कि जब यहाँ कि मूर्तियों का श्रृंगार होता है तो सभी मूर्तियों का मुख पश्चिम दिशा की तरफ रहता है।

# वार्ड -9 मेरा परिवार, परिवार का विकास व उन्नति ही मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता: विकास कुहाड़

**पार्षद मनीषा कुहाड़ बोले- वार्ड में शिक्षा, स्वास्थ्य एवं संस्कृति आदि विकास कार्यों पर कर रहें हैं दिन रात कार्य**

अर्थ प्रकाश/मनदीप कुमार



समालखा। शहर के नप के अंतर्गत वार्ड 9 के हर नागरिक की खुशी, सुरक्षा और समृद्धि के लिए मैं निरंतर प्रयासरत हूं। जनता का विश्वास ही मेरी शक्ति है और यही प्रेरणा मुझे निरंतर जनसेवा के पथ पर अग्रसर रखती है उक्त जानकारी देते हुए वार्ड 9 से पार्षद प्रतिनिधि एवं समाजसेवी विकास कुहाड़ ने बताया कि वार्ड के निवासियों की समस्याओं को दूर करना और बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए दिन रात प्रयासरत हूँ।

उन्होंने बताया कि मेरा मुख्य उद्देश्य वार्ड के अंदर सड़क, सीवर, पानी और स्वच्छता जैसी बुनियादी सुविधाओं का विकास करते हुए स्थानीय निवासियों के जीवन स्तर को बेहतर बनाना हैं। क्योंकि मेरे वार्ड का विकास तो शहर का समग्र विकास भी हैं। साथ हीं सफाई को लेकर हमेशा सक्रिय रह हैं। वार्ड में नाले व नालियों सहित गलियों की साफ- सफाई उनकी प्राथमिकता में रहा है। उनका वार्ड साफ -सुथरा रहे वह खुद इसके लिए सक्रिय रहतें हैं। यही नहीं वार्ड के सौंदर्यीकरण का कार्य उनकी प्राथमिकता सूची में है। उनकी कोशिश हैं कि उनका वार्ड अन्य वार्डो की तुलना में सुंदर व आकर्षक बने। वहीं वार्ड 9 पार्षद मनीषा कुहाड़ ने बताया कि वार्ड में शिक्षा, स्वास्थ्य व संस्कृति का विकास करना उनकी प्राथमिकताओं में से एक है। इसे लेकर वह वार्ड वासियों को समय समय पर जागरूक करते रहते हैं। क्योंकि शिक्षा व स्वास्थ्य हर किसी के लिए जरुरी है। युवाओं कों नशे के खिलाफ समय समय पर कार्यक्रम आयोजित कर जागरूक किया जाता हैं। वार्डवासियों कों मच्छर मक्खी जनीत बीमारियों से बचाने के लिए फॉगिंग कराई जा रही हैं। वहीं वार्डवासियो ने बताया कि विकास कुहाड़ एक सच्चा जनहितैषी हैं। वह व्यस्तता के बीच सबकुछ छोड़कर सबसे पहले वार्ड के लोगों के हितों का ख्याल करते हैं। जनता का कार्य वह हंसी-खुशी करने में विश्वास रखते हैं।

# समर्पित भाव से ईश्वर रुपी अमूल्य वस्तू को पाया जा सकता है



सद्गुरू माता सुदीक्षा जी महाराज

आज इन्सान माया के पदार्थों में उलझा हुआ है। अभिमान करता है कि मैं बहुत विद्वान हूं, मैंनेबहुत पढ़ाई-लिखाई की है। मैंने बहुत फिलासफी पढ़ी है। सोचता है कि शायद इसीसे मेरा पार उतारा हो जायेगा। परन्तु यह सब उसका भ्रम है।

एक महापुरुष किसी गांव में प्रचार-यात्रा पर गए। उपस्थित लोगों से पूछा, परमात्मा को जानते हो? किसी को परमात्मा का ज्ञान हासिल करना है? सामने अभिमानी अभिमान में भरे बैठे थे। वे कैसे कहें कि नहीं जानते? इसलिए बोले कि हां जानते हैं। सन्त जी बोले कि जब जानते हो तो ठीक है, फिर मेरे कहने की जरुरत नहीं। यह कहकर चले गए। बाद में कुछ जिज्ञासु सज्जन उन लोगों से कहने लगे कि यह आपने क्या किया? आपके कारण एक महात्मा से हम अपना अमूल्य ज्ञान प्राप्त नहीं कर सके। उन्होंने कहा कि इस बार वे जब आएं तो सभी ने कहना है कि नहीं। किसी ने भी हां नहीं कहनी। कुछ समय बाद महात्मा फिर उसी गांव में पहुंचे। इस बार महात्मा ने सवाल थोड़ा-सा बदल दिया, वे बोले, च्परमात्मा है कि नहीं? सभी ने पहले ही निश्चित किया उत्तर दिया, नहीं। महात्मा कहने लगे कि आप तो परमात्मा को मान ही नहीं रहे तो फिर मैं क्या बताऊँगा? यह कहकर चले गए। बाद में सभी कहने लगे कि सवाल की तरफ हमने ध्यान ही नहीं दिया। यह हमसे कितनी बड़ी भूल हुई। उन्होंने आपस में सलाह की कि इस बार जब सन्त जी आएंगे तो आधे कह देना, च्हांज् आधे कह देना 'नहीं' बाद में जब महात्मा उस गांव में आये, तो उन्होंने पहले वाला सवाल पूछा कि परमात्मा को जानते हो? आधे लोगों ने कहा - च्हांज् आधे लोगोंने कहा - 'नहीं'। उस महात्मा ने फिर कह दिया-अच्छा ऐसी बात है।

## पंचांग

शनिवार, 25 अक्तूबर, 2025, सूर्योदयः 06:28 ए एम, सूर्यास्तः 05:42 पी एम, चन्द्रोदयः 09:50 ए एम, चन्द्रास्तः 07:58 पी एम, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, विक्रम सम्वतः 2082 कालयुक्त, गुजराती सम्वतः 2082 पिङ्गल, अमान्त महीनाः कार्तिक, पूर्णिमान्त महीनाः कार्तिक, वारः शनिवार, पक्षः शुक्ल पक्ष, तिथिः चतुर्थी - 03:48 ए एम, अक्टूबर 26 तक, नक्षत्रः अनुराधा - 07:51 ए एम तक, योगः शोभन - पूर्ण रात्रि तक, करणः वणिज - 02:34 पी एम तक, द्वितीय करणः विष्टि - 03:48 ए एम, अक्टूबर 26 तक, सूर्य राशिः तुला, चन्द्र राशिः वृश्चिक, राहुकालः 09:17 ए एम से 10:41 ए एम, गुलिक कालः 06:28 ए एम से 07:52 ए एम, यमगण्डः 01:29 पी एम से 02:53 पी एम, अभिजित मुहूर्तः 11:42 ए एम से 12:27 पी एम, दुर्मुहूर्तः 06:28 ए एम से 07:13 ए एम, दुर्मुहूर्तः 07:13 ए एम से 07:58 ए एम, अमृत कालः 12:54 ए एम, अक्टूबर 26 से 02:42 ए एम, अक्टूबर 26

## भविष्य फल



**मेषः** किसी शुभ समाचार के मिलने का योग नजर आ रहा है। पारिवारिक रिश्तों में सामंजस्य बना रहेगा।

**वृषः** खुश हो जाएं क्योंकि अच्छा समय आ गया है। कोई नया विचार आपको आर्थिक तौर पर फायदा दिलायेगा।

**मिथुनः** आज के दिन आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा और आप नाम और शोहरत हासिल करेंगे। आपके विरोधी निष्क्रिय रहेंगे।

**कर्क :** आज आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा, सारे महत्वपूर्ण कामों को आसानी से पूरा कर लेंगे। पैसों के लेन-देन के लिए दिन अच्छा है।

**सिंहः** कोई खास काम या चुनौती नहीं होगी। काम के सिलसिले में कहीं जाना भी पड़ सकता है। जितना हो सके, सकारात्मक रहें।

**कन्याः** आज आपको विभिन्न स्रोतों से आर्थिक लाभ होगा। आपकी कुछ महत्वाकांक्षाएं पूरी हो सकती हैं।

**तुलाः** आज सामाजिक उत्सवों में सहभागिता का मौका मिलेगा, जिससे आपका मान-सम्मान बढ़ेगा।

**वृश्चिकः** आज परिवार के साथ यात्राएं हो सकती हे। कामकाज में अच्छा धनलाभ होगा। नया आर्थिक करार अंतिम रूप लेगा।

**धनुः** क़ानून या लेखांकन का अभ्यास करने वाले जातकों को सफलता के लिए अधिक प्रयास करना होगा।

**मकरः** आज आप थोड़ा तनावग्रस्त महसूस करेंगे। लेकिन आपको ज्यादा परेशान होने की जरुरत नहीं, क्योंकि जल्द ही आपकी सारी परेशानियां खत्म होने वाली है।

**कुंभः** आज सोच-समझकर कदम बढ़ाने की जरूरत है, जहां दिल की बजाय दिमाग का ज़्यादा इस्तेमाल करना चाहिए।

**मीनः** आज व्यावसायिक सदंर्भ में कुछ परेशानियां रह सकती हैं। किन्तु आमदनी में बढ़ोत्तरी संभव है।

# 'आत्ममंथन' की ज्योति से आलोकित होगा 78वां निरंकारी संत समागम, तैयारियां अंतिम चरण में



अर्थ प्रकाश/मनदीप कुमार

समालखा। सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित जी की पावन छत्रछाया में 78वां वार्षिक निरंकारी संत समागम 31 अक्टूबर से 3 नवम्बर, 2025 तक संत निरंकारी आध्यात्मिक स्थल, समालखा (हरियाणा) में अद्भुत दिव्यता और भव्यता के साथ आयोजित होने जा रहा है। आत्मीयता के इस उत्सव में देश-विदेश से असंख्य श्रद्धालु भाग लेकर आनंद का अनुभव प्राप्त करेंगे। श्रद्धा, समर्पण के साथ ह?ारों श्रद्धालुजन अपने-अपने क्षेत्रों से आकर पूर्ण तन्मयता और समर्पण भाव के साथ दिन रात सेवाओं में रत हैं; जिससे यह आयोजन अपनी अंतिम तैयारियों की ओर अग्रसर है।

यह समागम केवल एक धार्मिक या वार्षिक आयोजन नहीं, अपितु ज्ञान, प्रेम और भक्ति का ऐसा पावन संगम है, जो ब्रह्मज्ञान द्वारा आत्मा को परमात्मा से जोड़ने का सशक्त माध्यम बनता है। यहाँ श्रद्धालु न केवल आध्यात्मिक जागृति पाते हैं, बल्कि मानवता, विश्वबंधुत्व और आपसी सौहार्द की भावनाओं को भी आत्मसात करते हैं। यह आयोजन 'आत्ममंथन' की वह दिव्य भूमि है, जहाँ प्रत्येक साधक अपने अंतर्मन में झाँकने, आत्मचिंतन करने और आत्मिक चेतना को जागृत करने की प्रेरणा प्राप्त करता है। यह सम्पूर्ण आयोजन सतगुरु माता जी की दिव्य प्रेरणा और आशीर्वाद से संचालित हो रहा है। सतगुरु की यही मंगलकामना रहती है कि हर श्रद्धालु इस समागम में प्रेम, सम्मान और समुचित सुविधा का अनुभव करते हुए आध्यात्मिक रूप से परिपूर्ण हो। संत निरंकारी मंडल के सचिव श्री जोगिंदर सुखीजा के अनुसार एक समय पर जो स्थल केवल एक सामान्य मैदान था, वह अब संतो की कर्मठ सेवा भावना के कारण एक भव्य शामियानों की सुंदर नगरी में परिवर्तित हो चुका है। यह दिव्य वातावरण प्रत्येक आगंतुक को अपनी ओर आकर्षित करता है। समागम स्थल को एक दिव्य नगरी का रूप दिया गया है। विशाल पंडालों में भक्तों के लिए सुव्यवस्थित बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। समागम मंच पर हो रहे प्रेरणादायक प्रवचन, भावपूर्ण भजन और विचारों को समूचे परिसर में और अधिक प्रभावी रूप से दर्शाने हेतु समूचे परिसर में अत्याधुनिक एल.ई.डी. स्क्रीन स्थापित की जा रही हैं, जिससे दूरस्थ स्थानों पर बैठे श्रद्धालु भी उसी भाव, ऊर्जा और अनुभूति से सत्संग का लाभ प्राप्त कर सकें।

# पात्र महिलाओं को जल्द मिलेगा लाभ: उपायुक्त ने दिए दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना के पंजीकरण तेज करने के निर्देश

**शनिवार-रविवार को भी होगा पंजीकरण कार्य**

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी



सोनीपत। दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना का फायदा ज्यादा से ज्यादा पात्र महिलाओं को जल्द से जल्द दिया जा सके, इसके लिए सोनीपत जिला प्रशासन ने अपनी कमर कस ली है। शुक्रवार को मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर व मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी के द्वारा प्रदेश के सभी उपायुक्त व अतिरिक्त उपायुक्तों के साथ विडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से बैठक कर कार्य की समीक्षा की गई। बैठक के दौरान मुख्य प्रधान सचिव व मुख्य सचिव ने जिला के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक उपरांत उपायुक्त सुशील सारवान ने सभी संबंधित अधिकारियों की बैठक ली व कार्य की समीक्षा करते हुए आगामी आवश्यक कार्यवाही के लिए अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों के साथ विस्तार में चर्चा करी की कैसे जल्द से जल्द सभी पात्र महिलाओं को योजना का लाभ दिया जा सके। इस कार्य की आगामी दिनों के रूपरेखा तैयार कर उस पर कार्य करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने उपमंडल अधिकारियों को निर्देश दिए कि वो अपने उपमंडल स्तर पर प्राप्त सूची के अनुसार समय पर समय कार्य की समीक्षा करते रहे व पटवारियों के साथ बैठक कर उन्हे आवश्यक दिशा-निर्देश दे। उन्होंने जिला में कार्यरत सभी बीडीपीओ को निर्देश दिए कि सभी ग्राम सचिवों से कार्य को समय पर करवाना सुनिश्चित करे। अगले दो दीनों के लिए सभी ग्राम सचिव अपने-अपने गांव में पात्र महिलाओं के ऐप की द्वारा फार्म भरना सुनिश्चित करे। उन्होंने डीडब्ल्यूओ को निर्देश दिए के वो सभी एसडीएम व बीडीपीओ के सम्पर्क में रहे व कार्य को करना सुनिश्चित करे। उन्होने पीओ को निर्देश दिए कि वो आगंनवाडी में सभी महिलाओं को इकट्ठा करवाना सुनिश्चित करे। जिससे ग्राम सचिवों की मदद हो सके। उन्होंने निर्देश दिए कि इस कार्य से सेल्फ हल्प ग्रुप की महिलाओं को भी जोडा जाए।

अतिरिक्त उपायुक्त लक्षित सरीन ने बताया कि मुख्यालय द्वारा प्राप्त डाटा के अनुसार इस योजना के लिए जिला की 44 हजार 533 महिलाएं पात्र है। उन्होंने बताया कि इस योजना का लाभ लेने के लिए महिला की उम्र 23 वर्ष या इससे अधिक होनी चाहिए, कम से कम 15 वर्ष से हरियाणा की निवासी होनी चाहिए। इसके अलावा परिवार की आय एक लाख रुपए वार्षिक होनी चाहिए। तृतीय व चतुर्थ श्रेणी के कैंसर पीडित महिला, दुर्लभ बीमारियों से ग्रसित महिला, हीमोफीलिया, थैलेसीमिया, सिकल सेल एनीमिया से ग्रसित महिला जो पहले से किसी अन्य सामाजिक सुरक्षा पेंशन का लाभ न ले रही हो वह ही दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना के लिए पात्र हैं।

### योजना के दायरे से यह रहेंगे बाहर

अतिरिक्त उपायुक्त लक्षित सरीन ने बताया कि वृद्धावस्था सम्मान भत्ता, विधवाध् निराश्रित महिला के लिए वित्तीय सहायता, दिव्यांग पैशन, लाडली सामाजिक सुरक्षा योजना, कश्मीरी विस्थापित परिवार के लिए वित्तीय सहायता, बौना भत्ता, तेजाब पीडित महिला/लडकी को वित्तीय सहायता, अविवाहित महिला को वित्तीय सहायता, पद्म पुरस्कार विजेताओं के लिए हरियाणा गौरव सम्मान योजना का लाभ लेने वाली महिलाएं दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना के लिए पात्र नहीं होंगी। अतिरिक्त उपायुक्त ने पात्र महिलाओं का आह्वान किया कि वे जल्द से जल्द इस योजना के लिए अपना पंजीकरण करवाएं ताकि उन्हें इस योजना का लाभ मिल सके।

# इतिशा दास ने विश्व ताइक्वांडो चैंपियनशिप के लिए किया क्वालीफाई

अर्थ प्रकाश संवाददाता



चंडीगढ़। चंडीगढ़ की इतिशा दास (22) ताइक्वांडो एथलीट ने 24 अक्टूबर से 30 अक्टूबर, 2025 तक चीनके वूशी में आयोजित होने वाली विश्व ताइक्वांडो चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई करलिया है। वह चंडीगढ़ की पहली ताइक्वांडो एथलीट हैं जिन्होंने लगातार तीन वर्षों तकसीनियर राष्ट्रीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता है। वह राष्ट्रीय विश्वविद्यालय स्तर पर कराटे और ताइक्वांडो में दो अलग-अलग लड़ाकू खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली ताइक्वांडो एथलीट (पुरुष और महिला दोनों वर्ग) हैं। उन्होंने इससे पहले विश्व चैंपियनशिप, विश्व कप, एशियाई चैंपियनशिप और विश्व विश्वविद्यालयखेलों जैसी कई प्रतियोगिताओं में भारत का प्रतिनिधित्व किया है और उन्होंने बाकू, अज़रबैजान में2023 विश्व ताइक्वांडो चैंपियनशिप में भी भाग लिया है। चेंगदू, चीन में 2021 FISU विश्व विश्वविद्यालयखेलों में भी भाग लिया है। एशियाई चैंपियनशिप में भागीदारी, डा नांग, वियतनाम। उन्होंने 38वीं सीनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप, पुडुचेरी, 2022 में स्वर्ण पदक जीता है। 40वीं सीनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप, पुडुचेरी, 2024 में स्वर्ण पदक जीता है। 37वें राष्ट्रीय खेल, गोवा, 2023 मेंस्वर्ण पदक जीता है। 38वें राष्ट्रीय खेल, उत्तराखंड, 2024 में स्वर्ण पदक जीता है। 3आईटी राष्ट्रीय चैंपियनशिप, 2024 में स्वर्ण पदक जीता है।

# मोबाईल फोन छीनने की घटना में संलिप्त आरोपी गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

**सोनीपत।** जिले के थाना कुण्डली की पुलिस टीम नें मोबाईल फोन छीनने की घटना मे संलिप्त आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी कपिल उर्फ कलुवा पुत्र जयदेव निवासी चान्दपूर थाना छायसा जिला फरिदाबाद हाल बल्लबगड़, फरीदाबाद का रहने वाला है। इस प्रकरण की विस्तृत जानकारी देते हुए बतलाया कि दिनांक 23अक्तूबर को रामनिवास पुत्र बालाराम निवासी बोलिया तह गरोठ थाना गरोठ जिला मन्दसौर एमपी हाल पार्कर रेजिडेन्सी प्लेट नं.- ईडब्ल्यूएस-204 2-फ्लोर रसोई सोनीपत ने थाना कुण्डली में शिकायत दी कि मैं सर्विश इन्जीनियर हुँ और कम्पनी के काम नोर्थ इण्डिया का सारा काम देखता पडता है। आज मै दिवाली की छुट्टी मनाकर पार्कर मोल के पास 3 व्हीलर मै बैठकर आ रहा था समय करीब 8 बजे के आसपास एक लडका नीली जिन्स मेरा फोन छीनकर एक स्कूटी वाले के लिफ्ट लेकर भाग गया जो मैंने सोर किया औटो को रूकावाया तो वह लडका काफी दुर किसी कालेज की बस से टकराकर स्कूटी सहित गिर गये।

# झींगा से लेकर सॉफ्टवेयर तक–नए व्यापार समझौते से भारत के लिए बड़ा बाजार खुला

**दैनिक अर्थ प्रकाश**

भारत ने समृद्धि का एक और दरवाजा खोल दिया है। उसने प्रति व्यक्ति 100,000 अमेरिकी डॉलर से अधिक आय वाले यूरोपीय देशों के एक धनी समूह के साथ एक नए व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किया है। इससे भारतीय किसानों, मछुआरों और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के लिए एक आकर्षक बाजार में पहुंचने का रास्ता खुल गया है और प्रधानमंत्री मोदी के विकसित भारत 2047 मिशन को पर्याप्त गति मिलेगी।

यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) - स्विट्जरलैंड, नॉर्वे, आइसलैंड और लिकटेंस्टीन - के साथ हुआ व्यापार एवं आर्थिक साझेदारी समझौता (टीईपीए) ऐतिहासिक है। यह समझौता 1 अक्टूबर को शुभ नवरात्रि के दौरान लागू हुआ। ईएफटीए के सदस्य देशों ने 15 वर्षों में 100 बिलियन अमेरिकी डॉलर के निवेश का संकल्प लिया है - जो दुनिया में किसी भी व्यापार समझौते में जतायी गई पहली ऐसी प्रतिबद्धता है। इस समझौते के जरिए, ईएफटीए के सदस्य देशों की सरकारें भारत में निवेश को बढ़ावा देंगी, कम से कम दस लाख रोजगार सृजित करेंगी और प्रधानमंत्री मोदी के 'मेक इन इंडिया' मिशन को गति प्रदान करेंगी।

**विकसित भारत हेतु व्यापार की रणनीति:** मोदी सरकार ने अतीत की झिझक को छोड़कर मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) को अपनाया है। ये समझौते हमारे उत्पादों और सेवाओं को प्रीमियम एवं विकसित बाजारों में पहुंचाते हैं। ये समझौते न सिर्फ नए दरवाजे खोलते हैं, बल्कि हमारे उद्योगों को सशक्त बनाते तथा हमें आगे बढ़ने में मदद करने वाले प्रतिस्पर्धात्मकता और गुणवत्ता का संचार भी करते हैं। भारत ने जहां जुलाई 2025 में यूनाइटेड किंगडम के साथ एक ऐतिहासिक समझौता किया, वहीं यूरोपीय संघ के साथ बातचीत भी अच्छी तरह आगे बढ़ी है। इससे पहले, प्रधानमंत्री मोदी के निर्णायक प्रयासों से ऑस्ट्रेलिया और संयुक्त अरब अमीरात के साथ दोनों पक्षों के लिए लाभदायक समझौते हुए।

प्रतिस्पर्धा के बीच आगे बढ़ते हुए वैश्विक मंचों पर अपनी छाप छोड़ने के आत्मविश्वास से भरा हुआ, भारतीय उद्योग जगत आज बुलंदियों पर खड़ा है। यूपीए शासन के दौरान किए गए जल्दबाजी भरे सौदों के उलट, गहन विचार-विमर्श के बाद तैयार किए गए मोदी-युग के हर मुक्त व्यापार समझौते का उद्योग जगत के विभिन्न हितधारकों ने खुले दिल से स्वागत किया है। यूपीए शासन के सौदे बिना किसी जानकारी के और अक्सर उन प्रतिस्पर्धी अर्थव्यवस्थाओं के साथ किए गए थे, जिन्हें हमारे बाजारों तक पहुंच तो मिली, लेकिन उन्होंने अपने दरवाजे पर्याप्त रूप से नहीं खोले।

**भारत को आकर्षक बनाना:** यह बदलाव 11 वर्ष पहले शुरू हुआ था, जब प्रधानमंत्री मोदी ने हमारी अर्थव्यवस्था को 'नाजुक पांच' के तमगे से उबारकर इसे व्यापार एवं पूंजी के लिए एक आकर्षण का केन्द्र बनाया। मोदी सरकार ने बुनियादी सुधारों के जरिए विरासत में मिली समस्याओं, गतिरोध, उच्च मुद्रास्फीति, भ्रष्टाचार और अक्षमताओं को दूर किया। अकेले उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना ने मार्च 2025 तक कुल 1.76 लाख करोड़ रुपये का निवेश आकर्षित किया है, जिससे 12 लाख से अधिक नौकरियां सृजित हुई हैं। प्रधानमंत्री गति शक्ति एवं राष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स नीति ने लागत में कमी की है और बुनियादी ढांचे को सुव्यवस्थित किया है। हमारी डिजिटल रीढ़ - जन-धन, यूपीआई और ट्रेड कनेक्ट - ने अवसरों का लोकतंत्रीकरण किया है और छह वर्षों में कुल 12,000 लाख करोड़ रुपये मूल्य के 65,000 करोड़ लेनदेन को संभव बनाया है। इससे वंचित वर्ग अब वित्तीय मुख्यधारा में आ गया है।

**निवेश और रोजगार सृजन:** अब, ईएफटीए के 100 बिलियन अमेरिकी डॉलर के निवेश से दस लाख प्रत्यक्ष और अनगिनत अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित होने का वादा किया गया है। यह निवेश पिछले 25 वर्षों में इन देशों से प्राप्त मात्र 11.9 बिलियन अमेरिकी डॉलर के प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) से कहीं अधिक बड़ा है। वर्ष 2024-25 में भारत का कुल एफडीआई 81 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने के साथ, जोकि 14 प्रतिशत की वृद्धि है, वास्तविक प्रवाह जतायी गई प्रतिबद्धताओं को पीछे छोड़ सकता है। इसका श्रेय दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था में मौजूद अवसरों और मजबूत बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर) कानूनों को जाता है, जिनका प्रभावी ढंग से पालन किया जाता है। टीईपीए प्रवर्तन एवं सुव्यवस्थित सुरक्षा उपायों के मामले में बेहतर सहयोग के जरिए



आईपीआर को मजबूत करता है, नवोन्मेषकों को सशक्त बनाता है और ठोस नियामक संबंधी निश्चितता के बीच उच्च-तकनीक से संबंधित पूंजी को आकर्षित करता है।

**किसान और मछुआरे:** प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) के अलावा, वस्त्र तथा रत्न एवं आभूषण जैसे श्रम-प्रधान क्षेत्र से जुड़े निर्यात में भी तेजी आएगी। इससे रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। ईएफटीए के समृद्ध उपभोक्ता हमारे कृषि उत्पादों, चाय और कॉफी के लिए लालायित रहते हैं। भारत ने जहां डेयरी जैसे संवेदनशील क्षेत्रों को संरक्षण दिया है, वहीं चावल, ग्वार गम, दालें, अंगूर, आम, सब्जियां, बाजरा और काजू के व्यापार को अवसर प्रदान किए हैं। बिस्कुट, कन्फेक्शनरी, चॉकलेट और सॉस जैसे प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों पर शुल्क में कटौती से यह सौदा और भी बेहतर हो गया है। मछुआरे इस बात से खुश हैं कि निर्बाध मानक सहयोग के जरिए फ्रोजन झींगा, प्रॉन्स और स्क्विड का निर्यात बढ़ेगा।

**आकांक्षी भारतीय:** टीईपीए द्वारा नर्सिंग, अकाउंटेंसी और आर्किटेक्चर के क्षेत्र में पारस्परिक मान्यता से संबंधित समझौतों का मार्ग प्रशस्त होने से इन सेवाओं को बढ़ावा मिलेगा, जिससे भारतीय पेशेवरों के लिए ईएफटीए में प्रवेश आसान हो जाएगा। सक्रिय नियामक वार्ताओं के जरिए तकनीकी बाधाओं के कम होने से सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी), व्यवसाय, सांस्कृतिक, मनोरंजन, शिक्षा और दृश्य-श्रव्य सेवाओं के लिए द्वार खुलेंगे।

**बाधाओं की समाप्ति:** टीईपीए टैरिफ से आगे बढ़कर खाद्य सुरक्षा, पशु एवं पादप स्वास्थ्य, उत्पादों की गुणवत्ता, सुरक्षा एवं उपभोक्ता संरक्षण के संबंध में निष्पक्ष व पारदर्शी नियम तैयार करता है। स्पष्ट सूचना साझाकरण, सत्यापन, आयात संबंधी जांच एवं प्रमाणन इन्हें व्यापार से संबंधित मकड़जाल बनने से रोकते हैं, भारतीय वस्तुओं के लिए ईएफटीए तक पहुंचने का मार्ग सुगम बनाते हैं और साथ ही उद्योग जगत को घरेलू मानकों को ऊंचा उठाने के लिए प्रेरित करते हैं। हमारे किसान और उत्पादक सुरक्षित निर्यात, कीट-मुक्त उत्पाद, वैश्विक स्तर के मानकों के अनुरूप उत्पाद तैयार करेंगे, जिससे घरेलू गुणवत्ता भी बढ़ेगी। बेहतर जांच और अनुपालन का अर्थ है प्रत्येक भारतीय परिवार के लिए स्वास्थ्यवर्धक भोजन और विश्वसनीय उत्पाद।

**बेहतर भविष्य:** ये समझौते निर्माताओं, सेवा प्रदाताओं और आम नागरिकों के बीच उत्साह जगाते हैं, जो गहरे आर्थिक संबंधों के जरिए उच्च-गुणवत्ता वाले वैश्विक उत्पादों का आनंद लेते हैं। टीईपीए अपने मूल में स्थिरता को समाहित करता है, समावेशी विकास को बढ़ावा देने वाले व्यापार को बढ़ावा देता है, गरीबी से लड़ता है और हमारे पर्यावरण की रक्षा करता है। पेरिस समझौते और अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन के मूल सिद्धांतों की पुष्टि करते हुए, यह जलवायु संबंधी कार्रवाई, लैंगिक समानता तथा जैव विविधता संरक्षण से संबंधित सहयोग को बढ़ावा देता है और उचित वेतन, सुरक्षित रोजगार एवं एक हरी-भरी धरती सुनिश्चित करता है।

हरित प्रौद्योगिकी के आदान-प्रदान एवं सहयोग के जरिए, यह श्रमिकों का उत्थान करता है, असमानता को कम करता है और हमारे बच्चों के लिए एक समृद्ध भविष्य सुनिश्चित करता है। मोदी के भारत में जन्मे बच्चे को घर पर भी उतने ही अवसर मिलते हैं, जितने कि आल्प्स की पहाड़ियों वाली भूमि, आग एवं बर्फ वाली भूमि या फिर मध्यरात्रि के सूर्य वाली भूमि में!

भारत की नियति में अलगाव नहीं, बल्कि सक्रिय भागीदारी है। जिस तरह पुरानी सभ्यता वाले हमारे राष्ट्र के प्राचीन नाविकों ने साहस के साथ अज्ञात जलमार्गों पर यात्रा की थी, ठीक उसी तरह आज के 140 करोड़ भारतीय ङ्क आत्मविश्वास एवं दृढ़निश्चय के साथ और एकजुट होकर - आगे बढ़ रहे हैं। लक्ष्य है - अपनी वैश्विक उपस्थिति का विस्तार करना, शिक्षा एवं डिजिटल क्रांति के जरिए सशक्त बनना और एक टिकाऊ भविष्य का निर्माण करना। हम सबको मिलकर वाणिज्य के क्षेत्र में भारत को एक ऐसे अग्रणी देश के रूप में पुनर्स्थापित करना है, जहां व्यापार एवं प्रौद्योगिकी मानवता की सेवा करें और नवाचार एवं समावेशन कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ें।

**-पीयूष गोयल**
**(लेखक केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री हैं।)**

---

**मिशन कर्मयोगी से डिजिटल दक्षता की ओर अग्रसर उत्तर प्रदेश**

# योगी सरकार बना रही है पारदर्शी शासन का नया मॉडल

अर्थ प्रकाश/विजय कुमार निगम

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सुशासन और ई-गवर्नेंस को बढ़ावा देने के सतत प्रयासों का असर अब स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी पहल 'मिशन कर्मयोगी' को आगे बढ़ाते हुए योगी सरकार ने अपने अधिकारियों और कर्मचारियों को डिजिटल प्रशिक्षण से जोड़ने की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति की है। योगी सरकार के 'डिजिटल दक्षता एवं पारदर्शी प्रशासन' के विजन को साकार करने में समाज कल्याण विभाग अग्रणी भूमिका निभा रहा है।

विभाग के अधिकारी और कर्मचारी अब डिजिटल प्लेटफॉर्म आईजीओटी कर्मयोगी पोर्टल के माध्यम से अपनी कार्यकुशलता बढ़ाने में जुटे हैं। इसका सीधा लाभ जनता को पारदर्शी, त्वरित और प्रभावी सेवाओं के रूप में मिल रहा है।समाज

कल्याण विभाग के आंकड़ों के अनुसार, सितंबर 2025 तक कुल 3,900 अधिकारी, नियमित/संविदाकर्मी एवं शिक्षक पोर्टल पर पंजीकृत हो चुके हैं। इन कर्मचारियों ने अब तक 21,150 ऑनलाइन कोर्स पूरे किए, जिनमें लगभग 15,893 घंटे का प्रशिक्षण शामिल है। इनमें से 2,759 कर्मचारियों ने कम से कम



एक कोर्स, जबकि 2,289 कर्मचारियों ने तीन या उससे अधिक कोर्स पूरे किए हैं। वहीं, 1,611 कर्मचारियों ने तीन से कम और 1,141 कर्मचारियों ने अभी प्रशिक्षण पूरा नहीं किया है। योगी सरकार का यह अभियान हर सरकारी कर्मचारी को 'कुशल, पारदर्शी और जवाबदेह' बनाने की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

मिशन कर्मयोगी के प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों में न केवल प्रशासनिक सुधार बल्कि तकनीकी उन्नयन पर भी विशेष जोर दिया गया है। इनमें 'योगा ब्रेक एट वर्कप्लेस' जैसे विषय तनावमुक्त कार्यसंस्कृति को बढ़ावा देते हैं, जबकि पार्श्व एक्ट2013 से कार्यस्थल पर महिला सुरक्षा को सशक्त किया जा रहा है। ' प्रोक्योरमेन्ट प्रोसेस आन जीईएम 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020', ' बेसिक्स ऑफ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और राइट टू इन्फॉर्मेशन एक्ट जैसे कोर्स सरकारी सेवाओं में पारदर्शिता, तकनीकी दक्षता और जनता के प्रति जवाबदेही की भावना को सुदृढ़ कर रहे हैं।

मिशन कर्मयोगी के तहत डिजिटल प्रशिक्षण, योगी सरकार के उस दृष्टिकोण का हिस्सा है जिसमें शासन को पेपरलेस, पारदर्शी और परिणामोन्मुख बनाया जा रहा है। समाज कल्याण विभाग के इस अभियान से प्रशासनिक प्रक्रियाओं में न केवल पारदर्शिता आई है बल्कि कर्मचारियों में कार्य के प्रति जिम्मेदारी और संवेदनशीलता भी बढ़ी है।

समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने कहा कि मिशन कर्मयोगी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की साझा सोच का परिणाम है, जिसका उद्देश्य सरकारी सेवाओं को अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनाना है। समाज कल्याण विभाग इस दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

हमारे अधिकारी और कर्मचारी डिजिटल रूप से दक्ष बन रहे हैं, जिससे जनता को योजनाओं का लाभ तेजी और पारदर्शिता के साथ मिल सके। दक्षता से ही सेवा की गुणवत्ता बढ़ेगी और यही योगी सरकार के सुशासन का आधार है।

## योगी सरकार की एमएसपी नीति से अन्नदाता को मजबूती

अर्थ प्रकाश/विजय कुमार निगम

लखनऊ। योगी सरकार की नीतियों को अन्नदाता किसानों का साथ मिल रहा है। आंकड़े इसकी गवाही दे रहे हैं। खरीद सत्र 2025–26 में धान बिक्री के लिए पहली सितंबर से किसानों द्वारा पंजीकरण शुरू किया गया। 23 अक्टूबर (सुबह 12 बजे) तक 1,37,166 किसानों ने पंजीकरण करा लिया है। वहीं योगी सरकार ने 4000 क्रय केंद्र खोलने का लक्ष्य रखा है, जिसमें से 3790 क्रय केंद्र स्थापित हो गए हैं। यह केंद्र किसानों के लिए काफी लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। सरकार न्यूनतम समर्थन मूल्य पर यह खरीदारी कर रही है।

खाद्य व रसद विभाग के मुताबिक धान बिक्री के लिए किसान तेजी से पंजीकरण करा रहे हैं। 23 अक्टूबर की दोपहर 12 बजे तक 1.37 लाख से अधिक किसानों ने पंजीकरण करा लिया है। www.fcs.up.gov.in और मोबाइल ऐप यूपी किसान मित्र पर पंजीकरण किया जा रहा है। धान की बिक्री के लिए ओटीपी आधारित सिंगल पंजीकरण की व्यवस्था की गई है। किसान मोबाइल पर एसएमएस से मिले ओटीपी को भरकर पंजीकरण करा सकते हैं। किसानों को भुगतान सीधे आधार लिंक्ड बैंक खाते में किया जा रहा है। पहली अक्टूबर से पश्चिम उत्तर प्रदेश के मेरठ, सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली,आगरा, अलीग<१, झांसी संभाग में खरीद हो रही है। वहीं लखनऊ संभाग के हरदोई, लखीमपुर खीरी, सीतापुर जनपद में भी धान खरीद हो रही है। योगी सरकार ने 60 लाख मीट्रिक टन धान खरीद का लक्ष्य रखा है। 23 दिन में इन संभागों में 35.63 हजार मीट्रिक टन से अधिक की खरीद की जा चुकी है। डबल इंजन सरकार ने इस वर्ष धान के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि भी की है। धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य (कॉमन)–2369 और (ग्रेड ए) का 2389 रुपये प्रति कुंतल तय किया गया है। योगी सरकार ने 48 घंटे के भीतर किसानों को भुगतान का निर्देश दिया है। क्रय केंद्र सुबह 9 से शाम पांच बजे तक खुले हैं।

# लोक आस्था का महापर्व छठ पर उत्तर मध्य रेलवे की विशेष तैयारियां, छठ गीतों से गूजें स्टेशन

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**नई दिल्ली।** लोक आस्था और सूर्य उपासना के महापर्व छठ के अवसर पर जब घर लौटने की उमंग से रेलवे स्टेशन आस्था और उल्लास से भर उठते हैं, तब उत्तर मध्य रेलवे ने अपनी बेहतरीन तैयारियों से यह सुनिश्चित कर रहा कि हर यात्री सुरक्षित, सहज और समय पर अपनी मंजिल तक पहुँचे।। इस पर्व की विशेषता ही है कि लोग अपने घर लौटते समय एक दूसरे के सुख-शांति की कामना करते हैं। इस भावनात्मक और सामाजिक जुड़ाव के बीच उत्तर मध्य रेलवे ने इस बार यात्रियों की सुविधा, सुरक्षा और सहजता सुनिश्चित करने के लिए विशेष तैयारियाँ की हैं।

मंगीला हम वरदान हे गंगा मइया
छठी माई के करब हम वरतिया
काँच ही बाँस के बहँगिया
केलवा के पात पर उगेलन सुरुजदेव
पहिले पहिल हम कईनी छठ के बरतिया
पटना के घाट पर हमहूँ अरगिया देहब
हे छठी मैया
कौने खेत जन्मल धान सुधान हो

जैसे प्रसिद्ध छठ पूजा के गीत 39 से अधिक रेलवे स्टेशनों की उद्घोषणा प्रणालियों से गूंज रहे हैं, जो न केवल यात्रियों के मन को छूने वाला अनुभव बन रहा है, बल्कि उन्हें बिहार की सोंधी संस्कृति से भी जोड़ रहा है। इस वर्ष भारतीय रेल ने छठ के इस अवसर को और भी खास बना दिया है। विशेषकर महिला यात्रियों को इन गीतों को गुनगुनाते हुए भी देखा जा सकता है। भारतीय रेल ने इस प्रकार का प्रयोग पहली बार किया है।

हर साल छठ पूजा के दौरान लाखों की संख्या में बिहार और उत्तर भारत के विभिन्न हिस्सों में लोग अपने घरों की ओर लौटते हैं। अपने परिवार संग छठ पूजा मनाने जाने वाले लोगों के लिए इस वर्ष भारतीय रेल ने 12000 से अधिक विशेष ट्रेनो तथा हजारों नियमित ट्रेनों के माध्यम से यात्रियों को उनके घर शहर पहुंचने का जिम्मा लिया है और सफलतापूर्वक अतिरिक्त सुविधाएं प्रदान करते हुए यात्रियों को उनके गंतव्य स्थान तक पहुंचाया है। लेकिन स्टेशनों पर स्टेशन उद्घोषणा प्रणाली के माध्यम से छठ के गीतों के साथ यात्रियों का स्वागत शायद पहली बार हो रहा है। यह कोशिश अपने आप में विशिष्ट है और दूर दराज से आने वाले यात्रियों को बिहार की सोंधी संस्कृति से जोड़ रही है।

उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज मंडल के अलीगढ़ जंक्शन, इटावा जंक्शन, झिंझक, कानपुर सेंट्रल, खुर्जा जंक्शन, मिर्ज़ापुर, विंध्याचल, टुंडला जंक्शन, फफूंद, सिराथू, प्रयागराज छिवकी, फिरोजाबाद, नैनी जंक्शन, शिकोहबाद जंक्शन, गोविंदपुरी, प्रयागराज जंक्शन, मानिकपुर जंक्शन, चुनार जंक्शन, पनकी धाम, शंकरगढ़, डभौरा, फतेहपुर, सूबेदारगंज, भरवारी, कानपुर अनवरगंज एवं रूरा आदि स्टेशनों पर, झाँसी मंडल के वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी, ग्वालियर, चित्रकूट, छतरपुर, उरई, टीकमग? एवं खजुराहो आदि स्टेशनों पर एवं आगरा मंडल के आगरा फोर्ट, आगरा कैंट, राजा की मंडी, मथुरा, ईदगाह एवं धौलपुर सहित 39 से अधिक रेलवे स्टेशनों पर छठ के गीत बजाए जा रहे हैं।

रेलवे के इस प्रयोग से छठ पूजा के लिए जा रहे यात्री विशेष कर महिला यात्री खुशी व्यक्त कर रही हैं। लोक आस्था का महान पर्व छठ लोकगीतों के बिना अधूरा है। छठ घाटों की ओर जाने वाली महिलाएं समूह में छठ के गीत गाते चलती हैं और छठी मैया से अपने, परिवार, समाज और देश के लिए आशीष मांगती हैं। दूर दराज से ट्रेन पड़कर आ रहे यात्रियों की ट्रेन जब उनके रेलवे स्टेशन पर पहुंची, तो यात्रियों को छठ के गीत सुनाई पड़ने लगे।

**तीनों मण्डल स्तर पर यात्री सुविधाओं संबंधित विशेष इंतजाम:** किये गए हैं। प्रमुख स्टेशनों पर अतिरिक्त टिकट काउंटर, यात्री सहायता केंद्र एवं बूथ स्थापित किए गए हैं, जहाँ यात्रियों को यात्रा संबंधी त्वरित जानकारी और मार्गदर्शन प्रदान किया जा रहा है। साथ ही, 139 हेल्पलाइन नंबर पर सहायता मांगे जाने पर यात्रियों को तत्काल टीटीई, मेडिकल किट या डॉक्टर की सहायता उपलब्ध कराई जा रही है, ताकि त्वरित चिकित्सा सहायता सुनिश्चित हो सके।

# वजन व स्वास्थ्य सुधार के लिए पारस हेल्थ का नया ओबेसिटी सेंटर किया लॉन्च



अर्थ प्रकाश संवाददाता

पंचकूला। पारस हेल्थ पंचकूला ने आज अपना नया डेडिकेटेड ओबेसिटी (मोटापा) क्लीनिक लॉन्च किया। इस पहल का उद्देश्य मरीजों को वजन नियंत्रण और उससे जुड़ी बीमारियों से बचाने के लिए समग्र और व्यक्तिगत देखभाल प्रदान करना है।

ओबेसिटी क्लीनिक में मेडिकल और सर्जिकल गैस्ट्रोएंटरोलॉजी, एंडोक्रिनोलॉजी, डाइट और न्यूट्रिशन एक्सपर्ट, काउंसलर और फिजियोथेरेपिस्ट की टीम मिलकर मरीजों को पर्सनलाइज्ड और हॉलिस्टिक देखभाल प्रदान करेगी। यहां स्थाई वजन नियंत्रण के लिए न सिर्फ डाइट, बल्कि जीवनशैली और स्वास्थ्य संबंधी आदतों पर भी ध्यान दिया जाएगा।

पारस हेल्थ की टीम का कहना है कि हम हर मरीज के लिए संतुलित और प्रैक्टिकल न्यूट्रिशन प्लान बनाते हैं। लगातार काउंसलिंग और शिक्षा के माध्यम से हम लोगों को स्वस्थ आदतें अपनाने में मदद करते हैं ताकि वे जीवनभर इन्हें जारी रख सकें।

डॉ. पंकज मित्तल, फैसिलिटी डॉयरेक्टर ने कहा कि हमारा ओबेसिटी क्लीनिक मरीजों को मेडिकल, सर्जिकल, न्यूट्रिशन और इमोशनल गाइडेंस सहित समग्र देखभाल उपलब्ध कराता है। यह मरीजों को वजन कम करने, स्वास्थ्य सुधारने और जीवन की गुणवत्ता बढ़ाने में मदद करता है।

क्लीनिक में विस्तृत स्वास्थ्य जांच, पोषण काउंसलिंग, वजन घटाने की थेरेपी, एंडोक्राइन मैनेजमेंट और एडवांस्ड गैस्ट्रो व बैरिएट्रिक प्रक्रियाओं जैसी सुविधाएँ उपलब्ध हैं। इससे डायबिटीज, हृदय रोग और मेटाबॉलिज्म से जुड़ी बीमारियों से बचाव भी संभव है।

पारस हेल्थ का यह कदम उत्तर भारत में विशेषज्ञ इलाज और दयालु देखभाल पहुँचाने के उनके मिशन को और मजबूत करता है। अस्पताल पंचकुला, गुरुग्राम, पटना, उदयपुर, रांची, दरभंगा, कानपुर और श्रीनगर में मौजूद हैं, जहां आधुनिक तकनीक और बेहतरीन इलाज की सुविधा मरीजों को मिलती है।

# सहारनपुर में 12 करोड़ की जीएसटी चोरी के मामले में तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

सहारनपुर। सहारनपुर के वस्तु एवं सेवाकर (जीएसटी) विभाग ने कर चोरी के तीन बड़े मामले पकड़े हैं। सहायक आयुक्त धीरेंद्र पाल सिंह ने शुक्रवार को बताया कि रूखसार ट्रेडर्स के संचालक मोहम्मद जावेद ने बोगस फार्मो के जरिए फर्जीवाड़ा कर सरकार के राजस्व को भारी नुकसान पहुंचाया है। पुलिस ने बताया कि 30 सितंबर 2020 को रजिस्टर्ड इस फर्म का पता चिलकाना रोड़ पर इनाम नगर में दिखाया गया था। 2022-23 में मोहम्मद जावेद ने बोगस फार्मो से खरीद दिखाई और फर्जी आईटीसी पासओन किया। पकड़े जाने पर 18 जनवरी 2024 को उसका रजिस्ट्रेशन कैंसिल कर दिया गया।

# झारखंड में छठ महापर्व को लेकर मुकम्मल तैयारी, चार दिनों तक चलने वाला महापर्व छठ नहाए खाए के साथ 25 से शुरू

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

रांची। झारखंड में छठ पूजा को लेकर सभी तैयारी पूरी कर ली गई है । चार दिनों तक चलने वाला यह पर्व 25 अक्टूबर को नहाए खाए से शुरू हो जाएगा। वहीं 26 अक्टूबर को शाम में छठ पर्व का खरना पूजन होगा। इसके बाद छठ व्रतियों द्वारा खीर-रोटी खाने के बाद कार्तिक छठ के समापन होने तक करीब 36 घंटे तक का निर्जला उपवास शुरू हो जाएगा। 27 अक्टूबर को अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पण किया जाएगा। 28 अक्टूबर को प्रात~ बेला में उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया जाएगा वहीं जिला प्रशासन से लेकर मंत्री, सांसद और विधायक लगातार विभिन्न घाटों का निरीक्षण कर रहे हैं। वही राज्य के सभी जिलों में उपायुक्त भी छठ घाट में लगातार निरीक्षण कर साफ सफाई करने के निर्देश अधिकारियों को दे रहे हैं। वहीं हर साल की तरह इस बार भी छठ पर्व के मौके पर लाखों श्रद्धालु नदियों, तालाबों और जलाशयों के किनारे छठ पर्व मनाने जुटेंगे। ऐसे में श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर जिला प्रशासन और एनडीआरएफ दोनों स्तर पर विशेष व्यवस्था की गई है।राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) की टीमें राज्य के प्रमुख जिलों तैनात की जाएंगी। एनडीआरएफ के डिप्टी कमांडेंट विनय कुमार ने आज बताया कि बल की ओर से सभी जरूरी रिहर्सल और मॉकड्रिल पूरी कर ली गई हैं। घाटों पर सुरक्षा, जलस्तर की निगरानी, नाविक दलों की सहायता और संभावित आपात स्थितियों से निपटने के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं. छठ पर्व के दौरान किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए हमारी टीमें पूरी तरह अलर्ट रहेंगी।

# भारत के बाद पाकिस्तान पर अफगानिस्तान की 'वाटर स्ट्राइक', कुनार नदी पर बांध बनाकर रोकेगा पाकिस्तान का पानी

**दैनिक अर्थ प्रकाश**

> पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ और उसके आर्मी जनरल असीम मुल्ला मुनीर की बड़ी मुश्किलें

भारत के पड़ोसी जिन्ना के जिहादी सोच के देश द्वारा पहलगाम में किए गए आतंकवादी



हमले के बाद, भारत ने सिंधु जल संधि निरस्त करके उस देश को घुटनों पर ला दिया है। अब उस देश की बची–खुची कसर अफगानिस्तान की तालिबान हुकूमत निकालने जा रही है। तालिबान ने कुनार नदी पर बांध बनाकर पाकिस्तान की ओर पानी का प्रवाह रोकने का एलान किया है, जिससे पाकिस्तान में सूखे का खतरा बढ़ गया है। पाकिस्तान सरकार ने इस मुद्दे पर चिंता जताई है और तालिबान से बातचीत करने की कोशिश कर रही है। पाकिस्तान बेशक अब दो मोर्चों से जल संकट के दबाव में होगा, लेकिन रक्षा विशेषज्ञों को लगता है, वह इसे खुलकर नहीं स्वीकारेगा और उसका जिहादी सोच का जनरल असीम मलिक भारत और अफगानिस्तान को लेकर वैश्विक मंचों पर झूठ फैलाता रहेगा।

अफगानिस्तान सरकार का यह कदम भारत के उस कदम की याद दिलाता है जब 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद भारत ने सिंधु जल संधि को निलंबित कर दिया था। भारत की इस कार्रवाई से पाकिस्तान की जलापूर्ति पर गंभीर असर पड़ा है, क्योंकि पाकिस्तान को मिलता रहा लगभग 76 प्रतिशत पानी इसी नदी प्रणाली से जाता था। यह



पानी पाकिस्तान की 80 प्रतिशत कृषि भूमि को सींचता था और उसकी कई बिजली परियोजनाओं के लिए भी जरूरी था। जल संधि के निलंबन से पाकिस्तान की कृषि, विद्युत उत्पादन और शहरी जल आपूर्ति प्रभावित हुई है। इससे पाकिस्तान में खाद्य उत्पादन गिर सकता है और जल संकट तो गहरा ही गया है, जो वहां आर्थिक संकट और सामाजिक अशांति को जन्म दे रहा है। लेकिन अब अफगानिस्तान की तालिबान हुकूमत ने कुनार नदी पर जल प्रवाह रोकने के लिए बांध बनाने का काम शुरू करने के निर्देश दिए हैं। इससे पाकिस्तान की जल स्थिति बेहद नाजुक हो जाएगी, क्योंकि कुनार नदी काबुल नदी की सहायक नदी है, जो पाकिस्तान में जलालाबाद के पास मिलती है और सिंधु बेसिन का हिस्सा है।

तालिबान के सुप्रीम नेता मौलवी हेब्तुल्लाह अखुंदजादा ने जल और ऊर्जा मंत्रालय को बांध बनाने का आदेश दिया है और घरेलू कंपनियों के साथ अनुबंध भी किए जा रहे हैं। इस कदम के पीछे जो कारण सामने आ रहा है वह है अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच हाल के संघर्ष और लगातार हो रहे सेनाओं के टकराव। भारत के सिंधु जल समझौते को निरस्त करने से पाकिस्तान पहले से ही जल संकट में था। अब अफगानिस्तान का उक्त कदम इस संकट को दोगुना करने जा रहा है। पाकिस्तान पर 'दो मोर्चों पर जल युद्ध' छिड़ने से जिन्ना के देश पर जल संकट का दवाब बढ़ता जाएगा। और इससे पाकिस्तान में कृषि, उद्योग और सामान्य जीवन प्रभावित होगा।

इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि इस्लामाबाद द्वारा दिल्ली के साथ सिंधु जल संधि (IWT) के विपरीत, इन जल के बंटवारे को नियंत्रित करने वाली कोई संधि नहीं है, जिसका अर्थ है कि काबुल को तुरंत पीछे हटने के लिए मजबूर करने का कोई उपाय नहीं है। इससे पाकिस्तान-अफगान हिंसा के और बढ़ने की आशंकाएं बढ़ गई हैं। भविष्य में पाकिस्तान को जल संकट और रणनीतिक अलगाव का सामना करना पड़ सकता है। लेकिन इससे वह सीधे रास्ते पर आएगा, यह कहना अभी कठिन होगा।

**दिनेश दिक्षित**
**लेखक एवं राजनीतिक विश्लेषक**

# बाढ़ से सुरक्षा के लिए किफायती और प्रभावी मॉडल्स का अध्ययन करेगी विशेष कमेटी : गोयल

- जल संसाधन मंत्री द्वारा राज्य भर में बाढ़ रोकथाम और जल प्रबंधन प्रयासों की समीक्षा
- बाउपुर आइलैंड में बार-बार आने वाली बाढ़ की समस्या से स्थायी रूप से निपटने के लिए तकनीकी समाधान निकालने के निर्देश
- बाढ़ सुरक्षा और डी-सिल्टिंग के कार्य शीघ्र पूर्ण करने के आदेश



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 24 अक्तूबर।** पंजाब के जल संसाधन मंत्री श्री बरिंदर कुमार गोयल ने आज विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि एक विशेष कमेटी गठित की जाए, जो अन्य राज्यों का दौरा करके वहां की किफायती और अभिनव बाढ़ प्रबंधन तकनीकों का अध्ययन करे, ताकि उन तकनीकों को पंजाब की भौगोलिक और पर्यावरणीय परिस्थितियों के अनुरूप अपनाया जा सके।

सिंचाई भवन के कमेटी रूम में उच्च-स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करते हुए जल संसाधन मंत्री ने कहा कि इस प्रकार के तुलनात्मक अध्ययन से राज्य के बाढ़ प्रबंधन ढांचे को सुदृढ़ बनाने के लिए व्यावहारिक और लाभदायक तरीकों को अपनाने में मदद मिलेगी। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि आगामी मानसून सत्र से पहले सभी बाढ़ सुरक्षा और डी-सिल्टिंग) से संबंधित कार्य समय पर पूरे किए जाएं। बैठक के दौरान मंत्री ने पूरे राज्य में चल रहे और प्रस्तावित बाढ़ रोकथाम एवं जल प्रबंधन उपायों की भी समीक्षा की।

बाउपुर आइलैंड क्षेत्र में बार-बार आने वाली बाढ़ और स्थानीय लोगों को पेश आने वाली कठिनाइयों पर चिंता व्यक्त करते हुए मंत्री ने अधिकारियों को स्थायी राहत प्रदान करने के लिए उपयुक्त तकनीकी समाधान खोजने के निर्देश दिए। उन्होंने पानी भरे क्षेत्रों की स्थिति की समीक्षा करते हुए कहा कि स्थायी समाधान सुनिश्चित करने के लिए दीर्घकालिक परियोजनाओं की योजना बनाई जाए और उन्हें लागू किया जाए।

श्री गोयल ने ज़ोर देकर कहा कि सभी बाढ़ सुरक्षा कार्य पूरी तत्परता से किए जाएं और अगले मानसून के आगमन से पहले ही पूर्ण कर लिए जाएं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे अपने क्षेत्रों में चल रहे कार्यों की नज़दीकी निगरानी करें और टेंडर प्रक्रियाओं को समय पर पूरा करवाएं।

डी-सिल्टिंग कार्यक्रम पर चर्चा करते हुए कैबिनेट मंत्री ने कहा कि नदियों और नालों में पानी के प्राकृतिक बहाव को बनाए रखने के लिए ज़मीनी स्तर पर कार्य शीघ्र प्रारंभ किए जाएं। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि नदियों के प्रवाह मार्ग में उगे पौधों और अन्य बाधाओं को बिना देरी हटाया जाए। अवैध कब्ज़ों के संबंध में जानकारी देते हुए अधिकारियों ने बताया कि ऐसे कब्ज़ाधारकों को पहले ही नोटिस जारी किए जा चुके हैं।

बैठक के दौरान हाल ही में आई बाढ़ से क्षतिग्रस्त तटबंधों की मरम्मत कार्यों की स्थिति की भी समीक्षा की गई। जल संसाधन मंत्री ने इन कार्यों को गति देने और प्रभावी ढंग से पूर्ण करने के लिए क्षेत्रीय अधिकारियों और ज़िला प्रशासन के समर्पित प्रयासों की सराहना की।

### बैठक में ये रहे मौजूद

बैठक में प्रमुख सचिव कृष्ण कुमार, मुख्य अभियंता (ड्रेनेज) हरदीप सिंह मेंदीरत्ता, मुख्य अभियंता (डिज़ाइन) विजय कुमार गर्ग तथा विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# दो एक्टिवा सवार युवकों ने महिला की दो तोले की चेन की स्नैच

## एक्टिवा नंबर नहीं था, दोनों स्नेचरों ने डाला हुआ था हेलमेट

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा



**जीरकपुर, 24 अक्तूबर।** बलटाना के स्वामी एंक्लेव में दुपिहर करीब सवा एक बजे दो एक्टिवा सवार युवकों ने एक महिला की दो तोले की चेन सनेच कर हर मिलाप नगर की तरफ से होते हुए चंडीगढ़ की तरफ फरार हो गए। घबराई हुई महिला ने जैसे ही शोर मचाना शुरू किया तो वहां लोगों की भीड़ लग गई और महिला का बेटा भी मौके पर पहुंच गया। जिसने तुरंत को मामले की सुचना दी तो पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी और आसपास के सीसीटीवी खंगाले शुरू कर दिए। बताया जा रहा है स्नेचर नई एक्टिवा पर आए थे और एक्टिवा नंबर नहीं लगा हुआ था। जबकि दोनों स्नेचरों ने हेलमेट डाला हुआ था। मामले के सबंध में जानकारी देते हुए पीड़ित महिला पूजा सलूजा निवासी स्वामी इंकलेव ने बताया कि वह किसी काम के लिए मार्किट गई ज़ब वह वापिस जाने लगी तो घर से कुछ ही दुरी पर एक एक्टिवा सवार दो युवक आए जिन्होंने हेलमेट डाले हुए थे ने पीछे धक्का मार कर उसकी चेन सनेच कर ली और वह जमीन पर गिर गई। जब उसने शोर मचाया तो लोग इकट्ठा हो गए लेकिन तब तक स्नेचर काफी दूर निकल गए थे। महिला ने बताया उसकी एक तोले की चेन व एक तोले का लॉकेट कुल दो तोले की चेन थी जो चोरी हुई है। रोते हुए महिला ने बताया के बड़ी मेहनत से चेन बनाई थी जिसे एक मिनट में स्नेचर चुरा कर ले गए। जिसकी शिकायत हमने पुलिस को दे दी है। वहां मौजूद लोगों ने मौके पर पहुंची पुलिस से पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की है। मामले के सबंध में जांच अधिकारी कुलदीप सिंह ने बताया के सुचना के तुरंत बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आसपास की सीसीटीवी फुटेज कब्जे में ले ली है और स्नेचरों की तलाश की जा रही है।

# स्पीकर ने राज्य के जिला शिक्षा अधिकारियों के साथ ऑनलाइन बैठक की

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 24 अक्टूबर।** पंजाब विधानसभा के स्पीकर स कुलतार सिंह संधवां ने पंजाब विधानसभा में विद्यार्थियों के लिए संभावित रूप से 26 नवंबर 2025 को मॉक सेशन आयोजित कराने के लिए राज्य के जिला शिक्षा अधिकारियों के साथ ऑनलाइन बैठक की।

स्पीकर ने बताया कि मुख्यमंत्री स भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार शिक्षा क्षेत्र में मिसाल बनने वाले सुधार कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों को स्मार्ट स्कूलों में बदला जा रहा है, शिक्षकों की खाली पदों को भरा जा रहा है और विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए नए उपाय किए जा रहे हैं।

उन्होंने यह भी बताया कि पंजाब सरकार विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ राजनीतिक क्षेत्र की जानकारी देने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को राजनीतिक प्रशासन के कामकाज, कानून बनाने और बजट तैयार करने संबंधी जानकारी प्रदान करने के लिए प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र से एक छात्र का चयन किया जाएगा और उन्हें पंजाब विधानसभा में मॉक सेशन में भाग लेने का अवसर दिया जाएगा। इस मॉक सेशन में सरकारी स्कूलों के चयनित विद्यार्थी हिस्सा लेंगे।

स्पीकर ने जोर देकर कहा कि अगर विद्यार्थियों को राजनीति के बारे में सही जानकारी होगी, तभी वे भविष्य में आगे बढ़ सकते हैं और सही प्रतिनिधि चुन सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि अब तक लगभग 2,400-2,500 सरकारी स्कूलों के विद्यार्थी पंजाब विधानसभा का दौरा कर चुके हैं।

### रागियों, ग्रंथियों और पाठियों को उचित वेतन सुनिश्चित करने के लिए स्पीकर ने श्री अकाल तख्त साहिब से दखल देने की मांग की

# कोटकपूरा में गुरबाणी कीर्तन के दौरान संधवां ने किया सम्मान

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 24 अक्टूबर।** पंजाब विधानसभा के स्पीकर स कुलतार सिंह संधवां ने शुक्रवार को ज़िला फरीदकोट के गांव संधवां स्थित अपने पैतृक निवास पर एक आध्यात्मिक गुरबाणी शब्द कीर्तन का आयोजन किया, जहां उन्होंने पूरे श्रद्धाभाव से रागी सिंहों, ग्रंथियों और पाठियों का सम्मान किया। इस पवित्र अवसर पर उन्होंने सिख पंथ और समाज के प्रति उनकी आध्यात्मिक सेवा के लिए आभार व्यक्त करते हुए उन्हें सिरोपा भेंट किए।

इस दौरान विशेष अतिथियों में तख्त श्री दमदमा साहिब, तलवंडी साबो से आए 'पंज प्यारों' में से एक भाई अमनदीप सिंह भी उपस्थित थे। उन्होंने पंजाबी विश्वविद्यालय, पटियाला द्वारा हाल ही में पुनः प्रकाशित ÷महान कोश÷ में हुई त्रुटियों के सुधार के लिए स्पीकर संधवां के महत्वपूर्ण प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि स्पीकर द्वारा उठाए गए सुधारात्मक कदम सिख विरासत और विद्वतापूर्ण प्रामाणिकता के प्रति उनके गहरे सम्मान को दर्शाते हैं। भाई अमनदीप सिंह ने श्री फतेहगढ़ साहिब स्थित ऐतिहासिक दीवान टोडर मल हवेली की देखभाल और पुनः बहाली के कार्य में संधवां की समर्पित निगरानी की भी प्रशंसा की। यह स्थान सिख इतिहास में सर्वोच्च बलिदान और आस्था से जुड़ा होने के कारण अत्यंत सम्मानित है।

उन्होंने श्री गुरु तेग बहादर साहिब जी के 350वें शताब्दी समारोह की रूपरेखा तैयार करने में स्पीकर संधवां के प्रयासों तथा जाति, नस्ल और धर्म से ऊपर उठकर सेवा और करुणा के प्रतीक भाई घन्हैया जी के विश्वव्यापी संदेश को फैलाने के उनके सतत प्रयासों की भी सराहना की। इस अवसर पर जथेदार बाबा कुलवंत सिंह चाणकिया ने श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के समक्ष अरदास की और आध्यात्मिक आशीर्वादों के लिए धन्यवाद व्यक्त किया।

अपने संबोधन में, स्पीकर संधवां ने कहा कि यह सिख पंथ के नेतृत्वकर्ताओं, विशेष रूप से शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी और अन्य वैश्विक गुरुद्वारा संस्थाओं की जिम्मेदारी है कि यह सुनिश्चित किया जाए कि रागियों, ग्रंथियों और पाठियों को निष्पक्ष और सम्मानजनक वेतन प्राप्त हो। उन्होंने कहा कि वे लोग जो गुरबाणी के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए अपना जीवन समर्पित करते हैं, उन्हें उचित आर्थिक सहयोग मिलना आवश्यक है ताकि वे अपने परिवारों की देखभाल कर सकें और सम्मानपूर्वक जीवन व्यतीत कर सकें।

संधवां ने घोषणा की कि वे शीघ्र ही श्री अकाल तख्त साहिब के जथेदार को एक लिखित प्रार्थना-पत्र सौंपेंगे, जिसमें अनुरोध किया जाएगा कि सभी गुरुद्वारों में रागियों, ग्रंथियों और पाठियों के लिए न्यूनतम वेतन ढांचा तय करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए जाएं। उन्होंने कहा कि वे इस सामूहिक चिंता के विषय को आगे बढ़ाने के लिए व्यक्तिगत रूप से भी जथेदार साहिब से मुलाकात करेंगे।

संगत के समक्ष अपनी विनम्रता प्रकट करते हुए, स्पीकर ने कहा कि उनका परिवार सिख सिद्धांतों और सामुदायिक एकता को बढ़ावा देने वाले श्रद्धालुओं और विद्वानों की सेवा में हमेशा अग्रणी रहेगा। उनके परिवार के सदस्य – माता गुरमेल कौर, बीबी गुरप्रीत कौर संधवां, बीबी परमजीत कौर, और एडवोकेट बीरिंदर सिंह – के साथ-साथ कई पंथक नेता और विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी इस आयोजन में भाग लिया।

# विधायक ने हुंबड़ा-हंसाला गांवों के लिए जल आपूर्ति परियोजना का किया शिलान्यास

अर्थ प्रकाश/चौहान



**लालड़ू 24 अक्टूबर।** ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने की प्रतिबद्धता बनाए रखते हुए, डेराबासी के विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने आज नेशनल एग्रीकल्चरल बैंक फॉर रूरल एंड रूरल डेवलपमेंट (राष्ट्रीय ग्रामीण और कृषि विकास बैंक) योजना-30 के तहत गांव हुंबड़ा और हंसाला के लिए महत्वपूर्ण जल आपूर्ति परियोजना की नींव हुंबड़ा में रखी, जिसकी कुल लागत 49.29 लाख रुपये है।

इस परियोजना में 235 मीटर गहरा 200 मिलीमीटर बोर ट्यूबवेल लगाना, एक पंप कक्ष का निर्माण, 25,000 लीटर क्षमता वाली पानी की टंकी की स्थापना, लगभग 700 मीटर पीवीसी पाइपलाइन बिछाना और 124 घरों में पानी के कनेक्शन प्रदान करना शामिल है।

इस अवसर पर बोलते हुए विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने कहा कि यह परियोजना ग्रामीण क्षेत्रों में हर घर को साफ और सुरक्षित पीने का पानी प्रदान करने के लिए पंजाब सरकार के समर्पित प्रयासों को दर्शाती है।

उन्होंने आगे कहा कि लगातार शुद्ध पानी की आपूर्ति और बेहतर स्वच्छता सुविधाओं को सुनिश्चित करना सरकार की प्रमुख प्राथमिकताओं में से एक है।

उन्होंने यह भी बताया कि गांवों में बुनियादी ढांचे का विकास योजनाबद्ध और समयबद्ध ढंग से किया जा रहा है ताकि निवासियों के जीवन स्तर को ऊँचा उठाया जा सके।

इस अवसर पर पूरे गांववासियों ने दस वर्षों की मांग पूरी करने के लिए विधायक रंधावा का धन्यवाद किया।

नींव पत्थर समारोह के दौरान प्रमुख स्थानीय प्रतिनिधि, ब्लॉक प्रधान, श्रीमती जसपाळ कौर (सरपंच हुंबड़ा), श्रीमती स्वरनो कौर (सरपंच हंसाला) और पूरे पंचायत के सदस्य, तथा जल आपूर्ति और स्वच्छता विभाग के अधिकारी भी उपस्थित थे।

# डीसी ने लुधियाना में अग्निवीर भर्ती रैली के इंतजामों का रिव्यू किया

अर्थ प्रकाश/प्रदीप पाल



**लुधियाना, 24 अक्टूबर।** डिप्टी कमिश्नर हिमांशु जैन ने शुक्रवार को लुधियाना के गुरु नानक स्टेडियम में होने वाली आर्मी की रैली की तैयारियों को फाइनल करने के लिए एक बड़ी मीटिंग की। यह भर्ती रैली लुधियाना, मोगा, रूपनगर और मोहाली (एसएएस नगर) ज़िलों के कैंडिडेट्स के लिए होगी। जिन शॉर्टलिस्टेड कैंडिडेट्स ने शुरुआती परीक्षा पास कर ली है, उन्हें अपने लॉगिन क्रेडेंशियल्स का इस्तेमाल करके ऑफिशियल वेबसाइट से अपने एडमिट कार्ड डाउनलोड करने होंगे। डिप्टी कमिश्नर ने सिक्योरिटी, ट्रैफिक मैनेजमेंट और ज़रूरी सुविधाओं पर फोकस करते हुए ज़रूरी इंतज़ामों पर गहराई से चर्चा की। पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे आस-पास चेकिंग, भीड़ कंट्रोल और असामाजिक तत्वों की मॉनिटरिंग के लिए मज़बूत सिक्योरिटी पक्का करने के लिए काफ़ी लोग तैनात करें, साथ ही रुकावट को कम करने के लिए एक असरदार ट्रैफिक मैनेजमेंट प्लान लागू करें। हेल्थ डिपार्टमेंट को निर्देश दिया गया है कि वे भर्ती के दौरान मेडिकल ज़रूरतों को पूरा करने के लिए डॉक्टर, एम्बुलेंस, पैथोलॉजी स्टाफ और ड्रग-टेस्टिंग सुविधाओं का इंतज़ाम करें। सफ़ाई, पानी की सप्लाई और बिना रुकावट बिजली सप्लाई के इंतज़ामों का भी रिव्यू किया गया, और संबंधित डिपार्टमेंट को वेन्यू पर सही इंतज़ाम पक्का करने का काम सौंपा गया। ख्स्हरु अधिकारियों को ऑपरेशनल ज़रूरतों को पूरा करने के लिए भरोसेमंद इंटरनेट कनेक्टिविटी बनाने का काम सौंपा गया है। इसके अलावा, फायर एंड इमरजेंसी सर्विसेज़ डिपार्टमेंट को संभावित खतरों को कम करने के लिए फायर सेफ्टी इक्विपमेंट और कर्मचारियों को तैनात करने का निर्देश दिया गया है। म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन लुधियाना को सफ़ाई कर्मचारियों को तैनात करके और 24 घंटे मोबाइल टॉयलेट और पानी की सुविधा देकर सफ़ाई के ऊंचे स्टैंडर्ड पक्का करने का निर्देश दिया गया है। बिना रुकावट के तालमेल की ज़रूरत पर ज़ोर देते हुए, डीसी जैन ने सभी डिपार्टमेंट से इस बड़े इवेंट को आसानी से और सफलतापूर्वक कराने के लिए मिलकर काम करने को कहा।

### लोकल गवर्नमेंट डिपार्टमेंट की बड़ी कार्रवाई

# नगर काउंसिल के प्रधान जतिंदरपाल राणा को प्रेसिडेंट पद से हटाया गया

अर्थ प्रकाश/प्रदीप पाल



**जगराओं 24 अक्टूबर।** पंजाब सरकार के लोकल गवर्नमेंट डिपार्टमेंट ने शक्तियों के गलत इस्तेमाल और भ्रष्टाचार के मामले में पंजाब म्युनिसिपल एक्ट 1911 की धारा 22 के तहत जगराओं म्युनिसिपल कार्उसिल के प्रेसिडेंट जतिंदरपाल राणा को प्रेसिडेंट पद से हटा दिया है।

शिकायत का मामला चरणजीत सिंह पुत्र करम सिंह, निवासी सुभाष गेट जगराओं ने 22 मई, 2025 को शिकायत दर्ज कराई थी कि म्युनिसिपल कार्उसिल जगराओं के प्रेसिडेंट अपनी शक्तियों का गलत इस्तेमाल कर रहे हैं और पुरानी अनाज मंडी समेत म्युनिसिपल कार्उसिल की दूसरी महंगी सरकारी ज़मीनों पर गैर-कानूनी तरीके से कब्ज़ा कर रहे हैं।

शिकायत मिलने के बाद लोकल गवर्नमेंट के चीफ विजिलेंस ऑफिसर को जांच की जिम्मेदारी सौंपी गई। जांच में पाया गया कि पुराना दाना मंडी जगराओं के रहने वाले अमित बंसल और सतीश बंसल ने गैर-कानूनी तरीके से दुकानें बनाई हैं। 18 अगस्त 2025 को चीफ विजिलेंस ऑफिसर ने एग्जीक्यूटिव ऑफिसर, म्युनिसिपल कार्उसिल, जगराओं को पुलिस की मदद से इन गैर-कानूनी कब्ज़ों और बिना इजाज़त के कंस्ट्रक्शन को तुरंत हटाने का निर्देश दिया।



नगर काउंसिल के प्रधान जतिंदरपाल राणा

# जीरकपुर में वार्डबंदी प्रक्रिया ने पकड़ी रफ्तार, नगर परिषद टीमें कर रही सर्वे

कुल 31 वार्डों के लिए 31 टीमों को दी गई जिम्मेदारी

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा



**जीरकपुर, 24 अक्तूबर।** शहर को सुव्यवस्थित विकास की राह पर आगे बढ़ाने के लिए नगर परिषद जीरकपुर वार्डबंदी को लेकर तेजी से काम कर रहा है। इसी के तहत पिछले कई दिनों से शहर में जनगणना और क्षेत्रीय सर्वे का कार्य लगातार जारी है। परिषद की टीमों ने डोर-टू-डोर सर्वे किया, जहां टीम ने वार्ड में रहने वाली जनसंख्या, क्षेत्रफल और तेजी से विकसित हो रही नई सोसायटियों का पूरा डाटा जुटाया।

नगर परिषद अधिकारियों का कहना है कि वार्डबंदी का मुख्य उद्देश्य शहर के हर वार्ड में जनसंख्या और क्षेत्रफल के अनुसार समान संतुलन स्थापित करना है, ताकि नागरिकों को बिना भेदभाव समान सुविधाएं मिल सकें। पिछले कुछ वर्षों में जीरकपुर में तेज रफ्तार से विकास हुआ है, जिसके चलते ढकोली, बलटाना, भबात, पीरमुछल्ला, नाभा साहिब और आसपास के इलाकों में बड़ी संख्या में नई आवासीय सोसायटियां खड़ी हो चुकी हैं। इस कारण कई पुराने वार्डों में जनसंख्या क्षमता से अधिक बढ़ गई है, वहीं कुछ वार्डों में जनसंख्या काफी कम है। यह असमानता न केवल जनप्रतिनिधित्व बल्कि विकास कार्यों में भी बाधा रही है।

नगर परिषद द्वारा चलाए जा रहे इस सर्वे अभियान में कुल 31 वार्डों के लिए 31 टीमों को जिम्मेदारी दी गई है। प्रत्येक टीम के ऊपर इंस्पेक्टर लेवल का अधिकारी निगरानी कर रहा है, ताकि आंकड़ों में किसी प्रकार की त्रुटि न रह जाए। एक वार्ड में सर्वे कार्य के तहत कर्मचारी पूरी बारीकी से मकानों की गिनती, लोगों की संख्या और क्षेत्र के विस्तृत भू-आकृति का रिकॉर्ड तैयार कर रहे हैं। अधिकारियों के अनुसार लगभग 40 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है और शेष सर्वे को जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा।

इस पूरी प्रक्रिया की मॉनिटरिंग नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी स्वयं कर रहे हैं ।अधिकारियों का दावा है कि सर्वे रिपोर्ट आने के बाद जरूरत पड़ने पर वार्डों की सीमाओं में बड़े बदलाव संभव हैं।

स्थानीय निवासियों ने इस कदम का स्वागत करते हुए कहा कि वार्डबंदी से जहां सुविधाओं का समान वितरण होगा, वहीं विकास कार्यों को भी सही दिशा मिलेगी। नगर परिषद की उम्मीद है कि यह प्रक्रिया जीरकपुर को एक संतुलित और बेहतर योजनाबद्ध शहर के रूप में विकसित करने में अहम भूमिका निभाएगी।

### वार्डबंदी का उद्देश्य

* हर वार्ड में जनसंख्या का संतुलन
* विकास कार्यों और सुविधाओं का समान वितरण
* बढ़ती सोसायटियों को ध्यान में रखकर भविष्य की योजना
* स्थानीय प्रशासन को मजबूत और सुचारू बनाना

# 117 लाभार्थियों को वितरित किए तीन करोड़ के स्वीकृति पत्र

## नगर निगम ऊना में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के तहत कार्यक्रम आयोजित

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा

**ऊना।** प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 अंगीकार के द्वितीय चरण के तहत नगर निगम ऊना में शुक्रवार को एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर निगम ऊना के संयुक्त आयुक्त मनोज कुमार ने की। इस अवसर पर उन्होंने योजना के 117 लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र वितरित किए।



संयुक्त आयुक्त मनोज कुमार ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के द्वितीय चरण में नगर निगम ऊना के 117 पात्र लाभार्थियों को कुल लगभग 3 करो? रुपये की वित्तीय सहायता स्वीकृत की गई है। प्रत्येक लाभार्थी को 2.5 लाख की सहायता राशि चार किस्तों में प्रदान की जाएगी। पहली किस्त 70 ह?ार नींव तक कार्य पूर्ण होने पर, दूसरी किस्त 60 ह?ार छत तक कार्य पूर्ण होने पर, तीसरी और चौथी किस्त 60-60 ह?ार रूपये छत डालने और संपूर्ण निर्माण पूरा होने पर जारी की जाएगी।

संयुक्त आयुक्त ने लाभार्थियों से आग्रह किया कि वे योजना के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए शीघ्रता से अपने मकानों का निर्माण कार्य आरंभ करें और एक वर्ष के भीतर इसे पूरा करें। उन्होंने बताया कि पात्र परिवार योजना का लाभ लेने के लिए यूनिफाइड वेब पोर्टल के माध्यम से भी आवेदन कर सकते हैं।

इसके अतिरिक्त सामाजिक विकास विशेषज्ञ मनोज कुमार ने बताया कि ऊना जिले के विभिन्न शहरी निकायों में कुल 256 आवासों को स्वीकृति दी गई है। इनमें नगर निगम ऊना में 117, नगर परिषद संतोखग? में 30, नगर परिषद मैहतपुर-बसदेह?ा में 13, नगर पंचायत अंब में 36, नगर पंचायत बंगाणा में 40, नगर पंचायत दौलतपुर चौक में 9, नगर पंचायत गगरेट में 4 और नगर पंचायत टाहलीवाल में 7 आवास शामिल हैं। इन सभी लाभार्थियों को मिलाकर कुल 6.40 करो? की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी।

कार्यक्रम के दौरान अर्बन प्लानर अंजू सोनी और सिविल इंजीनियर आदित्य पाठक ने लाभार्थियों को भवन निर्माण से संबंधित तकनीकी जानकारी दी। उन्होंने भूकंप-रोधी निर्माण तकनीक, फ्रेम्ड स्ट्रक्चर, तथा हरित एवं पर्यावरण-अनुकूल निर्माण पद्धतियों के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी साझा की। इसके साथ ही, अधिकारियों ने लाभार्थियों को पी.एम. सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत अपने घरों की छतों पर सोलर सिस्टम स्थापित कर बिजली बिल शून्य करने हेतु प्रेरित किया।

कार्यक्रम में सहायक अभियंता अंकुश राणा, अर्बन प्लानर अंजू सोनी, विजय कुमार, अंबिका, बबली, मनी कुमारी, राजविंदर कौर, नगर निगम ऊना के अन्य कर्मचारी एवं प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के लाभार्थी उपस्थित रहे।

## माय भारत के माध्यम से कुल्लू में होगी विकसित भारत पदयात्रा आयोजित

31 अक्टूबर से 25 नवम्बर के मध्य स्कूल, कॉलेजों में होंगे तो अलग-अलग प्री इवेंट गतिविधियां

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा

**कुल्लू 24 अक्तूबर।** माय भारत केंद्र कुल्लू जिला युवा अधिकारी भारती मोंगरा ने जानकारी। देते हुए बताया कि युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, माय भारत के माध्यम से विकसित भारत पदयात्रा आयोजित कर रहा है। इस पहल का उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रीय गौरव जगाना, समाज के प्रति जिम्मेदारी बढ़ाना और एकता की भावना को मजबूत करना है। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के जन भागीदारी से राष्ट्र निर्माण के विजन से प्रेरित है। इसमें युवा से लेकर वरिष्ठ नागरिक तक, सभी मिलकर देश के इतिहास को याद करते हैं और राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाते हैं। खासकर अमृत पीढ़ी यानी आज के युवाओं की भूमिका पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

इसी पहल के तहत, 6 अक्टूबर 2025 को मंत्रालय ने की शुरुआत की। यह भारत सरकार और माय भारत की पहल है, जो लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती को समर्पित है। 6 अक्टूबर को माननीय केंद्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया जी ने इस अभियान का डिजिटल शुभारंभ माय भारत पोर्टल पर किया। इस चरण में सोशल मीडिया रील प्रतियोगिता, निबंध लेखन और शामिल हैं। इस दौरान सरदारञ्च150 यंग लीडर्स प्रोग्राम के 150 विजेताओं को राष्ट्रीय पदयात्रा में शामिल होने का मौका मिलेगा। अभियान के प्रथम चरण में जिला स्तरीय पदयात्राओं का आयोजन किया जायेगा जोकि 31 अक्टूबर से 25 नवम्बर के मध्य कराई जाएगी7 पदयात्रा से पहले स्थानीय लोगों में माहौल बनाने के लिए स्कूल, कॉलेजों में अलग-अलग प्री इवेंट गतिविधियां, जैसे कि निबंध प्रतियोगितात वाद-विवाद प्रतियोगिता, सरदार पटेल जी के जीवन पर संगोष्ठी, नुक्क? नाटक का आयोजन करवाया जाएगा।

## 31 अक्टूबर को देवभूमि आनी के विभिन्न गांव में होगा ज्योति कलश यात्रा का भव्य स्वागत

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा

**आनी (कुल्लू )24 अक्तूबर।** आनी मे रथ यात्रा की तैयारियों को लेकर गायत्री परिवार ने एक बैठक की। गायत्री परिवार के मुखिया डॉक्टर गुलाब सिंह मेहता ने कहा की अखिल विश्व गायत्री परिवार हरिद्वार अपने तीन महत्वपूर्ण कार्य की शताब्दी के रूप में ज्योति कलश यात्रा (रथ यात्रा) पूरे विश्व में निकाल रही है। आनी क्षेत्र को भी इस रथ यात्रा का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है। विश्व कल्याण के लिए भारत एवं विश्व के 80 देशों में समय समय पर चलाये गये अनेक मानव कल्याणकारी कार्यक्रमों का आयोजन व 1926 से प्रज्वलित अखंड दीपक के सानिध्य में सम्पन होते रहते है।



युग ऋषि पंडित श्री राम शर्मा आचर्य जी ने अपने 24 महापुरषो के चरणों में कठोरतम साधना की थी। इस दिव्य ज्योति के दर्शन के लिए विश्व भर के श्रद्धालुह् ंवर्ष भारी संख्या में शांतिकुंज हरिद्वार आते है। इसी क?ी में ये ज्योति क्लश् यात्रा आनी के विभिन्न गांव पवित्र देव स्थलों पर आ रही है। डॉक्टर गुलाब मैहता ने कहा की 31 अटकूबर को दोपहर 3 बजे आनी मुख्यालय में स्थित दुर्गा माता मंदिर परिसर में रथ यात्रा का भव्य स्वागत किया जाएगा। एक नंबबर शनिवार को ज्योति कलश यात्रा का भव्य रथ जोगेश्वर महादेव मंदिर दलाश,सरस्वती विद्या मंदिर च्वाई, दुर्गा माता मंदिर शेहुल(श्वा?) में स्वागत होगा। दो नंबबर रविवार को कुंगश,कोठी,देवता चोत्रूनाग मंदिर में स्वागत किया जाएगा। तीन नंबबर सोमवार को गांव कोठी से ज्योति कलश दिव्या रथ यात्रा को विदाई दी जाएगी। गायत्री परिवार आनी ने क्षेत्र वासियो से आग्रह किया है की 31 अक्टूबर से 3 नंबबर तक अखिल विश्व गायत्री परिवार हरिद्वार की भव्य ज्योति कलश यात्रा अपने अपने गांव में स्वागत एवं दर्शन अवश्य करें। बैठक में रथ यात्रा प्रबंधन बारे चर्चा की गई। इस भव्य आयोजन में आनी ब्लॉक की सभी धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाएं शामिल् होंगी। हिम संस्कृति संस्था,व्यापार मंडल,गायत्री परिवार, के सैक?ो कार्यकर्ता इस महा आयोजन में समलित होंगे।

## पत्नी पर चाकू से हमला करने वाला आरोपी काबू

**अर्की।** पुलिस थाना अर्की के अंतर्गत अपनी पत्नी पर चाकू से हमला करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। यहां पुलिस से मिली जानकारी ? अनुसार भूमती निवासी एक महिला ने अपने पति पर हमला करने का आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायतकर्ता ने बताया कि वह अपने बच्चों सहित पिछले पाँचङ्कछह वर्षों से पति से अलग रह रही है और दोनों के बीच अर्की अदालत में खर्चे का मामला विचाराधीन है। 21 अक्तूबर 2025 को जब वह अपनी घासनी से घास लेकर घर लौटी, तो उसने पति से किचन की चाबी लौटाने को कहा। इसी बात पर दोनों के बीच कहासुनी हो गई, जिसके दौरान आरोपी पति ने पत्नी पर ईंट फेंकी, जो उसकी बेटी को लगते-लगते बची। इसके बाद आरोपी ने किचन से चाकू उठाकर पत्नी पर हमला कर दिया, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर पीड़िता का चिकित्सकीय परीक्षण करवाया। डॉक्टर ने एमएलसी रिपोर्ट में चोट को ÷ग्रिवस इन नेचर, शार्प ÷ प्रकार की बताया। पुलिस ने वारदात में प्रयुक्त चाकू बरामद कर कब्जे में लिया।

## सीएम करोड़ों रुपए की योजनाओं का करेंगे लोकार्पण

डॉ. शांडिल ने मुख्यमंत्री के प्रस्तावित प्रवास के प्रबंधों की समीक्षा की

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर

**सोलन।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह ठाकुर सोलन विधानसभा क्षेत्र के अपने प्रस्तावित प्रवास में कण्डाघाट उपमण्डल की ग्राम पंचायत ममलीग व सायरी में करोड़ों रुपए की योजनाओं के लोकार्पण व शिलान्यास करेंगे।



डॉ. शांडिल आज मुख्यमंत्री के सोलन विधानसभा क्षेत्र के प्रस्तावित प्रवास के दृष्टिगत ममलीग में ?िला प्रशासन व स्थानीय जन के साथ व्यवस्थाओं की समीक्षा के लिए आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

स्वास्थ्य मंत्री ने इस अवसर पर लोक निर्माण, जल शक्ति, पुलिस, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, विद्युत बोर्ड सहित अन्य विभागों को इस सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

डॉ. शांडिल ने कहा कि क्षेत्र में करो?ों रुपए के लोकार्पण एवं शिलान्यास से लोगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इन विकास कार्यो के आरम्भ होने से लोगों के जीवन को अधिक सरल बनाने में सहायता मिलेगी।

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री अपने प्रस्तावित प्रवास के दौरान ममलीग में एक विशाल जनसभा को सम्बोधित भी करेंगे।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा सायरी में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के नवनिर्मित भवन तथा वन विश्राम गृह सायरीघाट का लोकार्पण किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा ममलीग में निर्मित होने वाले राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूल के भवन, ग्राम पंचायत ममलीग के कायसु में सौर ऊर्जा परियोजना का शिलान्यास तथा ग्राम पंचायत ममलीग के गांव बशील में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का शुभारम्भ भी किया जाएगा।

स्वास्थ्य मंत्री ने इससे पूर्व नवनिर्मित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सायरी के भवन तथा प्रस्तावित जनसभा स्थल का निरीक्षण भी किया।

डॉ. शांडिल ने इस अवसर पर लोगों की समस्याएं भी सुनी और इनके शीघ्र निपटारे के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए। ग्राम पंचायत सायरी की प्रधान अंजू राठौर, ग्राम पंचायत ममलीग के प्रधान हरि चंद ठाकुर, ग्राम पंचायत काहला की प्रधान रीता ठाकुर, ग्राम पंचायत कोट की प्रधान चम्पा देवी, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रमेश ठाकुर, संजीव ठाकुर, सेवानिवृत कर्नल संजय शांडिल, उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा, पुलिस अधीक्षक गौरव सिंह, अतिरिक्त उपायुक्त राहुल जैन, कांग्रेस पार्टी की संधीरा सीनू सिंह व ओम प्रकाश शर्मा, ग्राम पंचायत ममलीग की पूर्व प्रधान सत्या ठाकुर, ग्राम पंचायत सायरी के पूर्व प्रधान राम रत्न, उपमण्डलाधिकारी कण्डाघाट गोपाल चंद शर्मा, ?िला पर्यटन विकास अधिकारी पदमा, वन मंडलाधिकारी सोलन एच.के. गुप्ता, लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता रवि कपूर, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजय कुमार सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी व स्थानीय ग्रामीण इस अवसर पर उपस्थित थे।

## न्यूज ब्रीफ

### दिलवां में तेज रफ्तार कार की टक्कर से दो घायल

**ऊना, (रोहित शर्मा)।** पुलिस थाना अम्ब के तहत दिलवां में शुक्रवार सुबह एक सड़क हादसे में दो व्यक्ति घायल हो गए। जानकारी के अनुसार परमजीत कुमार पुत्र सुरेन्द्र कुमार निवासी वार्ड नंबर-1, गांव कुरियाला अपने ताया पूर्ण चन्द पुत्र वेला राम निवासी गांव सुरजेहड़ा




के साथ स्कूटी (नं. HP20F-8364) पर सवार होकर रिश्तेदारी गांव वड्हूी से अपने घर लौट रहे थे।

जब वे सुबह लगभग साढ़े छह बजे दिलवां पहुंचे तो ऊना की दिशा से आ रही एक काले रंग की कार (नं. HRz1BK-7706) ने तेज रफ्तार और गलत दिशा में आकर उनकी स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में स्कूटी सवार दोनों व्यक्ति सड़क पर गिरकर घायल हो गए, जबकि कार अनियंत्रित होकर फुटपाथ से जा टकराई।

स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को 108 एंबुलेंस के माध्यम से क्षेत्रीय अस्पताल ऊना पहुंचाया गया। पुलिस जांच में पाया गया कि हादसाकर्ता कार का चालक सुभाष चन्द पुत्र महेन्द्र सिंह निवासी गांव वीज्वा, तहसील रामगढ़, जिला अलवर (राजस्थान) था।

पुलिस थाना अम्ब ने मामले में कार चालक के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## 5 लाख नौकरी देने वाली कांग्रेस, विश्वविद्यालय से भी निकाल रही कर्मचारी : सुरेश कश्यप

अर्थ प्रकाश/अरविंद शर्मा

**शिमला।** भाजपा प्रदेश पूर्व अध्यक्ष एवं सांसद सुरेश कश्यप ने कहा कि वर्तमान कांग्रेस सरकार एक लाख नौकरी पहली कैबिनेट और 5 नौकरी देने आई थी, पर हिमाचल प्रदेश में नौकरियों को छीनने का क्रम अभी तक रुक नहीं है। एक के बाद एक प्रति सरकारी विभाग में आउटसोर्स कर्मचारीयों को या तो निकल जा रहा है या उनका वेतनमान रोका जा रहा है।



उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला के 182 पुराने आउटसोर्स कर्मचारियों की नौकरी संकट में है, विवि ने नई भर्ती प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसमें पुराने कर्मचारियों को दोबारा नौकरी पर रखने में प्राथमिकता नहीं दी जा रही है। विवि प्रशासन ने इस बार कर्मचारियों की अस्थायी नियुक्ति एक माह की अवधि के लिए करने का निर्णय लिया है। यह भर्ती विभिन्न विभागों के प्रशासनिक और तकनीकी शाखाओं में की जा रही है।30 सितंबर को 182 आउटसोर्स कर्मचारियों का करार समाप्त हो गया था। इनमें से कई कर्मचारी 8 से 12 सालों से विश्वविद्यालय में तैनात थे। लंबे समय से सेवाएं देने के बावजूद नई भर्ती में उन्हें प्राथमिकता नहीं दी जा रही है, जिससे इनमें आक्रोश है। उन्होंने कहा कि वर्तमान कांग्रेस सरकार को पुराने कर्मचारियों के बारे में सोचना चाहिए, उनकी सुननी चाहिए। ऐसी क्या मजबूरी है कि विश्वविद्यालय को नए कर्मचारियों की भर्ती करने की आवश्यकता आन पड़ी, क्या इस प्रकिया में यह किसी एक कांग्रेस मित्र को लाभ पहुंचाने की तो नहीं सोच रहे। उन्होंने कहा कि डीए की घोषणा में भी मुख्यमंत्री ने एक प्रतिशत का हेर फेर कर दिया। मुख्यमंत्री को पता है कि उन्होंने हिमाचल प्रदेश की वित्तीय स्थिति गंभीर कर दी है और वित्त विभाग को वेंटिलेटर तक पहुंचने में किसी भी प्रकार की कमी नहीं रखी है। आज हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री ने 01.07.2023 से 3 प्रतिशत डीए वृद्धि (कुल डीए 45 प्रतिशत) की घोषणा की है, जबकि केंद्र सरकार ने 01.07.2023 से 4 प्रतिशत (कुल डीए 46 प्रतिशत) की वृद्धि की थी। राज्य सरकार के इस निर्णय से कर्मचारी 01.07.2023 से देय डीए से वंचित हो गए हैं। इसमें सीधा-सीधा दिखाई देता है कि मुख्यमंत्री ने एक प्रतिशत कर्मचारियों का हक छीन लिया है, उनकी मंशा ही नहीं है कि वह कर्मचारी के बारे में सोचे।

## एनसीसी देती है राष्ट्रनिर्माण में योगदान की प्रेरणा : कर्नल राजीव

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर

**सोलन।** फर्स्ट एचपी एनसीसी बॉयज बटालियन सोलन की ओर से बद्दी स्थित चिटकारा यूनिवर्सिटी में 10 दिवसीय एनसीसी कैंप चल रहा है। फर्स्ट एचपी एनसीसी बॉयज बटालियन सोलन कर्नल राजीव थॉमस ने अपने संबोधन में एकता, अनुशासन और देशभक्ति के मूल्यों को आत्मसात करने का संदेश दिया। कर्नल राजीव थॉमस ने कहा कि शिविर के मुख्य उद्देश्य अनुशासन, जिम्मेदार और बेहतर नागरिकों का विकास करना है। उन्होंने एनसीसी कैडेट्स के भविष्य को आकार देने में अनुशासन, टीमवर्क और नैतिक मूल्यों के महत्व पर बल दिया। उन्होंने शिविर के विभिन्न गतिविधियों में कैडेट्स सक्रियता से भाग लें और इस अवसर का अधिकतम लाभ उठाएं। कर्नल थॉमस ने कहा कि एनसीसी युवाओं में नेतृत्व क्षमता का विकास करती है और उन्हें राष्ट्रनिर्माण में योगदान देने की प्रेरणा देती है।



प्रशिक्षण शिविर के दौरान कैडेट्स का एक समूह फायरिंग रेंज पर गया जहां उन्हें फायरिंग तकनीकों पर निर्देशित किया। कैडेट्स को फायरिंग का अभ्यास करने का अवसर मिला। यह हाथों का अनुभव रोमांचक और शैक्षिक दोनों था, जिससे कैडेट्स की निशानेबाजी की कौशल में वृद्धि हुई। प्रशिक्षण शिविर में कुल 400 कैडेट्स, 5 जेसीओ, 13 एनसीओ, 3 ईएसएम, 7 सिविल स्टाफ,4 एएनओ और आरडीसी 120 कैडेट्स भाग ले रहे हैं। विभिन्न गतिविधियों, परेड अभ्यास, व्यक्तित्व विकास सत्रों और देशभक्ति से जुड़ी कार्यशालाओं के माध्यम से कैडेट्स के सर्वांगीण विकास पर केंद्रित रहेगा। इस अवसर पर कर्नल ए.एस. सिद्दू, एडमिन ऑफिसर एडमिन ऑफिसर सुबेदार मेजर सुनील राणा, एएनओ अंजना ठाकुर, जैस्मिन, ज्योति अनिल, प्रशांत, नीरज, विकास,संजय समेत अन्य मौजूद रहे।

## लाहुल पोटेटो सोसाइटी का 32 कमरों वाला शानदार होटल अब नीलामी की कगार पर : रवि ठाकुर

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा

**कुल्लू 24 अक्तूबर।** पूर्व विधायक व भाजपा नेता लाहुल स्पीति रवि ठाकुर ने कहा है कि मनाली के रंगड़ी में लाहुल पोटेटो सोसाइटी का 32 कमरों वाला शानदार होटल अब नीलामी की कगार पर है।



कांगड़ा कोऑपरेटिव बैंक ने लोन अदायगी न होने पर इस होटल को ई-टेंडर से नीलाम करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

इससे हजारों जनजातीय किसानों की चिंता बढ़ गई है, क्योंकि यह होटल उनकी आय का बड़ा स्रोत है। पूर्व विधायक व भाजपा नेता रवि ठाकुर ने सरकार से हस्तक्षेप कर लोन माफ करने की मांग की है। उन्होंने कहा जब सरकार कांगड़ा के निजी होटल का 25 करोड़ का लोन माफ कर सकती है, तो किसानों की मेहनत से बना यह होटल क्यों नहीं बचाया जा सकता। रवि ठाकुर ने साथ ही एलपीएस प्रबंधन द्वारा संपत्ति बेचने के मामलों की सरकार से निष्पक्ष जांच की भी मांग की है। उन्होंने कहा कि लाहुल पोटेटो सोसायटी में हर घर के सदस्य रहे हैं और यह सोसायटी लाहुल के लोगों की री? की हड्डी रही है। उन्होंने कहा कि लाहुल के लोगों ने खून पसीना एक करके इस सोसायटी को ख?ा किया है और हर खेत का आलू इस सोसायटी को जाता है लेकिन आज यह बिकने के कगार पर है। लिहाजा सरकार को इसमें हस्तक्षेप करके लोन माफ कर देना चाहिए और सोसायटी को जिंदा रखना चाहिए।

शिलान्यास — मंत्री राजेश धर्माणी ने किया शिलान्यास, बोले क्षेत्रवासियों को मिलेगा बेहतर सीवरेज सिस्टम

## घुमारवीं में सीवरेज सुधारीकरण पर व्यय होंगे 3 करोड़ 60 लाख रुपए

अर्थ प्रकाश/अजय मल्होत्रा

**घुमारवीं, 23 अक्तूबर।** नगर नियोजन, आवास एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने शुक्रवार को घुमारवीं नगर परिषद के बजोहा वार्ड में 3 करोड़ 60 लाख रूपए की लागत से बनने वाली सीवरेज सुधार योजना का शिलान्यास किया। इस योजना के पूर्ण होने पर नगर परिषद में सीवरेज से जुड़ी दीर्घकालीन समस्याओं का स्थायी समाधान सुनिश्चित होगा।



मंत्री धर्माणी ने इस अवसर पर कहा कि बढ़ती जनसंख्या और तीव्र शहरीकरण के कारण नगर की सीवरेज प्रणाली पर लगातार दबाव बढ़ रहा है। ऐसे में इस परियोजना का क्रियान्वयन घुमारवीं नगर परिषद क्षेत्र के स्वच्छ और स्वस्थ भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत आधुनिक तकनीक का उपयोग कर पूरे सीवरेज नेटवर्क को सुदृढ़ और विस्तृत किया जाएगा, जिससे सभी वार्डों में घर-घर तक सीवरेज सुविधा सुनिश्चित की जा सकेगी।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्य की गुणवत्ता और गति दोनों पर विशेष ध्यान दिया जाए, ताकि यह परियोजना निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण हो सके। मंत्री धर्माणी ने कहा कि राज्य सरकार शहरी क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है और सभी नगर परिषदों एवं नगर निकायों में बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि नगर परिषद घुमारवीं में नागरिक सुविधाओं के विस्तार और सौंदर्यीकरण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। मंत्री धर्माणी ने 27 लाख रूपए की लागत से निर्मित दो पार्किंगों का विधिवत उद्घाटन भी किया। इन पार्किंगों में लगभग 50 वाहनों के खड़े होने की सुविधा उपलब्ध करवाई गई है, जिससे नगर के भीतर यातायात दबाव को कम करने और व्यवस्था को सुव्यवस्थित बनाने में सहायता मिलेगी।

उन्होंने कहा कि नगर परिषद क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर पार्किंग निर्माण के लिए 5 करोड़ रूपए से अधिक की राशि व्यय की जा रही है। इनमें सिविल अस्पताल के समीप 2 करोड़ रूपए की लागत से एक बहुमंजिला पार्किंग निर्माण का प्रस्ताव भी शामिल है। इस परियोजना के पूरा होने पर अस्पताल क्षेत्र में आने-जाने वाले लोगों को बड़ी सुविधा मिलेगी और यातायात व्यवस्था और अधिक सुगम बनेगी। मंत्री धर्माणी ने कहा कि नगर के प्रत्येक वार्ड में शहरी सुविधाओं का विस्तार, स्वच्छता, सड़क, जल निकासी और पार्किंग जैसी मूलभूत आवश्यकताओं को प्राथमिकता दी जा रही है ताकि घुमारवीं को एक स्वच्छ, व्यवस्थित और आधुनिक नगर के रूप में विकसित किया जा सके। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील की कि वे इन जनहितकारी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में सहयोग करें ताकि विकास के प्रयासों को और अधिक गति मिल सके।

# जोड़ा साहिब यात्रा का ढोल–नगाड़ों के साथ स्वागत

वातावरण 'वाहे गुरु जी दा खालसा–वाहे गुरु जी दी फतेह' और 'जो बोले सो निहाल, सत श्री अकाल' के नारों से हुआ गुंजायमान

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ



**पलवल।** सिख समुदाय की आस्था और श्रद्धा का प्रतीक सिखों के दसवें गुरु गोबिंद सिंह जी और उनकी पत्नी माता साहिब कौर के पवित्र चरण पादुकाओं से सुसज्जित चरण सुहावे गुरू चरन यात्रा 'पवित्र जोड़ा साहिब' के स्वागत के लिए पलवल जिला के नागरिक उत्साहित नजर आए।

श्री गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा कमेटी, सिख संप्रदाय सहित अन्य संप्रदायों के लोग 'पवित्र जोड़ा साहिब' यात्रा का पलवल में प्रवेश करने पर आशीर्वाद लिया और भव्य स्वागत अभिनंदन किया। जैसे ही 'पवित्र जोड़ा साहिब' यात्रा ने पलवल की सीमा में प्रवेश किया वातावरण 'वाहे गुरु जी दा खालसा-वाहे गुरु जी दी फतेह' और 'जो बोले सो निहाल, सत श्री अकाल', 'झुलते निशान रहे पंथ महाराज के' जैसे नारों से गुंजायमान हो गया। पलवल में प्रवेश करने पर यात्रा की नोडल अधिकारी एवं एसडीएम पलवल ज्योति के मार्गदर्शन में पूर्व विधायक दीपक मंगला, भाजपा जिलाध्यक्ष विपिन बैंसला, गुरुद्वारा कमेटी शहर पलवल के उपप्रधान सरदार हरेंद्र सिंह, पूर्व प्रधान सरदार महेंद्र सिंह, प्रधान सरदार दलजीत सिंह, शॉप्स मेंबर सरदार रविंदर सिंह, प्रधान लायंस क्लब अजनीत कालडा, सरदार कुलवंत सिंह, सरदार सतविंदर सिंह सहित जिला प्रशासन के अन्य प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों व समाज के गणमान्य नागरिकों ने यात्रा का ढोल नगाड़ों, झांझ मंजीरा, फूल मालाओं से और पुष्प वर्षा करके भव्य स्वागत किया और आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर एल.डी. वर्मा, सचिन ग्रोवर, पंकज विरमानी, अजनीत कालरा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद रहे।

### गुरु गोबिंद जी के बताए मार्ग पर चलना चाहिए : दीपक

पूर्व विधायक दीपक मंगला ने 'पवित्र जोड़ा साहिब' यात्रा का पलवल शहर में पहुंचने पर स्वागत अभिनंदन करते हुए सभी को अपनी ओर से हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने गुरु गोबिंद सिंह जी और उनकी पत्नी माता साहिब कौर को नमन करते हुए शीश नवाया। उन्होंने कहा कि 'पवित्र जोड़ा साहिब' के चरण पलवल में आने से पलवल की बृजभूमि धन्य हो गई। उन्होंने कहा कि पलवल वासियों को 'पवित्र जोड़ा साहिब' यात्रा का स्वागत करने का परम सौभाग्य और पुण्य फल प्राप्त हुआ है, जिसके लिए हमें वाहेगुरू जी का शुक्रगुजार होना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें उनके बताए मार्ग पर चलना चाहिए।

**गुरु गोबिंद सिंह जी ने अपने संदेश से समाज को एक सूत्र में पिरोने का किया काम : विपिन बैंसला**

भाजपा जिलाध्यक्ष विपिन बैंसला ने कहा कि गुरु गोबिन्द सिंह सिक्खों के दसवें गुरु थे। उन्होंने आदर्शात्मक जीवन जीने और स्वयं पर नियंत्रण के लिए खालसा के पांच मूल सिद्धांतों की स्थापना की। ये सिद्धान्त चरित्र निर्माण के मार्ग थे। उनका मानना था कि व्यक्ति चरित्रवान होकर ही विपरीत परिस्थितियों व अत्याचारों के खिलाफ लड़ सकता है। उन्होंने कहा कि श्री गुरु गोबिंद सिंह जी ऐसे इतिहास पुरुष थे जिन्होंने जीवन भर अन्याय, अधर्म, अत्याचार और दमन के खिलाफ तलवार उठाई और लड़ाइयां लड़ी। उनका जीवन हम सभी के लिए प्रासंगिक है। उन्होंने अपने संदेश से समाज को एक सूत्र में पिरोने का काम किया। उनका जीवन हमारे लिए प्रेरणादायक है। 1500 किमी लंबी नौ दिवसीय 'पवित्र जोड़ा साहिब' यात्रा को गत दिवस गुरुवार को दिल्ली स्थित गुरुद्वारा मोती बाग साहिब से रवाना किया गया है जो शनिवार एक नवंबर को तख्त श्री हरमंदिर जी पटना साहिब पर जाकर समाप्त होगी। 'पवित्र जोड़ा साहिब' यात्रा को हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शुक्रवार को हरियाणा प्रदेश के जिला फरीदाबाद से जिला पलवल की ओर रवाना किया।

# कैंसर से डर नहीं जागरूकता और समय पर जांच है बचाव का रास्ता

अर्थ प्रकाश/सुकरमपाल



**रोहतक, 22 अक्टूबर।** कैंसर आज भी महिलाओं के लिए सबसे बड़ी स्वास्थ्य चिंताओं में से एक है, खासतौर पर टियर-2 शहरों में यह चुनौती और भी जटिल हो जाती है। यहां की महिलाएं प्रायः अपने परिवार को प्राथमिकता देती हैं और अपनी सेहत को पीछे रख देती हैं। जब तक वे डॉक्टर से सलाह लेती हैं, तब तक बीमारी अक्सर बढ़ चुकी होती है। यही देर से रिपोर्ट करना महिलाओं में कैंसर के बढ़ते खतरे का मुख्य कारण है। महिलाओं में सबसे ज्यादा पाए जाने वाले चार प्रमुख कैंसर हैं ङ्क ब्रेस्ट कैंसर, सर्वाइकल कैंसर, ओवरी कैंसर और यूटेराइन (एंडोमेट्रियल) कैंसर। इन सबकी पहचान अलग-अलग होती है, लेकिन समय पर जागरूकता और कार्रवाई जीवन बचा सकती है। मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, द्वारका के गाइनी सर्जिकल ऑन्कोलॉजी विभाग की कंसल्टेंट डॉ. सरिता कुमारी ने बताया कि ÷ब्रेस्ट कैंसर भारतीय महिलाओं में सबसे आम कैंसर है। अक्सर यह गलत धारणा होती है कि यह केवल बुजुर्ग महिलाओं को प्रभावित करता है, जबकि सच्चाई यह है कि तीस वर्ष की आयु की महिलाओं में भी इसके केस देखे जा रहे हैं। ब्रेस्ट में गांठ, निप्पल से स्राव या त्वचा की बनावट में बदलाव इसके प्रमुख संकेत हो सकते हैं। 30 वर्ष की आयु के बाद हर महीने स्वयं जांच और 40 के बाद नियमित मैमोग्राफी करवाना जीवनरक्षक कदम है। सर्वाइकल कैंसर रोके जा सकने के बावजूद महिलाओं में मृत्यु का एक प्रमुख कारण है। इसका मुख्य कारण एचपीवी वायरस का संक्रमण है।

## संजय यादव बने बार काउंसिल ऑफ पंजाब एंड हरियाणा के सह संयोजक सदस्य

**रेवाड़ी।** जिला न्यायालय रेवाड़ी के वरिष्ठ अधिवक्ता संजय सिंह यादव को बार काउंसिल ऑफ पंजाब एवं हरियाणा के अनुशासन एवं सतर्कता कमेटी का को-ऑप्टेड सदस्य नियुक्त किए जाने पर जिला भर के अधिवक्ताओं ने खुशी व्यक्त की।

बता दें कि संजय वरिष्ठ अधिवक्ता धर्म सिंह यादव के पुत्र हैं, जिनको पूर्व चेयरमैन एवं सदस्य बार कार्उसिल अधिवक्ता मिंदरजीत यादव की विशेष सिफारिश पर यह नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया।

मिंदरजीत ने बताया कि अधिवक्ता संजय सिंह यादव और अधिवक्ता धर्म सिंह यादव जिला रेवा?ी के वरिष्ठ और साफ छवि के अधिवक्ता हैं। उनकी इस नियुक्ति से बार काउंसिल ऑफ पंजाब एण्ड हरियाणा को मजबूती मिलेगी।

# कर्मचारियों की समस्याओं पर गहन मंथन

हरियाणा रोडवेज संयुक्त कर्मचारी संघ रजिस्ट्रेशन नंबर 0644 की आपात बैठक रोहतक यूनियन कार्यालय में हुई

अर्थ प्रकाश/सुकरमपाल



**रोहतक, 24 अक्टूबर।** हरियाणा रोडवेज संयुक्त कर्मचारी संघ रजिस्ट्रेशन नंबर 0644 की आपात बैठक रोहतक यूनियन कार्यालय में हुई इस बैठक की अध्यक्षता डिपो के मुख्य सलाहकार जयपाल पान्नू ने की और मीटिंग का संचालन रोहतक डिपो प्रधान श्री संदीप सिंघवा के द्वारा किया गया। इस बैठक में कर्मचारियों की मांग व समस्याओं के बारे में गहन मंथन किया गया कर्मचारियों में भारी रोष को देखते हुए यूनियन ने एकमत फैसला लिया कि महाप्रबंधक महोदय से शीघ्र ही मिलकर कर्मचारियों की मांग व समस्याओं के बारे में अवगत कराया जाएगा और बातचीत के माध्यम से कर्मचारियों की समस्या का समाधान कराया जाएगा। कर्मचारियों की मुख्य मांगे व समस्याएं निम्नलिखित हैं: कर्मचारियों के सम्पूर्ण रात्रि भत्ते व ओवर टाइम का भुगतान किया जाए। कर्मचारियों का बकाया वर्दी व जूते भत्ते का भुगतान किया जाए। निजी समिति की बसों के मनमानी पर रोक लगाई जाए। बस स्टैंड से अवैध दुकानों को हटाया जाए । कर्मचारियों का वर्दी वाशिंग भत्ता पुनः चालू किया जाए । कर्मचारियों की ड्यूटी वरिष्ठता के आधार पर लगाई, जाए और बीमार व चोटग्रस्त, कर्मचारियों को मार्ग से अन्य ड्यूटी दी जाए । द्वेषपूर्ण भावना से दूसरे डिपो में किए गए कर्मचारियों के आदेश वापिस किये जाए। कर्मचारियों का ष्टक्क लगाया जाए कर्मचारियों के मैडिकल बिलों का भुगतान किया जाए। कर्मचारियों का ड्यूटी से संबंधित शोषण बंद किया जाए।

# गोवर्धन पूजा, कम्बल वितरण समारोह का आयोजन

श्री वैश्य व्यायामशाला एवं गोशाला रोहतक में विश्वकर्मा दिवस के उपलक्ष्य में अन्नकूट प्रसाद वितरण

अर्थ प्रकाश/सुकरमपाल



**रोहतक, 22 अक्टूबर।** श्री वैश्य व्यायामशाला,एवं,गोशाला,श्री,वैश्य, व्यायामशाला एवं गोशाला रोहतक के द्वारा आयोजित जनता कालोनी में स्थित श्री वैश्य व्यायामशाला एवं गोशाला रोहतक में विश्वकर्मा दिवस के उपलक्ष्य में गौवर्धन पूजा, कम्बल वितरण समारोह एवं अन्नकूट प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया । मीडिया प्रभारी राजीव जैन ने बताया इस अवसर पर काफी संख्या में समिति के सदस्य मौजूद रहे व भण्डारे में पूर्ण सेवा की। समारोह के मुख्य अतिथि समाज सेवी उद्योगपति राजेश जैन, विशिष्ठ अतिथि बी.आर. अंबेडकर ला यूनिवर्सिटी के पूर्व रजिस्ट्रार मदन लाल गोयल, समाज सेवी उद्योगपति सुरेश बंसल, समाज सेवी उद्योगपति बृज भूषण बंसल, समाज सेवी मनीष बंसल, नीतिन बंसल, समिति के प्रधान सुभाष तायल ने भगवान श्रीकृष्ण जी के मंदिर में दीप प्रज्जलित व माला अर्पित कर समारोह का शुभारंभ किया। पहले पंडित राजेन्द्र पुजारी ने सभी अतिथियों को विधिविधान व शुद्ध मंत्र का उच्चारण करके केसर का तिलक लगाकर पूजा अर्चना करवाई और सभी को मौली बांधी और गऊ माता की पूजा की व माला डाली इसके पश्चात गुड व हरा चारा गऊमाता को खिलाया। गऊशाला में सेवा कर रहे सभी सेवादारों को मुख्य अतिथि द्वारा कंबल देकर सम्मानित किया गया और महिलाओं को उपहार दिये गये। भगवान श्रीकृष्ण के मंदिर में अतिथियों ने माला अपर्ण की और वहां पर विराजमान सभी भगवानों की मूर्तियों को मालाअर्पण की और सभी ने मंदिर में माथा टेका व संगीतमय महाआरती की। व्यायाम शाला में श्रद्धालुओं की भी? उम? प?ी। कृष्ण राधा के जयकारों से मंदिर परिसर गूंज उठा। तत्पश्चात सभी के लिए अनकूट 56 भोग का विशाल अटूट भण्डारा लगाया गया। समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने सभी अतिथियों को मोती की माला, पटका, स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। मंच का संचालन सतीश भारद्वाज व राजीव जैन ने किया।

इस अवसर पर प्रधान सुभाष तायल, जयभगवान ऐरन, सुशील मंगला, नरेश शर्मा, मीडिया प्रभारी राजीव जैन, रमेश रोहिल्ला, दिनेश तायल, अमित गुप्ता, सन्नी निझावन, राजन गोयल, सुरेश तायल, संजय अग्रवाल, श्री निवास सिंगल, प्रेम गर्ग, विक्रम सिंह, शीतल, श्रीकृष्ण गुप्ता, रामचरण सिंगला, विकास दलाल, शीतल, अक्षित गोयल, हिमांशु मंगला अमित नागपाल, शंकर गर्ग, विपिन गोयल, अक्षित गोयल आदि गौशाला के सदस्य मौजूद थे

# एसडीएम राजेश कुमार ने पराली प्रबंधन को लेकर अधिकारियों को दिए निर्देश

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**फतेहाबाद, 24 अक्टूबर।** फसल अवशेष प्रबंधन स्कीम के अंतर्गत धान की पराली में आगजनी पर रोक लगाने के उद्देश्य से उपमंडलाधीश राजेश कुमार की अध्यक्षता में डीपीआरसी हॉल में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में ग्राम स्तरीय नोडल अधिकारी, खंड स्तरीय निगरानी टीम तथा उपमंडल स्तरीय निगरानी टीम के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान एसडीएम राजेश कुमार ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि हरसेक पोर्टल के माध्यम से पराली जलाने की घटनाओं पर निरंतर निगरानी रखी जा रही है तथा लोकेशन प्राप्त होना भी प्रारम्भ हो चुका है। इसीलिए सभी टीमें अपने-अपने कार्यक्षेत्र में हर समय फील्ड में सक्रिय रहें, ताकि किसी भी आगजनी की घटना पर तत्काल कार्रवाई की जा सके। उन्होंने कहा कि जिन किसानों द्वारा पराली में आग लगाई जा रही है, उनके विरुद्ध माननीय एनजीटी के दिशा-निर्देशों के अनुसार चालान जारी करते हुए एफआईआर दर्ज करवाई जाए तथा उनके मेरी फसल मेरा ब्यौरा रिकॉर्ड में रेड एंट्री की जाए। ग्राम स्तरीय टीमों को यह भी निर्देशित किया गया कि वे सीआरएम रिपोर्टिंग एप डाउनलोड करें और किसानों द्वारा पराली प्रबंधन हेतु किए गए आवेदनों का सत्यापन करें। एसडीएम ने किसानों से अपील की कि वे अपने खेतों में धान की पराली की गांठ बनाकर गऊशालाओं में दें या पंचायती जमीन पर इसका भंडारण करें, ताकि वे सरकार की फसल अवशेष प्रबंधन स्कीम के तहत दी जाने वाली 1200 रुपये प्रति एकड़ की प्रोत्साहन राशि का लाभ प्राप्त कर सकें। उन्होंने कहा कि पराली जलाना न केवल मिट्टी की गुणवत्ता को प्रभावित करता है बल्कि वायु प्रदूषण का कारण भी बनता है।

# पंजाब विश्वविद्यालय ने खोजा झींगुरों का नया वंश 'अजारेटा'

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा

**चंडीगढ़, 24 अक्टूबर।** पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ के प्राणीशास्त्र विभाग ने भारतीय उपमहाद्वीप में एक ऐतिहासिक खोज की है। सहायक प्रोफेसर डॉ. रंजन जइसवारा के नेतृत्व में शोधकर्ताओं की टीम ने झींगुरों (छाल झींगुर) की एक नई वंश प्रजाति 'अजारेटा' की खोज की है। इस नए वंश के अंतर्गत तीन नई प्रजातियों–अजारेटा सैरंध्रीयेंसिस, अजारेटा केर्वासाए, और अजारेटा मेरिडियोनालिस को अंतरराष्ट्रीय शोध पत्रिका कीट प्रणाली और विकास (नीदरलैंड) में वर्ष 2025 में प्रकाशित एक अध्ययन में वर्णित किया गया है।

यह खोज भारत-फ्रांस सेफिप्रा परियोजना और भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के सहयोग से संभव हुई। शोध में प्रो. लॉर डेस्यूटर-ग्रांडकोलास (राष्ट्रीय प्राकृतिक इतिहास संग्रहालय, पेरिस), डॉ. धनीश भास्कर (आईयूसीएन प्रजाति संरक्षण आयोग टिड्डी विशेषज्ञ समूह), मोनाल (पंजाब विश्वविद्यालय), लियो फाबेरॉन (राष्ट्रीय प्राकृतिक इतिहास संग्रहालय) और आनंद सेबेस्टियन (एकीकृत ग्रामीण प्रौद्योगिकी केंद्र, पलक्कड़, केरल) शामिल थे।

डॉ. जइसवारा ने बताया कि 'अजारेटा' वंश के झींगुर भारतीय उपमहाद्वीप के लिए स्थानिक हैं और पेड़ों की छाल के नीचे रहते हैं। इनका चपटा शरीर और चमकदार भूरा रंग इन्हें अन्य झींगुरों से अलग करता है। छोटे पंखों के साथ ये कीट पेड़ों की दरारों में आसानी से छिप जाते हैं।

नई प्रजातियों में से अजारेटा सैरंध्रीयेंसिस को केरल के साइलेंट वैली राष्ट्रीय उद्यान में खोजा गया, जो अपनी शांति के लिए प्रसिद्ध है, जहाँ पहले माना जाता था कि झींगुरों की आवाज़ नहीं सुनाई देती।

# बिंगोमोड वायरस से खतरा! एक क्लिक में बैंक खाता साफ, मोबाइल भी हो जाता है ध्वस्त : एसपी सिद्धांत

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**फतेहाबाद, 24 अक्टूबर।** डिजिटल युग में साइबर अपराधियों ने ठगी का एक और खतरनाक हथियार खोज लिया है। 'बिंगोमोड' (ड्ढद्बठ्ठद्द्वश्रस्रद्द) नामक वायरस बैंक खातों को पलभर में खाली कर देता है और उसके बाद खुद को मोबाइल से नष्ट कर देता है। पुलिस ने इसे ÷आत्मघाती मालवेयर÷ बताते हुए नागरिकों को सतर्क रहने की सख्त चेतावनी दी है।

*पुलिस अधीक्षक श्री सिद्धांत जैन* ने बताया कि साइबर ठग अब लोगों को धोखे से संदिग्ध लिंक भेज रहे हैं। जैसे ही कोई व्यक्ति उत्सुकता या अनजाने में उस लिंक पर क्लिक करता है, यह वायरस एसएमएस के ज़रिए मोबाइल, लैपटॉप या कंप्यूटर में घुसपैठ कर यूज़र की बैंकिंग जानकारी चुरा लेता है और पैसे ट्रांसफर कर देता है। इसके बाद यह खुद को मिटा देता है, जिससे पीड़ित को भनक तक नहीं लगती कि उसके साथ क्या हुआ।

एसपी जैन के अनुसार, इस वायरस की सबसे खतरनाक बात यह है कि यह संक्रमित मोबाइल से अन्य मोबाइलों में एसएमएस के ज़रिए खुद को फैलाने में सक्षम है। हैकर्स ने इसमें ऐसा सेल्फ-डिस्ट्रक्टिव प्रोग्राम डाला है जो जानकारी चोरी करने के बाद फोन को फैक्ट्री रीसेट मोड में ले आता है। इससे फोन का सारा डेटा मिट जाता है और यूज़र के पास कोई सबूत नहीं बचता।

साइबर सुरक्षा विशेषज्ञों के मुताबिक, बिंगोमोड एक उन्नत एंड्रॉयड रिमोट एक्सेस ट्रोजन (ङ्गञ्ज) है, जो संक्रमित मोबाइल को दूर से पूरी तरह नियंत्रित कर सकता है। यह एंड्रॉयड के मीडिया प्रोजेक्शन ्रक्कढ्ढ के ज़रिए स्क्रीनशॉट लेने, यूज़र की हर गतिविधि पर नज़र रखने और 40 से अधिक कमांड दूरस्थ रूप से प्राप्त करने में सक्षम है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह अब तक का सबसे चालाक और विनाशकारी मोबाइल मालवेयर है। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन* ने नागरिकों से अपील की कि वे व्हाट्सएप, ईमेल या किसी भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर आए अज्ञात लिंक पर क्लिक न करें। उन्होंने कहा – ÷यह वायरस दिखने में मामूली लगता है, पर एक क्लिक आपकी मेहनत की पूरी पूंजी उड़ा सकता है। सावधानी और सतर्कता ही साइबर अपराध से बचाव का सबसे कारगर हथियार है।

## जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक 28 अक्टूबर को

**फतेहाबाद, 24 अक्टूबर।** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक 28 अक्टूबर को सुबह 11 बजे लघु सचिवालय के समीप बने जिला पंचायत संसाधन केंद्र (डीपीआरसी) हॉल में आयोजित की जाएगी। इस बैठक की अध्यक्षता सिरसा लोकसभा क्षेत्र की सांसद कुमारी सैलजा करेंगी।

सुरेश कुमार ने बताया कि दिशा कमेटी की बैठक में सिरसा लोकसभा क्षेत्र की सांसद कुमारी सैलजा प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना सहित संसाधन आधारित योजनाओं तथा अन्य कार्यक्रमों व योजनाओं की समीक्षा करेंगी।

**जनता दरबार** जनसुनवाई के दौरान नागरिकों की समस्याओं पर हुई गंभीर चर्चा, अधिकारियों को दिए त्वरित निर्देश

# जनसेवा ही धर्म, जनकल्याण ही संकल्प : महापौर कोमल सैनी

अर्थ प्रकाश/सुभाष जैन



**पानीपत, 24 अक्टूबर।** नगर निगम महापौर कोमल सेनी ने शुक्रवार को नगर निगम कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई के दौरान कहा कि ÷जनसेवा ही हमारा धर्म है और जनकल्याण ही हमारा संकल्प।÷ उन्होंने कहा कि निगम प्रशासन का उद्देश्य केवल विकास कार्य करवाना नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की सुविधा, सुरक्षा और सम्मान को प्राथमिकता देना है।

कार्यक्रम में शहर के विभिन्न इलाकों से बड़ी संख्या में नागरिक पहुंचे और अपनी समस्याएँ रखीं। नागरिकों ने जलापूर्ति, सड़कों की मरम्मत, नालों की सफाई, सीवरेज व्यवस्था, स्ट्रीट लाइट, पार्कों की देखरेख और कूड़ा प्रबंधन जैसी स्थानीय समस्याओं को प्रमुखता से उठाया।

महापौर कोमल सेनी ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुना और तत्काल संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई केवल औपचारिक कार्यक्रम नहीं है, बल्कि यह प्रशासन और जनता के बीच सीधा संवाद का माध्यम है जिससे लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान हो सके।

महापौर ने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि जनता की शिकायतों के निपटारे में कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि हर वार्ड और कॉलोनी में चल रहे विकास कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए ताकि नागरिकों को बेहतर सुविधाएँ मिल सकें।

महापौर ने कहा हम जनहित के प्रत्येक विषय का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारा लक्ष्य है कि पानीपत के हर नागरिक को राहत और सम्मान दोनों प्राप्त हो।

उन्होंने बताया कि नगर निगम में जनसुनवाई कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे ताकि नागरिकों को अपनी समस्याएँ सीधे प्रशासन तक पहुँचाने का अवसर मिल सके। साथ ही, उन्होंने लोगों से शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने में सहयोग की अपील भी की।

कार्यक्रम में नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारी, पार्षदगण, कर्मचारी और समाजसेवी भी उपस्थित रहे। सभी ने एकस्वर में यह संकल्प लिया कि पानीपत शहर को विकास, स्वच्छता और नागरिक सुविधाओं के क्षेत्र में अग्रणी बनाया जाएगा।

# फतेहाबाद में 3 व 4 नवंबर को होगा जिला युवा महोत्सव का भव्य आयोजन

जिला युवा महोत्सव में भाग लेने के लिए 2 नवंबर तक करें आवेदन

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**फतेहाबाद, 24 अक्टूबर।** युवाओं को सांस्कृतिक गतिविधियों से जोडने एवं उनकी प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से भारत सरकार के खेल एवं युवा मामले मंत्रालय द्वारा जिला युवा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने जिला के युवाओं को आह्वान किया कि वे ज्यादा से ज्यादा संख्या में 3 व 4 नवंबर को आयोजित होने वाले युवा महोत्सव में भाग लें क्योंकि ऐसे ही मंचों पर अपनी प्रतिभा दिखाने से हमारा हौंसला बढ़ता है और जीवन में आगे बढने की प्रेरणा मिलती है।

उन्होंने बताया कि जिला युवा महोत्सव के तहत साइंस मेला (समूह व एकल), लोक नृत्य (समूह), लोक गीत (ग्रुप), कहानी लेखन, कविता लेखन, पोस्टर मेकिंग, भाषण प्रतियोगिता, लोक संगीत वाद्य प्रतियोगिता (समूह व एकल) प्रतियोगिताएं करवाई जाएंगी। जिला स्तरीय की किसी भी विद्या में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी, राज्य स्तरीय के लिए चयनित होंगे और राज्य स्तरीय पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी राष्ट्रीय स्तर के लिए चयनित होंगे। विज्ञान और प्रौद्योगिकी में नवाचार विषय पर आधारित साइंस मेला (समूह) में प्रथम व द्वितीय विजेता टीम राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित होगी। एक प्रतिभागी केवल एक ही प्रतियोगिता श्रेणी में भाग ले सकता है।

# नयागांव में कल से शुरू हो रही है छठ पूजा, जानें इस चार दिवसीय पर्व का महत्व और इसकी शुरुआत कैसे हुई

छठ पर्व के दौरान 36 घंटे का कठोर व्रत रखा जाता है, जिससे तन-मन की शुद्धि होती है और मनोकामना पूरी होती हैं...

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**जे के बत्ता न्यू- चंडीगढ**

नयागांव के सभी छठ पूजा समिति बिहार सभा के सभी सदस्यों ,सिंघा देवी में कृत्रिम तालाब निर्माण से पहले सफाई में लगे हुए हैं , उस कृत्रिम तालाब में युध्द पानी भरा जाता है ,जिसे झील का रूप दिया जाता है ,फिर होती है छठ पूजा की शुरुआत । जिसमें एडवोकेट मदन भंडारी, गोविंद पासवान, दशरथ पासवान, रामनाथ यादव, पूर्ण पासवान, रामप्रीत पासवान ,प्रेम पासवान,राजेन्द्र पासवान,प्रकाश पासवान , रामचंद्र पासवान और छठ पूजा समिति बिहार सभा के सभी सदस्यों ने बताया कि नयागांव में पाँच स्थानों पर छठ पूजा मनाई जाती है।

छठ पूजा (जिसे डाला छठ भी कहा जाता है) सूर्यदेव और षष्ठी देवी (जिन्हें छठी मैया भी कहा जाता है) को समर्पित एक प्राचीन हिंदू त्योहार है। यह एक वैदिक त्योहार है जो मुख्य रूप से बिहार, झारखंड और उत्तर प्रदेश के साथ-साथ नेपाल में भी मनाया जाता है, जहाँ महिलाएँ अपने पुत्रों की सलामती और परिवार की समृद्धि के लिए व्रत रखती हैं और जीवन और प्रकृति के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करती हैं।

**छठ पूजा 2025- तिथि और समय**

जिसमें एडवोकेट मदन भंडारी, गोविंद पासवान, दशरथ पासवान, रामनाथ यादव, पूर्ण पासवान, रामप्रीत पासवान ,प्रेम पासवान,राजेन्द्र पासवान,प्रकाश पासवान , रामचंद्र पासवान और छठ पूजा समिति बिहार सभा के सभी सदस्यो ने बताया कि सूर्य देव की पूजा चार दिनों तक मनाई जाती है। इस वर्ष, यह शनिवार, 25 अक्टूबर 2025 को शुरू होगा और मंगलवार, 28 अक्टूबर 2025 को समाप्त होगा। - छठ पूजा का पहला दिन- 25 अक्टूबर 2025, शनिवार, नहाय खाय सुबाण 6-12 ब्रहम से तक 5-48 ब्रहम है। छठ पूजा का दूसरा दिन- रविवार, 26 अक्टूबर 2025, खरना, सुबह 6-12 बजे से शाम 5-48 बजे तक। छठ पूजा का तीसरा दिन- सोमवार, 27 अक्टूबर 2025, शाम का अर्घ्य सुबह 6-13 बजे से शाम 5-47 बजे तक है। छठ पूजा का चौथा दिन- मंगलवार, 28 अक्टूबर 2025, उषा अर्घ्य, पारण दिन, सुबह 6-13 बजे से शाम 5-46 बजे तक है। इस पर्व का उल्लेख रामायण और महाभारत दोनों में विस्तार से मिलता है। जिसमें एडवोकेट मदन भंडारी, गोविंद पासवान, दशरथ पासवान, रामनाथ यादव, पूर्ण पासवान, रामप्रीत पासवान ,प्रेम पासवान,राजेन्द्र पासवान,प्रकाश पासवान , रामचंद्र पासवान और छठ पूजा समिति बिहार सभा के सभी सदस्यो ने बताया कि जहां रामायण में, सूर्य षष्ठी या छठ पूजा का उल्लेख सीता द्वारा राम राज्य की स्थापना के दिन किया गया है। वहीं, महाभारत में कुंती (पांडवों की माता) ने लाक्षागृह से बचने के बाद गंगा तट पर यह पूजा की थी। द्रिक पंचांग के अनुसार, छठ का पहला दिन नहाय खाय के रूप में जाना जाता है, और एक जल निकाय, विशेष रूप से गंगा में पवित्र डुबकी लगाकर मनाया जाता है। छठ व्रत करने वाली महिलाएं इस दिन केवल एक बार भोजन करती हैं। छठ का दूसरा दिन खरना पूजा के लिए समर्पित है। शाम को गुड़ और चावल की खीर, रोटी और फलों का प्रसाद खाया जाता है। इसके बाद 36 घंटे का कठोर उपवास शुरू होता है, जिसमें पानी पीना भी वर्जित होता है। तीसरे दिन को संध्या अर्घ्य कहा जाता है। इस दिन, भक्त पानी में खड़े होकर डूबते सूर्य को अर्घ्य देते हैं। सूर्य देव को दूध और जल चढ़ाया जाता है और छठी मैया की पूजा की जाती है। चौथा दिन उगते सूर्य को अर्घ्य देकर मनाया जाता है फिर प्रसाद चढ़ाया जाता है। जिसमें एडवोकेट मदन भंडारी, गोविंद पासवान, दशरथ पासवान, रामनाथ यादव, पूर्ण पासवान, रामप्रीत पासवान ,प्रेम पासवान,राजेन्द्र पासवान, प्रकाश पासवान , रामचंद्र पासवान और छठ पूजा समिति बिहार सभा के सभी सदस्यो ने बताया कि आखिरी दिन उषा अर्घ्य नई शुरुआत और आशा का प्रतीक है। भक्त सुबह-सुबह घाटों पर लौटते हैं और उगते सूर्य को अर्घ्य देते हैं, जो व्रत के समापन का प्रतीक है, और प्रसाद ग्रहण करके व्रत तोड़ते हैं, इसी के साथ चार दिनों का व्रत पूरा होता है। मान्यता है कि भगवान सूर्य को अर्घ्य देने से रोग-कष्ट दूर होते हैं और भगवान सूर्य की कृपा प्राप्त होती है। ऐसा माना जाता है कि जिन लोगों को संतान नहीं होती उन्हें संतान सुख की प्राप्ति होती है।



# 104 फीट चौड़ी सड़क पर जगह-जगह मैकेनिकों और ऑटो रिपेयर करने वालों ने कर रखा कब्जा

## -स्थानीय निवासियों ने प्रशासन और नगर परिषद से ठोस कार्रवाई की लगाई गुहार



अर्थ प्रकाश/ जीरकपुर (संदीप सिंह बावा) गोल्ड मार्क सोसाइटी के सामने वाली रोड़ पर ट्रैफिक जाम की समस्या दिनों-दिन बढ़ती जा रही है। स्थिति यह है कि 104 फुट चौड़ी सड़क पर जगह-जगह मैकेनिकों और ऑटो रिपेयर करने वालों ने कब्जा कर रखा है। दोनों तरफ फुटपाथ व सड़क के आधे से ज्यादा हिस्से तक मैकेनिक ऑटो रिपेयर करते है, जिस कारण सड़क की चौड़ाई आधे से भी कम रह जाती है। नतीजा यह है कि इस सड़क पर जाम लगना आम बात हो गई है।स्थानीय लोगों का कहना है कि यहां कई वर्षों से मैकेनिकों की दुकानें चल रही हैं। दिनभर सड़क पर ऑटो रिपेयरिंग के लिए खड़े रहते हैं, कई जगह वाहन खुले में ही खोलकर रखे जाते हैं और सड़क पर पार्ट्स, टायर व तेल के ड्रम रखे रहते हैं। यही कारण है कि 104 फुट चौड़ी सड़क पर से गुजरना मुश्किल हो जाता है। बड़े वाहन और बसें जैसे ही इस रोड़ पर पहुंचते हैं, तो ट्रैफिक थम जाता है और लंबे जाम की स्थिति बन जाती है।दरअसल, यह सड़क बेहद अहम है क्योंकि पंचकूला की तरफ से आने वाले वाहन इसी रास्ते से पटियाला और जीरकपुर की तरफ आते हैं। रोजाना हजारों की संख्या में वाहन इस सड़क से गुजरते हैं। लेकिन जगह-जगह सड़क पर कब्जा होने से जाम में फंस जाते हैं। स्थानीय निवासियों ने कई बार प्रशासन और नगर परिषद से शिकायत की, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

सड़क के किनारे कब्जा करके यदि ऑटो रिपेयरिंग का काम किया जा रहा है तो इनको हटाने की जिम्मेदारी नगर परिषद जीरकपुर के इंफोर्समेंट विंग की है।

गुरबीर सिंह ट्रैफिक पुलिस इंचार्ज जीरकपुर

इस बारे में मुझे जानकारी नहीं थी यह जानकारी आप द्वारा मुझे मालूम हुई है। कल सुबह ही मौके का जायजा लेने के बाद यदि ऑटो सड़क पर रिपेयर किया जा रहे हैं तो उनके भी चालान काटे जाएंगे।

परविंदर सिंह इंस्पेक्टर एनफोर्समेंट बीइंग नगर परिषद जीरकपुर

# डेराबस्सी के नितिन शर्मा ने जीता कनाडा का सबसे बड़ा चीनी 8-बॉल पूल टूर्नामेंट – सुपीरियर कप चैंपियनशिप



अर्थ प्रकाश / डेरा बस्सी/ डेराबस्सी के रहने वाले नितिन शर्मा ने कनाडा में इतिहास रच दिया है। उन्होंने देश का सबसे प्रतिष्ठित सुपीरियर कप चीनी 8-बॉल पूल टूर्नामेंट जीतकर न सिर्फ भारत बल्कि पंजाब का नाम भी रोशन किया। यह पाँच दिनों तक चला भव्य आयोजन OA क्लब और Star 8 द्वारा रिचमंड हिल, ओंटारियो में आयोजित किया गया था। सेमीफाइनल में नितिन की शुरुआत कठिन रही। रेस टू 5 प्रारूप के इस मुकाबले में वे 4-1 से पीछे चल रहे थे। लेकिन अपनी जबरदस्त एकाग्रता और धैर्य से उन्होंने लगातार चार गेम जीतकर 5-4 से फाइनल में जगह बनाई। फाइनल में उनका सामना एक प्रतिभाशाली युवा चीनी खिलाड़ी से हुआ जो बेहतरीन फॉर्म में था। नितिन एक बार फिर 6-4 से पिछड़ गए, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी। दृढ़ निश्चय और आत्मविश्वास के साथ उन्होंने लगातार पाँच गेम जीतकर शानदार 9-6 से जीत दर्ज की और सुपीरियर कप चैंपियन बने। जीत के बाद भावुक नितिन ने कहा, 'मैंने खुद से कहा – अगर अब एक भी गेम हारा, तो सब खत्म। इसलिए पूरी ताकत लगा दी। उस पल ने सब कुछ बदल दिया।' टूर्नामेंट में कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे – कनाडाई सांसद शॉन चेन, ओंटारियो के एम.पी.पी. रेमंड चो, मार्खम के डिप्टी मेयर माइकल चान, अमांडा यंग कोलुची, निक मैन्टस, और साइमन कुई जैसे प्रमुख अतिथियों ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। नितिन शर्मा की इस जीत ने रिचमंड हिल और मार्खम के स्थानीय मीडिया में व्यापक चर्चा बटोरी। उनकी यह उपलब्धि कनाडा में बढ़ते क्यू स्पोर्ट्स के स्तर और लोकप्रियता की मिसाल बनी। उनके पिता श्री राकेश अचिन्त ने गर्व से कहा, 'नितिन को वर्षों से इस खेल के लिए समर्पित देखा है। उसे ट्रॉफी उठाते देखना मेरे जीवन के सबसे गौरवपूर्ण क्षणों में से एक था।' डेराबस्सी का यह युवा अब न सिर्फ कनाडा बल्कि पूरी भारतीय प्रवासी समुदाय के लिए प्रेरणा बन चुका है – जो दिखाता है कि जुनून और मेहनत से कोई भी सपने को हकीकत में बदल सकता है।

## न्यूज ब्रीफ

### असम: मादक पदार्थ तस्करी मामले में दो व्यक्तियों को सात वर्ष की कारावास

अर्थ प्रकाश/दीफू (असम)। असम के दीमा हसाओ जिले की एक अदालत ने दो व्यक्तियों को मादक पदार्थ तस्करी के एक मामले में सात साल की कठोर सजा सुनाई है। अतिरिक्त लोक अभियोजक संजय कुमार जाधव ने शुक्रवार को बताया कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश मोहम्मद यूसुफ आजाद की अदालत ने यह फैसला 2023 के एक मामले में सुनाया है। जाधव ने बताया, 'अदालत ने फैसला बुधवार को सुनाया जिसमें उसने नगांव जिले के रहने वाले दोनों आरोपियों को दोषी ठहराया।' अदालत ने दोनों पर 40,000-40,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया और अगर वे जुर्माना नहीं भरते हैं तो उन्हें तीन महीने और जेल में रहना होगा। जाधव ने बताया कि यह मामला 2023 में खटखटी पुलिस थाने में स्वापक औषधि और मनःप्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम के तहत दर्ज किया गया था। अतिरिक्त लोक अभियोजक ने बताया कि अदालत ने मामले में तीसरे आरोपी को बरी कर दिया।

### कोलकाता पुलिस कार्रवाई: विभिन्न अपराधों के लिए 132 लोग गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश/ कोलकाता। कोलकाता पुलिस ने शुक्रवार को कहा कि उसने अनुचित आचरण और पटाखे फोड़ने सहित विभिन्न अपराधों के लिए 132 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के एक बयान के अनुसार, बृहस्पतिवार को अनुचित आचरण के आरोप में 122 लोगों और प्रतिबंधित पटाखे फोड़ने के मामले में 10 लोगों को गिरफ्तार किया गया। इस अभियान के दौरान पुलिस ने 3.7 किलोग्राम प्रतिबंधित पटाखे और 4.2 लीटर अवैध शराब भी जब्त की। इसी के साथ, यातायात पुलिस ने अलग अभियान चलाकर 365 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की। इनमें दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट न पहनने पर 119 लोगों को पकड़ा गया, तेज रफ्तार से वाहन चलाने पर 71 लोगों के खिलाफ और नशे में वाहन चलाने पर 65 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई। शेष 110 लोगों पर विभिन्न नियमों के उल्लंघन के लिए जुर्माना लगाया गया।

### रेल की पटरी के पास सेल्फी लेने और रील बनाने वालों को चेतावनी देने के लिए अभियान शुरू

अर्थ प्रकाश / भुवनेश्वर। ईस्ट कोस्ट रेलवे (ईसीओआर) ने रेलवे पटरियों या उसके आस पास, चलती ट्रेनों के पायदानों या ट्रेन के छतों पर सेल्फी लेने, वीडियो शूट करने या रील बनाने जैसी खतरनाक एवं अवैध प्रवृति के खिलाफ चेतावनी देने के लिये एक अभियान शुरू किया है। एक बयान में इसकी जानकारी दी गयी है। आधिकारिक बयान में रेलवे अधिकारियों ने कहा है कि ऐसे कृत्य जानलेवा होने के साथ रेलवे अधिनियम 1989 के तहत दण्डनीय अपराध भी हैं। ईसीओआर ने यह चेतावनी 15 वर्षीय बिश्वजीत साहू की मौत के दो दिन बाद फिर से जारी की है जिसकी पुरी में पटरी के पास वीडियो रिकॉर्ड करते समय ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई थी। ईसीओआर ने बृहस्पतिवार को जारी बयान में कहा कि ट्रेन की पटरी, स्टेशन परिसर और चलती ट्रेनें उच्च जोखिम वाले परिचालन क्षेत्र हैं न की मनोरंजन वीडियो के लिए। बयान के अनुसार इन स्थानों पर अवैध रूप से प्रवेश करना या स्टंट करना जान के लिए एक बड़ा खतरा और घोर आपराधिक लापरवाही का कार्य है। ईसीओआर ने कहा कि रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) और राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) को उल्लंघनकर्ताओं के प्रति 'शून्य सहिष्णुता' की नीति अपनाने का निर्देश दिया गया है। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि उल्लंघनकर्ताओं के खिलाफ रेलवे अधिनियम, 1989 की धारा 147 और 153 के तहत मुकदमा चलाया जाएगा साथ ही कैद की सज़ा दी जायेगी और जुर्माना भी लगाया जाएगा।' बयान में कहा गया है कि लोगों को उक्त कृत्य करने से बचाना चाहिए क्योंकि इससे उपर लगे हुए हाई-वोल्टेज विद्युत तारों (ओएचई) के साथ संपर्क घातक हो सकता है। रेलवे के एक अधिकारी ने कहा कि ईसीओआर आगे की दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं को रोकने के लिए सार्वजनिक घोषणाओं, डिजिटल मीडिया संदेशों और गश्त के माध्यम से अपने जागरूकता अभियान को तेज कर रहा है। इस साल जुलाई में, रेलवे सुरक्षा बल ने ओडिशा के बौद्ध जिले में रेलवे की पटरी पर एक खतरनाक स्टंट करने और फिल्माने के लिए दो लड़कों के खिलाफ मामला दर्ज किया था। उन्होंने यह वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड किया था।

### टीडीबी एसआईटी जांच से पूरी तरह संतुष्ट, उम्मीद है कि खोया हुआ सोना बरामद हो जाएगा- पी एस प्रशांत

अर्थ प्रकाश / पथनमथिट्टा (केरल), त्रावणकोर देवस्वोम बोर्ड (टीडीबी) के अध्यक्ष पी एस प्रशांत ने शुक्रवार को कहा कि सबरीमला में भगवान अयप्पा मंदिर से सोने की हानि के मामले में चल रही एसआईटी जांच से बोर्ड पूरी तरह संतुष्ट है और उम्मीद है कि खोया हुआ सोना बरामद कर लिया जाएगा तथा दोषियों को दंडित किया जाएगा। प्रशांत ने कहा कि विशेष जांच दल (एसआईटी) की जांच प्रभावी ढंग से आगे बढ़ रही है और त्रावणकोर देवस्वोम बोर्ड (टीडीबी) को इस पर 'पूरा भरोसा' है। टीडीबी अध्यक्ष ने एक टीवी चैनल से बात करते हुए यह बयान दिया। उन्होंने कहा कि हाल ही में गिरफ्तार किए गए पूर्व प्रशासनिक अधिकारी बी. मुरारी बाबू द्वारपालक (संरक्षक देवता) की मूर्तियों के सोने की परत वाले तांबे के आवरण को सोने की परत चढ़ाने के लिए बेंगलुरु के व्यवसायी उन्नीकृष्णन पोट्टी को सौंपना चाहते थे। उन्होंने दावा किया कि बोर्ड ने बाबू या पोट्टी को लाभ पहुंचाने वाला कोई आदेश जारी नहीं किया है। उन्होंने कहा कि बाबू सोने की परत चढ़ाने के लिए पोट्टी को तांबे की प्लेटें सौंपना चाहते थे क्योंकि व्यवसायी ने 2019 की शुरुआत में इसी तरह का प्लेटिंग कार्य करते समय इसके संबंध में वारंटी दी थी। प्रशांत ने कहा, 'मुरारी बाबू ने कहा कि अगर बोर्ड किसी और से सोने की परत चढ़ाने का काम करवाएगा तो उसे लाखों का नुकसान होगा। इसलिए हमने आदेश दिया कि तंत्री की अनुमति ली जाए। तंत्री ने मूर्तियों के आवरण को इलेक्ट्रोप्लेटिंग के लिए चेन्नई ले जाने की अनुमति दी, लेकिन चौखट या अन्य आवरणों को ले जाने की अनुमति नहीं दी।' टीडीबी अध्यक्ष ने बाद में संवाददाताओं से कहा कि यह अनुचित है कि मीडिया और कांग्रेस के नेतृत्व वाला विपक्ष 2019 में हुई घटनाओं के लिए मौजूदा बोर्ड से स्पष्टीकरण मांग रहा है। उन्होंने अपने ऊपर लगे आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के आरोपों को भी खारिज कर दिया और दावा किया कि उनके पास केवल कुछ लाख रुपये की संपत्ति है। प्रशांत ने राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता वी.डी. सतीशन को अपनी संपत्ति का खुलासा करने की चुनौती दी। वी.डी. सतीशन ने मौजूदा बोर्ड को भंग करने की मांग की है। सोना गायब होने के विवाद के बाद टीडीबी द्वारा निलंबित किए गए बाबू को बृहस्पतिवार को एसआईटी ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। वह द्वारपालक मूर्तियों की स्वर्ण-आवरण वाली प्लेटों और मंदिर के श्रीकोविल (गर्भगृह) की चौखटों से सोना गायब होने से संबंधित दो मामलों में आरोपी हैं।

# श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस को समर्पित एक विशाल गुरमत समागम 26 अक्टूबर को मुल्लापुर गरीबदास

न्यू चंडीगढ़ स्थित गुरुद्वारा नानक दरबार में आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर गुरुद्वारा नानक दरबार प्रबंधक समिति द्वारा आज औपचारिक रूप से पोस्टर जारी किया गया।

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**जे के बत्ता, न्यू चंडीगढ़**

श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस को समर्पित एक विशाल गुरमत समागम 26 अक्टूबर को मुल्लापुर गरीबदास, न्यू चंडीगढ़ स्थित गुरुद्वारा नानक दरबार में आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर गुरुद्वारा नानक दरबार प्रबंधक समिति द्वारा आज औपचारिक रूप से पोस्टर जारी किया गया। गुरुद्वारा प्रबंधक समिति के अध्यक्ष ज्ञानी देसराज सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि यह आयोजन शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति, श्री अमृतसर साहिब और धर्म प्रचार समिति के सचिव के विशेष सहयोग से किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में एसजीपीसी अध्यक्ष एस. हरजिंदर सिंह धामी और तख्त श्री केसगढ़ साहिब के जत्थेदार ज्ञानी कुलदीप सिंह गर्गज शामिल होंगे। इस गुरमत कार्यक्रम के दौरान पंथ के प्रसिद्ध कीर्तनिया और कविश्री जत्था भाई भूपिंदर सिंह (हजूरी रागी श्री दरबार साहिब), बीबी सौदीप कौर (कविश्री - गुरुद्वारा नानक दरबार मुल्लांपुर गरीबदास, गुरुद्वारा अंब साहिब मोहाली में गुरमत कार्यक्रम का पोस्टर जारी करते हुए) और ढाडी जत्था भाई हरनारायण सिंह लहरी (शिरोमणि कमेटी अमृतसर) विभिन्न कीर्तन और ढाडी वर के साथ संगत का मनोरंजन करेंगे। उन्होंने बताया कि यह आयोजन शाम 5 बजे से रात 10 बजे तक चलेगा और इस अवसर पर संगत को गुरु का शुद्ध लंगर परोसा जाएगा। श्री चरणजीत सिंह कालेवाल (सदस्य एसजीपीसी), श्री राजिंदर सिंह टोहरा (प्रबंधक गुरुद्वारा श्री अंब साहिब मोहाली) और भाई राजिंदरपाल सिंह पारोवाल (प्रचारक एसजीपीसी मोहाली) द्वारा विशेष सहयोग दिया गया है। ज्ञानी देसराज सिंह ने क्षेत्रवासियों एवं गुरुनानक नाम लेवा संगत से समय पर पहुंचकर गुरमत कीर्तन का लाभ उठाने का अनुरोध किया। इस अवसर पर अध्यक्ष ज्ञानी देसराज सिंह, प्रेस सचिव ज्ञानी भाग सिंह, सदस्य ज्ञानी हिम्मत सिंह, ज्ञानी सेवा सिंह, अमरीक सिंह, गुरप्रीत सिंह, सुरजीत सिंह राजा, चरणजीत सिंह हरनेक सिंह राजिंदर सिंह सामाजिक कार्यकर्ता जसपाल सिंह पाला पंचायत सदस्य परमिंदर सिंह पम्मा मौजूद थे। चरणजीत सिंह कालेवाल सदस्य एसजीपीसी और गुरुद्वारा नानक दरबार प्रबंधन कमेटी पोस्टर जारी करते हुए

# नगर परिषद अधिकारियों की लापरवाही के चलते सेग्रीगेशन प्वाइंट बना डंपिंग ग्राउंड, लोगों ने किया विरोध





डंपिंग ग्राउंड के नजदीक बनना है पार्क, इस लिए डंप ग्राउंड को हटाया जाए

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**जीरकपुर /संदीप सिंह बावा**

**ढकोली ।** पीरमुछल्ला क्षेत्र में स्थित डंपिंग ग्राउंड को लेकर शुक्रवार को स्थानीय लोगों ने विरोध किया और वहां कूड़ा गिराने आने वाली गाड़ियों को वापिस मोड़ा गया। स्थानीय लोगों द्वारा नगर परिषद अधिकारियों व आप सरकार के खिलाफ जमकर भड़ास निकाली। इस दौरान कांग्रेसी पार्षद व वर्कर भी लोगों के साथ मौजूद थे। प्रोटेस्ट कर रहे लोगों ने बताया के यह प्वाइंट डंपिंग ग्राउंड नही था बल्कि सेग्रीगेशन प्वाइंट था। लेकिन नगर परिषद व सरकार की लापरवाही व नाकामी के चलते इस प्वाइंट को बड़ा डंपिंग ग्राउंड बना दिया है। जो लोगों के लिए मुसीबत बन गया है। यह सेग्रीगेशन प्वाइंट केवल पीर मुछल्ला के एरिया के लिए था जबकि यहां पुरे जीरकपुर शहर के इलावा पंचकुला व मखन माजरा द्वारा भी कूड़ा गिराया जा रहा है। प्रदर्शनकारी कांग्रेसी पार्षद उदयवीर ढिल्लों, गुरजीत कौर पुनिया, रमेश कुमार, काजल, अनिल कुमार, प्रेम कैरों, हर्ष ऋषि, सुरिंदर सैनी व अन्य ने बताया के डंपिंग ग्राउंड के कारण यहां हर समय बदबू फैली रहती है और यह गंदगी पानी के लेवल तक पहुंच गई है। जिस कारण पीने वाले पानी का टेस्ट बदल गया है। लोगों ने कहा के उन्हें लगते हैं के आने वाले समय में यहां केंसर के मरीज इतने बढ़ जाएंगे के लोगों का यहां रहना मुश्किल हो जाएगा। प्रदर्शनकारियो ने बताया शुक्रवार जब वह प्रोटेस्ट के लिए डंपिंग ग्राउंड पहुंचे तो वहां एक गाड़ी मखन माजारा से कूड़ा गिराने के लिए आई हुई थी जो के बिलकुल गलत है। यह सेग्रीगेशन प्वाइंट केवल पीरमुछल्ला के लिए है। इस दौरान बात करते हुए उदयवीर ढिल्लों ने कहा के हमारी सरकार के समय मता डालकर इस प्वाइंट को सेग्रीगेशन पाइंट बनाया गया था जिसे अब बड़े डंपिंग ग्राउंड में तब्दील कर दिया गया है। जो सरकार व अधिकारियों की नलायकी व लापरवाही के कारण हुआ है। नगर परिषद को यहां एक से दो व्यक्ति देख रेख के लिए लगाने चाहिए ताकि बाहर का कोई व्यक्ति यहां कूड़ा ना गिराए। इस सबंधी लोगों ने नगर परिषद के इलावा डीसी मोहाली को भी इसकी शिकायत कर दी है और इस डंपिंग ग्राउंड को जल्द से जल्द बंद करने की मांग की जा रही है। लोगों का कहना है के डंपिंग ग्राउंड का सारा कूड़ा बाहर रोड तक आना शुरू हो गया है। जिस कारण फैली बदबू व गंदगी के कारण लोगों का जीना मुश्किल हो चूका है।

**डंपिंग ग्राउंड के नजदीक बनना है पार्क, इस लिए डंप ग्राउंड को हटाया जाए**

प्रदर्शनकारियों ने बताया के जहां यह सेग्रीगेशन प्वाइंट है वहां नजदीक ही 25 एकड़ में नेचर पार्क बना हुआ है जहां लोग सुबह शाम सैर करते है। लेकिन अब बदबू इतनी ज्यादा हो गई है के लोगों को वहां जाना बीमारी मोल लेना है। लोगों ने बताया के इस प्वाइंट के नजदीक पंचायती जमीन पर नगर परिषद ने 2021 में पार्क बनाने का मता डाला था जिसके तहत 9 एकड़ में पार्क और 3 एकड़ में कम्युनिटी सेंटर बनाया जाना है। इस लिए यहां डंपिंग ग्राउंड नही होना चाहिए और यहीं कारण था के इसे केवल सेग्रीगेशन प्वाइंट ही बनाया गया था। जिसके चलते लोगों द्वारा इस डंपिंग ग्राउंड को तुरंत प्रभाव से बंद करके की मांग की जा रही है और लोगों की सेहत व सुरक्षा के देखते हुए इस डंपिंग ग्राउंड को तुरंत बंद किया जाए। क्योंकि इस डंपिंग ग्राउंड से कई बिमारियों फैलने का खतरा भी लोगों के लिए बढ़ रहा है।

हमारे पास लिखित शिकायत अभी नही आई। बाकी फिर भी मैं चैक करवा लेता हूं। लोगों की समस्या का जल्द हल निकाला जाएगा।

*परविंदर सिंह भट्टी, कार्यकारी अधिकारी जीरकपुर।*

# श्री जिनेश्वरधाम तीर्थांचल ट्रस्ट बरई के सहस्त्रफणी भगवान श्री पार्श्वनाथ जिनालय का हुआ भव्य शिलान्यास

क्षुल्लकश्री के सान्निध्य में मनोरम जैन की स्मृति में जिनालय का शिलान्यास विधानसभा अध्यक्ष ओर जैन समाज ने किया।

क्षुल्लक श्री समर्पण सागर के सानिध्य में जिनेश्वरधाम बरई के पार्श्वनाथ जिनालय का भव्य शिलान्यास हुआ।





अर्थ प्रकाश संवाददाता

ग्वालियर -- ग्वालियर शिवपुरी हाइवे पर स्थित श्री जिनेश्वरधाम तीर्थांचल ट्रस्ट बरई के परिसर में विराजित सहस्त्रफणी भगवान श्री पार्श्वनाथ जिनालय का भव्य शिलान्यास सप्तम प्रतिमाधारी समाधिस्थ श्रीमती मनोरमा जैन की स्मृति में आज शुक्रवार को परम पूज्य कर्मयोगी क्षुल्लक रत्न श्री 105 समर्पण सागर जी महाराज के मंगल सानिध्य में किया गया। वही जैन समाज के लोगो ने शालाएं राखी। जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया कि शिलान्यास कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय श्री नरेन्द्र सिंह तोमर विधानसभा अध्यक्ष थे। विशिष्ट अतिथि भाजपा के प्रदेश मंत्री लोकेंद्र पाराशर ओर आमंत्रित अतिथि के रूप में प्रदीप मामा श्रीमती प्रतिभा जैन भोपाल, दीपक भाई शाह मुम्बई विशेष रूप से मंच पर मौजूद थे। वही नरेंद्र सिंह जी ओर अतिथियों ने क्षुल्लक श्री समर्पण सागर महाराज के चरणों में श्रीफल भेंटकर आशीर्वाद लिया।

शिलान्यास कार्यक्रम का शुभारंभ प्रतिष्ठाचार्य श्री सम्मेद उपाध्याय (कोल्हापुर) के निर्देशन में सर्व प्रथम भगवान पार्श्वनाथ का कलशों से अभिषेक ओर शांतिधारा मंत्रो से क्षुल्लक श्री समर्पण सागर जी ने कराई। वही पंचरंगी जैन ध्वजारोहण राजकुमार जैन परिवार ने फहराया। भगवान पार्श्वनाथ के चित्र अनावरण अतिथियों ने ओर प्रदीप जैन के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया। वही जिनेश्वरधाम तीर्थ का परिचय अध्यक्ष पंडित अजीत कुमार शास्त्री ने प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि नरेंद्र सिंह जी साफा, शॉल से सम्मान प्रबंधन कमेटी के अध्यक्ष अजीत कुमार शास्त्री, महामंत्री पुरुषोत्तम जैन, निर्मल पाटनी, विकास गंगवाल, मुकेश जैन, महेंद्र टोंग्या ने किया। संचालन मुकेश जैन ओर आभार महेंद्र टोंग्या ने माना। इस मौके पर बालचंद्र जैन, पारस जैन, अनिल शाह, विनय कासलीवाल, मुकेश पहाड़िया, मृणाल जैन आदि मौजूद थे।

**मंदिर शिलान्यास विमोचन नरेंद्र सिंहजी किया। जैन समाज ने रखी शिलाएं**

जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया कि सप्तम प्रतिमाधारी समाधिस्थ श्रीमती मनोरमा जैन की स्मृति में सहस्त्रफणी भगवान श्री पार्श्वनाथ जिनालय की शिलान्यास उद्घाटन क्षुल्लक श्री समर्पण सागर के सानिध्य में विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने किया। वही मुख्य शिला पंडित अजीत कुमार शास्त्री, मन्नू, रानू, अभिनव जैन परिवार ने रखी। वही दूसरी प्रदीप प्रतिभा जैन, तीसरी शिला दीपक भाई शाह सहित जैन समाज के लोगो ने हीरक, स्वर्ण, रजत शिलाएं राखी।

**हमें प्राचीन धर्म संस्कृति को संरक्षित करना जरूरी है- क्षुल्लक श्री समर्पण सागरजी।**

क्षुल्लक श्री समर्पण सागर जी ने कहा कि अगर सबसे ज्यादा मंदिर है तो वह मध्यप्रदेश में है। आज हमें प्राचीन धर्म संस्कृति को संरक्षित करना जरूरी है। अगर हमारी यदि पहचान है तो वह धर्म, संस्कृति और शब्दता है। जो अनुरूप धर्म आचरण करते हैं उस आचरण के कारण से यहां की संस्कृति जानी जाती हैं। इस शिलान्यास की पुण्य आत्मा मनोरम जैन की धर्म योग्यता से यहां मंदिर का निर्माण होने जा रहा हे। वही मुख्य अतिथि नरेंद्र सिंह तोमर ने संबोधित करते हुए कहा कि अच्छा ओर बुरा के दो पहलू होते है। जिसमे अच्छे लोग वो होते हे जो अच्छाइयों को ऊंचाइयां देते है। हम बरई जैन तीर्थ से जैन तीर्थ सोनागिर ओर सिहोनिया तक जाए तो सभी स्थानों पर जैन समाज का कितन प्रभाव ओर असर इस इलाके में पूर्वजनों के समय रहा होगा। ग्वालियर किले की तहलटी में जैन समाज की सबसे ज्यादा प्रतिमाएं है और किसी की नहीं है। जैन धर्म, जैन संत ओर जैन सम्प्रदाय की जो महत्वता हे वो हम सब लोग द्रष्टि भूषण होती हैं। व्यक्ति का समर्पण समाज, देश ओर आध्यात्मिक के साथ रहा है। कीमत व्यक्ति की नहीं होती कीमत व्यक्ति के गुणों ओर समर्पण की होती है। हम सांसारिक प्राणी है। कुछ न कुछ योगदान अपने संतोष के लिए धर्म ओर सम्प्रदाय के लिए करते ही है।







# हरियाणा सरकार का कर्मचारियों और पेंशनरों को बड़ा तोहफा, तीन प्रतिशत बढ़ाया महंगाई भत्ता

- नवंबर की सैलरी में मिलेगा बढ़ा हुआ डीए
- 6 लाख कर्मचारियों और पेंशनर्स को राहत

अर्थ प्रकाश/ साजन शर्मा



**चंडीगढ़, 24 अक्टूबर।** हरियाणा सरकार ने राज्य के सरकारी कर्मचारियों और पेंशनर्स को बड़ी राहत देते हुए महंगाई भत्ता 3 फीसदी बढ़ाने की घोषणा की है। अब कर्मचारियों को 55 फीसदी की बजाय 58 फीसदी डीए मिलेगा। यह बढ़ोतरी 1 जुलाई 2025 से लागू मानी जाएगी। राज्य के करीब 6 लाख लोगों को इस फैसले का सीधा लाभ मिलेगा जिनमें 3 लाख नियमित कर्मचारी और 3 लाख पेंशनर्स शामिल हैं। वित्त विभाग ने शुक्रवार को इस संबंध में आधिकारिक आदेश जारी किए हैं।

**अक्टूबर की सैलरी में मिलेगा नया डीए , बकाया भी आएगा:** सरकार के आदेश के अनुसार बढ़ा हुआ डीए और डीआर अक्टूबर 2025 के वेतन और पेंशन के साथ भुगतान किया जाएगा। इसके साथ ही जुलाई से सितंबर 2025 तक का बकाया (एरियर्स) भी खातों में जमा किया जाएगा। कर्मचारियों और पेंशनर्स को नवंबर महीने की सैलरी और पेंशन में बढ़ी हुई रकम दिखाई देगी।

### अप्रैल में हुआ था 2 फीसदी इजाफा, अब बढ़ेगा 3 फीसदी

इससे पहले अप्रैल 2025 में हरियाणा सरकार ने ष्ट को 53 फीसदी से बढ़ाकर 55 फीसदी किया था। उस समय 2 फीसदी की बढ़ोतरी की गई थी, लेकिन इस बार 3 फीसदी की वृद्धि की गई है — यानी 1 फीसदी अधिक बढ़ोतरी।


### कितना बढ़ेगा कर्मचारियों का वेतन?

अगर किसी कर्मचारी की बेसिक सैलरी 20,000 है, तो पहले उसे 55 फीसदी डीए के अनुसार 11,000 मिलते थे। अब 58 फीसदी के हिसाब से उसे 11,600 मिलेंगे। इस तरह 600 प्रति माह का इजाफा होगा।

### 50 पैसे से अधिक पर पूरा रुपया

फाइनेंस डिपार्टमेंट ने स्पष्ट किया है कि अगर महंगाई भत्ते की गणना में 50 पैसे या उससे अधिक की राशि बनती है, तो उसे पूरा 1 रुपया माना जाएगा। जबकि 50 पैसे से कम की राशि को नजरअंदाज किया जाएगा।

# सात नवंबर से होंगी नौवीं से 12वीं की अर्धवार्षिक परीक्षाएं



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 24 अक्तूबर।** विद्यालय शिक्षा निदेशालय ने राजकीय विद्यालयों में कक्षा नौवीं से 12वीं तक की अर्धवार्षिक परीक्षाओं की तिथि में बदलाव किया है। पहले अर्धवार्षिक परीक्षाएं 3 नवंबर से शुरू होनी थी, जोकि अब 7 नवंबर से शुरू होंगी। इसके साथ ही कक्षा 4 से 8वीं तक अर्धवार्षिक परीक्षा के बाद छुट्टी नहीं होगी, बल्कि सामान्य दिनों की तरह ही स्कूल में पढ़ाई होगी।

शिक्षा निदेशालय की ओर से सभी जिला शिक्षा अधिकारियों और मौलिक शिक्षा अधिकारियों को निर्देश जारी किए गए हैं कि पूर्व में जारी की गई तिथियों को निरस्त करते हुए नई तिथि के अनुसार परीक्षाएं आयोजित करने की हिदायत दी गई है। इसके साथ ही, 9वीं से 12वीं तक की अर्धवार्षिक परीक्षाओं की तिथि बदलाव के संशोधित शेड्यूल बारे अवगत कराया गया है। निदेशालय की ओर से स्पष्ट हिदायत दी गई है कि सभी विद्यालय प्रमुखों को संशोधित परीक्षा शेड्यूल बारे अवगत कराया जाए।

इसके साथ ही निदेशालय की ओर से कक्षा 4 से 8 तक के छात्रों के लिए सत्र 2025-26 की अर्धवार्षिक परीक्षाओं को लेकर सभी मौलिक शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि परीक्षाओं के दौरान निर्धारित डेट शीट के अनुसार जिस दिन परीक्षा होगी, उस दिन विद्यार्थियों के लिए विद्यालयों में अवकाश नहीं रहेगा।

परीक्षा समाप्त होने के बाद भी विद्यार्थियों की छुट्टी नहीं दी जाएगी। परीक्षा के बाद सामान्य शिक्षण कार्य जारी रहेगा। अर्धवार्षिक परीक्षाएं प्रातः 9:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक आयोजित की जाएंगी। वहीं, डबल शिफ्ट वाले विद्यालयों में विद्यार्थियों की अर्धवार्षिक परीक्षाएं पहली शिफ्ट में ही ली जाएंगी। निदेशालय की ओर से स्पष्ट हिदायत दी गई है कि परीक्षा समाप्ति के बार सामान्य दिनों की तरह शैक्षणिक गतिविधियां जारी रहेंगी।

### सालगिरह मुबारक



तारा सिंह सूर्यवंशी और ऊषा को शादी की वर्षगांठ पर ढेरों शुभकामनाएं
















अर्थ प्रकाश न्यूज पेपर्स के लिए मालिक, मुद्रक एवं प्रकाशक महावीर जैन द्वारा 'अर्थ प्रकाश प्रेस' से मुद्रित एवं प्रकाशित तथा अर्थ प्रकाश कार्यालय अर्थ प्रकाश भवन, सैक्टर 29-डी, चण्डीगढ़ से जारी। प्रधान सम्पादक : **महावीर जैन,** सम्पादक एवं मुख्य संवाददाता **कैलाश चन्द जैन**
आर.एन.आई. पंजीक्रम : **42427/86** डाक पंजीक्रम : **G/CHD/0197/2021-23** फोन : 0172-2638515, 9814019928 E-mail : arthparkash@gmail.com, arthparkashnews@gmail.com मुख्य सलाहकार : **हरीश चंद्र जैन,** एचसीएस (सेवानिवृत्त)